Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सांस्कृतिक नृविज्ञान

परिभाषा कोश

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
1977

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सांस्कृतिक नृविज्ञान

परिभाषा कोश

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

1977

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

©भारत सरकार 1977

मूल्य : रु० 24.00 (देश में)
£ 2.80 या $ 8.64 (विदेश में)

प्राप्ति स्थान :

1. केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
पश्चिमी खंड 7, रामकृष्णपुरम्,
नई दिल्ली-110022.

2. नियंत्रक,
प्रकाशन विभाग,
भारत सरकार,
पुराना सचिवालय,
दिल्ली-110006.

प्रकाशक :

नियंत्रक, प्रकाशन विभाग,
भारत सरकार,
दिल्ली।

मुद्रक : भारत सरकार मुद्रणालय, रिंग रोड, नई दिल्ली-110064.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

विषय सूची

	पृष्ठ
प्रस्तावना	(iii)
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग . .	(v)
संपादन परामर्श मंडल	(vi)
निर्देश	(ix)
सांस्कृतिक नृविज्ञान परिभाषा कोश . . .	(1)
सूचक	(222)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

प्रस्तावना

मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान के विषयों की 1970 तक अनुमोदित शब्दावली का समेकित शब्द संग्रह प्रकाशित करने के बाद यह आवश्यक समझा गया कि इसमें समाविष्ट संकल्पनाओं की परिभाषाएं तैयार करने का काम हाथ में लिया जाए। तदनुसार 'सांस्कृतिक नृविज्ञान' की परिभाषाओं के निर्माण का कार्य आरंभ किया गया।

कोश में लगभग 1500 परिभाषाएं ली गईं हैं। इन्हें तैयार करते समय उपलब्ध कोशों तथा पाठ्य-पुस्तकों से सहायता ली गई है। हमारा उद्देश्य ऐसी संक्षिप्त परिभाषाएं देना है जिनमें यथासंभव सरल भाषा में संकल्पनाओं के सभी आवश्यक तत्वों का समावेश हो। विषय की व्याख्यात्मक संकल्पनाओं की व्यापकता को देखते हुए इस कोश का कलेवर छोटा है। इसमें मूलभूत संकल्पनाओं को ही सम्मिलित किया गया है।

इन परिभाषाओं पर विचार कर उन्हें अंतिम रूप देने में जिन विशेषज्ञों ने हमें सहयोग दिया है मैं उनके प्रति आभार प्रगट करता हूँ।

आशा है यह कोश छात्रों तथा जिज्ञासु पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

हरबंसलाल शर्मा
अध्यक्ष

दिसंबर, 1977

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

अध्यक्ष

प्रो० हरबंशलाल शर्मा

सदस्य

प्रो० जयकृष्ण
कुलपति,
रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

डा० आर० सी० महरोत्रा,
कुलपति,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली।

डा० पी० एन० वाही,
भूतपूर्व महानिदेशक,
भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली।

प्रो० एस० के० मुखर्जी,
सहायक महानिदेशक,
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली।

परामर्शदाता :

डा० नगेंद्र,
प्रो० हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

संपादन परामर्श मंडल

डा० श्यामा चरण दुबे,
निदेशक,
भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान,
शिमला।

डा० विक्रम किशोर राय बर्मन,
उपमहापंजीयक,
भारत सरकार का महापंजीयक कार्यालय,
नई दिल्ली।

डा० कृपाशंकर माथुर,
अध्यक्ष,
मानवविज्ञान विभाग,
लखनऊ, विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

डा० जयदयाल मेहरा,
उपाचार्य,
मानवविज्ञान विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

श्री जगमोहन सिंह भण्डारी,
प्राध्यापक,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली।

श्री जीवन नायक,
प्रधान संपादक,
वै० त० श० आयोग

संपादन

कु० माधुरी निगम

संपादन सहायक

श्री अरविन्द आशधीर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

प्रकाशन

श्री रामेश्वर प्रसाद मालवीय	अपर निदेशक
डा० वल्लभ दत्त	सहायक निदेशक
श्रीमती निर्मल चोपड़ा	तकनीकी सहायक
श्री वेदव्रत गुप्त	प्रूफ वाचक
श्री नानक चंद	प्रूफ वाचक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

निर्देश

1. परिभाषा कोश में प्रविष्टियां अंग्रेजी के अकारादि क्रम में दी गई हैं।

2. जिन पर्यायों की परिभाषाएं अथवा व्याख्याएं एक जैसी हैं वहां परिभाषा की पुनरावृति न कर केवल उससे पूर्व परिभाषित शब्द का उल्लेख कर दिया गया है। यथा— age group की परिभाषा न देकर दे०— age class अंकित किया गया है।

3. जहां पर्याय एक से अधिक अर्थों के द्योतक हैं, वहां परिभाषाएं नम्बर 1, 2 लगा कर दी गई हैं। यथा—

archaic
Abraxas

4. वर्गीय अथवा प्रधान संकल्पनाओं की परिभाषाएं देते समय परिभाषा के अन्त में वर्ग विशेष की उन प्रविष्टियों का निर्देश कर दिया गया है जो कोश में अन्यत्र स्वतन्त्र प्रविष्टियों के रूप में आई हैं।

इनमें संकेत हैं दे०.. भी । यथा—

Medicine man	के साथ	Shaman	
clan	,, ,,	sib	
ritual	,, ,,	rite	भी देखें।

5. जहां एक संकल्पना का प्रयोग संज्ञा, विशेषण अथवा क्रिया रूप में अलग-अलग हुआ है उनके पर्यायों तथा परिभाषाओं को यथारूप अंकित कर दिया गया है। यथा—

archetto	(सं०) कुलाल चिक्कणदंड
	(क्रि०) मिट्टी चिकनाना
ceremonial	(सं०) समारोह, उपचार कृत्य
	(विशे०) औपचारिक

6. अंग्रेजी के दो समानार्थी शब्दों को (=) चिह्नित कर परिभाषित किया गया है। यथा— adelphic Polyandry
(=fraternal polyandry)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

7. अंग्रेजी के एक ही शब्द की यदि एक से अधिक वर्तनी मिलती हैं तो उन्हें भी (=) चिह्नित किया गया है। यथा–

aetheria (=etheria) ades (=hades)

8. परिभाषाओं में पहले अंग्रेजी शब्द दिया गया है। उसके बाद हिन्दी पर्याय और हिन्दी पर्याय की परिभाषा दी गई है। इससे उन पाठकों को कठिनाई हो सकती है जो किसी विशिष्ट हिन्दी पर्याय की परिभाषा देखना चाहते हैं। उनकी सुविधा के लिए कोश के अंत में ऐसा हिन्दी अंग्रेजी (सूचक) दिया गया है जिसमें हिन्दी के अकारादि क्रम से प्रत्येक पर्याय के आगे पृष्ठ संख्या अंकित है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सांस्कृतिक नृविज्ञान
परिभाषा कोश

A

abalone shell — **ऐबालोन सीपी**

विशेष प्रकार की सीपी जिसमें किनारे पर बहुत से छिद्र होते हैं तथा जो अन्दर की ओर से अत्यधिक बहुवर्णाभासी होती हैं। कैलिफोर्निया के अमरीकी इंडियन इसका आभूषण की तरह प्रयोग करते हैं।

Abbevillian — **अबेविली (संस्कृति)**

मिंडेल हिमनदीय काल की पुरापाषाण संस्कृति। इसका प्रकार स्थल अबेविली (फ्रांस में) तथा मूल उपकरण बड़ा अपरिष्कृत क्रोड था जिसका प्रयोग हस्त कुठार की तरह किया जाता था। अबेविल स्थान के नाम पर इसका नाम अबेविली पड़ा।

Abbevillian biface — **अबेविली द्विमुख (कुठार)**

सामान्यतः क्रोड के दोनों सिरों से शल्कन कर चकमक से बनाया गया प्रस्तर कुठार। यह अबेविल (फ्रांस) में पाया गया था।

Abbevillian industry — **अबेविली उद्योग**

अबेविली उद्योग में यूरोप का प्राचीनतम प्रस्तर उपकरण उद्योग जिसमें मुख्यतः शल्क तथा क्रोड उपकरण उल्लिखित होते हैं और उनकी दोनों सतह अपखंडित तथा कर्तनधार असमान होती हैं। संभवतः इन्हें मुट्ठी से पकड़ा जाता था इसलिए इनका नाम मुष्टि कुठार पड़ा। ये उपकरण यूरोप के अतिरिक्त मिस्त्र, पूर्वी अफ्रीका, दक्षिणी पश्चिमी एशिया, भारत तथा पाकिस्तान में भी पाए गए हैं।

abong — **एबंग**

फिलिपीन की इफूगाओ जनजाति के रहने के घर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

aboriginal — **आदिम, आदिवासी**

किसी भी क्षेत्र के मूल निवासियों से संबंधित।

aboriginal culture — **आदिवासी संस्कृति**

किसी भी क्षेत्र के आदिम निवासियों की संस्कृति।

aborgines — **आदिवासी जातियां**

किसी भी देश के मूल निवासी। भारत की जनजातियों को यहां के मूल निवासी कहा जा सकता है।

abraxas — **गंडा, तावीज, अब्रेक्सस**

1. यूरोप, एशिया माइनर तथा उत्तरी अफ्रीका में दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से तेरहवीं शताब्दी तक प्रयोग में आने वाला एक रत्न या कवच जिस पर एक विशेष आकृति अथवा संख्या का अंकन सम्मोहन के लिये किया जाता था।

2. एक अनिश्चित मूल का मिथकीय देवता जिसकी उपासना प्राचीन गुह्य ज्ञानवादी करते थे। इसके रूप का प्रतिनिधान ऐसी मूर्ति में किया गया था जिसका शीर्ष मुर्ग या सिंह का, शरीर मनुष्य का तथा हाथ पैर सर्प के थे और जिसके एक हाथ में कोड़ा तथा दूसरे में ढाल थी। मिस्रवासी अब्रेक्सस को परमशक्ति का स्वरूप या सूर्य देवता का रूप भी मानते थे।

3. ईश्वर के लिए एक शब्द जो अक्षरों के सात तत्वों से बना है।

absolute dating — **निरपेक्ष काल-निर्धारण**

चट्टानों, खनिज, अस्थियों तथा जीवाश्मों के सम्बन्ध में सही-सही काल निर्धारण करना। पिछले कुछ दशकों में काल निर्धारण के संबंध में कोई निश्चित प्रमाण न मिलने पर कुछ विशेष वैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया गया जिससे सही तिथि का पता लगाया जा सके। रेडियो एक्टिवता अवशेष के अध्ययन द्वारा उपर्युक्त पदार्थों का सही काल-निर्धारण किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

absorption (culture) **अंतर्लयन, आत्मसात्करण अवशोषण**

परसंस्कृतिधरण की प्रक्रिया में उन्नत एवं बहुसंख्यक संस्कृतियों द्वारा अन्य अल्पसंख्यक संस्कृतियों के तत्वों अथवा व्यक्तियों का अपने में पूर्ण रूप से आत्मसात् कर लेना।

accidentalism **आकस्मिकतावाद, यदृच्छावाद, आकस्मिकता**

एक सिद्धांत जिसके अनुसार घटनाएं बिना किसी कारण घट जाती हैं या घट सकती हैं।

aclimatization **पर्यनुकूलन**

1. एक प्रक्रिया जिसमें प्रवासी धीरे-धीरे कायिक रूप में नई जलवायु के अनुकूल बने अथवा नए वातावरण के साथ समायोजन की स्थिति हो। इसके साथ ही लाक्षणिक रूप में, नए सामाजिक परिवेश के साथ व्यक्ति का मानसिक एवं सामाजिक समायोजन होना।

2. किसी स्पीशीज अथवा प्राणी का परिवर्तित परिवेश में कुछ पीढ़ियों के मध्य स्वयं को उसके अनुकूल बना लेना अथवा अधिक सहनशक्ति अर्जित कर लेना।

acculturated tribe **परसंस्कृत जनजाति**

विकसित समाज के लोगों के साथ प्रत्यक्ष तथा दीर्घकालीन संपर्क में रहने के परिणामस्वरूप उनकी संस्कृति का अंगीकरण करने वाली जनजातियां। जैसे, भारत में उत्तर पूर्व अंचल की खसिया, नागा, लुशाई इत्यादि।

acculturation **परसंस्कृति ग्रहण; उत्संस्करण**

1. अतःसांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक प्रक्रम जो भिन्न संस्कृतियों के बीच उनके सांस्कृतिक विशेषकों तथा तत्वों के प्रसरण द्वारा निर्दिष्ट होता है तथा जिसके फलस्वरूप संस्कृति के नवीन तथा मिश्रित प्रतिरूप उत्पन्न होते हैं। ऐसे रूप-भेद विशेषतः आदिम समाज में उन्नत समाजों के साथ उनके सतत संपर्क का परिणाम होते हैं। यह प्रक्रिया एकपक्षीय अथवा उभयपक्षीय दोनों ही प्रकार की हो सकती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

2. अतःसांस्कृतिक ग्रहण का एक प्रक्रम जिसमें एक संस्कृति दूसरी को प्रभावित करती है, इसके फलस्वरूप दोनों अथवा एक ही संस्कृति के विशेषकों तथा तत्वों का आदान-प्रदान होता है।

acculturation situation — **परसंस्कृतिग्रहण स्थिति**

ऐसी स्थितियां, जिनमें विभिन्न समुदायों के लोगों के परस्पर सम्पर्क में आने पर, सांस्कृतिक एवं सामाजिक तत्वों में परिवर्तन हो जाते हैं।

accumulation (culture) — **संचय, संचयन**

सांस्कृतिक विशेषकों, जैसे विचारों, भावों, हस्तकृतियों, अथवा प्रवाधियों के एकत्रीकरण की प्रक्रिया को संचय कहते हैं।

acetta — **असेटा**

कुठार या हैचेट जिसकी मूठ के समांनांतर कर्तन सिरा होता है

Acheulian age — **ऐश्यूली युग**

निम्न पुरापाषाण युग से संबंधित युग जो प्रारम्भिक द्वितीय अन्तर्हिमावर्तनीय काल के अन्तिम चरण से आरंभ होकर तृतीय अंतर्हिमावर्तनीय काल तक चलता है अर्थात् मिन्डेल तथा रिस युग के मध्य की अवधि। यह नाम फ्रांस के सेंट ऐश्यूल स्थान के नाम पर रखा गया है। इस युग की विशिष्टता सभी ओर से अपखंडित चकमक उपकरण हैं।

Acheulian biface — **ऐश्यूली द्विमुख (चकमक उपकरण)**

ऐश्यूली युग के दोनों ओर कर्तन धार वाले चकमक उपकरण।

Acheulian culture — **ऐश्यूली संस्कृति**

इस संस्कृति का नाम फ्रांस में सोम नदी पर सेंट एश्यूल नामक स्थान पर है जहां लगभग 130 वर्ष पूर्व इसके अवशेष पहली बार प्राप्त हुए थे। उसके बाद संसार में जहां भी वैसे ही उपकरण मिले हैं उन्हें एश्यूली संस्कृति का नाम दिया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Acheulean epoch **ऐश्यूली युग**

अबेबिली युग के उपरांत पूर्व पुराप्रस्तर युग का काल जो दोनों ओर कर्तन धार वाले द्विमुखी उपकरण के लिये प्रसिद्ध हैं।

Acheulean flake **ऐश्यूली शल्क**

ऐश्यूली युग में प्राप्त शल्क उपकरण।

acocotol **एकोकॉटल**

वाद्य विशेष जिसका नाम एक मैक्सिको वृक्ष पर है। यह इस वृक्ष के 8 या 10 फुट लम्बे तने से बनाया जाता है। इसको बजाने वाला नली द्वारा सांस खींच कर घर्र घर्र की आवाज पैदा करता है। इस वाद्य का दूसरा नाम वलेरिन है।

acoma water jar **एकोमा जल कलश**

मैक्सिको में व्हाइट रॉक के निवासी प्यूब्लो जनजाति के एकोमा समुदाय द्वारा निर्मित जलकलश। इन भांडों की शैलीगत विशेषता पट्टित ग्रीवा है।

acorn grinder **बंजुफल पेषणी**

बंजुफल को पीसने का एक आदिम उपकरण।

acrolith **काष्ठाश्म, एक्रोलिथ**

एक प्रकार की मूर्ति जिसे दो या अधिक पदार्थों से मिला कर बनाते हैं। बहुधा लकड़ी और पत्थर के योग से इनका निर्माण किया जाता है और इनके परिधान किसी धातु के होते हैं। प्रारूपिक एक्रोलिथ के हाथ, पैर और सिर संगमरमर के और बाकी शरीर किसी अन्य हीन पदार्थ का होता है।

action anthropology **क्रियात्मक नृविज्ञान**

अनुप्रयुक्त नृविज्ञान की एक शाखा जो सांस्कृतिक नृविज्ञान के सिद्धान्तों के प्रयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

action pattern **कार्यसंरूप**

सामाजिक क्रियाओं की व्यवस्था का वह रूप जो उद्देश्यमूलक होता है। इसके स्थैतिक और गतिक दोनों पक्ष हो सकते हैं। सामाजिक प्रक्रियायें तथा सामाजिक संरचनायें कार्य संरूप हैं और दोनों में क्रमशः गतिक एवं स्थैतिक पक्ष पर बल होता है।

action research **क्रियानिष्ठा अनुसंधान**

जब अन्वेषक किसी समूह अथवा समुदाय की समस्याओं को सुलझाने के सामूहिक प्रयास में समाजशास्त्रीय अथवा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान की विधाओं का प्रयोग स्वयं क्रियात्मक रूप में सहभागी होकर करता है तो उसे क्रियानिष्ठ अनुसंधान कहते हैं।

यह अनुसंधान मूल रूप से उस सबसे अधिक प्रभावशाली साधन को खोज निकालने से संबंधित है जिसके द्वारा अपेक्षित सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। यहां पर वैज्ञानिक सिद्धांतों की खोज का महत्व गौण होता है। क्रियानिष्ठ अनुसंधान एक प्रकार का व्यवहारिक अनुसंधान है।

adaptive culture **अनुकूली संस्कृति**

जब कोई समूह जीवन की भौतिक परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने के लिये सामूहिक रूप में सांस्कृतिक समायोजन करता है।

adaro **अडारों**

सालोमन्स वर्ग के अरौसी जन में एक दुष्टात्मा।

adat law **आदात विधि**

इंडोनेशिया का परंपरागत कानून। यह प्रायः इस्लामी क्षेत्र की स्थानीय रीतियों, परंपरागत प्रथाओं एवं रूढ़ियों पर आधारित अलिखित विधि संहिता है।

adelphic polyandry (=fraternal polyandry) **भ्रातृक बहुपति प्रथा**

बहुपति प्रथा का एक प्रकार जहां पति आपस में भाई होते हैं। इस प्रथा में दो या अधिक भाइयों की एक पत्नी होती है। विवाह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

साधारणतया केवल बड़े भाई के साथ होता है किन्तु पत्नी पर दूसरे भाइयों का समान अधिकार होता है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पारिवारिक संपदा के विघटन को रोकना है।

इस प्रथा के अन्तर्गत संतान बहुधा सबसे बड़े भाई की अथवा सब भाइयों की समान रूप से मानी जाती है। भारत में यह प्रथा जौनसार बावर की खासा जनजाति में तथा दक्षिण में नीलगिरी की टोडा जनजाति में प्रचलित है।

ades **1. पाताल**
=(hades) **2. पातल-देव**

1. ग्रीक मिथक में मृत आत्माओं के रहने का स्थान।

2. नर्क

adhesion **आसंजन**

संस्कृति विःसरण की स्थिति में विशेषकों में परस्पर संबद्ध रहने की प्रवृति होती है जिससे संकुलन के एक विशेषक के होने पर अन्य स्वतः ही वहां उपस्थित हो जाते हैं। टायलर ने संस्कृति में आसंजन के सिद्धान्त का विशेष रूप से प्रतिपादन किया था। इस शब्द का प्रयोग दो भिन्न सामाजिक विशेषकों में जैविक अथवा संक्रियात्मक संबंध का बोध कराने के लिये भी होता है।

adlet **अदलेत**

एस्किमो जनजाति में प्रचलित एक विश्वास कि अदलेत राक्षस का जन्म कुत्तों तथा मानव के संकरण द्वारा हुआ है।

adobe **कच्ची ईंट**

1. धूप में सुखाई गई अदग्ध ईंट।
2. मिट्टी जिससे अदग्ध ईंटें बनाई जाती हैं।
3. अदग्ध ईटों का बना घर।

adorno **एडोर्नो**

मृद्भांड का आलंकारिक भाग जिसमें बहुधा पशुओं की आकृतियां भांड के स्कंध अर्थात् ऊपरी भाग तथा अंवठ पर आंकी जाती हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

adytum — **गर्भगृह, एडिटम**

किसी मंदिर अथवा चैत्य का गुप्त भीतरी पवित्र स्थान जहां साधारण जनता का प्रवेश निषिद्ध हो।

adze — **बसूला**

एक कर्तन (काटने का) उपकरण जिसका पतला महराबी फलक हत्थे से समकोण की स्थिति में लगा होता है। पकड़, हत्था, हत्था शीर्ष, फलक तथा धार इसके भाग होते हैं। यह मुख्य धुरी के चारों ओर से असममित होता है और इसका प्रयोग कुठार की तरह नहीं किया जा सकता लेकिन अधिकतर लकड़ी का कार्य इससे किया जाता है। कभी-कभी यह शस्त्र का भी काम देता है। इसके लिये 'सेल्ट' शब्द का प्रयोग भी किया जाता है।

Aegean culture — **ईजियन संस्कृति**

ईजियन सागर के द्वीपों तथा उसके निकटवर्ती देशों की प्रागैतिहासिक सभ्यता से संबंधित, विशेषकर (3000-1100 ई० पू०) कांस्य युग की संस्कृति।

aeneolithic age — **ताम्र प्रस्तर युग**

नव प्रस्तर युग तथा कांस्य युग के मध्य के संक्रांति काल से संबंधित जिसमें कुछ तांबे का प्रयोग किया गया था।

aeolian soil (=eolian soil) — **वातोढ मिट्टी**

वायु द्वारा आनित, निक्षेपित उत्पादित अथवा आक्षारित मिट्टी।

aeotana — **एयोटना**

सात रीड अथवा धातु की पत्तियां लगी हुई एक छोटी सी बांसुरी जिसे फूंक मार कर बजाने से धातु की पत्तियां प्रकंपित होती हैं और मधुर ध्वनि उत्पन्न होती है।

aerophone — **वायुवाद्य यंत्र**

एक प्रकार का वाद्य-यंत्र जिसमें ध्वनि वायु के कंपन के द्वारा उत्पन्न की जाती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

aetheria **एथीरिया**
(= theria)

नील नदी की शुक्ति, जिसके शल्क का प्रयोग मछली पकड़ने के कांटे बनाने के लिए किया जाता है।

affiance **वाग्दान**

मात-पिता का संतान के विवाह के लिए अथवा व्यक्ति विशेष का स्वयं अपने विवाह के लिये वचनबद्ध होना।

affinal **वैवाहिक**

विवाह द्वारा संबंधित, उस पर आधारित अथवा विवाह से सन्निहित संबंध।

affinal relationship **वैवाहिक संबंध**

विवाह द्वारा स्थापित सभी प्रकार के संबंध।

affines **विवाह संबंधी**

विवाह के आधार पर पति का पत्नी के रक्त संबंधियों के साथ अथवा पत्नी का पति के रक्त संबंधियों के साथ स्थापित संबंध।

affinity **विवाह संबंध**

ऐसे सामाजिक सम्बन्ध जो विवाह के आधार पर व्यक्तियों और समूहों के बीच स्थापित होते हैं।

African accordian **अफ्रीकी अकार्डियन**

अफ्रीका में प्राप्त एक प्रकार का वाद्य यंत्र जिसमें धौंकनी से हवा भरने पर स्वर संचारित होता है।

afrit **अफ्रिट (अरब में अपकारी प्रेत)**

कबाबिश जनजाति में एक अपकारी प्रेत।

afroid **अपक्व मृदा**

ऐसी मृदा जिसे आग में न पकाया गया हो।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

after-world — **परलोक, यमलोक**

ऐसे स्थान की संकल्पना जहां मनुष्य मृत्यु के पश्चात् जाता है। यह अवधारणा प्रायः सभी संस्कृतियों में सामान्य रूप में मिलती है।

agalma — **अगल्मा**

आदिम यूनान की एक देवाकृति।

agamang — **अगामंग**

फिलिपाइन की इफूगाओ जनजाति में अविवाहित महिलाओं के निवास।

agamy — **अविवाही, अविवाह (प्रथा)**

1. विवाह की विधि को मान्यता न देने वाले व्यक्ति अथवा समूह।

2. समाज अथवा समूह में विवाह प्रथा की अमान्यता अथवा किसी प्रकार के विवाह विनियमों का न होना।

age — **1. उम्र, वय, वयस्, अवस्था आयु, 2. युग, काल**

1. वह कालावधि जिसमें कोई वस्तु अथवा प्राणी जीवित या विद्यमान रहा हो।

2 (क) पृथ्वी के इतिहास की एक काल सीमा जिसमें एक विशेष प्रकार का जीवन प्रधान रहा हो। जैसे ताम्र युग, कांस्य युग, लौह युग इत्यादि।

(ख) काल--जिसमें कोई विशेष भूवैज्ञानिक घटना अथवा उनकी शृंखला घटित हुई हो जैसे, हिमयुग।

age area — **काल क्षेत्र**

एक संकल्पना जिसके अनुसार किसी संस्कृति-क्षेत्र की सीमा पर प्राप्त सांस्कृतिक विशेषकों की आयु केंद्र में प्राप्त विशेषकों से अधिक प्राचीन मानी जाती है। कारण, ये विशेषक बहुत समय पहले केंद्र

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

से परिधि की ओर विसरित हुए थे। अतएव इनकी आयु की गणना केंद्र से परिधि तक की दूरी के अध्ययन के साथ-साथ केंद्र में प्राप्त उनसे संबंधित विशेषकों द्वारा की जा सकती है। इस प्रकार संस्कृति-केंद्र के अन्वेषणों द्वारा परिधि पर प्राप्त सांस्कृतिक विशेषकों के वस्तुतः प्राचीन स्वरूप के प्रमाणों का अनावरण किया जा सकता है। यह विचारधारा क्लार्क विसलर ने प्रतिपादित की है। इसकी प्रमाणिकता के संबंध में नृविज्ञानियों में परस्पर मतभेद है।

age class **आयु-वर्ग**
(=age group)

1. समवयस्क श्रेणी एवं लगभग समान आयु वाले व्यक्तियों का वर्ग जिन्होंने एक साथ दीक्षा ग्रहण की हो, अथवा दूसरे सामाजिक कार्यकलापों में साथ-साथ भाग लिया हो। बहुधा ऐसे वर्ग पुरुष समुदाय में होते हैं।

2. एक आयु श्रेणी अथवा उसका उपभाग।

age grade **आयुश्रेणी**
(=age regiment)

एक ही वर्ग (स्त्री या पुरुष) एवं लगभग एक ही आयु के व्यक्तियों का समूह जिसके कुछ निश्चित कर्तव्य और विशेषाधिकार एक समान होते हैं और जो समाज का एक अंश या भाग होता है, आयु श्रेणी कहलाता है। प्रत्येक आयु श्रेणी को भिन्न-भिन्न मंजिलों से गुजरना पड़ता है और प्रत्येक की अपनी सुनिश्चित प्रस्थिति, आनुष्ठानिक क्रियाकलाप एवं कर्तव्य होते हैं।

age group **आयु वर्ग**

दे० age class

age mate **समवयस्क**

एक ही आयु के सदस्य।

age of mammals **स्तनपायी युग**

भूवैज्ञानिक इतिहास के तृतीय महाकाल के आरंभ से वर्तमान काल तक की अवधि जिसकी विशेषता स्तनधारी तथा पक्षियों का त्वरित विकास है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

age-set — **समवयस्क समूह**

एक ही आयु के सदस्यों के समूह जो औपचारिक रूप से संगठित होते हैं।

age stratification — **आयु स्तरण**

आयु के आधार पर व्यक्तियों का वर्गीकरण यथा शिशु, बालक, किशोर, प्रौढ़, वृद्ध इत्यादि ।

aggradation — **अधिस्तरण, अधिवृद्धि**

पदार्थ के निक्षेपों का एक के ऊपर एक एकत्रित होना अधिस्तरण कहलाता है। इस तथ्य का प्रयोग पुरातात्विक अवशेषों के काल-निर्धारण में किया जाता है।

aggradational terrace — **अधिवृद्धि सोपान**

निक्षेपित अपरद पदार्थ से निर्मित सोपान जो हिमोढ से टूट कर अभिवृद्धि होने पर बनते हैं।

agnate — **पितृबंधु, पितृ संबंधी**

केवल पुरुष वंश धारा के वंशज।

agnatic descent (=patrilineal descent) — **पैतृक वंशानुक्रम**

एक सिद्धांत जिसमें वंशानुक्रम पुरुष पूर्वज से केवल पुरुषों द्वारा अनुरेखित होता है।

agnatic kin — **पितृबंधु, पैतृक बंधु**

पितृवंशीय बंधु।

agnatic kinship — **पैतृक बंधुता, पैतृक सगोत्रता**

पैतृक बंधुता जिसमें वंशानुक्रम केवल पुरुषों द्वारा निश्चित किया जाता है।

agnation — **पितृबंधुता**

1. प्राचीन रोम की बंधुत्व प्रणाली जिसमें आनुवांशिकता केवल पुरुषों के द्वारा ही चलती थी तथा वही वंश परंपरा और संबंधों का केंद्र होता था ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

2. समकालीन नृविज्ञान में पैतृक बंधुता से तात्पर्य केवल पुरुषों द्वारा निर्धारित वंशानुक्रम से है।

agpo — **एगपो, कृमृद**

संस्कृति के विकास की एक अवस्था जिसकी विशेषता कृषि कर्म और मृद्भांड निर्माण है। कृमृद एक संशिलष्ट शब्द है जो कृषि और मृद्भांड के प्रारंभिक अक्षरों के संयोजन से बना है।

agriculture — **कृषि, खेतीबाड़ी**

भूमि को जोतने, फसल उपजाने, काटने तथा पशुपालन की कला या विज्ञान को कृषि कहते हैं। मूलतः कृषि में भूमि जोतने के लिये हल तथा पशुओं का प्रयोग किया जाता है।

agriculturist — **कृषक, किसान**

वह व्यक्ति जो पशु अथवा यांत्रिकी साधनों द्वारा जमीन की खुदाई और जुताई करके खेती करता है।

agwel — **एगवेल**

बोतल के आकार का मोरक्को डमरू।

aigrette — **कलगी, एग्रेट**

बगुले के पंख जिनका शिरोवस्त्र की तरह प्रयोग किया जाता है। ये अधिकतर विनेज्यूला के अवरुद्ध जल क्षेत्रों में मिलते हैं।

ainga — **आइंगा**

समोआ (जाति) में सभी संबंधियों के लिये प्रयुक्त शब्द।

Ainu people — **आइनू जन**

जापान के मूल काकेशियाई खाद्य-संग्राहक जन जो पहिले अधिकांशतः प्रशांत द्वीप समूहों में रहा करते थे परन्तु अब होकायडो, सखालीन तथा कुरील द्वीप के कुछ भागों में रहते हैं।

आनूइजन का मूल स्रोत अज्ञात है किन्तु ऐसा विश्वास है कि ये यूरोप के साइबेरियाई समूह के वंशज हैं। इस समूह की विशेषता है कि इसके सदस्य बहुत पहले यूरोप वर्ग से पृथक् होकर यहां बस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

गये थे। भौगोलिक रूप से इनकी जनसंख्या अब स्थाई है। इनकी भाषा किसी दूसरे समूह से संबंधित नहीं है। आइनू श्वेत उपप्रजाति वर्ग के हैं।

air god — **पवन देवता**

एक अलौकिक शक्ति जो मौसमी तथा वायुमंडलीय घटनाओं यथा वर्षा, पवन, विद्युत, झंझावात तथा मेघ गर्जन से संबद्ध हैं।

Alafin — **अलाफिन**

नाइजीरिया की आयो जनजाति का धर्माधिकारी एवं प्रमुख।

aleatory — **संयोग, दैव**

मानव जीवन में दैवीय अथवा सांयोगिक तत्व।

alectryomancy (=alectromancy) — **कुक्कुट प्राक्ख्यापन**

प्राक्ख्यापन की वह विधि जिसमें मुर्गे को घेरे में रख कर उसकी गतिविधि द्वारा प्राक्ख्यापन करते हैं। मुर्गा घेरे में रखे वर्णमाला के अक्षरों से मक्का के दानों को चुगता है। जिस क्रम में मुर्गा दाने चुगता है उसी क्रम से अक्षरों को मिला कर प्राक्ख्यापन किया जाता है।

Aleut — **एल्यूट**

एल्यूशियन द्वीपों के खाद्य संग्राहक निवासी जो एस्किमों से मिलती-जुलती भाषा बोलते हैं।

alien culture — **अन्य देशी संस्कृति**

बाह्य संस्कृति जो प्रकृति अथवा लक्षण की दृष्टि से देशज संस्कृति से भिन्न हो।

alligator design — **मकर अभिकल्प**

मकर रूप से मिलता-जुलता अभिकल्प।

allocentric — **परकेंद्रिक**

वह स्थिति जिसमें किसी व्यक्ति का ध्यान तथा अभिरुचि किसी अन्य व्यक्ति पर केंद्रित हो।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

allopatric — **पृथक्कृत जन समूह, एकल समूह**

ऐसे जन समूह जो भौगोलिक दृष्टि से दूसरे समूहों से पृथक् हों।

alluvial — **जलोढ**

1. जलोढ मृदा।
2. जलोढक से संबंधित या निर्मित।

alluvial clay — **जलोढ मृत्तिका**

बहते जल द्वारा विशेषकर अभिनव भूवैज्ञानिक काल के मध्य निक्षेपित अपरद पदार्थ । जलोढ मृतिका निक्षेप का महीन अंश है।

alluvial cone — **जलोढ शंकु**

अत्यधिक तीक्ष्ण ढलान वाला, चापाकार जलोढ जो जल प्रवाह के तंग घाटी से मैदान में आने पर बनता है।

alluvial deposit (=alluvium) — **जलोढ निक्षेप**

बहते जल द्वारा विशेषकर अभिनव भूवैज्ञानिक काल में निक्षेपित मृतिका, गाद, बालू, बजरी अथवा इसी प्रकार के अपरद पदार्थों को जलोढ निक्षेप कहते हैं। साधारणतया निक्षेप उन स्थानों पर होता है जहां पर्वतों से निकली नदी का प्रवाह कम हो जाता है और वह तलछट को घाटी के तल पर निक्षेपित कर देती है।

alluvial plain — **जलोढ मैदान**

प्रवाहित जल द्वारा जलोढ पदार्थों के विस्तृत निक्षेप से बनी समतल या सामान्य ढाल अथवा किंचित तरंगित ढलान वाली भूमि जलोढ मैदान कहलाती है।

almanac — **पंचांग, तिथिपत्र**

एक प्रकाशन जिसमें खगोलीय और मौसम विज्ञान संबंधी सामग्री वर्ष के दिनों, सप्ताहों और महीनों के अनुसार प्रस्तुत की जाती है। बहुधा इसमें दूसरी विविध सूचनाएं भी होती हैं। ऐसे पंचांगों का प्रयोग ज्योतिष शास्त्र से संबंधित होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

alomancy **लवण प्राक्ख्यापन**
(=hallomancy)

नमक को अग्नि में डालकर लौ के अध्ययन के द्वारा प्राक्ख्यापन की एक विधि ।

alphorn **ऐल्पहार्न**

लकड़ी का हार्न जिसका मुख चषक के आकार का होता है। यह दक्षिण अमरीका, हिमालय क्षेत्र, प्राचीन असीरिया तथा वेबी लोनिया और मध्ययुगीन यूरोप में पाया जाता था।

altar **वेदिका, वेदी**

ऐसी कोई भी संरचना अथवा स्थान जहां बलि, समर्पण अथवा पूजा की जाती है।

alternating generation **एकांतर पीढ़ी**

ऐसी पीढ़ियां जो मध्य पीढ़ी के द्वारा एक दूसरे से कड़ी बद्ध होती है, जैसे दादा और पोते की पीढ़ियां।

alyha **अल्यहा**

कोलोरेडो के मोहाव अमेरिंडियन कबीले में दो पुरुषों के परस्पर विवाह की प्रथा। इनमें से एक पुरुष स्त्री का वेश धारण कर दूसरे पुरुष (पति) के साथ विवाह रचाता और घर बसाता है। ये नर पत्नियां अत्यंत ही परिश्रमी होती हैं। बहुधा ऐसे पुरुष पति समाज में मज़ाक के विषय होते हैं, विशेषकर काल्पनिक गर्भावस्था के विभिन्न अनुष्ठानों के प्रतिपालन के अवसर पर।

amasiado **अमासिआडो**

अमरीकी देशों में बसे हुए कुछ अफ्रीकी नीग्रो समूहों में प्रचलित प्रथागत विवाह, जिसके अनुसार स्त्री परिवार का केंद्र होती हैं।

amber statuette **ऐंबर की लघु प्रतिमा**

ऐंबर की बनी बहुत छोटी प्रतिमा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ambil-anak **ऐंबिल-अनाक**

सुमात्रा द्वीप में प्रचलित पैतृक वंशानुक्रम एवं पतिस्थानिक विवाह प्रथा के अपवादस्वरूप एक विवाह प्रथा जिसके अंतर्गत परिवार में पुत्र के न होने पर जामाता ससुराल में ही रहने लगता है। इन्हें वधूशुल्क देने से छूट मिल जाती है। परन्तु इनका बच्चों, पत्नी अथवा संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होता और पत्नी का पिता इन्हें किसी भी समय घर से निकाल सकता है।

ambilocal residence **उभयस्थानिक आवास**
(=bilocal residence)

एक प्रथा जिसके अनुसार नव-विवाहित दंपति को आवास चयन की पूर्ण स्वतंत्रता होती है। वे पति या पत्नी किसी के भी माता-पिता के साथ अथवा उनके घर के पास रह सकते हैं।

American Indian **अमरीकी इंडियन, अमेरिंडियन**
(=Amerindian)

पश्चिमी गोलार्ध में एस्किमो के अतिरिक्त मंगोलाभ जनसमूह की सभी जनजातियों के सदस्य अमरीकी इंडियन या अमेरिंडियन कहलाते हैं।

Americanist **अमरीकी विद्याविद्**

अमरीकी समाज और संस्कृति का विशेषज्ञ।

Amerind (people) **अमेरिंद जन**

एक शब्द जिसको 1899 में प्रस्तावित किया गया। तकनीकी तथा लोकप्रिय लेखों में इसका प्रयोग उन व्यक्तियों के लिए किया जाता है जो न्यूवर्ल्ड (अमरीका) में यूरोपीय जनों के बसने से पहले वहां के निवासी थे। यह शब्द अमरीकी इंडियन के प्रारंभिक अक्षरों के योग से बनाया गया है। इस शब्द का प्रयोग अंग्रेजी में भारतीयों को इन लोगों से अलग करने के लिए किया जाता है।

amita-clan **पितृश्वसा गोत्र, पितृश्वसा कुल,**
(=amita local clan) **बुआ का कुल**

पैतृक वंशानुक्रम में बुआ स्थानिक आवास के फलस्वरूप गठित कुल पितृश्वसा कुल कहलाता है। (मुरडॉक का सिद्धांत)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

amitalocal residence (=amitate local residence) — **बुआ स्थानिक आवास, पितृश्वसा स्थानिक आवास**

पैतृक वंशानुक्रम की एक आवास व्यवस्था जिसमें अविवाहित स्त्रियां बुआ के साथ रहती हैं तथा विवाह के पश्चात् उनके पति पत्नी के स्थान पर निवास बनाते हैं। यह व्यवस्था पूर्ण रूप से प्राक्कल्पनात्मक है।

amitate — **बुआ अधिकार, पितृश्वसा अधिकार, पितृश्वसा संबंध**

ऐसा सामाजिक संबंध जिसमें बुआ के साथ भतीजे, भतीजियों के विशेष निकट संबंध होते हैं।

aminomancy — **उल्ब प्राक्ख्यापन**

ऐसी झिल्ली या आवरण के द्वारा प्राक्ख्यापन जो कभी-कभी नवजात शिशु के सिर को ढंके रहती है।

amorphous folk culture — **गठनहीन लोक संकृति**

ग्राम्य तथा नागरिक जीवन के मध्य की वह स्थिति जिसमें लोक संस्कृति गांव की माटी और वहां की उपासना पद्धति से जुड़ी होती है और साथ ही नागरिकता के नवीन पथ पर अग्रसर होती है। प्राचीन युग में मैसोपोटामिया और मिस्र में ऐसी ही संस्कृति विद्यमान थी जिसने आगे चलकर संसार की महत्वपूर्ण सभ्यता को जन्म दिया। इसकी विशेषता लेखनकला, नगर और राजनैतिक संगठन थे।

amphidromia — **ऐंफीड्रोमिया, कुल-प्रवेश**

ऐथेंस का एक संस्कार जिसमें बालक को चूल्हे के चारों ओर चक्कर लगवाया जाता था और इस प्रकार वह अपने पूर्वजों के कल्प में दीक्षित हो जाता था।

amphora — **1. एंफोरा 2. दुहत्थी सुराही**

दो हत्थों वाला कलश जो मुख्यतः प्राचीन यूनान में पाया जाता था। इसमें तेल अथवा पानी रखा जाता था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Ampora — **ऐंपोरा**

पश्चिमी अफ्रीका के सिएरा लिओन का गुप्त समाज।

Amratian culture — **अमराती संस्कृति**

मिस्र की प्रारंभिक पूर्व राजवंशगत ताम्र प्रस्तर संस्कृति जिसकी विशेषता अस्थि एवं प्रस्तर के परिष्कृत रूप से बने उपकरण हैं।

amulet — **तावीज़**

कोई तावीज़ जैसे रत्न, आभूषण अथवा स्मृति-चिह्न जिस पर किसी मोहिनी, वशीकरण या जादुई यंत्र अथवा किसी प्रतीक का अंकन हो और जिसके संबंध में यह विश्वास हो कि वह पहनने वाले को अप्रत्याशित संकटों, व्याधियों तथा भूत-प्रेत आदि से रक्षा प्रदान करता है और युद्ध तथा प्रेम में विजय एवं धन-धान्य और सौभाग्य की प्राप्ति में, सहायता देता है।

amygdaloid — **(सं०) वातामकी शैल**
(विशे०) वातामी

बादाम के आकार जैसा। इस शब्द का प्रयोग बहुधा ऐश्यूली चकमक उपकरण के लिए किया जाता है।

anarak — **अनारक**

एस्किमों द्वारा कयाक में पहना जाने वाला एक ऊपरी वस्त्र। यह तेल लेपित पशु चर्म का बना होता है जिससे वह जलसह हो जाता है। इसकी लम्बाई जांघों तक होती है तथा इसके साथ ही सिर को ढकने के लिए टोपी सिली रहती है।

Anasazi — **1. अनासाज़ी संस्कृति**
2. करंडकर्मी

नवाहो भाषा का शब्द जिसका अर्थ "प्राचीन लोग" है। यह शब्द करंड कर्मी प्यूब्लो संस्कृति के लिए प्रयुक्त होता है। यह संस्कृति न्यूमैक्सिको के उत्तरी अरीज़ोना के पठारी क्षेत्रों, कोलोरेडो एवं उटाह के समीपस्थ क्षेत्र तथा होहोकान में पाई जाती थी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ancestor — **पूर्वज**

वह व्यक्ति जो उद्भव रेखा में दादा-दादी की अपेक्षा बहुत पहले जन्मा हो और जिसके द्वारा वंशावली का प्रादुर्भाव हुआ हो।

ancestor cult — **पूर्वज कल्प**

समूह के पूर्वजों की आत्माओं की पूजा अथवा उनके साथ संपर्क स्थापित करने में सन्निहित क्रिया-कलाप या कर्मकांड।

ancestor worship — **पूर्वज-पूजा, पितृ-पूजा**

अपने से तुरंत पहले के तथा बहुत पहले के उन पूर्वजों की पूजा से संबंधित जिन्हें आत्मस्वरूप अथवा देवता मान लिया गया है तथा जिनकी देवताओं की भांति ही धार्मिक क्रियाओं तथा अभिवृत्तियों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है।

anchorite — **विरक्त साधु, एकांतसाधक**

वह व्यक्ति जो धार्मिक भावना से प्रेरित होकर एकांत में निवास करने के लिए संसार का परित्याग कर देता है।

anda — **अंड**

ईंट तथा मिट्टी का गुम्बदाकार ठोस ढेर जो प्राचीन भारत में राजाओं की समाधि, स्तूप अथवा कब्र पर राजत्व के चिह्न स्वरूप बनाया जाता था।

androcentric society — **पुरुष प्रधान समाज, पुरुष केंद्रित समाज**

पुरुष पर केंद्रित समाज जिसमें पुरुष को प्रधानता दी जाती है और उसी का प्रभुत्व होता है।

anepigraphic — **अनंकित, अलिखित**

उत्खनन में प्राप्त अनंकित और अलिखित वस्तुओं से संबंधित। इनसे तात्पर्य ऐसी वस्तुओं से है जो केवल आलंकारिक अथवा प्रकार्यात्मक हैं और शिलालेखों तथा वर्णनात्मक तक्षण से सर्वथा भिन्न होती हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

angakok **एंगकाक**

एस्किमों का पुरोहित वर्ग जो विशेष रूप से सुविधा-संपन्न होता है। इन्हें किसी भी स्त्री के साथ सहवास की स्वतंत्रता का अधिकार होता है।

Angang **अंगांग**

यात्रा में प्रथम पशु अथवा व्यक्ति के मिलने पर आधारित एक प्रकार का प्राक्ख्यापन।

angle-graver **कोणिक उत्कीर्णक, कोणिक टांकी**

एक प्रकार की तक्षणी जिसमें उत्कीर्णक क्षतचिह्न पर कार्यधार के दूसरी ओर छंटाई की हुई होती है।

anhistoric **अतैथिक**

ऐसे पुरावशेष जिनकी तिथि शिलालेखों अथवा प्रलेखनों द्वारा निर्धारित नहीं की जा सकती।

aniconism **अमूर्तिवाद, अमूर्तिपूजन**

वास्तविक प्रतिरूपात्मक वस्तु के स्थान पर प्रतीकात्मक अथवा संकेतात्मक वस्तु की पूजा करना।

anima **प्राण तत्व, जीव तत्व**

आदिम जनों का आत्म तत्व में विश्वास जिसके अनुसार व्यक्तियों, वस्तुओं और प्रकृति में आत्मा का निवास होता है। यह आत्मतत्व मृत पूर्वजों की प्रेतात्मा नहीं होता अपितु वह प्राण होता है जो सूर्य, चंद्र, वृक्ष, मानव सभी में अंतर्निहित है।

animal cult **पशु-उपासना, पशुकल्प**

समाज में पशुओं को कर्मकांडीय महत्व प्रदान करना।

animal worship **पशु-पूजा**

पशुओं की उपासना जिसमें इष्ट पशु होने पर उनके पृथक् देवालय, स्तुतियां, बलि वेदियां इत्यादि बनाई जाती हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

प्राणवाद, सप्राणवाद

animatism

1. एक विश्वास कि प्राकृतिक वस्तुओं में निर्वैयक्तिक तथा अलौकिक शक्तियों का निवास होता है।

2. प्राणहीन पदार्थों में जीवन या प्राण की प्रतिष्ठा।

जीववाद, जीवत्वारोपण

animism

टायलर के मतानुसार आध्यात्मिक प्राणियों में विश्वास जीववाद है।

प्राण, जीवन-शक्ति

animus

जीवन देने वाली शक्ति।

ऐनिटो

anito

बॉन्टॉक इगोरोट (फिलीपीन) में मृत व्यक्ति का प्रेत, मुख्यतः किसी पूर्वज का प्रेत जो बीमारी तथा मृत्यु का कारण हो सकता है।

एंक

ankh

कुंडलित शीर्ष वाला क्रूस जो बहुधा जीवन के रहस्य का प्रतीक होता है। यह शब्द मिस्र का है।

नूपुर, पायल

anklet

पैरों में पहनने का आभूषण।

अभितापन, मुलम्मा प्रविधि

annealing

शीशे, मृद्भांड अथवा धातु को कठोर और सख्त बनाने तथा रंगों को पक्का करने के लिए आग में गरमाने, पकाने तथा तापरोधन की प्रक्रिया।

अभ्यंजन पट्ट

anointing tablet

सात पवित्र तेलों के लिए सात गढ़ों वाला ऐलाबास्टर का पट्ट। प्राचीन मिस्र में कब्र पर अंतिम संस्कार के समय इसका प्रयोग किया जाता था। तेल परलोक यात्रा में जादुई सुरक्षा के लिए होते थे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ansa — **हत्था**

मृद्भांड या फूलदान को पकड़ कर उठाने के लिए बाहर से जुड़ा हुआ भाग। यह अधिकतर कांस्य या पकी मिट्टी से बना होता है। पुरातात्विक अध्ययन में मृद्भांड ठीकरों से अधिक महत्व हत्थों का है।

ansa-a-bastoncino — **वर्तुल मृद्हत्था**

बेलनाकार मृत्तिका छड़ी को मोड़कर बनाया गया हत्था।

ansa-a-nastro — **पट्टिका हत्था**

फीते के आकार की मृत्तिका पट्टी को मोड़कर बनाया गया हत्था।

ansa-a-tubetto — **नलिका हत्था**

एक प्रकार का हत्था जिसमें एक छोटी मृत्तिका नलिका फूलदान के साथ लगी होती है।

ansa lunata (=ansa cornuta) — **अर्धचन्द्रकार हत्था**

ऐसा हत्था जिसका आकार नवचंद्रिक होता है। इसे श्रृंगहत्था भी कहते हैं।

antagonistic acculturation — **विरोधी परसंस्कृति ग्रहण**

किसी समाज के द्वारा साधन रूप में ऐसे संस्कृति-विशेषकों का अंगीकरण जिनसे उसी सांस्कृतिक अतिक्रमण का भरपूर विरोध किया जा सके।

anthropic — **नरीय, मानवकालीन**

मानव जाति अथवा पृथ्वी पर मानव के अस्तित्व-काल से संबंधित।

anthropocentrism — **नृकेंद्रिकवाद**

नृकेंद्रिक सिद्धांत जिसके अनुसार मनुष्य को ब्रह्मांड का प्रमुख केन्द्र माना जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

anthropogeography — **मानव भूगोल**

भौगोलिक पर्यावरण तथा मनुष्य के बीच के अंतः संबंधों का अध्ययन ।

anthropolatry — **मानव पूजा**

मानव को देवता का स्थान देकर उसकी पूजा करना ।

anthropomancy — **मानवांत्र प्राक्ख्यापन**

प्राक्ख्यापन के लिए मानव की आंतों का प्रयोग । इस उद्देश्य के लिए जिनकी बलि दी जाती थी वे प्रायः कुमारी कन्याएँ या बच्चे होते थे ।

anthropomorph — **नृरूप, मानवाकृति**

मानवाकृति का प्रतिरूप जिसका प्रयोग विशेषकर रूढ़िबद्ध आदिम कला में किया गया है ।

anthropomorphic (=anthropomorphical) — **नृरूपी, मानवकृतीय**

मनुष्य जैसा रूप-रंग तथा आकृति रखने वाला ।

anthropomorphism — **मानवत्वारोपण, नरत्वारोपण, नृरूपता**

उन वस्तुओं अथवा पदार्थों में मानवीय गुणों को आरोपित करना जो वास्तव में मानवीय न हों । यह प्रवृति आरंभ में बहुत-से धर्मों में पाई जाती थी । नरत्वारोपण संभवतः प्रकृति पूजन का विशेष अंग था ।

anthropomorphosis — **नृरूपांतरण**

मानव रूप में कायांतरण ।

anthropophagus — **नरभक्षी**

मनुष्य के मांस का भक्षण करने वाला मानव ।

anthropophagy — **नरभक्षण**

मनुष्य द्वारा मनुष्य के मांस का भक्षण ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

antiquarian **पुराविद्**

पुराकाल के अवशेषों का अध्ययन करने वाला ।

antiquarinism **पुरातनवाद**

प्राचीन काल तथा उसके अवशेषों का अध्ययन जो बहुधा रुचि या व्यसन के रूप में किया जाता है, या यह पुरातत्व विद्या के विकास से पहले प्रचलित रहा है जिसमें बहुत से पुरातनवादियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

antique **पुरावस्तु**

पुरातन युग अथवा अतीत से प्राप्त अवशेष या वस्तुएं जैसे, कोई कलाकृति, फर्नीचर या सजावट की वस्तु जिसका निर्माण लगभग 100 वर्ष पूर्व या अमरीकी मानक के अनुसार सन् 1830 के पूर्व किया गया हो ।

antler hook **शृंग-अंकुश**

मछली पकड़ने का ऐसा कांटा जो मृग-शृंग से बना हो ।

antler pick **शृंग-कुदाल**

मृग-शृंग से बनी कुदाल ।

antler sleeve **शृंग-नली (उपकरण)**

नली के आकार का एक उपकरण जो मृग-शृंग से बना होता है।

anvil technique **निहाई-तकनीक, निधाति-प्रविधि**

प्रस्तर उपकरण निर्माण की ऐसी प्रविधि जिसमें प्रस्तर खंड को बड़ी स्थिर निघाति अथवा प्रस्तर की आगे निकली हुई नोक पर मारा जाता है किंतु इस प्रविधि द्वारा शल्कन में बारीकी प्राप्त करना बहुत कठिन है ।

Anyathian **आन्याथियन**

द्वितीय तथा तृतीय हिमावर्ती काल के मध्य उत्तरी बर्मा के खंडक उद्योग से संबंधित है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Anzanite — **ऐंजेनी**

वे प्राचीन जन जो बेबीलोनिया के उत्तर पूर्व में रहते थे तथा जिनकी सभ्यता ईसा पूर्व पांच सहस्त्राब्दी पुरानी मानी जाती है।

Aornarssuk — **एओर्नसक**

एस्किमों जन में रक्षा करने वाली प्रेतात्मा।

Apache — **अपाश, अपाश वर्ग की भाषा**

1. अरिज़ोना, न्यू-मैक्सिको, टेक्सास तथा उत्तरी मैक्सिको के अथापास्कन जन।

2. आपश जन की कोई भी अथापास्कन भाषा।

apantomancy — **प्रथम दृष्ट प्रक्ख्यापन**

दैवज्ञ को जो भी प्रथम वस्तु दिखाई पड़े उसी से प्राक्ख्यापन करने की कला।

apartheid — **प्रजाति-पार्थक्य, रंग-भेद**

दक्षिणी अफ्रीकी संघ में गैर-यूरोपी समूहों के विरुद्ध पृथक्करण तथा राजनैतिक एवं आर्थिक विभेदीकरण की नीति।

apotropaic imagery — **उच्चाटक-प्रतिमावली**

ऐसा कोई भी प्रतीकात्मक प्रतिरूप जिसका उद्देश्य दानवों अथवा अनिष्ट प्रभावों को दूर रखना है। उच्चाटक प्रतिमावली पर विश्वास अनेक आदिम संस्कृतियों में मिलता है और वह इस कल्पना पर आधारित है कि प्रतिरूप की किसी भी समानता में मूल वस्तु की शक्ति निहित होती है।

apotropaic remedy — **ओझाई उपचार**

अनिष्ट का निवारण करने के ऐसे उपाय जिनमें ओझा थूक और रक्त द्वारा उपचार करता है।

apotropaism — **ओझाई, शांताभिचार**

उपयुक्त कर्मकांडो द्वारा अनिष्ट का निवारण।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

apparition — **प्रेत छाया**

एक अलौकिक छाया। जैसे, भूत, प्रेत, बैताल या प्रेतछाया।

apparitional soul — **प्रेतात्मा**

भूत, प्रेत या बैताल से संबंधित आत्मा।

applied anthropology — **अनुप्रयुक्त नृविज्ञान**

जिस समूह-विशेष में नृविज्ञानी कार्य कर रहा हो, उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नृवैज्ञानिक ज्ञान का व्यवहारिक प्रयोग अनुप्रयुक्त नृविज्ञान कहलाता है। इसमें निर्देशन, प्रशासन तथा परामर्श सभी सम्मिलित हैं।

applique — **जड़ाऊ काम, ऐप्लिक**

1. किसी पदार्थ को काट कर सजावट के लिए किसी अन्य पदार्थ पर लगा देना।

2. एक प्रकार के कपड़े के ऊपर किसी दूसरे प्रकार के कपड़े को सिल कर सजावट करना।

Apulian ware — **अपूली भांड**

एक प्रकार का प्राचीन यूनानी भांड जो मुख्य रूप से उसकी अडांकार आकृति, मोटी अवंठ तथा मिली हुई गरदन और स्कंध से पहचाना जाता है।

arabesque — **बेलबूटे का काम**

जटिल ज्यामितिक अलंकरण जिसका विकास मूलतः अरबी कलाकारों ने किया।

arable land — **कृष्य भूमि**

ऐसी भूमि जो जोतने तथा फसल उत्पादन के योग्य हो।

arboreal — **वृक्षीय, वृक्षवासी**

स्वभावतः वृक्षों पर रहने वाला प्राणी।

arboreal theory — **वृक्षीय सिद्धांत**

वह सिद्धांत जिसके अनुसार वृक्षीय जीवन मानव के शारीरिक और मस्तिष्कीय विकास में सहायक रहा है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

arboriculture — **वृक्ष-संवर्धन**

विशेष उद्देश्य से झाड़ियां तथा वृक्ष लगाना ।

Archaean era — **आद्य महाकल्प**

शैलों के प्राचीनतम ज्ञात समूह का, उससे संबंधित अथवा उसका समकालीन कल्प जो प्राक्-केंब्रियन काल के आरंभ का समय है।

archaeolatry — **पुरातन-पूजा**

पुरातनता की पूजा ।

archaic — **पुरातन, पुरातनिक**

1. आद्य मानव की अथवा उसके भी पूर्वज पशुओं वाली विशेषताएँ जो अचेतन रूप में अभिलक्षित होती हैं।

2. अत्यंत ही प्राचीन अथवा आद्य युग की विशेषताओं वाला अथवा उनसे संबंधित ।

archaic religion — **पुरातनिक धर्म**

प्राचीन धर्म जिसका वर्तमान युग में प्रचलन न हो ।

archetto — **(सं०) कुलाल चिक्कण-दंड**
(क्रि०) मिट्टी चिकनाना

मृत्तिका शिल्प में एक शाखित अथवा मुड़ा हुआ दंड या छड़ जिसमें एक सिरे से दूसरे सिरे तक तार लगा होता है। कुम्हार भांड गढ़ते समय इससे मृदा चिकनाने का काम लेता है।

ard — **आर्ड, कुदाली**

एक कृषि-उपकरण जो भूमध्य-सागरीय क्षेत्र में व्यापक रूप में पाया जाता है। इसका प्रयोग मिट्टी को भुरभुरी करने के लिए किया जाता है।

area research — **क्षेत्र अनुसंधान**

विशिष्ट भौगोलिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में किया जाने वाला अनुसंधान जिसका लक्ष्य एक इकाई के रूप में उस क्षेत्र की वैज्ञानिक व्याख्या करना होता है। इस प्रकार के अध्ययन अंतःशास्त्रीय भी हो सकते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

area studies — **क्षेत्र अध्ययन**

किसी निश्चित क्षेत्र के मानव समुदायों का नृवैज्ञानिक अध्ययन।

aren — **आरेन**

आओ नागा समुदाय में 'माना' के तुल्य निर्वैयक्तिक शक्ति।

Arioi — **एरिओई**

सोसायटी द्वीप समूह का गुप्त समाज।

ariolist — **वेदी-शकुन विचारक**

वह व्यक्ति जो वेदिका द्वारा प्राक्ख्यापन करता है।

armlet — **कैयूर, बाजूबन्द**

कपड़े, धातु अथवा किसी और पदार्थ का बना भुजदंड जो बाहु में अलंकरण, पहचान अथवा रक्षा के लिए पहना जाता है।

arrow — **बाण, तीर, शर**

एक प्रक्षेपणास्त्र जिसको धनुष द्वारा फेंका जाता है। इसमें एक पतला शरदंड होता है जिसका नुकीला शीर्ष प्रस्तर अथवा धातु का बना होता है। शरदंड के निचले सिरे पर पंख अथवा पिच्छ-फलक बंधे होते हैं। इसके तल भाग में खांच होती है जिसे प्रत्यंचा पर फंसा कर बाण चलाया जाता है।

arrow-head **(=arrow-point)** — **बाणाग्र**

बाण का प्रहार करने वाला सिरा जो प्रायः शरदंड से अलग कीलक या फन्नी के आकार का होता है और जिसमें एक या अधिक कांटे होते हैं।

artifact **(=artefact)** — **हस्तकृति, मानवकृति**

किसी भी प्रकार की वस्तु जो मानव के हाथों से बनी हो, जैसे उपकरण शस्त्र, मृद्भांड तथा सभी तक्षित एवं उत्कीर्णित वस्तुएँ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

artificer — **शिल्पी**

कुशल अथवा निपुण श्रमिक, मिस्त्री या कारीगर जिससे हस्तकला में कुशलता अथवा विशेष प्रकार का ज्ञान अपेक्षित हो ।

Arunta (=Aranda) — **अरंता, अरंडा**

मध्य आस्ट्रेलिया की एक जनजाति ।

ascending generation — **आरोही पीढ़ी**

केन्द्र व्यक्ति के पूर्व की पीढ़ियां ।

ascetic — **तपस्वी, यती**

वह व्यक्ति जो आत्म त्याग, कठोर आत्म संयम अथवा सादगी का जीवन व्यतीत करता है ।

Assyrian art — **असीरी कला**

750 से 612 ई० पू० के मध्य समृद्ध मेसोपोटामियाई कला का एक उपविभाग इसकी एक मुख्य विशेषता निम्न उद्भृत भित्ति मूर्तियां हैं ।

आरंभ में यह कला प्राकृतिक रूपों के निरूपण में गत्यात्मक तथा यथार्थवादी थी परंतु बाद में इसका क्षय होता गया और असीरी कला फिर कभी नहीं उभरी । मानवीय रूपों के प्रतिरूप बनाने में यह कला नीरस तथा रूढ़ि-बद्ध थी ।

Assyrian pottery — **असीरी मृद्भांड**

प्राचीन असीरी भग्नावशेष से खोदे गए मृद्भांड ठीकरे जिन्हें चार वर्गों में विभाजित किया जाता है : (1) भवन-निर्माण के लिए प्रयुक्त की जाने वाली खपरैल तथा ईंटें जो इनेमल से चटकीले रूप में सजी होती थीं ; (2) बेरेल्स अथवा सिलिंडर तथा प्रिज्म जो उन शिलालेखों के लिए विशेष रूप से बनाए जाते थे ; (3) उत्कीर्णन के लिए प्रयुक्त चपटे पटल या टाइल्स जो प्रायः पुस्तकालयों अथवा सेटों में विषयानुसार एक साथ एकत्रित किए गए थे ; तथा (4) विभिन्न प्रयोगों के लिए भांड जो कहीं-कहीं से अलंकृत होते थे और सामान्यतः सादी अकाचित मृदा के बने होते थे ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

astragalomancy — **घुटिकास्थि प्राक्ख्यापन**

छोटी अस्थियों, जैसे कशेरूकाओं इत्यादि द्वारा प्राख्यापन करना ।

astromancy — **नक्षत्र प्राक्ख्यापन**

नक्षत्रों के अध्ययन द्वारा की गई भविष्यवाणी

aten — **अतेन**

प्राचीन मिस्र का धार्मिक प्रतीक 'सौर चक्र' जिसे मुख्य देवता की भांति ही सम्मानित किया जाता है ।

Aterian point — **अतेरी बेधनी**

उत्तरी पश्चिमी अफ्रीका की मोस्तारी संस्कृति की चूलदार वेधनी।

atlatl — **आतलातल**

एक अज़्तेकी भाला-प्रक्षेपक ।

audi (knife blade) — **औदी (चाकू फलक)**
(=audi point)

मोस्तारी तथा उत्तर पुरा पाषाण संस्कृति के संक्रमण काल का उपकरण ।

औदी एक छोटा उपकरण है जिसका तलीय भाग समतल और ऊपरी भाग कुछ ढलवां और हल्की कटान वाला होता है । इनमें से तल की ओर की कटान अधिक स्पष्ट और तेज़ धार वाली होती है। कटान के दूसरी ओर का सिरा कुंद होता है । इसे कुंद सिरे की ओर से अंगूठे और पहिली उंगली के मध्य चाप द्वारा पकड़ कर धार की ओर से ज़ोर से प्रहार करने पर यह विशेष प्रभावकारी होता है ।

augur — **शकुनज्ञ, नजूमी, आगमी**

शकुन द्वारा भविष्य की घटनाओं के बारे में बताने वाला विख्यात व्यक्ति ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

augury 1. शकुन, शकुन-विचार, प्राक्ख्यापन
2. भविष्य कथन

विभिन्न प्रकार की घटनाओं, भविष्य के संबंध में अनुमान लगाना, विशेषकर ऐसी घटनाओं के अध्ययन द्वारा, जिन्हें मूल रूप में अलौकिक माना जाता हो ।

Aurignacian culture औरिग्नेशी संस्कृति

औरिग्नेशी शैतलपिरोनी समुदायों के समकालिक समुदाय जो फ्रांस तथा मध्य यूरोप के गुफाओं वाले पहाड़ी भागों में रहते थे । इनकी संस्कृति जर्मनी, इटली, चैकोस्लोवाकिया, आस्ट्रिया, हंगरी, रूमानिया, बलगेरिया, क्रीमिया, टर्की तथा इज़रायल तक फैली हुई थी । गुफाओं की दीवारों पर भालू तथा अन्य पशुओं के उत्कीर्णित चित्र अथवा लाल तथा काले रंग से बने पार्श्व-चित्र प्राप्त हुए हैं । ओरिग्नेशियों ने शैतलपिरोनी उपकरणों के वर्ग के ही उपकरण बनाए थे, जैसे–पाटित-आधार अस्थि-बेधनी, तथा प्रस्तर फलक, जिनके निचले सिरे पर थोड़ी खांच होती थी । खांचेदार फलक उस संस्कृति की विशेषता है ।

Aurignacian epoch औरिग्नेशी युग

उत्तर पुरापाषाण काल का एक विभाग ओरिग्नेशी युग कहलाता है । प्रस्तर फलक इस काल का विशेष उपकरण है ।

Aurignacian industry औरिग्नेशी उद्योग

ढलवां, निधरणाकार तथा नासाकार, क्षुरक, लघु कीलक बेधनियां, अंत-फलक-क्षुरक तथा विभिन्न प्रकार के ब्यूरिन इस उद्योग के प्रधान उपकरण हैं । इसका सबसे विशिष्ट उपकरण प्रस्तर फलक है । इस युग में सुए आदि अस्थि उपकरण भी पाए जाते हैं । इसके अलावा व्यक्तिगत अलंकरण की वस्तुएं, जैसे छिद्रित शंख, दांत तथा पेन्डेन्ट आदि का सर्वप्रथम निर्माण इसी युग में हुआ ।

autochthon मूलवासी

किसी भी स्थान के मूलनिवासी जिनका उद्भव वहीं हुआ हो ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

aversive magic **निवारक जादू**

कष्ट निरोधन के लिए किया गया जादू ।

avoidance **परिहार**

संबंधी बंधुवर्गों के व्यवहार की एक रीति जिसके अनुसार औपचारिक रूप से इनका परस्पर संपर्क सीमित होता है । इस प्रकार के संबंध भाव की मुख्य विशेषता एक दूसरे के साथ प्रत्यक्ष संपर्क न रख कर उनकी उपेक्षा करना है । इसमें एक दूसरे का स्पर्श करना, बात करना अथवा नाम लेना निषिद्ध होता है । कुछ समाजों में एक दूसरे को देखना भी वर्जित है । इस प्रकार के संबंध मुख्यतः वैवाहिक संबंधियों के बीच पाए जाते हैं जैसे भारत की कुछ जनजातियों तथा अन्य समुदायों में जेठ और बहू, श्वसुर व दामाद तथा सास व दामाद के मध्य ऐसा संबंध व्यवहार मिलता है । परंतु कुछ समाजों में इस प्रकार के संबंध रक्त संबंधियों में भी पाए जाते हैं । जैसे ट्रोब्रिएन्ड द्वीपवासियों में भाई बहिन के बीच ऐसे संबंध मिलते है ।

avuncu-clan **मातुल कुल**

जी० पी० मुरडॉक के मतानुसार ऐसा समूह—जिसमें मातृवंश संबंधित वे सभी पुरुष सम्मिलित होते हैं जिनका आपस में मामा-भांजे का अथवा निजी भाइयों का संबंध हो । इसमें उनकी पत्नियां तथा अविवाहित बच्चे भी सम्मिलित रहते हैं जो निश्चय ही दूसरे सिब के होते हैं । मां तथा बच्चे पिता की सिब के नहीं माने जाते क्योंकि ये समाज मातृवंशी होने के कारण मां की सिब के ही सदस्य होते हैं ।

avunculate **मातुल संबंध**

मामा तथा भांजे के मध्य विशेष निकट संबंध होना । बहुधा मातृवंशी समाजों में इस प्रथा के चिह्न मिलते हैं । इसमें मुख्यतः निम्न प्रकार के संबंध मिलते हैं :

1. मामा-भांजे के बीच परिहास ।
2. मामा का भांजे के ऊपर नियंत्रण ।
3. मामा की संपत्ति में भांजे का उत्तराधिकार ।

avunculocal residence **मातुल स्थानीय आवास**

विवाह के बाद दम्पति के पति के मामा के यहां रहने की प्रथा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सुआ, आरा, टेकुआ

awl

चकमक अथवा प्रस्तर का नुकीला टुकड़ा जिसे अच्छी तरह तराशा गया हो। सुआ भिन्न-भिन्न आकार का होता है। वास्तविक सुए की कार्य धार बड़ी सावधानी से तराशी हुई होती है। सुआ छेदकरने के काम आता है।

कुठार

axe

प्रस्तर अथवा धातु से बना चपटा तथा भारी कर्तन उपकरण जिसमें कर्तन धार मूठ के समांतर होती है।

अज़ीलियाई, अज़ीली (संस्कृति)

azilian

फ्रांस में प्राप्त पूर्व मध्य पाषाण संस्कृति से संबंधित विकृत मग्दालीनी प्रकार के प्रस्तर तथा अस्थि उपकरण, विशेषकर रेखाओं, बिंदुओं तथा ज्यामितिक आकृतियों से चित्रित बटिकाश्म और चपटे अस्थि हारूपन इसकी विशेषताएं हैं।

B

बैकानेलिया

bacchanalian

प्राचीन रोम का एक धार्मिक पर्व जिसमें अत्यधिक मदिरापान कर रंगरलियां मनाई जाती थीं। इस पर्व के अपने विशेष कर्मकांड होते थे।

युवागृह

bachelor house =dormitory)

जनजातियों में पाई जाने वाली एक सामाजिक संस्था जहां पर लड़के-लड़कियां अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को सीखने का अवसर पाते हैं। इसकी मुख्य विशेषता सामुदायिक निवास है। कुछ समाजों में यहां अविवाहित बालक-बालिकाएं रात में एक साथ रहते हैं तथा कुछ समाजों में अलग-अलग। युद्ध के समय ये स्थान युद्ध शिविर का काम देते हैं। बहुधा ये सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन के केन्द्र भी होते हैं। यहीं ये अपने अतिथियों का स्वागत-सत्कार भी करते हैं। भारत में उत्तरी पूर्वी प्रदेशों, उड़ीसा तथा मध्यप्रदेश की जन-जातियों में ऐसे युवागृह मिलते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

backed blade (flint) **इकधार फलक (चकमक)**

प्रागैतिहासिक चकमक उपकरण जिसका एक सिरा द्वितीयक शल्कन द्वारा कुंद बनाया जाता है।

backward classes **पिछड़े वर्ग**

संस्कृति, शिक्षा और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोग।

Badarian pottery **बाडेरी मृदभांड**

मिस्र में राजवंश काल के पहिले ईसा के 5000 वर्ष पूर्व नवप्रस्तर युगीन संस्कृति के अत्यंत ही परिष्कृत हस्तनिर्मित काले मृद्भांड 'बीकर' जो ट्यूलिप पुष्प के आकार के होते हैं तथा जिन पर श्वेत रंग के नमूने उत्कीर्णित रहते हैं। ये उत्तरी मिस्र के बाडेरी ग्राम में प्राप्त हुए थे।

baetulus **पवित्र पाषाणपा**
(=baetylic stone=baetyl)

1. एक विशेष पत्थर, सामान्यतः उल्काश्म, जिसका प्रयोग किसी देवी-देवता के पूजन की वेदी के रूप में किया जाता है।

2. एक अनगढ़ अथवा अपरिष्कृत (भोंडे) आकार का पत्थर जिसे दैवी मूल का तथा पवित्र मान लिया जाता है और उसकी पूजा की जाती है।

baler shell ornament **बालेर शल्क आभूषपा**

क्वींसलैंड, पश्चिमी मध्य आस्ट्रेलिया तथा पूर्वी दक्षिण आस्ट्रेलिया की आदिम जातियों के आभूषण।

balk **मेंड़**
=baulk)

हल रेखाओं के बीच में मिट्टी की मुंडेर अथवा अजोत भूमि जिसे भूमि के सीमांकन अथवा माप जोख के लिए छोड़ दिया जाता है।

ball-headed club **गदायष्टि**

एक गोल शीर्ष वाली युद्ध गदा जिसका प्रयोग इरोक्वोस तथा अमेरिन्डियन समूह करते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

बाल्सा नौका

Balsa boat

मध्य तथा दक्षिणी अमरीका एवं फिलीपीन में प्राप्त जलबेड़ा जो बाल्सा वृक्ष के लट्ठों को बांध कर तैयार किया जाता है। यहां के निवासी इन्हीं जलबेड़ों द्वारा समुद्र संतरण करते हैं।

बैन्ड

band

क्षेत्र-विशेष में रहने वाला मानव समुदाय जो संख्या की दृष्टि से कबीले या जनजाति से छोटा होता है। यह मानव समुदाय का प्राथमिक स्वरूप है जिसमें बहुधा यायावर अथवा अर्धयायावर जन होते हैं। वृंद का आकार उक्त स्थान पर उपलब्ध चारागाहों, आखेट अथवा अन्य खाद्य साधनों पर निर्भर करता है। इनका सामाजिक संगठन अपेक्षाकृत साधारण और सामाजिक नियंत्रण अनौपचारिक होता है। प्रत्येक बैन्ड की अपनी पृथक् संस्कृति और मुखिया होता है।

देश निकाला, निर्वासन

banishment

कानून द्वारा किसी व्यक्ति का समूह, देश अथवा क्षेत्र से निर्वासन।

बरका, वरदान

baraka

पूर्व के बहुत से धर्मों में 'वरदान' की संकल्पना, जो अलौकिक शक्ति तथा दैवीय देन के स्वरूप साधुओं, सिद्धों और प्राकृतिक वस्तुओं में अंतर्निहित रहती है।

बर्बरता

barbarianism

प्राकृतावस्था और सभ्यता के बीच सांस्कृतिक विकास की एक अवस्था जिसमें कृषि का आद्य स्वरूप और पशुचारण की आर्थिक व्यवस्था मिलती है परन्तु लिखित भाषा का पूर्ण अभाव है।

मॉर्गन ने मानव समाज के क्रमिक विकास का आरेखण करते हुए संस्कृति की इस विशेष अवस्था के लिए इस शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किया था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

barbaric culture — **बर्बर संस्कृति**

दे० 'barbarianism'.

barbed arrow-head — **कंटीला बाणाग्र, कांटेदार बाणाग्र**

ऐसा बाण जिसकी नोक के निचले सिरे दोनों ओर नुकीले होते हैं।

barbed harpoon head — **कंटीला हार्पून कांटेदार हार्पून**

मछली पकड़ने का कांटेदार प्रक्षेपणास्त्र जिसका प्रयोग मग्दालीनी युग में किया जाता था। यह एकशूली तथा द्विशूली दोनों प्रकार का का होता है।

barbotine — **बारबोटीन, मिट्टी का लेप, भांड लेप**

महीन चिकनी मिट्टी का लेप जिससे मृद्भांडों पर सजावट की जाती है।

bark boat — **छाल नौका**

छाल के बहुत से टुकड़ों को एक साथ सिलकर बनाई गई नौका जो खात नौका के समान ही प्राचीन है।

Barremian epoch — **बरेमीन युग**

मेसोज़ोइक महाकल्प के अंतिम चरण-क्रिटेशस कल्प तथा उसके अनुरूप शैल समूह से संबंधित। यूरोप में फ्रांस के बरेमीन नगर के नाम पर इस युग का नामकरण हुआ।

barter system — **वस्तु विनिमय व्यवस्था**

मानव-समाज के सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास की वह अवस्था जिसमें विनिमय किसी प्रकार की मुद्रा अथवा अन्य साधन के द्वारा क्रय-विक्रय के रूप में न होकर केवल वस्तुओं की अदला-बदली के रूप में होता था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

असिताश्म, बेसाल्ट

basalt

एक प्रकार के काले रंग के ज्वालामुखी शैल विभंग। 'बेसाल्ट' शब्द काले रंग के मृद्भांडों के लिए भी प्रयुक्त होता है। नवप्रस्तर युग में इससे उपकरण बनाए जाते थे।

आधार रेखा

base line

वह अनुमानित काल रेखा जिसका उपयोग सामाजिक तथा सांस्कृतिक सर्वेक्षण में प्राक्कल्पना के प्रतिपादन के लिए किया जाता है। संपूर्ण सर्वेक्षण की संरचना इसी प्रकार आधारित रहती है। जैसे, संस्कृति परिवर्तन की समस्या के अध्ययन में किसी समय-विशेष की संस्कृति को आधार मान कर अध्ययन किया जाए।

आधार मानचित्र

base map

किसी क्षेत्र का मानचित्र जिसमें वहां के भौगोलिक और आर्थिक विशेषताओं वाले स्थानों को दिखाया जाए तथा जिसका प्रयोग वहां की किसी सामाजिक घटना के विस्तार की रूपरेखा अंकन के लिये किया जाए। इसे सामाजिक आधार मानचित्र भी कहते हैं।

मूल आवश्यकता, प्राथमिक आवश्यकता

basic need (=primary need)

मानव मात्र की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताएँ जो मानव और पशुओं में समान होती हैं। जैसे आहार, रक्षा और प्रजनन तथा उसकी अपनी अन्य शारीरिक और मानसिक गठन के कारण कुछ विशेष आवश्यकताएँ जो श्वसन, निद्रा, पिपासा इत्यादि से संबद्ध होती हैं।

आधार अभ्युपगम

basic postulate

किसी भी विशेष धर्म, दर्शन अथवा विज्ञान में अन्तर्निहित संकल्पनाएँ जो अपने आप में प्रमाण, तथ्य निरूपक, युक्तियुक्त, अकाट्य तथा अनिवार्य होती हैं।

करंड, टोकरी, पिटक

basket

वेत्र जलवेत्र तथा खपच्चियों आदि लचीली वस्तुओं से बुन कर बनाया हुआ पात्र जिसका प्रयोग तरल तथा ठोस दोनों प्रकार की वस्तुओं को रखने या ले जाने के लिये किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

basketry **करंड शिल्प**

तंतुओं, खपच्चियों नरकुलों तथा धातु के लम्बे पतले तारों के ताने बाने से बुन कर तैयार की गई टोकरी अथवा ऐसी ही कुछ अन्य वस्तुओं के निर्माण की कला । इसके अंतर्गत टोकरीसाजी, चटाई निर्माण, जाल फंदा पाश निर्माण तथा अन्य अलंकृत-गुंफित कृतियां आ जाती हैं। करंड कर्म की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। यह जाल बनाने तथा बुनने की प्रक्रिया है परन्तु इसमें पिनों अथवा अक्षि का प्रयोग नहीं किया जाता और यह कपड़ा बुनने अथवा नमदा बनाने की कला से भिन्न होती है।

दे० —'Check basketry, coiled basketry, haxagonal basketry, plaited basketry, twilled basketry, twined basketry, wrapped basketry'.

basket trap **करंड पाश**

बेंत अथवा बांस की खपिच्चयों से निर्मित मछली पकड़ने का पाश जिससे छिछले पानी में मछलियां पकड़ी जाती हैं।

basket weave **शतरंजी बुनाई, चटाईदार बुनाई**

टोकरी बुनने की एक विधि—जिसमें ताने बाने के वेत्र सूत्रों से वेणी गूथने की भांति ही शतरंजी नमूने बनाते हैं।

Basque **1. बास्क जन 2. बास्क भाषा**

1. रोमन युग से पूर्व काल में बिस्के की खाड़ी के तटवर्ती पश्चिमी पिरेनीस प्रदेश (स्पेन और फ्रांस) के निवासी। इनका मूल उद्भव अज्ञात है। सुदीर्घ काल से अलग-थलग और एकांत में रहने तथा अन्य समुदायों से मिश्रित न होने के कारण इनका गठन आसपास के जनसमूहों से भिन्न है।

2. बास्क जन की भाषा जिसका सम्बन्ध काकेशी परिवार की भाषाओं से बताया जाता है ।

bast cloth **बास्ट वस्त्र**

कुछ जंगली पेड़ों की छाल के काष्ठ जसे सख्त रेशे से निर्मित एक प्रकार का वल्कल वस्त्र। बास्ट का प्रयोग बहुधा सुतली, रस्सी, चटाई और वस्त्र इत्यादि बनाने के लिये किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

basalt — **असिताश्म, बेसाल्ट**

एक प्रकार के काले रंग के ज्वालामुखी शैल विभंग। 'बेसाल्ट' शब्द काले रंग के मृद्भांडों के लिए भी प्रयुक्त होता है। नवप्रस्तर युग में इससे उपकरण बनाए जाते थे।

base line — **आधार रेखा**

वह अनुमानित काल रेखा जिसका उपयोग सामाजिक तथा सांस्कृतिक सर्वेक्षण में प्राक्कल्पना के प्रतिपादन के लिए किया जाता है। संपूर्ण सर्वेक्षण की संरचना इसी प्रकार आधारित रहती है। जैसे, संस्कृति परिवर्तन की समस्या के अध्ययन में किसी समय-विशेष की संस्कृति को आधार मान कर अध्ययन किया जाए।

base map — **आधार मानचित्र**

किसी क्षेत्र का मानचित्र जिसमें वहां के भौगोलिक और आर्थिक विशेषताओं वाले स्थानों को दिखाया जाए तथा जिसका प्रयोग वहां की किसी सामाजिक घटना के विस्तार की रूपरेखा अंकन के लिये किया जाए। इसे सामाजिक आधार मानचित्र भी कहते हैं।

basic need (=primary need) — **मूल आवश्यकता, प्राथमिक आवश्यकता**

मानव मात्र की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताएँ जो मानव और पशुओं में समान होती हैं। जैसे आहार, रक्षा और प्रजनन तथा उसकी अपनी अन्य शारीरिक और मानसिक गठन के कारण कुछ विशेष आवश्यकताएँ जो श्वसन, निद्रा, पिपासा इत्यादि से संबद्ध होती हैं।

basic postulate — **आधार अभ्युपगम**

किसी भी विशेष धर्म, दर्शन अथवा विज्ञान में अन्तर्निहित संकल्पनाएँ जो अपने आप में प्रमाण, तथ्य निरूपक, युक्तियुक्त, अकाट्य तथा अनिवार्य होती हैं।

basket — **करंड, टोकरी, पिटक**

बेत्र जलबेत्र तथा खपच्चियों आदि लचीली वस्तुओं से बुन कर बनाया हुआ पात्र जिसका प्रयोग तरल तथा ठोस दोनों प्रकार की वस्तुओं को रखने या ले जाने के लिये किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

basketry **करंड शिल्प**

तंतुओं, खपच्चियों नरकुलों तथा धातु के लम्बे पतले तारों के ताने बाने से बुन कर तैयार की गई टोकरी अथवा ऐसी ही कुछ अन्य वस्तुओं के निर्माण की कला । इसके अंतर्गत टोकरीसाजी, चटाई निर्माण, जाल फंदा पाश निर्माण तथा अन्य अलंकृत-गुंफित कृतियां आ जाती हैं। करंड कर्म की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। यह जाल बनाने तथा बुनने की प्रक्रिया है परन्तु इसमें पिनों अथवा अक्षि का प्रयोग नहीं किया जाता और यह कपड़ा बुनने अथवा नमदा बनाने की कला से भिन्न होती है।

दे० —'Check basketry, coiled basketry, haxagonal basketry, plaited basketry, twilled basketry, twined basketry, wrapped basketry'.

basket trap **करंड पाश**

बेंत अथवा बांस की खपिच्चयों से निर्मित मछली पकड़ने का पाश जिससे छिछले पानी में मछलियां पकड़ी जाती हैं।

basket weave **शतरंजी बुनाई, चटाईदार बुनाई**

टोकरी बुनने की एक विधि—जिसमें ताने बाने के वेत्र सूत्रों से वेणी गूथने की भांति ही शतरंजी नमूने बनाते हैं।

Basque **1. बास्क जन 2. बास्क भाषा**

1. रोमन युग से पूर्व काल में बिस्के की खाड़ी के तटवर्ती पश्चिमी पिरेनीस प्रदेश (स्पेन और फ्रांस) के निवासी। इनका मूल उद्भव अज्ञात है। सुदीर्घ काल से अलग-थलग और एकांत में रहने तथा अन्य समुदायों से मिश्रित न होने के कारण इनका गठन आसपास के जनसमूहों से भिन्न है।

2. बास्क जन की भाषा जिसका सम्बन्ध काकेशी परिवार की भाषाओं से बताया जाता है ।

bast cloth **बास्ट वस्त्र**

कुछ जंगली पेड़ों की छाल के काष्ठ जसे सख्त रेशे से निर्मित एक प्रकार का वल्कल वस्त्र। बास्ट का प्रयोग बहुधा सुतली, रस्सी, चटाई और वस्त्र इत्यादि बनाने के लिये किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

baton-de-commandement — **शृंगवेत्र**

ओरिग्नेशी और पुराप्रस्तर युग का एक उपकरण जिसे रेंडियर या बारहसिंगे के सींग या अस्थि से बनाते थे। सींग पर बहुधा एक या अधिक छेद किये जाते थे तथा कुछ उत्कीर्णन कर सजावट भी की जाती थी। शृंगवेत्र का प्रयोग बाण को सीधा करने के लिये किया जाता था।

अब कुछ विशेषज्ञों की धारणा है कि यह शक्ति और अधिकार का प्रतीक भी था। इसका वास्तविक प्रयोग परिकल्पनात्मक है।

batten — **थापी, काष्ठ पट्टिका, फट्टी**

काष्ठ पट्टिका अथवा थापी जो हथकर्घे का एक साधारण सा यंत्र हैं। इसे बुनाई के समय काम में लाते हैं। कर्घे पर शटिल से धागों की भराई करते समय हर बार इन सूत्रों की थपाई कर ताने को अन्तर्ग्रथित करते हुए यथास्थान जमाते जाते हैं।

battered backed blade (flint) — **निप्रवण फलक (चकमक)**

एक प्रकार का चकमक फलक जिसका आकार बहुधा त्रिकोणीय और एक सिरा निप्रवाणित होता है।

battle axe — **युद्ध कुठार, फरसा, परशु**

उत्तरी यूरोप में नवप्रस्तर युगीन संस्कृति का एक प्रारूपिक प्रस्तर उपकरण जिसका फलक चौड़ा होता था और जिसका प्रयोग बहुधा युद्ध में शस्त्र के रूप में किया जाता था।

bead — **मनका**

पत्थर, कांच, सीपी, लकड़ी, धातु अथवा किसी और पदार्थ का छोटा तथा गोल खंड जिसमें धागा अथवा तार डालने के लिये छेद होता है। जनजातियों में बहुधा आभूषणों के लिये इसका उपयोग किया जाता है।

beaked graver — **चोंचदार टांकी, चंचु उत्कीर्णक**

एक आद्य उपकरण जिसका काम में आने वाला अंग एक छोटी नोक अथवा चंचु–जैसा होता है। इसकी रचना कुछ छोटे-छोटे फलकों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

को काट कर एक लंबे उत्कीर्णक फलक के रूप में की जाती है, जहां से फलक के दूसरी ओर की गोलाई या वक्र बनता है और जिसमे नोक अथवा चंचु पुष्ट होती है। इन फलकों को फ्लूटिंग प्रविधि अर्थात् द्वितीयक शल्कन द्वारा काटा जाता था और तैयार उपकरण सुंदर कलात्मक कृति होता था।

Beaker culture (=Danubian culture) — **बीकर संस्कृति**

मध्य यूरोप के प्रागैतिहासिक बीकरजनों के पूर्व की कांस्य युगीन संस्कृति। इसे डैन्यूबी अथवा बीकर संस्कृति कहते हैं। घंटाकार बीकर अथवा मृदभांड चषक इस संस्कृति की विशेषता हैं। इन्हें वे अपने मृतकों के साथ गोल स्तूपों में दफनाते थे।

Beaker folk — **बीकर जन**

यूरोप में पूर्व कांस्य युग के प्रागैतिहासिक जन जिन्होंने डैन्यूबी संस्कृति का विकास किया था। इनकी संस्कृति की विशेषता मिट्टी से बने पात्र या घंटाकार बीकर थे जिन्हें ये शवों के साथ दफनाया करते थे।

Bedouin — **बद्दू**

अरब, सीरिया या उत्तरी अफ्रीका के मरुस्थलों में रहने वाले अरब जन जो मुख्यतः यायावर हैं।

beehive hut — **छत्ता कुटीर**

गोल गुंबदाकार कुटीर जिसमें एक साथ बुने दो अर्धवृत्ताकार वातरोध होते हैं। ये मानव के प्राचीनतम आवास के प्रकार हैं जो आज भी आस्ट्रेलिया तथा अफ्रीका की जनजातियों में पाये जाते हैं। एस्किमों के इगलू भी छत्ताकार कुटीर कहे जा सकते हैं यद्यपि इनका निर्माण बर्फ की शिलाओं से किया जाता है।

beehive tomb — **छत्ता मकबरा, छत्ताकार मकबरा**

पहाड़ी को काट कर बनाया गया छत्ते के आधार का मकबरा जिसमें प्रवेश करने का मार्ग प्रायः समस्तर होता था। ऐसे मकबरे ग्रीस में माईसीनी युग की विशेषता हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

beige ware — **मटियाला भांड**

प्राकृत रंग के मृद्भांड जिनमें किसी प्रकार के रंग का मिश्रण न किया गया हो और जो विरंजित भी न हो।

Beja — **बेजा**

1. सहारा की एक पशुपालक यायावर जनजाति जो नील नदी तथा लाल सागर के बीच के स्थान में रहती है।

2. बेजा जनजाति की कुशीटिक भाषा।

bell beaker — **घंटाकार मृद्भांड, घंटीदार तरणक**

यूरोप में पूर्व कांस्य युग में बीकर जनों द्वारा निर्मित घंटाकार मृद्भांड जो पूर्व डेन्यूबी संस्कृति की विशेषता हैं। इसकी ऊंचाई और व्यास प्रायः बराबर होता है। बीकर जन इन्हें अपने मृतकों के साथ दफना दिया करते थे।

bellows — **धोंकनी**

एक यंत्र जिसके प्रमुख अंग मशक और फुकनी होते हैं। फुकनी द्वारा भट्टी में हवा फूकी जाती है। धातु-कर्म में इसका प्रयोग अग्नि प्रज्वलित कर धातु को गलाने के लिये किया जाता है।

belomancy — **बाण प्राक्ख्यापन**

भविष्य कथन के लिये प्राक्ख्यापन की एक विधि जिसमें बिना विचारे तूणीर से बाण निकाल कर शकुन विचारते हैं।

benevolent deity — **हितकारी देवता**

उदार और दयालु देवता जो अपने उपासकों के समस्त संकटों को दूर कर उन्हें सुखी और संपन्न बनाते हैं।

benevolent spirit — **उपकारी प्रेतात्मा**

ऐसी प्रेतात्माएँ जो उदार और दयालु होती हैं और जिनकी प्रकृति सदैव दूसरों की सुख समृद्धि के संवर्धन की होती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

benge **बैंगे**

कुचले के सत्त की तरह का एक विष जिसके द्वारा अजांडे जन भविष्य का पूर्वानुमान लगाते है। यह चूजों को खिलाया जाता है तथा उनके मरने या न मरने के आधार पर भविष्य का अनुमान किया जाता है।

berdache **विपरीत वेशी, विलिंगी आचरण**

ऐसा व्यक्ति जो विलिंगी वेश भूषा धारण कर वैसे ही आचरण का प्रदर्शन करता है।

betrothal **मंगनी, वाग्दान**

1. स्त्री और पुरुष का विवाह के लिये परस्पर वचनबद्ध होना।
2. भविष्य में विवाह संपन्न कराने के लिये वचनबद्ध होना।

beweddung **बिवेडुंग (कन्या विक्रय)**

पूर्व मध्य युग में ट्यूटोनिक जन की एक प्रथा जिसमें भावी पति तथा कन्या के पिता आपस में अनुबन्ध करते थे। इसके अनुसार वधू के बदले में बहुमूल्य वस्तुएँ प्रदान की जाती थीं। पति की मृत्यु हो जाने पर ये वस्तुएँ पत्नी के भरणपोषण के काम आती थीं।

bident **द्विदंती**

दो कांटों वाला उपकरण।

bier **अर्थी, शवयान**

एक प्रकार की संरचना जिस पर शव को कब्र या श्मशान तक ले जाया जाता है।

biface tool **द्विमुख औजार, द्विमुख उपकरण**

सामान्यतः चकमक से बने प्रस्तर उपकरण जिन्हें क्रोड को दोनों ओर से काट कर चपटा बनाया जाता है।

bifurcate merging **द्विभाजी विलय**

एक ही सेक्स (लिंग वर्ग) और पीढ़ी के भिन्न शाखीय तथा स्वशाखीय संबंधियों को पहचानने की विधि। टायलर तथा रिवर्स

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ने सभी संबंधियों को दो मोयटी में विभाजित किया था जिनमें अनेक संबंधी सम्मिलित रहते थे। द्विभाजी विलय में एक ही सेक्स (लिंगवर्ग) और पीढ़ी के व्यक्तियों को एक ही बंधुत्व शब्द द्वारा संबोधित किया जाता है, जैसे पिता, चाचा, ताऊ को एक ही संज्ञा दी जाती है। इसी प्रकार मां और मौसी के लिये भी केवल एक शब्द प्रयुक्त होता है। मां का भाई और पिता की बहन चूंकि उसी लिंग के नहीं हैं, अतः इनके लिये पृथक् संबोधनों का प्रयोग किया जाता है।

bifurcation — **द्विशाखन, द्विभाजन, द्विधाभवन**

एक प्रकार की बंधुता शब्दावली जिसमें प्रत्येक पीढ़ी इस प्रकार से विभाजित की जाती है कि केवल आधे भिन्नशाखीय स्वजन स्व-शाखीय स्वजनों के साथ विलीन हो जाते हैं। जैसे समलिंगी सहोदर पिता तथा पिता के भाई के लिये एक शब्द का प्रयोग करते हैं तथा मां और मां की बहिन के लिये अलग शब्द का प्रयोग किया जाता है।

bigamous — **द्विविवाही**

1. द्विविवाह प्रथा से संबंधित।

2. वह स्थिति जिसमें एक ही समय किसी पुरुष की दो पत्नियां होती हैं, या किसी स्त्री के दो पति होते हैं।

bigot — **धर्मांध**

वह व्यक्ति जिसके मन में अपने धार्मिक विश्वासों और विचारों के प्रति अगाध निष्ठा एवं दुराग्रह हो तथा जो अन्य धर्मों के प्रति नितांत ही असहिष्णु, विवेकहीन और तर्कशून्य हो।

bigotry — **धर्मांधता, मताग्रह**

अपने धर्म के प्रति अगाध निष्ठा एवं दुराग्रह तथा अन्य धर्मों के प्रति नितांत असहिष्णुता का होना।

bilateral barbed harpoon — **द्विपार्श्विक कंटक हारपून**

मग्दालीनी युग में प्राप्त हारपून जिसके दोनों ओर कांटे निकले होते हैं। यह शस्त्र मछली के शिकार के काम आता था। इसका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

प्रयोग छोटे-छोटे शिकार को पकड़ने तथा मारने के लिये भी किया जाता था।

bilateral descent — **उभयपक्षीय वंशानुक्रम**

वंशानुक्रम की एक विधि जिसमें व्यक्ति अपने माता और पिता दोनों के वंश से समान रूप से संबंधित रहता है।

bilateral family — **द्विपक्षीय कुटुंब, द्विपक्षीय परिवार**

ऐसा परिवार जिसमें संतान माता और पिता दोनों के संबंधियों के साथ समान रूप से संबंधित होती है।

bilinear kin — **उभयवंशी स्वजन**

ऐसे संबंधियों का समूह जो मातृवंशीय और पितृवंशीय दोनों ही समूहों से परस्पर संबंधित होते हैं।

bilithon — **द्वि-अश्मक**

वह विशाल आड़ा शिलापट्ट जो एक खड़े शिलापट्ट पर टिका हुआ हो।

bill hook — **दाव**

कर्त्तन उपकरण जिसके फलक की नोक अंकुश की तरह मुड़ी होती है और जो मूठ से जुड़ा होता है। यह उपकरण छंटाई तथा इसी प्रकार के अन्य कार्यों के लिये प्रयुक्त होता है।

bilocal extended family — **उभयस्थानिक विस्तृत परिवार, उभयस्थानिक विस्तृत कुटुंब**

जब विवाह के पश्चात पुत्र अथवा पुत्री अपने मूल परिवार में ही रहते हैं तो उभयस्थानिक परिवार का जन्म होता है। इस प्रकार के परिवार में बंधन सूत्र पिता तथा पुत्र अथवा मां तथा पुत्री के बीच होता है।

bilocal residence — **उभयस्थानिक आवास**

विवाह के बाद पति या पत्नी के माता-पिता के निकट या उनके साथ रहने की प्रथा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

biogenesis — **जीवजनन, जीवात् जीवोत्पत्ति**

वह सिद्धांत जिसके अनुसार पूर्वस्थित जीवन से ही नये जीवन का विकास होता है।

biological family (=conjugal family) — **जैविक परिवार, जैविक कुटुंब**

ऐसा परिवार जिसमें पति-पत्नी तथा उनके बच्चे (अपने या गोद लिये) सम्मिलित हों। जैविक परिवार को ही छोटा परिवार, दांपत्यमूलक परिवार, या मूल परिवार भी कहते हैं।

biological mutation — **जैविक उत्परिवर्तन**

संतान में अपने माता-पिता के किसी महत्वपूर्ण गुण अथवा गुणों में अचानक व्यतिक्रम या परिवर्तन हो जाना।

biosocial — **जैव सामाजिक**

जैव सामाजिक शब्द से तात्पर्य उन गुणों से है जिन्हें जीव जैविक तथा सामाजिक प्रभावों की पारस्परिक क्रिया के फलस्वरूप ग्रहण करता है और उनके अनुरूप व्यवहार करता है, जैसे--यौन व्यवहार या भाषा अभिज्ञान।

bio-technology (=human engineering) — **मानव इंजीनियरी**

प्रौद्योगिकी का वह पहलू जिसमें जैविक तथा इंजीनियरी आंकड़ों का प्रयोग मानव तथा मशीन के पारस्परिक समायोजन की समस्या हल करने के लिये किया जाता है।

biotic community — **जीव समुदाय**

संबद्ध जीवों में परस्पर संबंधों की प्रणालियां एवं संरूप बनाने की प्रवृत्ति होती है। ये संरूप अपने जैसे अन्य संरूपों से पूर्णतया स्वतन्त्र होते हैं। उदाहरण के लिये किसी एक वन या तालाब में जीवों का परस्पर संबंध दूसरे वन या तालाब के वैसे ही जीवों के पारस्परिक संबंध से भिन्न होता है। इस प्रकार के समुदायों को जीव समुदाय कहते हैं। ये मानव समुदाय से भिन्न होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

bipolar technique **द्विध्रुवीय प्रविधि**

शैल शल्क बनाने की प्रविधि जिसमें दोनों ओर निहाई से प्रतिघात के कारण समघात खंड शंकु बनते हैं।

birch bark **भूर्ज छाल, भोज पत्र**

भूर्ज वृक्ष की छाल।

birch bark boat **भूर्ज छाल नौका**

भूर्ज छाल को सिल कर बनाई गई लंबी पतली नौका या कनु।

bird arrow **पक्षी बाण**

ऐसा बाण जिसकी नोक पर गोठिल पदार्थ लगा होता है ताकि शिकार किये गए पशु की खाल नष्ट न हो जाए अथवा कहीं पेड़ में अटक कर खो न जाए।

bird stone **पक्षी प्रस्तर**

होपवेल काल तथा उससे पूर्व के कुछ अमरीकी इंडियनों में पाया जाने वाला प्रक्षेपक भार जो सामान्य पक्षी के आकार का होता था और जिसे भल्ल प्रक्षेपक के दंड से बांधा जाता था। इसमें दो बाहर निकली हुई घुंडियां होती थीं जो नेत्रों की प्रतीक थीं। यह प्रायः पट्टीदार स्लेट का बना होता था जो उसके पंखों का प्रतीक थी।

bireme **द्वितल नौका**

पूर्व क्लासिकी युग का एक जलपोत जिसमें चप्पू दो स्तरों से चलाये जाते थे।

birth custom **जन्म प्रथा**

शिशु के जन्म से संबंधित रीतियां।

birth om en **जन्म शकुन**

असामान्य घटना जो बच्चे के जन्म के समय घटे और जिसका उसके जीवन में विशेष महत्व हो।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

birth rite — **जन्म संस्कार**

बच्चे के जन्म पर किया जाने वाला अनुष्ठान।

birth stone — **शुभमणि, राशि मणि**

बहुमूल्य पत्थर अथवा रत्न जो जन्म माह के अनुकूल होने पर उस माह में जन्मे व्यक्तियों के लिये शुभ होते हैं।

bisque — **अकाचित मृद्भांड**

मृद्भांड जिन्हें पका कर सख्त बना लिया जाता है परन्तु काचित नहीं किया जाता। ये उस युग के भांड हैं जब काचन प्रविधि विकसित नहीं हुई थी।

black pottery — **कृष्ण मृद्भांड**

चीन में पाए जाने वाले बहुत पतले काले चमकीले मृद्भांड जिन्हें चाक पर बनाया जाता था। ये प्राचीन चेग-त्सू-याई संस्कृति की विशेषता हैं।

blade — **फलक**

समांतर किनारों वाला कम चौड़ा लम्बा चकमक शल्क जो चपटा, पतला और बहुधा बड़े आकार का होता है।

blade core — **फलक क्रोड (चकमक)**

प्रहार पट्ट वाला चकमक क्रोड जिस पर हथौड़े से प्रहार करने से फलक निकाले जाते हैं।

blade tool — **फलक उपकरण**

लंबे समांतर पार्श्व वाले शल्क से बना उपकरण।

block-on-block technique — **स्थिर घन प्रविधि**

क्रोड को घुमाकर एक बड़े प्रस्तर के किनारे पर आघात कर शल्क बनाने की एक प्राचीन विधि।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

blood brotherhood **रक्त भ्रातृत्व**

दो भाइयों में परस्पर जन्मजात भाई का संबंध न होने पर प्रतीकात्मक रूप में रक्त विनियम द्वारा बंधुत्व का घनिष्ठ बंधन स्थापित करते हैं और वे एक दूसरे के प्रति भाइयों जैसी निष्ठा रखने लगते हैं। रक्त ही बंधुत्व का कारण है--इसी आधार पर रक्त का मिश्रण किया जाता है।

blood feud **कुल बैर**

आहत व्यक्ति के परिवार द्वारा अपराधी व्यक्ति या उसके परिवार से खून का बदला लेना।

blood kin **रक्त स्वजन, रक्त ज्ञाति**

ऐसे संबंधी जो सामान्य वंशानुक्रम के द्वारा एक दूसरे से संबंधित हों।

blood line **शुद्धवंश क्रम**

वंशावली के प्रत्यक्ष पूर्वजों का अनुक्रम।

blood relationship **रक्त संबंध**

रक्त द्वारा संबंधित अथवा सामान्य पूर्वज के वंश का होना।

blow gun **फूक नली**

लगभग 10 फुट लम्बी बेंत या नरकुल की नली जिसके द्वारा अस्त्र या विषयुक्त वाण फूक कर फेका जाता है। यह इंडोनेशिया, मलय देश तथा दक्षिणी अमेरिका के कुछ भागों में पाई जाती हैं।

blue blood **आभिजात्य**

कुलीन, संभ्रांत अथवा सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित वंश।

blunted back scraper **कुंठित पृष्ठ खुरचनी, कुंठित पृष्ठ क्षुरणी**

खुरचनी जिसका एक किनारा द्वितीयक शल्कन द्वारा विशेष रूप से कुंठित बनाया गया हो।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

boat wright — **नौकाकार**

व्यक्ति जो नौका बनाता है।

bohio — **बोहियो**

वेस्टइंडीज के एंटलीज द्वीपसमूह की टाइनों जनजाति के घर जिनका फर्श आयताकार और छत तिकोनी होती है।

bola — **बोला**

पशुओं को फंसाने का एक प्रकार का पाश जिसे दो या तीन पत्थर अथवा धातु के गोलों को डोरी में बांधकर बनाते हैं। भागते हुए पशु के पैरों में इसे घुमा कर मारते हैं जिससे पशु भाग नहीं पाता और चोट खा कर गिर पड़ता है और तभी उसे पकड़ लिया जाता है। दक्षिणी अमरीका के इंडियन तथा कुछ एस्किमों वर्ग के लोग आज भी आखेट के लिये इसका प्रयोग करते हैं।

bon — **बॉन**

जीववादी धर्म जो तिब्बत में बौद्ध धर्म के पहले प्रचलित था।

bone ash — **हड्डी की राख, अस्थि भस्म**

अस्थियों का सफेद सरंध्र अवशेष जो मुख्यतः हवा में अस्थि भस्म से त्रिक्षारकी कैल्सियम फासफेट बन जाता है। यह विशेषकर खप्पर, मृदुभांड तथा शीशा बनाने तथा आभूषण साफ करने के काम आता है।

bone awl — **हड्डी का सुआ, अस्थि सुआ**

अस्थि से बना एक नुकीला उपकरण जो छिद्र करने के काम आता है।

bone-hook — **अस्थि कांटा, अस्थि कंट**

मग्दालीनी समय में प्राप्त अस्थि का एक छिद्रित कांटा जिसके दोनों सिरे नुकीले होते हैं। इसका प्रयोग मछली का शिकार करने के लिये किया जाता था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

bone point **अस्थि वेधनी**

हड्डी से बना उपकरण जो संभवतः शराग्र, कुंताग्र तथा आखेट के दूसरे उपकरणों के अग्र भागों में प्रयोग किया जाता था।

bone spatula **अस्थि करनी**

हड्डी से बनी आद्य करनी।

bone work **अस्थि शिल्प, हड्डी का काम**

हड्डी से विभिन्न प्रकार के उपकरण, आभूषण आदि बनाने का काम।

bonga **बोंगा**

मध्य भारत की जनजातियों का पारब्रह्म स्वरूप जिसे वे अलौकिक, परम शक्तिवान और समस्त संसार के अवयवों में व्याप्त मानते हैं। मध्य भारत की मुंडा, हो तथा छोटा नागपुर की इसी वर्ग की अन्य जनजातियों में इसके प्रति आस्था देखने को मिलती है। वे इसे समस्त सृष्टि और शक्ति का मूल मानते हैं।

bongaism **बोंगावाद**

बोंगा एक अलौकिक शक्ति है जो वस्तुओं के गुणों अथवा विशेषताओं के रूप में विद्यमान रहती है। यह धार्मिक विश्वास मुंडा, हो तथा छोटा नागपुर की अन्य जनजातियों में मिलता है। बोंगा एक अनुभवातीत अलौकिक शक्ति की अभिव्यक्ति है जो सब शक्तियों का मूल कारण है। इस प्रकार के धर्म में विश्वास रखना बोंगावाद है।

book of the dead **प्रेत-पुस्तक**

प्राचीन मिस्त्र के शिलालेखों का एक संग्रह जिसमें उस काल के जादू-टोने, अनुष्ठान और मिथक आदि का वर्णन होता है। इसके मूल उद्धरण मकबरों, स्मारकों और पपीरस पर उत्कीर्णित पाये जाते हैं। इनमें से सबसे प्राचीन उद्धरण उनास, पेपी और मेरेनरा के पिरेमिडों के कक्षों की दीवारों पर उत्कीर्णित हैं। मूल प्रेत-पुस्तक में मिस्रियों के मृतकों को अलंकृत करने की रीति-विधि से संबंधित 200 अध्याय हैं। प्रेत पुस्तक तिब्बत में भी पाई जाती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

boomerang **बूमरेंग**

आस्ट्रेलिया की आदिम जनजातियों का काष्ठ निर्मित प्रक्षेपी अस्त्र जिसका ऊपरी भाग मुड़ा हुआ और नीचे का चपटा होता है। बूमरेंग घुमा कर इस प्रकार फेंका जाता है कि फेंकने वाले स्थान पर वापस आ जाता है। इसके दोनों सिरे भिन्न भिन्न तल पर होते हैं।

bordar **उटजधर, दास**

सामंती काश्तकार जिसके पास रहने के लिये एक झोंपड़ी और काश्त के लिये मालिक की इच्छा से दी हुई कुछ एकड़ भूमि होती है। उसे दास की भांति अपने स्वामी की सेवा करनी पड़ती है।

botanomancy **वनस्पति प्रख्यापन, पत्र प्रख्यापन**

पत्तियों द्वारा भविष्यकथन। इसमें बहुधा पत्तियों पर संदेश लिख दिये जाते हैं। और उन्हें हवा में उड़ने के लिये रख दिया जाता है। जो पत्ती रह जाती है उससे उत्तर निकाला जाता है। दूसरी विधि में पत्तियों को अग्नि में डालकर या हाथ से मसल कर कुचलते हैं। इस क्रिया में वे किस प्रकार चटकती या चरमराती हैं इसके अध्ययन द्वारा भविष्यकथन किया जाता है।

borer **वेधक, रंध्रक**

एक छोटा सा उपकरण जिसकी नोक कील के आकार की और आगे निकली हुई होती है। यह छिद्र बनाने के काम आता है।

bosjes **बॉसजेस**

बुशमैन कबीलों के आश्रय जो बढ़ती हुई झाड़ियों की शाखाओं को बांधकर बनाये जाते हैं।

boucher **बुशे, मुष्टि कुठार**

एक मुष्टि कुठार जिसका नाम फ्रांसीसी विद्वान बुशे डी० पर्थस के नाम पर पड़ा। बुशे शब्द का प्रयोग कूदप्वां के लिये भी किया जाता है।

bough shelter **शाखा आश्रय**

कुछ शाखाओं से आच्छादित स्थान जिसका प्रयोग 'आश्रय' की तरह किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

boulder **गोलाश्म**

आठ-दस इंच से लेकर दस फुट से भी बड़े व्यास वाले गोल या जीर्ण शैल खंड जो प्राकृतिक प्रक्रिया अथवा शक्ति द्वारा मूल शैल से विलग हो दूर लुढ़क जाते हैं। इनका अपक्षय बहुधा सरिता के प्रवाह, सागर की लहरों, हिमनदी अथवा मूल स्थान पर ही अपक्षरण की क्रिया से होता है।

boulder clay **गोलाश्म-मृत्तिका**

अवर्गीकृत हिमनदीय निक्षेप की मृत्तिका जिसमें गुटिकाश्म, गोलाश्म और शैल के टुकड़े लिपटे रहते हैं।

bourg **नगर**

सघन रूप में बसा हुआ क्षेत्र जो जनसंख्या की दृष्टि से गांव से बड़ा परन्तु शहर से छोटा होता है। इसकी सीमाएं तथा अधिकार कानून द्वारा निश्चित होते हैं। यह शब्द केवल यूरोप में ऐसे स्थानों के लिए प्रयुक्त होता है।

bow **धनु, धनुष, कमान**

बाण फेकने का अस्त्र जो लकड़ी, धातु या किसी अन्य नम्य पदार्थ की पट्टी (पत्ती) के दोनों सिरों को एक चाप का आकार देते हुए प्रत्यंचा से बांध कर बनाया जाता है।

आदिम मानव के अस्त्रों में धनुष का प्रमुख स्थान है। इसे वे कई विधियों से बनाते हैं। इसका प्रयोग आत्मरक्षा, खेल और शिकार के लिए किया जाता है।

bow drill **कमानबरमा**

अग्नि बरमे की एक प्रकार जिसमें यष्टि को कमान की डोरी में फंसा कर अग्नि उत्पन्न करने के लिए अथवा छिद्र बनाने के लिए घुमाया जाता है।

bracer **मणिबंध त्राण**

चमड़े आदि से बना त्राण जिसे धनुर्धर अपनी कलाई को चोट से बचाने के लिए पहनता है। बहुधा इसे बाएं हाथ की कलाई पर प्रत्यंचा की रगड़ से बचने के लिए पहनते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

गूंथना (करंड कार्य)

braiding

वेतस के लचीले रेशों को एक दूसरे के ऊपर इस प्रकार ले जाना कि वे परस्पर बिंधते हुए टेढ़े-मेढ़े अथवा सर्पिल नमूने बनाते हुए वेणी के रूप में गुंध जाएं।

दागने का लोहा

branding iron

लोहे की छड़ या ठप्पा जिसे गर्म कर दागने के लिए प्रयोग किया जाता है।

वनदाह कृषि

brand tillage

कृषि का आद्य प्रकार जिसमें भूमि के झाड़-झंखाड़ को जलाकर राख की खाद द्वारा उर्वर बनाया जाता है। भारत के पर्वतीय अंचलों और वन प्रांगणों में जनजातियां आज भी इस विधि का प्रयोग करती हैं।

संकोणाश्म निक्षेप; संकोणाश्म कोने का पत्थर,

breccia

महीन मृत्तिका कणों मै सन्निहित तीक्ष्ण कोणिक प्रस्तर खंडों से निर्मित शैल।

ब्रेटन

Breton

1. उत्तर पश्चिमी फ्रांस में स्थित ब्रिट्टानी क्षेत्र के मूल निवासी।
2. ब्रेटन जन की केल्ट भाषा।

वधू

bride

नवविवाहिता स्त्री अथवा ऐसी कन्या जिसका विवाह होने वाला हो।

वधू शुल्क

bride price

वर अथवा उसके प्रतिनिधियों द्वारा वधू के परिवार को दिया जाने वाला धन, सम्पत्ति या सेवाएं वधू-शुल्क कहलाती हैं। यह प्रथा बहुधा आदिम जनों में पाई जाती है।

कन्या क्रय

bride purchase

ऐसी प्रथा जिसमें वधू प्राप्त करने के लिए वर या उसके संबंधी वधू के पिता या उसके संबंधियों को धन देते है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

bride service **विवाहार्थ सेवा**
(—suitor service)

वधू प्राप्त करने की एक विधि जिसमें पुरुष अपने भावी सास-ससुर की सेवा कर वधू प्राप्त करता है। यह सेवा वधू शुल्क के स्थान पर की जाती है।

Bronze age **कांस्य युग**

सांस्कृतिक इतिहास में एक काल जो ओल्डवर्ल्ड के अन्तर्गत वेबीलोनिया में 3500 से 2500 ई० पू० आरम्भ हुआ था और जिसकी विशेषता कांस्य तथा कांस्य कृतियों का उत्पादन थी।

Bronze age barrow **कांस्ययुग बैरो, कांस्ययुग स्तूप**

कांस्य युग में किसी कब्र को चिह्नित करने के लिए उस पर बनाया गया मिट्टी या पत्थरों का ढेर।

bronze collar **कांस्य पट्टा, कांस्य हंसली**

कांसे का बना गले का एक आभूषण।

bronze culture **कांस्य संस्कृति**

3500 से 2500 ई० पू० वेबीलोनिया में प्राप्त संस्कृति। कांस्य का उत्पादन इसकी विशेषता थी।

brow band **श्रृगार पट्टिका, सिंगार पट्टी**

माथे तथा शीर्ष के चारों ओर सजावट के लिए तथा बालों को नीचा रखने के लिए पहनी जाने वाली एक पट्टिका।

brownie **ब्राउनी**

उपकारी प्रेत जिनके संबंध में यह विश्वास प्रचलित है कि वे रात के समय चुपचाप उपयोगी कार्य जैसे—धान्य कूटना, ओसाना, बुहारना इत्यादि कर जाते हैं।

buckler **लघु ढाल**

एक प्रकार की छोटी गोल ढाल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

bucolic — **देहाती**

ठेठ ग्रामीण जीवन से संबंधी अथवा ग्रामीण।

building sacrifice — **नींव बलि**

प्राचीन समय में भवन निर्माण के समय दी जाने वाली बलि।

bulbar scar — **कंदाकार क्षत-चिह्न**

सुस्पष्ट बने समाघात खंड शंकु पर बहुधा एक लघु शल्क फलक होता है जिसको कंदाकार क्षत-चिह्न कहते हैं। यह क्षत-चिह्न मुख्य शल्क अलग करने से बनता है । बहुधा ये क्षत-चिह्न मोस्तारी शल्कों पर मिलते हैं।

bulb of percussion — **आघात कंद**

घन के प्रहार द्वारा चकमक से तोड़े गए शल्क के सिरे पर शंक्वाकार अपखंडन। यह प्रहार के संघात स्थान के ठीक नीचे होता है।

bull boat — **चर्म नौका, मशक नौका, बुल नौका**

एक प्रकार की चर्म नौका जिसका प्रयोग उत्तरी अमरीकी इंडियन विशेषकर मैदानी भाग में किया करते हैं। इसका आकार बहुधा गोल कटोरे की तरह होता है जिसके किनारे ऊंचे और तल चपटा होता है। इसका ढांचा समकोण पर पट्टे से बंधे बेंत (विलो) के दंडों का होता है जिस पर भैंसे का चमड़ा तान दिया जाता है और इसे छोटे हत्थे एवं चौड़े फलक वाली पतवार से चलाया जाता है। मिसौरी घाटी की हिदास्ता जनजाति के लोग इसका प्रयोग जलमार्ग से सामान लाने ले जाने के लिए करते हैं।

bull roarer — **बुलरोरर, वृषभ गर्जनी**

रस्सी में बंधी लकड़ी की पट्टी जिसको घुमाने से गर्जन की ध्वनि होती है। इसका प्रयोग आस्ट्रेलियाई जनजातियों द्वारा, धार्मिक कर्मकांडों में किया जाता है । पश्चिम अमरीका, भूमध्य रेखीय (अफ्रीका) के लोग इसका प्रयोग बच्चों के खिलौने के रूप में करते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

bundel burial — **संचित अस्थि शवाधान**

मांस रहित, जोड़हीन भग्न अस्थियों को संचित कर एक साथ दफनाना।

Bunter epoch — **बन्टर युग**

भूवैज्ञानिक युग, यूरोपीय ट्राइऐसिक के निम्नतम विभाग का अथवा उससे संबंधित युग।

burial mound — **शवस्तूप**

कब्र के ऊपर स्मारक के रूप में बनाया गया स्तूप या टीला।

burial urn — **शवाधान पात्र, शवाधान कलश**

मृदा का बड़ा कलश अथवा पात्र जिसमें मृतक को शवाधान से पूर्व मिट्टी से सुरक्षित रखने के लिए रखते हैं।

burin **(=graver)** — **ब्यूरिन, तक्षणी, उत्कीर्णक**

एक चकमक उपकरण जिसका अग्र भाग छेनी की तरह होता है। ऐसे उपकरण मुख्यतः पश्चिमी यूरोप के उत्तर पुरापाषाण काल में और साइबेरिया के मध्यपाषाण संस्कृति स्थलों में पाए गए हैं। ब्यूरिन लगभग 20 प्रकार के मिलते हैं। इसका प्राथमिक कार्य शल्क पर आघात कर लघुफलक दूर करना है।

burin technique — **तक्षण तकनीक, उत्कीर्णन प्रविधि**

शल्क के किनारे से लघु फलक को दूर करने की एक उत्तर-पुरापाषाण युगीन शल्कन प्रविधि। इसमें शल्क को ऊर्ध्वाधर स्थिति में पकड़ कर उस पर ऊर्ध्वाधर दिशा में आघात किया जाता है।

burumbi — **बुरुंबी**

पूर्वी कांगों में केले के पत्तों से निर्मित वृत्ताकार निवास।

butt — **कुंदा, हत्था**

उपकरण अथवा शस्त्र का मोटा अथवा हत्थे वाला सिरा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

byssus **बिसस, ममी-कफन**

प्राचीन मिस्र का एक वस्त्र। ममी तैयार करने के प्रक्रम में शव को सबसे अन्त में इसी वस्त्र में लपेटते थे। इसको ममी-कफन कहते हैं।

C

cacique **कसीक**

ग्राम या कबीले के प्रमुख के लिए प्रयुक्त अरावक शब्द। इसका प्रयोग सर्वप्रथम वेस्ट इंडीज़ और मध्य तथा दक्षिणी अमरीका में होता था जहाँ स्पेनी संस्कृति का प्रभुत्व था। बाद में सम्पूर्ण लातिनी अमरीका में इसका प्रयोग होने लगा था।

cage trap **पिंजरा पाश**

बांस की खपच्चियों से बना हुआ मछली पकड़ने का एक साधारण शंक्वाकार पाश जिसे पानी में डुबो दिया जाता है और जब मछलियां उसके अंदर प्रवेश कर जाती हैं तो उसे बंद कर दिया जाता है।

calabash **कलाबाश**

लौकी की तुंबी जिसका प्रयोग पात्र बनाने के लिए किया जाता है।

caltrop **गोखरू**

चार कांटे वाला एक अस्त्र जिसे चतुःशूल भी कहते हैं। इसके कांटे इस प्रकार लगे होते हैं कि जब कोई तीन कांटे भूमि में घुस जाते हैं तो चौथा ऊपर की ओर उठा रहता है। इसका प्रयोग पशुओं को फंसाने के लिए पाश के रूप में किया जाता है।

cambrian period **केम्ब्रियन काल**

पुराजीवी महाकल्प के प्रारम्भिक भूवैज्ञानिक कल्प तथा पुराजीवी शैल के निम्नतम समूह के जमाव, जैसे कि बालुकाश्म, संगुटिकाश्म, शैल और चूनाश्म से संबंधित काल (ये जमाव उथले जल की अवस्था प्रदर्शित करते हैं)। इस सुदीर्घ कालावधि की जलवायु में एकरूपता नहीं मिलती। पादप जीवाश्म बहुत कम मिलते हैं परंतु कशेरुकी जीवों के अतिरिक्त अन्य सभी वृहद् जीव पाए जाते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

camp circle **शिविर वृत्त**

उत्तरी अमरीका के ग्रेटप्लेन की इंडियन जनजाति में भिन्न सामाजिक समूहों के संगठित परिमंडल जिन्हें सामूहिक आखेट के लिए विशेषकर जंगली भैंसे के आखेट के लिए संगठित किया जाता था। इन परिमंडलों का स्वरूप राजनैतिक अथवा बंधुत्व आधार पर निर्धारित किया जाता था। इनमें कभी-कभी किसी उपसमूह को भी स्थान दे दिया जाता था।

campignian industry **कैम्पिग्नी उद्योग**

उत्तरी फ्रांस में उत्तर मध्य पाषाण संस्कृति से संबंधित उद्योग जिनमें मृद्भांड, विदरित कुठार तथा अंडाकार कुटीर का विशेष स्थान है। कुटीर मिट्टी और टहनियों की बनी होती थी और इनके मध्य में चूल्हा बना होता था। दानेदार बनावट के मृद्भांड तथा तिरछी काट युक्त ट्रांशे (कुठार) शिल्क उद्योग के प्रमुख उत्पादन थे।

clannibal **नरभक्षी मानव**

ऐसा मानव जो मानव के मांस का भक्षण करता हो।

cannibalism **स्वाजाति भक्षण**

मनुष्य द्वारा मनुष्य के मांस का भक्षण।

canoe **कनु, डोंगी, चंगाडम (मलयालम)**

लम्बी संकरी नौका जिसके नुकीले और पार्श्व वक्र होते हैं और जो छोटे चप्पू तथा कभी-कभी पाल द्वारा चलाई जाती है। इसे हल्के भार वाले पदार्थ जैसे छाल, चमड़ा, कनवास, हल्की लकड़ी अथवा धातु से बनाते हैं।

conopic jar **ढक्कनदार कलश**

चार कलशों का सेट जिसका प्रयोग मिस्र के निवासी ममीकरण के दौरान मृत शरीर से अलग किए गए अंगों को रखने के लिए करते थे। ये कलश शरीर के साथ समाधिकक्ष में ले जाए जाते थे ताकि पूर्ण शरीर परलोक की यात्रा कर सके।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

carbon dating **कार्बन तिथि-निर्धारण**
(radio carbon dating)

रेडियोएक्टिव कार्बन के विश्लेषण द्वारा पुरातत्वीय नमूनों की तिथि निर्धारित करने की विधि । यह विधि विशेषकर उन पदार्थों के तिथि-निर्धारण के लिए उपयोगी है जो पिछले 20,000 से 30,000 वर्ष पुराने हों। यह आवश्यक है कि परीक्षण में अपरिवर्तित कार्बनिक पदार्थ का ही प्रयोग किया जाए।

cardial pottery **शुक्ति रेखांकित मृद्भांड**

मृद्भांड जिन्हें सीप की कोर से रेखाएं खींच कर अलंकृत किया गया हो। मृद्भांड कला के क्रमिक विकास में मृद्भांडों पर इस प्रकार के कलात्मक चित्रण का विशेष महत्व है।

carrying beam **बहंगी का लट्ठा**

मज़बूत लट्ठा जिसके द्वारा उस पर लटका हुआ बोझ दो अथवा अधिक व्यक्तियों द्वारा ले जाया जा सके।

cartomancy **ताश प्राक्ख्यापन**

ताश के पत्तों द्वारा प्राक्ख्यापन करने की विधि। जिप्सीजन में इस विधि का प्रयोग परंपरागत है।

case method **केस पद्धति, केस अध्ययन पद्धति**
(=case study method)

सामाजिक सर्वेक्षण में व्यक्ति अथवा समूह-विशेष का एकक के रूप में वृत्त अध्ययन । केस अध्ययन पद्धति उस सामग्री को एकिक स्वरूप देती है जिसका अध्ययन एक केस के विभिन्न तथ्यों के परस्पर संबंध द्वारा किया गया हो। यह पद्धति बहुत से विशिष्ट विवरणों के गहन विश्लेषण का अवसर प्रदान करती है जो अन्य विधियों द्वारा प्रायः छूट जाती हैं। यह उपागम इस पूर्वानुमान पर आधारित होता है कि अध्ययन किया जाने वाला केस कुछ प्रकार के केसों में विशिष्ट है जिससे उसके गहन विश्लेषण द्वारा सामान्यीकरण किया जा सकता है और जो इसी प्रकार के दूसरे केसों पर लागू हो सकता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

caste **जाति**

जाति एक वंशागत अंतर्विवाही और सामान्यतः स्थानीय समूह है। जातियों में परस्पर पारंपरिक संबंध होते हैं और स्थानीय अधिक्रम में इनका एक विशिष्ट स्थान होता है। जातियों के बीच के संबंध अपवित्रता तथा शुचिता की संकल्पना द्वारा नियंत्रित होते हैं। जाति की संकल्पना इतनी जटिल है कि इसकी व्याख्या विभिन्न प्रकार से की जाती है।

caste system **जाति व्यवस्था**

श्रेणिक रूप में व्यवस्थित वंशागत, अंतर्विवाही तथा कभी-कभी विशिष्ट व्यावसायिक समूहों में समाज का विभाजन जाति व्यवस्था कहलाता है। इस प्रकार के समूहों को जाति कहते हैं। समाज के विभिन्न विभाजनों का अधिक्रम शुचिता तथा अपवित्रता की संकल्पना पर आधारित होता है। किसी जाति का अपना कोई पृथक अस्तित्व नहीं होता। उसकी स्थिति अन्य सभी जातियों के संदर्भ में ही जानी जा सकती है जिसके सदस्य आर्थिक राजनैतिक तथा आनुष्ठानिक गठबंधन में घनिष्ठ रूप से संबद्ध होते हैं। जाति व्यवस्था की कार्य-विधि इन्हीं पारस्परिक गठबंधनों द्वारा समझी जा सकती है।

cast net **निक्षेप जाल**

एक वृत्ताकार या शंक्वाकार जाल जिसके घेरे या किनारे पर भार बंधे होते हैं। इसका मुख नीचे करके इसे फेंका जाता है, और फिर किनारे पर लगी डोरी से पकड़ कर इसे वापस खींचा जाता है।

cataclysm **महाविप्लव, प्रलय**

प्रचंड भूवैज्ञानिक परिवर्तन जिसमें पृथ्वी की सतह पर आकस्मिक तथा व्यापक परिवर्तन होते हैं।

catacomb **कैटाकोम्ब, अवतुंब**

एक अंतःभूमिक शवाधान कक्ष या कब्रिस्तान जिसमें दीर्घा या मार्ग बने होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

catamaran — **कैटामारैन**

दो या अधिक लट्ठों अथवा तख्तों को एक साथ बांध कर बनाया गया तरंड या बेड़ा। इसे पाल या पतवार द्वारा चलाया जाता है। इसका उपयोग दक्षिण अमरीका, वेस्टइंडीज़ और ईस्टइंडीज़ में होता है।

catapult — **अस्त्र अवक्षेपी, गोफन अवक्षेपक**

एक प्राचीन युद्ध (सैनिक) युक्ति जिसका प्रयोग भारी पत्थर फेंकने के लिए किया जाता था।

catoptromancy — **दर्पण प्राख्यापन, स्फटिक प्राख्यापन**

प्राचीन यूनानियों की प्राख्यापन विधि जिसके अन्तर्गत फव्वारे पर लटके दर्पण में बनने वाले बिम्बों का अध्ययन किया जाता है।

cavate lodge — **कावात निवास, खात निवास**

खुदाई करके बनाया गया भृगु निवास जो प्राकृतिक खड़ी चट्टान को काट कर बनाया जाता है। ये प्यूब्लों इंडियंस के भृगु निवासों से भिन्न होते हैं जो चिनाई कर बनाए जाते हैं।

cave art — **गुहा चित्र, गुहा कला**

यूरोप (स्पेन और दक्षिणी फ्रांस) में गुफाओं की भित्तियों और छतों पर निरेखित और पुरापाषाण मानव के कलाचित्र जिन्हें नुकीले अस्त्र द्वारा बनाया जाता था। ये बहुधा पशुओं, अस्त्रों अथवा आखेट के सांकेतिक रेखाचित्र होते हैं पर कहीं-कहीं इनमें गेरुए, लाल, पीले तथा काले रंगों का प्रयोग किया गया है। संभवतः इनका सृजन सजावट आत्म-प्रदर्शन पशुओं की वंश-वृद्धि अथवा जादू-टोने के लिए किया गया होगा।

cave man — **गुफा मानव**

वह मानव जो गुफा में वास करता है, विशेषकर प्रागैतिहासिक मानव जिसके अवशेष तथा उपकरण प्राचीन गुफाओं में पाए गए हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

celt

1. सेल्ट, कुल्हाड़ी

2. केल्ट (प्रजाति)

1. प्रागैतिहासिगक उपकरण जिसकी आकृति छैनी या कुठाराग्र की तरह होती है। नवपाषाण काल में यह ओपयुक्त (पालिशदार) पत्थर का और परवर्ती काल में धातु का बना होता था।

2. लौह युग में पूर्व रोमन यूरोप के अंतर्गत भारोपीय वर्ग के लोगों का समुदाय जिसका प्रसार ब्रिटिश द्वीपसमूह और स्पेन से लेकर एशिया माइनर तक था।

celtic pottery **केल्टिक मृदुभांड**

उत्तरी यूरोप में पाए गए (मृद्भांड) ठीकरे जो गॉल और ब्रिटेन पर रोम की विजय के पूर्व के काल से संबंधित हैं। ये अधिकतर शवाधान स्थलों तथा खंडहरों में प्राप्त हुए हैं। इनकी बनावट प्राक् रोमन भांडों की जैसी है। उत्खनन में प्राप्त भांड बड़े भस्म कलश तथा बर्तन हैं जो चिकने, भंगुर, काले व धूसरवर्ण के हैं।

celtic race **केल्ट प्रजाति**

एक काकेशियाई उप-प्रजाति, जिनके नेत्र हलके रंग के, बाल भूरे तथा लाल और शीर्ष लम्बा होता है। ये मुख्यतः आयरलैंड में संकेंद्रित हैं।

Cenomanian epoch **सनोमेनी युग**

अल्बीय और ट्यूरोनी युग के बीच के यूरोपीय उच्च क्रिटेशस का काल विभाजन या उससे संबंधित।

Cenozoic era **नूतन जीव महाकल्प**

(=Cainozoic or Kainozoic) **सीनोजोइक महाकल्प (कैनोजोइक)**

भूवैज्ञानिक इतिहास का एक महान काल विभाजन जो तृतीय काल के आरम्भ से लेकर वर्तमान काल तक विस्तृत है। स्तनधारी जीवों, पक्षियों और वनस्पतियों का विकास तथा अकशेरुकी जीवों में मामूली परिवर्तन इस काल की विशेषताएं हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

censer — **धूपदान**

लोबान जलाने का पात्र, विशेषकर ढका हुआ लोबान पात्र जो धार्मिक अनुष्ठान के समय जंजीरों से लटका रहता है।

centaur — **नराश्व, किन्नर**

एक पौराणिक जीव जो आंशिक रूप से अश्व जैसा और आंशिक रूप से मानव-जैसा था। नराश्व युद्ध तथा शृंगारिक प्रसंगों के लिए प्रसिद्ध थे जो शताब्दियों से कलात्मक चित्रों में चित्रित हैं। 8वीं शताब्दी ई० पू० में नराश्व का अगला भाग मानव के शरीर जैसा और पीछे के पैर अश्व जैसे बनाकर प्रदर्शित किया गया है। जैसे जैसे समय बीतता गया उसे कमर तक मानव जैसा दिखाया जाने लगा।

ceramic — **1. मृत्तिका कला**
2. मृद्भांड

1. मृदा की पकी हुई वस्तुएँ बनाने की कला।
2. पकी हुई मृदा से निर्मित वस्तुएँ।

ceramist — **मृत्तिका शिल्पी**

वह व्यक्ति जो मृद्भांड कला के निर्माण अथवा उसकी प्रौद्योगिकी कर्म से संबद्ध हो।

ceromanc — **सिक्थ प्राक्ख्यापन**

फर्श पर टपके मोम को देख कर प्राक्ख्यापन करने की कला। इसमें बूंदों की रचना और आकार एक विशेष अर्थ रखते हैं।

ceremonial — **(संज्ञा) समारोह, उपचार कृत्य**
(विशे०) औपचारिक

(संज्ञा) समारोह की प्रथा अथवा औपचारिकता के मानकीकृत अनुष्ठान, संस्कार अथवा कर्मकांड को उपचार कृत्य कहते हैं।

(विशे०) समारोह अथवा संस्कार कृत्यों से संबंधित अथवा उसमें आवेष्टित जिसमें अत्यंत छोटी-छोटी रीति-विधियों को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ceremonialism

समारोहपरता

उत्सवों-विशेषकर धार्मिक उत्सवों के अनुपालन को महत्व देना और मनाना।

ceremony

1. समारोह,

2. संस्कार, अनुष्ठान, कर्मकाण्ड

व्यवहार का एक औपचारिक, सुव्यवस्थित क्रम जो प्रतीकात्मक रूप से किसी घटना, अवसर या विश्वास के महत्व को प्रदर्शित करता है। उत्सव प्रायः सामूहिक रूप से मनाये जाते हैं और जिस घटना के लिए उत्सव किया जाता है, उससे संबद्ध पवित्रता और विशेष अर्थ उसमें भाग लेने वाले सहभागी अवगाहन करते हैं। उत्सवों से समूह की संसक्ति दृढ़ होती है।

Chalcolithic age

ताम्रपाषाण युग

4500-3000 ईसा पूर्व का एक संक्रांति काल जिसमें तांबे का पहली बार प्रयोग किया गया था। इस युग में दक्षिण पूर्वी यूरोप तथा उत्तरी अफ्रीका से भारत तक के देशों का विकास हुआ। इसी युग में फरटाइल क्रिसेंट में विशेष सुंदर चित्रित भांडों का निर्माण हुआ। संभवतः तभी पहली बार सार्वजनिक बड़ी इमारतें बनाई गई। लगभग 3500 ई० पू० में पहली बार लिपि का आविष्कार हुआ तथा मंदिरों का प्रभाव फैला।

chance omen

अप्रत्याशित शकुन

उल्का अथवा पुच्छल तारे से संबंधित शकुन जो आकस्मिक और विशेष प्रभावकारी माने जाते हैं। इस प्रकार उल्का अशुभ की पूर्व सूचना देने वाला नक्षत्र माना जाता है।

channelled ware

नालीदार भांड

ऐसा मृद्भांड जिस पर संकेंद्रित अर्ध वृत्त के नमूने बने होते हैं; जो बहुधा ऊर्ध्वाधर धारियों के रूप में होते हैं। जब भांड गीला होता है तभी ये नमूने गोल सिरे वाले एक उपकरण से बनाए जाते हैं। इस उपकरण से तीखे 'वी' (V) काट के स्थान पर गहरी रेखाएं बनती हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

मंत्रोच्चार, मंत्रगान

chant

मुक्त लय में एक ही स्वर में गाया गया या उच्चारित गान। बहुत-सी संस्कृतियों में पवित्र, धार्मिक अनुष्ठानों अथवा महत्वपूर्ण अवसरों पर इस प्रकार का गान किया जाता है।

वायु प्राक्ख्यापन

chaomancy

वायुमंडलीय परिवर्तनों के प्रेक्षण द्वारा प्राक्ख्यापन करने की विधि।

1. मंत्र,
2. तावीज़

charm

1. ऐसे श्लोक या मंत्र का उच्चारण जिसमें जादुई या गुह्य शक्ति निहित मानी जाती हो।

2. तावीज़ बहुधा एक छोटी वस्तु होती है जिसे कोई व्यक्ति अपने पास रखता अथवा धारण करता है। इसमें जादू तथा मंत्र भी निहित होते हैं। सौभाग्य प्रदान करने वाले तावीज़ को गंडा तथा सुरक्षा प्रदान करने वाले को कवच कहते हैं। विविध कारणवश तावीज़ तरह-तरह के पदार्थों से बनाए जाते हैं। परंपरागत समाजों में कृत्रिम तावीज़ बहुधा पेशेवर जादूगरों से बनवाए जाते हैं। तावीज़ लगभग सभी जगह पाए जाते हैं।

chatelperronian culture **शैतलपिरोनी संस्कृति**

उत्तर पुरापाषाण युग की एक प्रारंभिक संस्कृति, जिसकी प्रमुख विशिष्टताएँ फ़िल्ट (चकमक) विखंडन प्रविधि और फलक उपकरण हैं। फलक उपकरण की एक धार सीधी और तेज तथा दूसरी वक्र एवं कुंठित होती है।

chatel perronian point **शैतलपिरोनी वेधनी**

शैतलपिरोनी संस्कृति का लघु क्षुरिकाफलक। इसकी एक धार को बड़ी निपुणता से छोटे शल्क उतार कर कुंठित किया जाता है। यह कुछ-कुछ औदी की तरह होता है जो इसके बाद बनाया गया था।

check basketry **एकांन्तर वयन करंड, शतरंजी करंड**

करंडशिल्प का एक नमूना जिसमें बुने हुए कपड़े की भांति ही बाने की प्रत्येक पट्टी एक बार ताने की पट्टी के नीचे और एक बार ऊपर गुजरती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

chenchu tribe — **चेंचू कबीला, चेंचू जनजाति**

आंध्र प्रदेश की एक आदिम जाति, जिनमें से बहुत से तेलुगु जन-संख्या से प्रभावित हो गए है परंतु कुछ अभी भी खाद्य संग्राहक अर्थव्यवस्था में रह रहे हैं।

cherokee — **1. चिरोकी 2. चिरोकी भाषा**

1. उत्तरी अमरीका में उत्तरी करोलीना तथा टिनास्सी पर्वत-मालाओं के अमेरिंडियन जो आगे चलकर अलबामा और ज्योर्जिया तक और पश्चिम में टैक्सास और ओक्लोहोमा तक फैल गए।

2. चिरोकी जन की भाषा।

chert — **चकमक, चर्ट**

एक अशुद्ध चकमक जो सिलिकायुक्त होता है। परंतु इसका गठन शुद्ध चकमक की तरह समांग न होकर खुरदरा होता है। इसका रंग स्लेटी, काला और भूरा होता है। यह कार्बन युक्त चूने पत्थर में पाया जाता है। उपकरण निर्माण में चर्ट का प्रयोग शुद्ध चकमक के स्थान पर किया गया है।

chisel — **छेनी**

धातु की छोटी छड़ से बना एक उपकरण जिसका एक सिरा तेज धार युक्त होता है। यह विभिन्न प्रकार के पदार्थों की सतह को काटने, उत्कीर्णन, खराद आदि में काम आता है। छेनी का प्रयोग हथोड़े की सहायता से किया जाता है।

chopper — **गंडासा, चॉपर, टोका, खंडक**

एक वृहद् बटिकाश्म जिसकी कर्तनधार का शल्कन केवल एक ओर किया जाता है। सामान्यतः खंडक का निर्माण ग्रंथिल चकमक, बटिकाश्म तथा अन्य उपयुक्त पदार्थों से किया जाता है। इसकी परिधि के एक अंश का शल्कन स्पष्ट रूप से किया जाता है यद्यपि इसकी कर्तन-धार असमान होती है।

choronology — **1. कालानुक्रम 2. तैथिकी**

पुरातात्विक स्थलों या संस्कृति के प्रागैतिहासिक कालों का वर्गीकरण जिसमें उनके स्तर विन्यास, प्ररूप वर्गीकरण अथवा वास्तविक तिथि निर्धारण का ध्यान रखा गया हो।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

c hthonion — **थोनियन**

यूनानी धर्म में, अधोलोक के देवता जो बहुधा मृत पितरों की आत्माएं होती हैं। इनका प्रतीक सर्प है।

cicatrization — **क्षतांकन**

शरीर को अलंकृत करने के लिए जानबूझकर क्षत चिह्न बनाना। क्षतांकन त्वचा को खरोंच कर, काट कर, चुभोकर, जलाकर या किसी अन्य विधि से उस पर निशान बनाकर किया जाता है। क्षत को प्राकृतिक रूप में ठीक होने दिया जाता है जिससे सादे निशान बन जाते हैं। ये प्राय थोड़े-से दबे हुए होते है। या फिर, उन निशानों को बढ़ाया जाता है ताकि वे गहरे घावों का रूप धारण कर लें। उद्भृत चिह्न (केलोइड) कटे स्थान पर निरंतर रगड़ द्वारा और बाहरी वस्तु के निवेशन द्वारा बनाए जाते हैं।

cicisbeism — **उपपति प्रथा**

समाज सम्मत प्रथा जिसमें विवाहिता स्त्री को पति के अतिरिक्त कोई प्रेमी रखने की अनुमति दी जाती है।

cicisbeo — **उपपति**

विवाहिता स्त्री का स्वीकृत प्रेमी जो उसका पति नहीं होता।

cinerary urn — **(शव) भस्म-पात्र (शव) भस्म कलश**

शव दाह संस्कार के उपरांत अवशेषों को रखने के लिए प्रयुक्त बड़ा मृदा पात्र।

cist — **ताबूत**

नव पाषाण युग में पत्थरों की बनी शवपेटिका जिसमें शव रख कर दफनाए जाते थे।

cist grave — **ताबूती कब्र**

प्रस्तर पट्टों से चिनी गई नवपषाण कब्र।

Clactonian — **क्लेक्टोनी**

पूर्व पुराप्रस्तर चकमक उद्योग विशेषकर महा अंतर्हिमनदीय (मिडेल-रिस) काल में जिसका नाम ईसेक्स के क्लेक्टन-ऑन-सी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

स्थान के नाम पर पड़ा। इस युग में लकड़ी के नुकीले भाले के अतिरिक्त मानव हस्तकृतियों में तक्षित चकमक शल्क, अपखंडित वटिकाश्म पाए गए, जिनमें से कुछ को खंडक उपकरण कहा जा सकता है। स्वान्सकोम्ब तथा दूसरे स्थानों में क्लेक्टोनी उपकरण मध्य एश्यूली उपकरणों की तह के नीचे पाए गए। मध्य एश्यूली तहों में मुष्टि कुठार भी मिले हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि पूर्व एश्यूली तथा क्लेक्टोनी काल एक दूसरे के समवर्ती थे।

clactonian technique — **क्लैक्टोनी प्रविधि, क्लैक्टोनी तकनीक**

इस प्रविधि में क्रोड को हाथ में लेकर स्थिर प्रस्तर निहाई पर घुमा कर आघात किया जाता है। परिणामस्वरूप एक फलकीय शल्क खंडित होता है जिसका प्रहार-पट्ट (Striking platform) मुख्य शल्कन सतह से लगभग 120° का कोण बनाता है। परंतु यह प्रविधि केवल क्लेक्टोनी संस्कृति तक ही सीमित नहीं थी, इसका प्रयोग अन्य सभी संस्कृतियों एवं स्थानों पर भी किया जाता था जहां बड़े-बड़े क्रोडों से शल्क निकालने की आवश्यकता होती थी।

clan — **कुल, गण**

सामान्यतः बहिर्विवाही बंधुओं (kins) का समरक्तीय समूह जो एकपक्षीय होता है इसके सदस्य एक ही पूर्वज की संतान होते हैं। ये केवल पितृ-पक्षीय या मातृ-पक्षीय होते हैं। पूर्वज मानव, मानवसम प्राणी, पशु, पेड़-पौधा या निर्जीव वस्तु कुछ भी हो सकता है। गोत्र की सदस्यता जन्मजात होती है। परन्तु गोत्र के सदस्य अपने मूल पूर्वज के साथ वंशानुक्रमिक संबंध स्थापित करने में असमर्थ होते हैं।

दे० Sib. भी।

clans-man — **कुल बंधु**

एक ही कुल से संबंधित व्यक्ति।

classificatory term (kinship) — **वर्गबोधक शब्द**

1. मॉर्गन के अनुसार वर्गात्मक बंधुत्व-बोधक शब्द, जो भिन्न-शाखीय तथा स्वशाखायी दोनों ही संबंधियों के लिए एक साथ प्रयोग किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

2. जब दो या अधिक बंधुत्व वर्गों के व्यक्तियों के लिए एक ही शब्द प्रयुक्त हो तो ऐसे शब्द को वर्गात्मक बंधुत्व-बोधक शब्द कहते हैं। इन बंधुत्व वर्गों की व्याख्या पीढ़ी, लिंग तथा वंशावली संबंधों के आधार पर की जाती है। जैसे आंग्ल समाज में एक ही शब्द 'अंकल' (uncle) का प्रयोग चाचा, मामा, ताऊ, फ़फा, मौसा सभी के लिए किया जाता है।

clay slip — **मृत्तिका पत्तर**

मृदा तथा जल का गारा जिसका प्रयोग भांड की ढलाई में अधोलेप की तरह तथा कुछ मृदा के साथ अग्नि-काचन के रूप में किया जाता है।

clay soil — **चिकनी मिट्टी**

मिट्टी जिसमें महीन कणों तथा कोलाइडी पदार्थ की अधिकता रहती है, और जो गीली होने पर चिपचिपी हो जाती है।

cleaver — **विदारणी**

एक कूदप्वां जिसकी कर्तन धार चौड़ी होती है। यह दो शल्क क्षतचिह्नों के एक लघु कोण पर मिलने से बनती है। कुछ चौड़ा और अंडाकार कूदप्वां जिसका सिरा नुकीला न होकर चौड़ी धार वाला होता है पूर्व पुरा-प्रस्तर युग में यूरोप में बहुत कम प्रचलित था। परंतु यूरोप के बाहर बहुत-से स्थानों पर इसका प्रयोग अधिक व्यापक था।

cleromancy — **कंकड़ी प्राक्ख्यापन; भाग्य पत्रक प्राक्ख्यापन**

समतल सतह पर फेंकी गई गुटिकाओं से बने आकार का निरीक्षण कर प्राख्यापन करने की विधि।

clinker (boat) — **क्लिंकर, पटल नौका**

मछली पकड़ने के लिए प्रयुक्त एक प्रकार की नौका जो यूरोप के तटीय भागों में 8वीं से 10वीं शताब्दी तक प्रचलित थी। इसकी विशेषता इसकी निर्माण-शैली है। इसमें प्रत्येक पटल के ऊपरी सिरे से निचले पटल को ढक कर बनाया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

clog almnac — **काष्ठ पंचांग (प्राचीन डेनमार्क)**

डेनमार्क का काष्ठ पंचांग जो मजबूत लकड़ी का बना होता था तथा जिसमें दिनों, सप्ताहों तथा मासों को प्रदर्शित करने के लिए खांचें बनी होती थीं। इसमें उत्सव, चंद्रावस्थाएं तथा पवित्र दिन सामने की ओर अंकित होते थे।

closed society — **संवृत समाज**

ऐसी वर्ग पद्धति अथवा समाज, जिसमें सामाजिक वर्ग मुख्यतः परिवार की प्रस्थिति पर आधारित होता है, वैयक्तिक योग्यताओं और उपलब्धियों पर नहीं। संवृत्तवर्गी पद्धति विवृतवर्गी पद्धति तथा जाति-पद्धति के बीच का रूप मानी जाती है। वास्तव में जाति-पद्धति संवृत समाज का ही एक रूप है।

coa — **कोआ**

उत्तरी तथा दक्षिणी अमरीका के मध्य भाग में प्राप्त एक खंती।

cochise culture — **कोचिस संस्कृति**

दक्षिण पूर्वी अरीज़ोना तथा निकटवर्ती न्यूमैक्सिको की प्रागैतिहासिक संस्कृति जिसकी प्रमुख विशेषताएँ चपटी पेषणी की बहुलता तथा प्राथमिक अवस्था में रक्षात्मक शस्त्रों का अभाव है। बाद में इस संस्कृति में बीज संग्रहण से आखेट अर्थव्यवस्था में परिवर्तन होने के प्रमाण मिलते हैं।

cock boat — **अनुयान नौका**

एक छोटी नौका जिसका प्रयोग बड़ी नौका या पोत के साथ अनुयान की तरह किया जाता है।

coemptio — **क्रय विवाह, कोएंपशियो**

पति द्वारा प्रतीकात्मक रूप में वधू को खरीदना। यह प्रथा प्राचीन रोम में ऐसे विवाह संस्कार के लिए प्रचलित थी जो पुरोहित के बिना संपन्न होता था।

cognate — **मातृबंधु**

ऐसे सभी संबंधी जो रक्त द्वारा आपस में संबंधित हों। बहुधा इनकी उत्पत्ति एक ही मूल पूर्वज से मानी जाती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

cognomen — **कुलनाम**

व्यक्ति के अपने नाम के साथ जुड़ा दूसरा या तीसरा नाम जो उसकी जाति, वंश-टोटम, पूर्वज, पिता अथवा उसके मूल स्थान का द्योतक हो सकता है।

coiled basketry — **कुंडलित करंड रचना, कुंडलित टोकरी-साजी, कुंडलित चंगेरिका-कर्म**

करंड कार्य जिसमें बुनाई और सिलाई दोनों सम्मिलित है। यह काम बहुधा नुकीले उपकरण से किया जाता है। इस उपकरण से पहले छिद्र बनाया जाता है जिससे बाना सूत्र निकाला जाता है। इस प्रविधि में चपटी या आरोही कुंडली आधार का कार्य करती है। इसकी अन्य कुंडलियों के साथ सिलाई भी होती जाती है। यह कुंडली बेंत, घास, पत्तियों की पट्टियों, रेशे अथवा अन्य किसी वस्तु की बनी होती है। आरंभ में इस शिल्प में हड्डी के सुए से काम किया जाता था।

कैलिफोर्निया के अमेरिन्डियन समुदायों में कुंडलित कार्य के उदाहरण विशेष रूप से मिलते हैं।

collateral kin — **भिन्नशाखीय स्वजन, संपार्श्विक स्वजन, भिन्नशाखीय ज्ञाति, संपार्श्विक ज्ञाति**

ऐसे सभी स्वजन जो केन्द्र व्यक्ति के एकरेखीय संबंधी न होकर उसी वंश के हों। जैसे चाचा, मामा इत्यादि।

collecting economy — **संचयी अर्थव्यवस्था**

ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें मनुष्य वन्य खाद्य कंद, मूल, फल, फूल इत्यादि का संग्रह कर जीवन-निर्वाह करता है। संस्कृति के प्रारंभिक चरणों में कृषि कर्म के पूर्व मानव समाज में यही अर्थव्यवस्था मिलती है।

colluvial deposit — **शैल मलवा निक्षेप**

शैल मलवे अथवा मृदा पदार्थ का पंचगेल ढेर जो प्राथमिक रूप से ढलानों के आधार तल पर गुरुत्व-प्रक्रिया द्वारा एकत्रित हो जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

colour bar — **रंग-भेद, वर्ण-भेद**

विभिन्न कार्यों में काले लोगों को गोरे लोगों के साथ भाग लेने से रोकना या अनुमति न देना, उनके साथ कठोरता का व्यवहार करना और सामाजिक भेदभाव बरतना। इस प्रकार कुछ व्यवसाय परंपरा से काले लोगों के लिए निषिद्ध होते हैं और कुछ उन्नत व्यवसायों से उन्हें कानून द्वारा बहिष्कृत कर दिया जाता है। सिद्धांततः रंगभेद की रीति का व्यवहार श्वेत व अश्वेत दोनों ही वर्गों के लोग एक दूसरे के विरुद्ध कर सकते हैं।

combe-capalle culture — **कोम्बकपेल संस्कृति**

फ्रांस में कोम्बकपेल के शैलाश्रयों में प्राप्त कोम्बकपेल मानव की संस्कृति जो ओरिग्नेशी संस्कृति से संबंधित है।

combed pottry — **कंकतित मृद्भाण्ड**

1. उत्तरी यूरोप में प्राप्त एक प्रकार का मृद्भांड जो अर्धवृत्ताकार कंघे के आकार का होता है।

2. ऐसे मृद्भांड जिन पर किसी अन्य रंग की चिकनी मिट्टी से लेप कर कंघे के समान दंतुरित उपकरण से अलंकृत किया गया हो।

common law — **लोकविधि**

किसी समाज में प्रचलित वे नियम जिन्हें सांविधिक कानून का रूप नहीं दिया जाता पर जिन्हें सामाजिक स्तर पर मान्यता प्राप्त होती है।

common law marriage — **प्रथागत विवाह**

क्षेत्रीय अथवा सामाजिक रीति के अनुसार वैवाहिक स्त्री और पुरुष का समझौता। इस प्रकार के वैवाहिक समझौते को चर्च अथवा देश के कानून से मान्यता प्राप्त नहीं होती।

communal feast — **सहभोज**

सामुदायिक भोज जिसका एक प्रतीकात्मक अर्थ तथा विशेष सांस्कारिक स्वरूप होता है। ये भोज व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे जन्म, विवाह, मृत्यु आदि के अवसरों पर आयोजित किए जाते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सामुदायिक गृह

communal house

बहुधा आदिम जनजातियों में अच्छा बड़ा स्थान या कुटीर जिसमें 15–20 लोग रह सकते हैं और जो उक्त समाज के प्रमुख कार्य कलाप का केंद्र होता है।

दे० 'domitory.' भी

समुदाय, बिरादरी, संप्रदाय

community

ऐसे लोगों का प्रकार्यात्मक रूप से संबंधित समूह जो एक विशिष्ट समय में विशेष भौगोलिक स्थान पर रहते हैं और जिनकी संस्कृति समान होती है। ये लोग एक सामाजिक संरचना के रूप में व्यवस्थित होते हैं, और एक समूह के नाते अपनी अनन्य और पृथक स्थिति के प्रति जागरूक रहते हैं।

community disorganization **समुदाय विघटन**

समुदाय में स्थापित सामाजिक संबंधों का विघटन।

community organization **सामुदायिक संगठन**

1. समुदाय का कार्यात्मक संगठन अर्थात् वह रूप जिसमें वह अपने सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संगठित होता है।

2. समुदाय के प्रमुख समूहों के बीच परस्पर संबंधों का संरूप।

composite family **सम्मिश्र कुटुम्ब, सम्मिश्र परिवार**

दो या अधिक मूल परिवारों से मिल कर बना परिवार जिसका निवास एक ही स्थान पर एक एकक के रूप में होता है। इसमें विस्तृत परिवार अथवा बहुपत्नी एवं बहुपति परिवार सम्मिलित होते हैं।

community study

समुदाय अध्ययन

मानव व्यवहार के अध्ययन की विधि जो समुदाय-विशेष के संपूर्ण विश्लेषण पर केंद्रित होती है। यह अध्ययन-पद्धति का एक अनुप्रयुक्त रूप है जिसमें समुदाय को विश्लेषण एकक माना जाता है।

comparative ceramics

1. तुलनात्मक मृत्तिका कला

2. तुलनात्मक मृद्भांड

मृद्भांड के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा प्राचीन संस्कृति का काल-निर्धारण करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

comparative method **तुलनात्मक प्रणाली**

वह कार्य विधि जो उन घटनाओं का स्पष्टीकरण करती है जिनमें विभिन्न निष्कर्षों पर आधारित समानताएँ या भिन्नताएँ होती हैं और जिनके कारण वे तुलना का विषय होती हैं।

इस प्रणाली के दो उद्देश्य हैं :—

1. उन कारण-तत्वों का वर्गीकरण जिनके द्वारा इस प्रकार की घटनाओं का विकास हुआ है।
2. घटनाओं में तथा उनके बीच में अंतःसंबंधों के संरूप का वर्गीकरण।

composite bow **सम्मिश्र धटुंष**

लोचदार दंड वाला धनुष जिसका दंड दो या अधिक भिन्न तत्वों से बनाया जाता है, जैसे शृंग की पत्तियां, ह्वेल मछली की हड्डी, लकड़ी इत्यादि जिन्हें कंडरों से बांध कर मजबूत बनाया जाता है।

composite family **समिश्र कुटंब**

दो या अधिक मूल परिवारों से मिल कर बना परिवार जिसका निवास एक ही स्थान पर एक एकक के रूप में होता है। इसमें विस्तृत परिवार अथवा बहुपत्नी एवं बहुपति परिवार सम्मिलित होते हैं।

composite tool **बहूपयोगी औज़ार, बहूपयोगी उपकरण**

बहुत से अवयवों वाला उपकरण जिसके प्रत्येक अवयव के विशेष गुण होते हैं जैसे अस्थिदंड में लघु शल्क लगाकर उसका प्रयोग चाकू फलक तथा आरी दोनों की तरह किया जा सकता है।

compound bow **संयुक्त धनुष**

एक ही प्रकार की सामग्री के दो या अधिक टुकड़ों को एक साथ बांध कर बनाया गया धनुष। यह साधारण धनुष से अधिक मजबूत होता है।

concave scraper **अवतल खुरचनी, अवतल क्षुरक, अवतल क्षुरणी**

प्रस्तर का एक शल्क जिसके पार्श्व पर एक वक्र खांच होती है। यह विशेषकर काष्ठ अथवा अस्थि के अस्त्रों के परिष्करण के लिए प्रयुक्त होता था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

conceptual approach — **संप्रत्यात्मक (विचार) उपागम**

विज्ञान की किसी भी शाखा के अध्ययन की एक विधि जिसमें उसकी मूल संकल्पनाओं के स्पष्टीकरण को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्हें अग्रिम विश्लेषण, संगठन, विस्तार और आधार सामग्री की व्याख्या के साधन के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। यह उपागम ऐतिहासिक तथा समस्या-मूलक उपागम से भिन्न है।

conditional curse — **सोपाधिक शाप**

वह शाप जो कुछ विशेष कर्म-कांड अथवा किसी अभिचार का पालन न करने पर मिलता है और जिसका दुर्भाग्यपूर्ण प्रभाव शापित वस्तु पर पड़ता है।

cone of percussion — **समाघात शंकु**

आघात कंद का लगभग शंक्वाकार प्रक्षेप जिसके चारो ओर थोड़ा उभार-सा होता है। शंकु का आकार आघात के बल पर निर्भर होता है। जब चकमक के मध्य में किसी एक बिंदु पर प्रहार किया जाता है तो कभी-कभी चकमक के दो खंड हो जाते हैं। इसमें से ऊपरी भाग टोपी के आकार का होता है जिसका भीतरी भाग अवतल होता है। दूसरा खंड स्तनाग्र की भांति उत्तल होता है जो पहले भाग पर ठीक बैठता है। इसी उभरे हुए भाग को समाघात शंकु कहते हैं।

configuration — **संविन्यास, संस्थिति**

परस्पर संबंधित भागों का संगठित संरूप। संविन्यास के अध्ययन में विभिन्न भागों का विश्लेषण पृथक-पृथक न कर दूसरे के संदर्भ में किया जाता है और संपूर्ण संरचना पर बल दिया जाता है।

congregation — **1. समवेतता 2. धर्म संगीत**

ईश्वर की पूजा तथा धार्मिक आदेश के लिए बुलाई गई सभा जिसे सतसंग भी कहते हैं।

conjugal family — **दांपत्यमूलक कुटुम्ब, दांपत्यमूलक परिवार**

परिवार जिसमें विवाहित युग्म, उनके बच्चे तथा संबंधी आते हैं। दूसरे शब्दों में, यह पति, पत्नी तथा उनके अविवाहित बच्चों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

पर केंद्रित होता है। ऐसे परिवार में पति-पत्नी एवं बच्चों के संबंध कार्यात्मक रूप में प्राथमिक होते हैं तथा अन्य व्यक्ति उनके सहयोगी अथवा गौण होते हैं। दांपत्य मूलक परिवार को छोटा परिवार अथवा जैविक परिवार भी कहते हैं।

दे० 'biological family', 'nuclear family' भी

conjuror — **ऐंद्रजालिक, बाजीगर**

वह व्यक्ति जो हाथ की सफाई द्वारा असाधारण करतब दिखा कर दर्शकों को भ्रांति में रखता है और यह दर्शाता है कि वह अलौकिक शक्ति को वश में किए हुए है।

consanguine — **समरक्त**

एक ही रक्त से संबंधित अर्थात् एक ही वंश के।

दे० 'kin'

consanguineal relative — **रक्त संबंधी**

ऐसे संबंधी जो रक्त द्वारा अथवा सहपूर्वज द्वारा आपस में संबंधित होते हैं।

consanguine family — **समरक्त परिवार, समरक्त कुटंब**

परिवार संगठन का एक रूप जो जैविक परिवार तक सीमित नहीं होता बल्कि उसमें बहुत से रक्त संबंधियों का समावेश होता है। यहां व्यक्तिगत परिवार केन्द्र में न होकर परिधि में होते हैं। अर्थात् रक्त संबधियों के इस परिवार में भाई बहिनों और उनके माता-पिता आदि का विशेष महत्व होता है। समरक्त परिवार में बहुधा दो या तीन पीढ़ियों के सदस्य सम्मिलित रहते हैं।

consanguine group — **समरक्त समूह**

सामाजिक समूह जिसकी रचना रक्त संबंध के आधार पर की जाती है। ये रक्त संबंध वास्तविक के अतिरिक्त परिकल्पित अथवा मानित भी हो सकते हैं। इसमें सभी संबंधी बंधुत्व के सूत्र से बंधे होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

consanguinity — **समरक्तता, रक्त संबंध**

वास्तविक अथवा कल्पित सहपूर्वज के वंशानुक्रम के आधार पर स्थापित सामाजिक संबंध। समरक्तता या तो एकरेखीय होती है जिसमें एक व्यक्ति दूसरे का प्रत्यक्ष पूर्वज होता है। या फिर स्व-शाखीय होती है जिसका पूर्वज सामान्य होता है परंतु इसमें व्यक्तियों का परस्पर संबंध एकरेखीय नहीं होता।

consecration — **प्रतिष्ठापन**

व्यक्तियों, पशुओं, वस्तुओं को पवित्र मान कर उनकी प्रतिष्ठा अथवा स्थापना करना। यह प्रतिष्ठापन बलि, तावीज़, मंत्र, संगीत या दूसरी विधियों द्वारा किया जाता है।

constricted celt — **संकुचित कुठार**

एक उपकरण जिसकी आकृति कोरदार सेल्ट और पाल्सटेव दोनों का मिला-जुला रूप होती है। यह मध्य कांस्य युग के बोहेमिया और मोराविया की विशेषता है। अतः इसे कभी-कभी बोहेमी पाल्स-टेव भी कहते हैं।

contagious magic — **संक्रामक जादू**

इस विश्वास पर आधारित जादू कि यदि किन्ही वस्तुओं का आपस में संपर्क रहा है तो अलग होने पर भी वे एक दूसरे पर क्रिया एवं प्रतिक्रिया करती रहती हैं। उदाहरण के लिए किसी व्यक्ति के बाल, नाखून, रक्त, बर्तन आदि वस्तुओं पर जादू कर संबंधित व्यक्ति पर जादुई प्रभाव डाला जा सकता है।

contra-acculturation — **प्रति-परसंस्कृतिग्रहण**

जब प्रबल और दुर्बल दो संस्कृतियां एक दूसरे के संपर्क में आती हैं तो पहले दुर्बल संस्कृति विखंडित हो जाती है। परंतु फिर उसमें अपने खोए अस्तित्व की पुनः प्रतिष्ठा के लिए प्रतिक्रिया पैदा होती है। इसी प्रतिक्रिया को प्रति-परसंस्कृतिग्रहण कहते हैं।

contracted burial — **संकुचित शवाधान**

कब्र में शव को रखने की एक रूढ़िगत विधि जो प्राचीन शवा-धानों में व्यापक रूप से प्रचलित थी। इसमें शव एक ओर से इस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

प्रकार मुड़ा रहता है जैसे वह सो रहा हो। निचले अंग कभी-कभी मुड़े होते हैं और घुटने इस तरह चिबुक तक ले जाए जाते हैं कि वे रीढ़ से 90° का कोण बनाते हैं।

controlled flaking — **नियंत्रित शल्कन**

प्रस्तर घन के स्थान पर काष्ठ मुंगरी के द्वारा की गई (चकमक) शल्कन क्रिया। प्रस्तर घन के आघात के स्थान पर काष्ठ का आघात हल्का होने के कारण लंबे, पतले शल्क निकलते हैं।

convergence (cultural) — **अभिसरण (सांस्कृतिक)**

परिवर्तन की एक प्रक्रिया जिसमें उन लोगों के, जो भौगोलिक रूप में पृथक हैं, विषमजातीय संस्कृति लक्षण समय बीतने के साथ-साथ अधिकाधिक समान होते जाते हैं। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहती है जब तक ये संस्कृतियां लगभग एक दूसरे के समान नहीं हो जातीं। इस प्रक्रिया में ऐतिहासिक कारकों--जैसे परसंस्कृतिग्रहण अथवा विसरण का कोई योगदान नहीं होता।

convex scraper — **उत्तल खुरचनी, उत्तल क्षुरक, उत्तल क्षुरणी**

उत्तल कार्य धार वाला प्रस्तर शल्क जो मुख्यतः पशुओं के चर्म को खुरचने के काम आता है।

copper age — **ताम्र युग**

यूरोप तथा एशिया में नवप्रस्तर युग तथा कांस्य युग के मध्य का काल जिसमें ताम्र का प्रयोग अधिक मात्रा में होता था।

coracora — **कोराकोरा**

तहिती जन की एक बड़ी युद्ध नौका (कनु)।

cordate handaxe (=cordiform handaxe) — **हृदयाकार हस्तकुठार**

पूर्वकालीन मोस्तारी उपकरण कूदप्वां जो चपटा तथा छोटा और समभुजीय तथा त्रिभुजीय होता है। इसकी धार तेज तथा सीधी होती है और यह लघु शल्क क्षतचिह्नों द्वारा कटाई कर परिष्कृत किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

corded pottery — **डोरीदार मृद्भांड**

यूरोप में नवपाषाण महाकल्प के मृद्भांड जो डोरी से चिह्नित होते थे। भांडों को पकाने से पूर्व बलदार डोरियों द्वारा दबाकर उन पर निशान अंकित किए जाते थे।

cordiform handaxe — **हृदयाकार हस्तकुठार**

दे० 'corbate handaxe'.

cordoned pottery — **पट्टीदार मृद्भांड**

मृत्तिका की उद्भृत धारियों द्वारा अलंकृत मृद्भांड।

core — **क्रोड**

एक प्रस्तर पिंड जिसमें से शल्क उतार कर उपकरण बनाए जाते हैं।

core scraper — **क्रोड खुरचनी, क्रोड क्षुरक**

क्रोड पर बनी खुरचनी जो एक छोटे शंकु के आकार से मिलती है और जिसकी कार्यधार चपटी समतल सतह से विषम फ्लूटिंग कटान द्वारा बनाई जाती है।

core tool — **क्रोड उपकरण, क्रोड औज़ार**

प्रस्तर पिंड से शल्क उतार कर बनाया गया उपकरण। इसके शल्क तब तक उतारते रहते हैं जब तक पिंड अपेक्षित आकार न ले ले।

corita — **कारिटा**

करंड से बुनकर बनाया गया तरंड जिसका प्रयोग कॉलोराडो के निचले भाग में नौका की तरह किया जाता था।

corporeal property — **भौतिक संपत्ति**

वह संपत्ति जो मूर्त तथा स्पर्शगोचर हो।

corroboree — **कारोबरी**

आस्ट्रियाई आदिम जनों का जनजातीय नृत्य अथवा समारोह।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

carvee

बेगार

वह प्रथा जिसमें बिना किसी पारिश्रमिक के साधारण जनों को श्रम करने के लिए बाध्य किया जाए।

coulter
(=colter)

कोल्टर (रोमन हल का फाल)

धातु का एक टुकड़ा जो हल के फाल के सामने ऊर्ध्वाधर या खड़े रूप में लगा होता था। प्राचीनकाल में उत्तरी पश्चिमी यूरोप में इस प्रकार के हल का प्रयोग किया जाता था।

coup-de-poing

कूदप्वां

अबेवीली काल का एक विशिष्ट द्विमुखी प्रस्तर हस्त कुठार जो एक क्रोड उपकरण है और जिसका ऊपरी तथा निचला भाग पूरी तरह से तराशा हुआ और बीच की धार तेज़ होती है। इस उपकरण को पकड़ने वाला भाग कुंद होता है। इसका आकार अंडे या नाशपाती की तरह होता है। कूदप्वां उपकरण-वर्ग का यूरोप की अबेवीली और ऐश्यूली संस्कृति से घनिष्ठ संबंध है।

couvade

कूवाद, ब्याज प्रसूति

विश्व की विभिन्न आदिम जातियों में प्रचलित एक प्रथा जिसके अनुसार संतान के जन्म के समय मां के साथ साथ पिता भी प्रसूति क्रिया का अभिनय करता है। पिता अपने पलंग पर लेट जाता है और प्रसव की पीड़ा की अनुभूति करता है। इसके बाद वह व्रत, उपवास आदि सभी अनुष्ठानों का प्रतिपालन करता है।

covert culture
(=implicit culture)

अप्रकट संस्कृति

संस्कृति के ऐसे तत्व जिन्हें केवल अनुभूत अथवा अभिगृहीत किया जा सकता है। ये मानव के व्यवहार और विचारों में अंतर्निहित रहते हैं। इनका विश्लेषण केवल प्रशिक्षित व्यक्ति ही कर सकते हैं। साधारणजन इनके प्रति जागरूक नहीं होते। बहुधा उसी संस्कृति के व्यक्ति इन्हें पहिचान नहीं पाते। चूंकि इन अवधारणाओं को वे पूर्ण रूप से ग्रहण कर चुके होते हैं अतः इन्हें इनका बोध नहीं होता। दूसरी संस्कृति के लोग ही इन्हें समझ सकते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

cranial amulet — **कपाली तावीज़**

युद्ध में हत् व्यक्ति के कपाल को छिद्रित कर बनाया गया तावीज । ऐसा विश्वास है कि इस कपाल से बनाए गए तावीज़ में कुछ जादुई गुण होते हैं ।

cranial deformation — **कपाली विरूपण**

सौंदर्य अथवा दूसरे कारणों से शिशु के कोमल शीर्ष को चपटा, लंबा अथवा शंक्वाकार बनाने का प्रयास । इसके लिए पटरे अथवा कपड़े की पट्टियों आदि का प्रयोग किया जाता है ।

crazing — **खंडकांचन**

मृद्भांड बनाने में कांचिका का सांयोगिक विभंग होना, जिसे मृद्भांड कला में सुंदर माना जाता है । बहुधा प्राच्य कुंभकार नाना-विधियों से कांचिका भंग का आभास देते हैं ।

crescentic blade — **अर्धचंद्राकार फलक**

अर्ध-चंद्रमा के आकार का लघु पाषाण ।

crescentic point — **अर्धचन्द्राकार वेधनी**

अर्धचंद्र के आकार का प्रस्तर अस्त्र ।

Creswellian culture — **क्रैसवेली संस्कृति**

ब्रिटेन में उत्तर पुरापाषाण काल की एक संस्कृति जो वहां क्रैसवेल क्रैग में पाई गई । इसके प्रमुख उपकरण समलंब, कुंठित फलक तथा इकधार फलक हैं ।

crithomancy — **आटा प्राक्ख्यापन**

आटे के कणों द्वारा बने नमूने के अध्ययन द्वारा प्राक्ख्यापन करने की विधि ।

Cro-Magnon art — **क्रोमेन्योन कला**

दे० 'cave Art'.

Cromerian industry — **क्रोमरी उद्योग**

इंगलैंड के क्रोमर स्थान में प्राप्त पूर्व-पाषाण युग का शल्क उद्योग । ये प्रारंभिक शल्क अस्त्र आकार में बहुत बड़े होते हैं । इनमें

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

काटने और खुरचने दोनों ही प्रकार के अस्त्र मिलते हैं। यहां कुछ रूक्ष मुष्टि कुठार भी पाए गए हैं।

cromlech — **शिलामंडल, शिलास्मारक, क्रोमलेख**

एकाश्म स्तंभों का घेरा जो किसी महापाषाण तुंब अथवा टीले के चारों ओर संरचित होता है।

cross-bow — **क्रॉस धनुष**

एक प्रकार का धनुष जो एक मोटी लकड़ी के आधार पर लगा होता है। इसमें एक छेद होता है। धनुष को छेद के भीतर डाला जाता है। इस लकड़ी के ऊपरी हिस्से में लंबाई की ओर खांच होती है। इस खांच में बाण रखा जाता है। धनुष की डोरी को बाण के तल पर तान कर फंसाया जाता है। इसमें एक ऐसा यंत्र होता है जिसको दबा कर छोड़ने से बाण वेग से छूटता है।

cross-cousin marriage — **भ्राता-भगिनि संतति विवाह, मेनारिक संबंध (तेलुगू)**

ऐसा विवाह जिसमें व्यक्ति केवल बुआ अथवा मामा की पुत्री के साथ ही विवाह कर सकता है।

cross-cousins — **ममेरे-फुफेरे भाई बहन, भ्राता-भगिनि संतिति**

विलिंग सहोदरों अर्थात् भाई तथा बहिन की संतान।

cross-cultural (study) — **अंतःसांस्कृतिक (अध्ययन)**

विभिन्न संस्कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन जैसा कि नृजातिविज्ञान में किया जाता है।

cross-cultural index (=Human Relations Area File) — **अंतःसांस्कृतिक सूचकांक**

केंद्रीय संग्रहालय अथवा संचिका जिसमें विश्व भर की संस्कृतियों के बारे में सूचना संग्रहीत की गई हो। इस संचिका में भिन्न संस्कृतियों और विषयों के विस्तृत प्रकार पर सामग्री एकत्र होती है जो मुल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

स्रोतों या विशेषकर क्षेत्र सर्वेक्षणों द्वारा प्राप्त की जाती है और जिसे विषय तथा संस्कृति विशेष के अनुसार संकलित एवं अनुक्रमित किया जाता है ।

crotched stick (=digging stick) — **खंती**

नुकीले सिरे वाली छड़ी जिसे कभी-कभी द्विशाखित तथा अग्नि द्वारा मज़बूत बनाया जाता था। संभवतः यह मनुष्य का सबसे प्राचीन काष्ठ उपकरण है जो कंदमूल खोदने के काम आता था ।

crypt — **भूमिगृह, तलघर**

छोटा गुप्त कक्ष जो साधारणतया धार्मिक इमारत के नीचे बना होता है और पवित्र अवशेषों को रखने के काम आता है ।

cult — **1. संप्रदाय, पंथ, मत**
2. उपासना विधि, उपासना पद्धति, पूजा पद्धति

धार्मिक कर्मकांडों और प्रथाओं का समूह जो एक विशिष्ट देवता अथवा अलौकिक शक्तियों के समूह की पूजा अथवा प्रसादन से संबद्ध है । यह समाज की धार्मिक संस्थाओं का एक विशिष्ट अंग है ।

cult object — **उपासना वस्तु**

श्रद्धा, भक्ति या कर्मकांडी तथा प्रतीकात्मक मूल्य की वस्तु जो धार्मिक अनुष्ठान का एक अंग होती है ।

cult of the ancestors — **पूर्वज कल्प**

दे० 'ancester cult'.

cult of the dead — **मृतकोपासना**

ऐसी आनुष्ठानिक रीतियां जो मृतकों की प्रेतात्माओं के प्रसादन अथवा परिहार से संबद्ध होती हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

cultural anthropology

सांस्कृतिक नृविज्ञान

सांस्कृतिक नृविज्ञान मानव संस्कृतियों की उत्पत्ति, इतिहास उनके उद्विकास एवं विकास का अध्ययन है। इसमें मानव संस्कृति की संरचनाओं एवं कार्य प्रणालियों का अध्ययन किया जाता है।

cultural change

सांस्कृतिक परिवर्तन

किसी भी संस्कृति के विशेषकों या तत्वों में घटित परिवर्तन। ये परिवर्तन नवप्रर्वतन, आविष्कार, खोज अथवा दूसरे समाजों के संपर्क में आने पर घटित होते हैं।

cultural determinism

संस्कृति नियतत्ववाद

एक संकल्पना जिसके अनुसार सांस्कृतिक प्रणाली मानवीय व्यवहार के अन्य पक्षों पर निश्चित प्रभाव डालती है। यह प्रभाव इस प्रकार का होता है कि ये पक्ष केवल इस प्रभाव के कारण ही अस्तित्व में आते हैं।

यह संकल्पना विवादास्पद है।

cultural drift

सांस्कृतिक प्रवाह

सांस्कृतिक प्रवाह से तात्पर्य संस्कृति व्यवस्था में आंतरिक परिवर्तन से है। हर्सकोवित्स के अनुसार प्रवाह सांस्कृतिक परिवर्तन की एक प्रधान प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया छोटी-छोटी विभिन्नताओं के संचयन का परिणाम होती है। इसका संपूर्ण प्रभाव एक कालावधि में ऐसा परिवर्तन लाता है जिसका आभास नित्यप्रति के जीवन में लक्षित नहीं होता। सांस्कृतिक प्रवाह परिवर्तन की दिशा को व्यक्त करता है।

cultural ethos

सांस्कृतिक ईथॉस

किसी संस्कृति अथवा उपसंस्कृति से संबंधित प्रमुख विचार, मूल्य तथा आदर्श जो उसे एक विशिष्ट रूप प्रदान करते है।

cultural evolution

सांस्कृतिक उद्विकास

एक समय-सापेक्ष क्रमिक प्रक्रिया जो सतत् तथा सामान्यतः संचयी और विकासोन्मुख होती है। इससे सांस्कृतिक घटनाओं में एक रूप या स्तर से दूसरे स्तर में व्यवस्थित परिवर्तन होते रहते हैं। संस्कृति पर उद्विकास का सामान्य सिद्धांत लागू होने की प्रक्रिया

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

को सांस्कृतिक उद्विकासवाद कहा जाता है । 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में संस्कृति उद्विकास को विकास की संज्ञा दी गई । यह मत आज भी मान्य है ।

सांस्कृतिक जड़ता

cultural inertia

एक अवधारणा जिसके अनुसार संस्कृति-विशेषक तथा संस्कृति संकुल अपनी उपयोगिता समाप्त होने के पश्चात् भी अवस्थित रहते हैं।

सांस्कृतिक एकीकरण

cultural integration

सांस्कृतिक एकीकरण का अभिप्राय संस्कृति के विभिन्न तत्वों, रीतिरिवाजों तथा संस्थाओं की कार्यात्मक अन्योन्याश्रिता तथा सुदृढ़ीकरण से है ।

सांस्कृतिक द्वीप

cultural island

वह स्थानीय सांस्कृतिक क्षेत्र जिसमें प्रचलित सांस्कृतिक गुण आसपास के क्षेत्रों में प्रचलित गुणों की तुलना में अनन्य होते हैं ।

सांस्कृतिक पश्चता

cultural lag

वह अवस्था जिसमें संस्कृति का कोई एक पक्ष उसके अन्य पक्षों की तुलना में पिछड़ा रह जाता है, विशेषतः वह स्थिति जिसमें भौतिक अथवा औद्योगिक संस्कृति विशेषकों की अपेक्षा अभौतिक विशेषकों का विकास मंदगति से होता है ।

सांस्कृतिक बहुवाद, बहु संस्कृतिवाद

cultural pluralism

सांस्कृतिक बहुवाद से तात्पर्य ऐसे समाज की स्थिति से है जो सांस्कृतिक रूप से विषमांग हो । ऐसे समाज में सजातीय तथा अल्पसंख्यक समूह अपना-अपना पृथक सांस्कृतिक अस्तित्व बनाए रखते हैं ।

सांस्कृतिक सापेक्षवाद

cultural relativism

एक नृवैज्ञानिक अवधारणा जिसके अनुसार व्यवहार के मानक प्रत्येक सांस्कृतिक परंपरा के सापेक्ष माने जाते हैं । किसी संस्कृति में व्यक्त मूल्यों को उस संस्कृति से सम्बद्ध लोगों के जीवन के प्रति उनके विचारों के आधार पर ही समझा तथा मूल्यांकित किया जाना चाहिए ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

cultural substitution

सांस्कृतिक प्रतिस्थापन

वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक सांस्कृतिक तत्व किसी दूसरे सांस्कृतिक तत्व का स्थान पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से ग्रहण कर लेता है ।

cultural survival

सांस्कृतिक अवशेष, सांस्कृतिक उत्तरजीविता

एक सिद्धांत जिसके अनुसार कुछ प्रक्रियाएँ, रीतिरिवाज, विचार इत्यादि लोगों के अभ्यास के परिणामस्वरूप समाज की नई स्थिति में भी प्रचलित रहते हैं जब कि समाज की स्थिति परिवर्तित हो चुकी होती है और उपर्युक्त तत्वों की उपयोगिता भी प्रायः समाप्त हो जाती है । इस प्रकार समाज में ये तत्व पुरानी संस्कृति के प्रमाण स्वरूप रहते हैं जिससे नई संस्कृति का उद्भव हुआ है । नृविज्ञान में यह सिद्धांत टॉयलर ने प्रतिपादित किया था । किंतु बाद में मैलिनोस्की ने इस सिद्धांत का खंडन किया।

cultural theme

सांस्कृतिक विषय

ऑपलर के अनुसार संस्कृति-विषय अनेक संकलन सिद्धांतों के चारों और व्यवस्थित हो सकता है जिन्हें वे विषय कहते हैं । ऐसे प्रगट अथवा निहित अभ्युपगम या मत जो सामान्यतः समाज के लोगों के व्यवहार का नियंत्रण करते हैं या क्रिया कलापों को उद्दीपित करते हैं । ये अभ्युपगम समाज में अव्यक्त रूप से स्वीकृत अथवा प्रगट रूप में समर्थित होते हैं ।

cultural variation

सांस्कृतिक विविधता

वह स्थिति जो मानव समुदायों में सांस्कृतिक विविधताओं को निर्दिष्ट करती है ।

culture

संस्कृति

संस्कृति की परिभाषाएं अनेक हैं । नृवैज्ञानिकों ने इस संकल्पना को विभिन्न दृष्टिकोण से परिभाषित किया है जिनमें से कुछ विद्वानों द्वारा दी गई परिभाषाएं निम्न हैं:—

1. "संस्कृति वह संकुल समग्रता है जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला, आचार, कानून, प्रथा तथा अन्य क्षमताओं और आदतों का

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

समावेश रहता है जिन्हें मनुष्य समाज के सदस्य के रूप में उपार्जित करता है।"—टायलर

2. अधिगत और संप्रेषित पेशीय प्रतिक्रियाओं, आदतों, प्रविधियों, विचारों और मूल्यों का सम्मिश्र—और इनके द्वारा प्रेरित व्यवहार संस्कृति कहलाते हैं।"—क्रोबर

3. "संस्कृति जीवनयापन की प्रकट और अंतर्निहित अभिकल्पों की ऐतिहासिक रूप से निर्मित वह व्यवस्था है जिसके किसी समय विशेष में समूह के सभी अथवा विशेष रूप से निर्दिष्ट सदस्य भागीदार माने जाते हैं।"—क्लकहॉन और कैली

4. "संस्कृति एक ऐसी समाकलित समग्रता है जिसमें मानव निर्मित उपस्कर, उपभोक्ता वस्तुएँ, विविध सामाजिक समूहों के संविधानिक अधिकारपत्र, (चार्टर) मानवीय विचार तथा शिल्प, विश्वास एवं रीतिरिवाज संनिहित रहते हैं।" —मेलिनोवस्की

5. "संस्कृति अधिगत व्यवहार और व्यवहार के परिणामों की समग्राकृति है जिसके घटक तत्वों के साझीदार विशिष्ट समाज के सदस्य होते हैं और उनका पारेषण समाज के सदस्यों द्वारा होता है।"—लिटन

culture area **संस्कृति क्षेत्र**

ऐसा भौगोलिक क्षेत्र जिसकी विभिन्न संस्कृतियों में कुछ सीमा तक परस्पर समानता होती है। इससे वह बाहर के क्षेत्रों की संस्कृतियों से स्वतः पृथक हो जाता है।

culture centre **संस्कृति केंद्र**

वह स्थान-विशेष जहां पर किसी संस्कृति क्षेत्र के विशिष्ट संस्कृति-विशेषक अथवा संस्कृति-संकुल सबसे अधिक मात्रा में संकेंद्रित मिलते हैं।

culture complex **संस्कृति संकुल**

किसी संस्कृति या संस्कृति-क्षेत्र के अंतर्गत प्रकार्यात्मक रूप में समाकलित एवं संरूपित संस्कृति-विशेषकों का संकलन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

culture conflict **संस्कृति द्वंद्व**

विभिन्न संस्कृतियों के अपूर्ण आत्मसात्करण से उत्पन्न व्यवहार के स्वरूपों तथा मूल्यों का द्वंद्व ।

culture construct **संस्कृति अभिकल्प**

संस्कृति अभिकल्प एक अमूर्त विवरण या व्याख्या है जोकि वास्तविक जीवन के यथार्थ पर आधारित होती है । लिंटन के मतानुसार मनुष्यों की जीवन शैली (life style) एक प्रसंग है और नृविज्ञानी जिस जीवन शैली का अध्ययन करके जो लिखता है, वह दूसरा प्रसंग है । जीवन शैली एक यथार्थ है और उसका विवरण इस यथार्थ का अमूर्तीकरण है । जीवन शैली संस्कृति है और इस जीवन शैली का विवरण संस्कृति-अभिकल्प है ।

culture contact **संस्कृति-संपर्क**

विभिन्न संस्कृति-समूहों के सदस्यों के बीच पारस्परिक संबंध जिसके परिणामस्वरूप संपर्क में आने वाली संस्कृतियों के संस्कृति-विशेषकों का विसरण होता है ।

culture convergence **संस्कृति अभिसरण**

दे० 'convergence (cultural)'

culture diffusion **संस्कृति प्रसार**

वह प्रक्रिया जिसके द्वारा संस्कृति-लक्षण, संस्कृति-संकुल अथवा संस्कृति-संरूप अपने मूल स्थान से दूसरे स्थानों तथा क्षेत्रों में फैलते हैं ।

culture hero **संस्कृति नायक**

एक कल्पित आकृति जो भिन्न रूपों में निरूपित की जाती है । यह किसी पशु, पक्षी, मानव अथवा यक्ष की आकृति हो सकती है जिसमें जनवर्ग ने उन सभी विशेषताओं को आरोपित कर लिया हो जो उस संस्कृति के लिए आवश्यक हैं ।

culture parallelism **संस्कृति समांतर**

इस परिकल्पना के अनुसार सर्वथा पृथक् संस्कृतियों में समान अथवा समरूप आविष्कारों अथवा सांस्कृतिक रूपों का स्वतंत्र रूप

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

से विकास होता है। संस्कृति-समांतर शब्द से इस सिद्धांत का भी संकेत मिलता है कि सभी संस्कृतियों का विकास बहुधा एक ही दिशा में होता है।

संस्कृति संरूप

culture pattern
(=culture configuration)

1. संस्कृति संकुलताओं का संगठन जो समाज के पूर्ण सांस्कृतिक विन्यास की रचना करता है। रूथ बेनेडिक्ट ने सर्वप्रथम इस परिकल्पना का प्रयोग किया था।

2. वे प्रमुख मूल्य तथा विश्वास जो किसी संस्कृति की विशेषताएँ होते हैं। ये समाज के प्रमुख संस्कृति विषय अथवा लोकाचार तत्व के समान होते हैं।

culture strain **संस्कृति लेश**

परसंस्कृति ग्रहण के प्रक्रम में विसंतुलन के कारण अस्थिरता तथा अशांति की व्यवस्था। यह नई संस्कृति को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने की इच्छा के बीच द्वंद्व का परिणाम होता है।

culture trait **संस्कृति विशेषक**

किसी संस्कृति की सरलतम प्रकार्यात्मक इकाई जिसमें विश्लेषण के उद्देश्य से उस संस्कृति को विभाजित किया जाता है। यह भौतिक तथा अभौतिक दोनों ही हो सकते हैं।

culture type **संस्कृति प्ररूप**

सांस्कृतिक विशेषताओं एवं मूल्य-प्रत्ययों का योग जो एक निश्चित समय या स्थान पर मान्य होता है।

culturological **संस्कृति विज्ञान संबंधी**

उस कार्य प्रणाली से संबंधित जो संस्कृति को स्वतःपूर्ण स्वाधीन प्रक्रिया की तरह मानती है तथा मानव व्यवहार को उस प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्ट करती है।

culturologist **संस्कृति वैज्ञानिक**

संस्कृति विज्ञान का विशेषज्ञ अथवा उसका समर्थक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

culturology — **संस्कृति विज्ञान**

संस्कृति का विज्ञान जिसकी कार्य प्रणाली का प्रतिपादन अमरीकी वैज्ञानिक लेसली ए० वाह्इट ने किया है । इनके विचारानुसार संस्कृति स्वयं में पूर्ण तथा स्वतः निर्धारित प्रक्रिया है तथा सांस्कृतिक विशेषक—जैसे प्रौद्योगिकी, विचारधारा तथा संस्थाएँ पूर्ववर्ती एवं सहवर्ती सांस्कृतिक तत्वों की उपज हैं । जलवायु, परिवेश, मानव के शारीरिक प्रकार उसके उद्देश्यों, अभिलाषाओं आदि की अपेक्षा स्वतंत्र रूप से विकसित होते हैं ।

curved flake knife — **वक्र शल्क क्षुरिका**

चकमक शल्क से बनी छुरी जिसका फलक चापाकार होता है ।

custom — **प्रथा, रुढ़ि**

लोकरीति अथवा सामाजिक व्यवहार का वह स्वरूप जो समान परिस्थितियों में सुदीर्घ काल से चला आ रहा हो और परंपरा बन कर समाज में पूरी तरह स्थापित हो गया हो और जिसे औपचारिक मान्यता प्राप्त हो गई हो ।

cutlass — **कटार**

एक छोटी भारी वक्र तलवार जो पहले युद्ध पोतों पर नाविकों द्वारा प्रयोग की जाती थी ।

cycloid basketry — **चक्राभ करंड**

एकतार बयन जिसमें बैंत को कुंडलित करते हुए बुनाई की जाती है । बैंत या ऐसे ही किसी अन्य पदार्थ को कुंडलित करते हुए एक दूसरे के साथ बींध कर बुना जाता है और इस बुनाई में किसी प्रकार का आधार नहीं होता ।

cylinder seal — **बेलनदार मुद्रा, बेलनदार मुहर**

एक बहुत छोटा प्रस्तर बेलन जो छाप बनाने के लिए नम्य सतह पर एक ओर से दूसरी ओर तक लुढकाया जाता है । बेलन उत्कीर्णित होता है जिससे पृष्ठभूमि पर मुद्रण हो जाता है । लेखन कला के आरंभ से पूर्व इस प्रकार के बेलनों का प्रयोग मुहर लगाने के लिए किया जाता था ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Cypriote pottery — **साइप्रेसी मृद्भांड**

साइप्रेस द्वीप में प्राप्त पक्की मिट्टी के अपरिष्कृत पुरातात्विक मृद्भांड जो ज्यामितिक रेखाचित्रों से अलंकृत तथा बहुत कुछ ग्रीस और एशिया के मृद्भांडों के समान होते हैं ।

D

dakhma — **दखमा**

एक ऊंची गोल मीनार जिसके अंदर मध्य भाग में एक जंगला लगा रहता है । उस पर शवों को रख दिया जाता है ताकि मांसभक्षी पक्षी उन्हें खा जाएं । मांस रहित अस्थियाँ जंगले के नीचे गर्त में गिरती रहती हैं । दखमा भारत के पारसियों के अंत्येष्टि स्थल हैं । इन्हें खामोशी की मीनार भी कहते हैं ।

daluka — **दलूका**

एक सूडानी ढोल जिसका एक सिरा चर्मपट से मढ़ा होता है ।

dance ritual — **नृत्य कल्प**

सामूहिक आशाओं, भय, दुःख-सुख तथा किसी भी महत्वपूर्ण घटना को लयबद्ध भाव भंगिमाओं द्वारा प्रदर्शित करना ।

daphneomancy — **जयपत्र प्राक्ख्यापन**

सूखी जयपत्र की शाखा को अग्नि में डालकर उसकी चटचटाहट की ध्वनि के आधार पर प्राक्ख्यापन करने की विधि ।

dart — **शर, शल्यः प्रासक**

एक लघु प्रक्षेपणास्त्र । यह एक नुकीला दंड होता है जिसका एक सिरा भारी होता है और दूसरे पर पंख लगे होते हैं । इसको फुकनी द्वारा अथवा हाथ से फेंका जाता है ।

dart sling — **प्रासक गोफन**

शस्त्र की तरह प्रयोग किया जाने वाला वृक्ष अथवा झाड़ी का एक भाग जो लक्ष्य पर फेंका जाता है । इसके आकार विभिन्न प्रकार के होते हैं । इसे गोफन शल्य भी कहते हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

data — **आधार-सामग्री, आंकड़े**

वह सामग्री जो किसी निष्कर्ष अथवा तर्क का आधार हो अथवा जिससे किसी भी प्रकार की बौद्धिक प्रणाली निर्मित की गई हो।

death custom — **मृत्यु प्रथा**

आनुष्ठानिक प्रथाएँ जिनका पालन मृत्यु के उपरांत किया जाता है।

death dance — **मृत्यु नृत्य**

मृतकात्मा की शांति व तुष्टि के लिए किया जाने वाला नृत्य।

de-class — **वर्गच्युत करना**

व्यक्ति को अपने वर्ग से अलग कर देना।

decorative art — **अलंकरण कला**

ऐसी कला जो हस्तकृतियों को अलंकृत कर अधिक भव्य और आकर्षक बना देती है।

deculturation — **विसंस्करण, विसंस्कृतीकरण**

परसंस्कृति ग्रहण की प्रक्रिया में किसी भी आदिम जाति अथवा व्यक्ति का अपने मूल सांस्कृतिक विशेषकों से वंचित होना।

defensive magic — **रक्षात्मक जादू**

अमंगल और अनिष्ट से रक्षा करने अथवा उनके कुप्रभावों का विनाश करने के उद्देश्य से जादू का प्रयोग।

defilement — **अपवित्रीकरण, दूषण**

अपवित्र अथवा दूषित होने के कर्म अथवा अवस्था।

deformation — **विरूपण**

शरीर के अंगों में परिवर्तन करना अथवा उन्हें विरूपित करना। कमर, ओठ, कान, नाक, सिर तथा पैर शरीर के ऐसे अंग हैं जिन्हें अधिकतर विरूपित किया जाता है। नासिका को बहुधा चपटा अथवा छिद्रित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

तथा कानों व ओठों को भार द्वारा लंबा किया जाता है । कपाल पर दबाव डाल कर सिर को चपटा या लंबा और कमर का संकुचन कर पतला बनाया जाता है। आदिम जातियों में विरूपण प्रायः सौंदर्य बढ़ाने के लिये किया जाता है।

deicide **1. देव हत्यारा 2. देव हत्या**

1. देवता की हत्या करने वाला। वह अनुष्ठानकर्त्ता जो कुछ धार्मिक अनुष्ठानों में अलौकिक गुणों से युक्त व्यक्तियों अथवा पशुओं की बलि देता है।

2. दिव्य आत्मा अथवा ऐसी किसी आत्मा के प्रतीकात्मक स्वरूप की हत्या करना।

deification **1. देवत्वारोपण 2. देवत्व प्राप्ति**

1. व्यक्ति अथवा पदार्थों को देवतुल्य बनाने की क्रिया अथवा देवतुल्य हो जाना।

2. देवतामय हो जाने की प्रक्रिया अर्थात देवता में अंतर्निहित हो जाना जैसे, आत्मा का।

deity **देव**

देवता अथवा देवी। निराकार शक्ति को विभिन्न साकार स्वरूप देकर उसकी उपासना करना।

delft ware **डेल्फ भांड (हांलेंड में प्राप्त मृद्भांड)**

वह मृदभांड जिस पर श्वेत अपारदर्शी कांचिका की पर्त चढ़ी होती है और उस पर अलंकरण किये जाते हैं। डेल्फ भांड का नाम हॉलैण्ड के डेल्फ स्थान पर पड़ा।

delict **नियमोलंघन**

विधि के विरुद्ध अपराध अथवा सामाजिक नियमों का उल्लंघन।

deme **डीम**

एक अंतर्विवाही स्थानीय समूह जिसमें एकान्वयिक वंशानुक्रम संबंध नहीं होता। इसे समुदाय के स्थान पर बंधु समूह की तरह माना जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

demography — **जनसांख्यकी, जनांकिकी**

मानव जनसंख्या की विशिष्टताओं का सांख्यकीय अध्ययन। इसमें विशेषकर जनसंख्या की सघनता, विस्तार, वृद्धि, वितरण, प्रवसन तथा जन्म मरण के आंकड़ों आदि का अध्ययन तथा इन सबका सामाजिक तथा आर्थिक अवस्थाओं पर प्रभाव देखा जाता है।

demon — **दानव, असुर, पिशाच**

बहुत से धर्मों में उल्लिखित हीन कोटि के अधिमानव जीव या दुष्टात्माएँ जिन्हें मानवजाति का शत्रु माना जाता है और जो उसके जीवन में दुर्भाग्य तथा विपत्तियां लाती हैं।

demon dance — **दैत्य नृत्य, असुर नृत्य**

ऐसा नृत्य जो अलौकिक शक्तियों की सहायता प्राप्त करने अथवा उन्हें भगाने के लिए किया जाता है। इस नृत्य में मुख्यतः अलौकिक शक्तियों का मुखौटा पहन कर मूक स्वांग करते हैं।

demonism — **पिशाचवाद**

प्रेतात्माओं के अस्तित्व में विश्वास तथा इन्हें वश में रखने के लिए अथवा उनके उपशमन के लिए जादू टोना, पूजा-पाठ तथा अन्य अनुष्ठानों का प्रतिपालन। प्रेतात्मायें विभिन्न प्रकार के कल्पित रूपों जैसे—पिशाच, जिन, डाइन, वनस्पति, पशु के प्रेतों तथा अन्य छोटे-छोटे देवी देवताओं के रूप में रहती हैं। ये परोपकारी तथा अपकारी दोनों ही प्रकार की होती हैं।

demonology — **भूत विद्या**

ज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत भूत-प्रेतों के प्रति विश्वास अथवा उनके अंधविश्वासों के बारे में अध्ययन किया जाता है।

dendrochronology — **वृक्षकालानुक्रमिकी**

विगत काल में वृक्षों तथा पुरानी लकड़ी पर अंकित वृद्धिवलयों के अनुक्रमों तथा उनकी विभिन्नताओं के अध्ययन द्वारा घटनाओं कालांतराल तथा पर्यावरण के परिवर्तनों के काल निर्धारण से संबंधित विज्ञान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

dendromorphic — **वृक्षदेवीय**

ऐसे देवी देवताओं से संबंधित जो वृक्षरूपीय हों।

denomination — **संप्रदाय, पंथ**

एक ही नाम से ज्ञात व्यक्तियों के वर्ग अथवा समाज, विशेषकर धार्मिक समूह अथवा एक ही मत में विश्वास रखने वाले समुदाय को संप्रदाय कहते हैं।

denotative kin term — **विशिष्ट बंधुत्व बोधक शब्द**

बंधुत्व सूचक शब्द जो केवल एक बंधु वर्ग के संबंधियों को संबोधित करने के लिए प्रयुक्त होता है। यह बंधु वर्ग, लिंग, पीढ़ी तथा वंशावलिक संबंधों द्वारा सीमांकित होता है और इससे वक्ता के साथ केवल एक ही व्यक्ति के संबंध का बोध होता है। जैसे मां, पिता, सास, श्वसुर, पति, पत्नी। परन्तु कभी-कभी एक ही शब्द कई व्यक्तियों के लिए भी प्रयुक्त होता है जैसे भाई, बहिन, पुत्र, पुत्री, जमाता, पुत्रवधू।

देखें 'descriptive kin term' भी

derbouka — **दरबूका**

अरब में प्राप्त मिट्टी का बेलनाकार ढोल, जिसके एक सिरे पर चर्मपत्र मढ़ा होता है। इसको दोनों हाथों की उंगलियों से बजाया जाता है।

descendant — **वंशज**

केंद्र व्यक्ति के बाद की पीढ़ी के स्वशाखीय अथवा भिन्न शाखीय रक्त संबंधी।

descent — **उद्भव, अन्वय**

एक नियम जिसके अनुसार व्यक्ति जन्म से ही अपने संबंधियों के विशिष्ट समूह से संबद्ध होता है और उनके साथ उसके घनिष्ठ संबंध होते हैं। वह उनसे कुछ इस प्रकार की सेवाओं की प्रत्याशा करता है जिनकी मांग वह गैर-संबंधियों अथवा अन्य दूसरे बंधु-बांधवों से नहीं कर सकता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सामाजिक दृष्टि से वंशानुक्रम अपने पूर्वजों के साथ व्यक्ति का मान्यता प्राप्त संबंध होता है। इसके लिए यह आवश्यक नहीं कि वह जैविक रूप से निर्धारित हो, परन्तु इसे सामाजिक मान्यता प्राप्त होना आवश्यक है।

descriptive kin term — **वर्णनात्मक बंधुत्व बोधक शब्द**

ऐसे बंधुत्व सूचक शब्द जो केवल एक ही संबंध को निर्दिष्ट करते हैं, जैसे मां, पिता और भाई।

दे० denotative kin term. भी।

detribalization — **जनजातीयता-क्षयण**

संस्कृति संपर्क के फलस्वरूप जनजातीय समाजों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचनाओं का विघटन।

detritus — **अपरद, मलबा**

शैल के अपखंडन या अपघर्षण से निर्झरित शैल-चूर्ण से निर्मित मलबे के ढेर।

Devil (=Satan) — **डैविल, शैतान**

यहूदी तथा ईसाई धर्मशास्त्र के अनुसार घोर अनिष्टकारी देहधारी शैतान जो मनुष्य जाति का शत्रु तथा ईश्वर का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। यद्यपि यह ईश्वर के अधीनस्थ होता है और उसी के आदेशानुसार कार्य करता है। शैतान को नरक का शासक माना जाता है।

diabolism — **जादू-टोने तथा अभिचार से संबंधित पूजा**

dibble — **1. खोंसनी, फाली, छिद्रवपित्र**
2. छिद्रवपन, चोब बुवाई

1. एक छोटा हस्त उपकरण जो पौधों, बीजों अथवा कंदों को जमीन में छेद कर लगाने अथवा बोने के काम आता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

2. फाली द्वारा भूमि में छिद्र करके बीज बोना। बुवाई करने की यह एक आदिम विधि है जिसका प्रयोग बहुधा झूम कृषि करने वाले करते हैं।

dichotomy — **द्विभाजन**

दो वर्गों में विभाजन जो एक दूसरे के विपरीत हों।

differential fertility — **विभेदी (जन) उर्वरता**

किसी जनसंख्या में विभिन्न समूहों अथवा वर्गों की जनन-क्षमता में भिन्नता।

diffusionism — **विसरणवाद**

संस्कृति-विकास की व्याख्या करने वाला वह नृवैज्ञानिक सिद्धांत जिसके अनुसार संस्कृति के लक्षणों का प्रसार एक संस्कृति से दूसरी संस्कृति में होता है। इस सिद्धांत के प्रतिपादक रेट्जेल थे।

digging stick — **खनन यष्टि, खंती, खननी**

लकड़ी की शाखा से निर्मित एक उपकरण जिसका एक सिरा नुकीला या द्विशाखित होता है। यह मानव का प्राचीनतम उपकरण है जिसका प्रयोग कंद मूल खोदने के लिये किया जाता है। बहुधा इसके कार्य-शीर्ष को आग पर तपा कर मजबूत बनाया जाता है।

dinghy — **डिंगी**

एक प्रकार की छोटी नौका जो भारतीय तटों पर यात्रियों के लाने ले जाने और मछली पकड़ने के काम आती है।

diorite — **डाइओराइट**

त संबंधर क्रिस्टलीय शिला जिससे आस्ट्रेलिया तथा विश्व के अन्य भाग में उपकरण बनाए जाते हैं। डाइओराइट सख्त होती है और उसकी सतह चित्तीदार काली तथा सफेद होती है।

dip net — **निमज्जन जाल**

एक प्रकार का मत्स्य जाल जो गोल फ्रेम पर जाली लगा कर बनाया जाता है। फ्रेम पर एक मूठ लगी होती है जिसे पकड़ कर जाल को पानी में डुबो देते हैं और मछलियां पकड़ी जाती हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

disfunction
(=dysfunction) **दुष्प्रकार्य**

वह प्रक्रिया अथवा अवस्थाएँ जो किसी प्रणाली के अनुरक्षण, एकीकरण तथा प्रभावकारिता को कम करती हैं।

disintegration **विघटन**

किसी भी संगठनात्मक एकता का विघटन होना। इस प्रकार के विघटन में संरचना एवं प्रकार्य, संगठन तथा एकात्मकता का ह्रास होता है। विघटन किसी व्यक्ति, समूह संस्था अथवा राष्ट्र आदि इकाईयों का हो सकता है। इस प्रक्रिया में इकाई पूर्णतया लुप्त हो जाती है। और लुप्त होने से पूर्व की अवस्था को विघटन कहते हैं।

disorganization **1. विघटन, विगठन**
2. अव्यवस्था

सुसंगत व्यवस्था तथा प्रकार्यात्मक योजना के विघटित अथवा भंग होने की प्रक्रिया जो समन्वयित तथा समाकलित व्यवहार के लोप हो जाने पर घटित होती है। यह अवस्था व्यक्ति, समूह अथवा सामाजिक वर्ग किसी में भी घटित हो सकती है।

diurnal **दिवाचर, दिनचर**

ऐसे प्राणी जो मुख्यतः दिन में सक्रिय होते हैं।

divergent evolution **अपसारी विकास**

संस्कृति विकास का वह सिद्धांत जिसके अनुसार संस्कृति का विकास भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सांस्कृतिक विशेषकों में निरंतर रूपांतरण द्वारा होता है। यह विकास रेखीय न होकर अपसारी एवं पुनर-पसारी होता है। विकास का रूप संपूर्ण के योग द्वारा आंका जाता है। संस्कृति विकास की प्रवृत्ति जैव विकास की भांति प्रतिस्थानिक न होकर संचयन की होती है।

divination **प्राक्ख्यापन, शकुन विचार**

भविष्य में होने वाली घटनाओं के संबंध में जानने या उनके संबंध में भविष्यवाणी करने अथवा अज्ञात ज्ञान को समझने की कला

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

या अभ्यास जिससे प्राक्ख्यापक अपनी मानसिक अवस्था या शकुन विचार द्वारा अलौकिक शक्ति के सहयोग से भविष्य कथन करता है।

दैवज्ञ, प्राक्ख्यापक

diviner

वह व्यक्ति जो भविष्यवाणी करता है।

दवी अधिकार

divine right

वे अधिकार जो ईश्वर या देवी-देवताओं की देन माने जाते हैं।

विवाह-विच्छेद, तलाक

divorce

कानून अथवा अन्य समर्थ संस्था के नियमों के अनुरूप वैवाहिक संबंध का भंग होना।

डोबो

dobo

न्यूगिनी में पेड़ों पर बनाये गए आवास।

महापाषाण तुंब, डॉलमैन

dolmen

एक प्रागैतिहासिक महाश्म स्मारक जिसे दो या अधिक उदग्र शिलापट्टों पर एक अनुप्रस्थ शिलापट्ट रख कर बनाते थे। इसका प्रयोग शवाधान के लिए होता था।

डॉलमैन मूर्ति

dolmen idol

मोरक्को से ट्रॉय तक के स्थानों में प्राप्त एक प्रकार की उदग्र प्रस्तर मूर्ति। डॉलमेन मूर्ति मानव आकृति से मिलती-जुलती बनाई जाती है।

पालतू बनाना

domestication

किसी पशु या वनस्पति को उसकी वन्य स्थिति से हटा कर घरेलू बनाना और उसका संवर्धन करना।

शवद्वार

door of the dead

शव को घर से बाहर ले जाने के लिये विशेष रूप से निर्मित द्वार। शव को बाहर ले जाने के बाद इस द्वार को चिनाई कर बंद कर दिया जाता है ताकि मृत व्यक्ति का प्रेत घर में पुनः प्रवेश करके अन्य लोगों का अहित न कर सके।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

dormitory **शयनगृह, रैनबसेरा**

दे० 'bachelor house'

Dorest **डोरसैट**

पूर्वी कनाडा तथा उत्तरी ग्रीनलैण्ड से प्राप्त तटीय एस्किमों संस्कृति। अनुमान है कि यह संस्कृति लगभग 100 से 1000 ईसवी के मध्य विकसित हुई थी। सूक्ष्म पाषाणीय चकमक उपकरण और हारपून इस संस्कृति की विशेषता थे। इनका प्रयोग मछली और हिमप्रदेशी हिरण (कैरिबू) के शिकार के लिए किया जाता था।

double axe **दुधारी कुठार**

दो धार वाली कुठार। प्रागैतिहासिक क्रीट में इस प्रकार की कुठार का प्रयोग पवित्र प्रतीक की तरह किया जाता था।

double barbed harpoon **द्विशूली हारपून**

ऐसा हारपून जिसके दंड पर कांटे इस क्रम में होते हैं कि एक कांटा दूसरे की विपरीत दिशा में, अर्थात् एक-एक स्थान को छोड़कर लगा होता है। उत्तर तथा मध्य मग्दालीनी काल में ये कांटे कोणिक रूप में लगाये जाने लगे।

double descent **द्वैध वंशानुक्रम,**
(=double unilineal descent) **द्वैध एकान्वयिक वंशानुक्रम**

वंशानुक्रम का वह नियम जिसके अनुसार व्यक्ति एक ही समय में माता के मातृपक्षीय तथा पिता के पितृपक्षीय वंशों से संबंधित होता है।

double-shouldred point **द्विस्कंधीय वेधनी**

वह वेधनी जिसके आधार पर दो स्कंध और बीच में दंड होता है। इसको फ्राँट-रॉबर्ट वेधनी भी कहते हैं। यह औरिगनेशी काल के अंत में पाई गई। कभी-कभी इसके शीर्ष की निचली सतह पर शल्कन भी किया जाता था।

dower **विधवादाय**

मृत पति की संपत्ति का वह भाग जो उसकी विधवा को जीवन-यापन के लिए कानून द्वारा दिया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

dowry — **दहेज; वरदक्षिणा**

वह धन, संपत्ति अथवा उपहार जो विवाह में वधू के पिता अथवा उसके परिवार के सदस्यों द्वारा वर या उसके परिवार के सदस्यों अथवा केवल वधू को दिये जाते हैं।

draw knife — **दुमुठिया छुरा**

बढ़ई का एक उपकरण जिसके फलक के दोनों सिरों पर मूठ लगी होती है। इसे अपनी ओर खींच कर लकड़ी की सतह को छीला जाता है।

drift net — **प्रवाही जाल**

एक बड़ा जाल जिसको इस प्रकार लगाया जाता है कि वह प्रवाह अथवा धारा के साथ बह सके। यह तरंड अथवा बहती हुई नौका के साथ लगा रहता है ताकि उससे मछलियां पकड़ी जा सकें।

drill — **बरमा**

कठोर वस्तुओं में छेद करने का एक नुकीला उपकरण।

druid — **ड्रूइड**

प्राचीन ब्रिटेन, आयरलैंड तथा गॉल के पुरोहित-वर्ग के सदस्य जो प्राकृतिक विज्ञान के ज्ञाता, कलाविज्ञ, धर्मज्ञ, खगोलज्ञ, न्यायाधीश तथा अध्यापक होते थे। बाद में आइरिश तथा ईसाई मिथकों में इन्हें ऐंद्रजालिक कहा गया।

drum — **ढोल, डमरू, ढक्का, नगाड़ा, दुंदभि**

एक आघात वाद्य यंत्र जिसका बेलनाकार ढांचा खोखला होता है। यह लकड़ी, मिट्टी या धातु से बना होता है। इसके दोनों ओर अथवा एक ओर चमड़ा मढ़ा होता है। इसको लकड़ी अथवा हाथ से बजाया जाता है।

dryad — **वनपरी**

वन में वास करने वाली परी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

dry cultivation **असिंचित कृषि**

ऐसी कृषि जिसमें आवश्यक नमी केवल वर्षा से प्राप्त होती है।

duel organization **द्वैध संगठन**

यह एक प्रकार की सामाजिक संरचना है। इस व्यवस्था में एक सामाजिक समूह जैसे जनजाति का दो भागों में विभाजन होता है। प्रत्येक भाग को मोइटी कहते हैं। इनके सदस्यों के परस्पर संबंध निकट सहयोग से लेकर अव्यक्त विद्वेष तक हो सकते हैं। कभी-कभी मोइटियों का उद्देश्य विवाह को नियंत्रित करना होता है। इस तरह यदि एक मोइटी के सदस्य दूसरी मोइटी के सदस्यों से विवाह करते हैं तो प्रत्येक मोइटी बहिर्विवाही कहलायेगी। कुछ जनजातियों में प्रत्येक मोइटी अंतर्विवाही भी होती है। मोइटी की सदस्यता कुछ समाजों में मातृ-पक्षीय और कुछ में पितृ-पक्षीय होती है। कभी-कभी इनका कार्य धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक, आनुष्ठानिक अथवा सिर्फ मनोरंजनात्मक हो सकता है या फिर वह इनमें से किसी एक क्रियाकलाप तक सीमित रहता है।

dubu **डूब**

पूर्वी मिलेनेशिया के पुरुष गृह।

dugout **डोंगी, खात नौका, सारंगा**

ऐसी खात नौका या कनु जो पेड़ के तने को करोद कर बनाई जाती है। प्राचीन नौकाओं में इस नौका का प्रयोग व्यापक रूप से पाया जाता है। इसे मोनोज़ाइलोन भी कहते हैं। यह विश्व की सबसे प्राचीन नौका है। संभवतः इसका निर्माण जल में तैरते हुए वृक्ष के तने को देखकर जल-परिवहन के उद्देश्य से किया गया होगा।

duk-duk **डुकडुक**

प्रशांत महासागर के बिस्मार्क द्वीपों का एक स्थानीय गुप्त समाज जिसके सदस्य एक स्वगठित न्यायपालिका बनाते हैं तथा अभिचार-परायण होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

dyadic group — **द्वंद्व समूह, द्वि समूह**

सामाजिक संबंधों के क्षेत्र में व्यक्तियों का युग्म, जैसे—पति-पत्नी, गुरु-शिष्य, पिता-पुत्र इत्यादि।

dynastic incest — **राज वंशगत अगम्यगमन**

कुछ राज-परिवारों में निकट संबंधियों के बीच विवाह करने की प्रथा। इस प्रकार के विवाह सामान्यतः अगम्यगमन की परिधि में आते हैं तथा सामाजिक रूप से निषिद्ध होते हैं। प्राचीन काल में मिस्र के सम्राट अपनी सगी अथवा सौतेली बहिनों के साथ विवाह कर लेते थे।

dyoro — **ड्योरो**

आइवरी कोस्ट की जनजातियों का गुप्त समाज।

E

early Bronze age — **पूर्व कांस्य युग**

मिस्र तथा मैसोपोटामिया में 3000 से 2000 ई० पू० के बीच का सांस्कृतिक इतिहास काल जिसके मध्य संगठित राज्य सर्वप्रथम स्थापित हुए थे। यह ऐतिहासिक काल का आरम्भ है। मिस्र के पिरैमिड इस समय की विशेष कृति हैं। इस कालावधि का नाम कांस्य युग है पर इस समय के लोग कांस्य से अपरिचित थे।

earthen ware — **मिट्टी के बर्तन, मृद्भांड**

कम पकी मिट्टी से बने बर्तन अथवा आभूषण जो कुछ-कुछ रंध्रिल, अपारदर्शी तथा नाद रहित होते हैं। अर्थात्, इन्हें बजाने पर पके भांडों की तरह शब्द ध्वनित नहीं होता। सामान्यतः इन पर पकी काचिका की अरंध्रिल परत लगाई जाती है।

earth god — **भू-देवता**

भूमि की उर्वरता, वनस्पति तथा पाताल लोक से संबंधित देवता।

earth house — **भूमिगत मकान**

भूमि के अन्दर बना अथवा मिट्टी से बना घर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

eclat — **एक्लाट, चकमक शल्क**

चकमक पर आघात करने से प्राप्त भग्न अंश जैसे छिप्टी, खंडित टुकड़े या शल्क।

ecological concentration — **पारिस्थितिक संकेंद्रण**

एक क्षेत्र में आवास के आधार पर वितरित जनसंख्या की सघनता। किसी भी स्थल पर अधिक मात्रा में संकेंद्रण से यह प्रकट होता है कि वहां आवासों की संख्या अधिक है।

ecological distance — **पारिस्थितिक दूरी**

दूरी मापने की एक विशेष विधि जिसमें स्थानीय अंतर को मील अथवा किलोमीटर में न माप कर वहां तक जाने में लगे समय और आर्थिक लागत के योग द्वारा मापा जाता है।

ecological gradient — **पारिस्थितिक प्रवणता**

1. पारिस्थितिक दूरी के साथ-साथ एक पारिस्थितिक परिवर्त्य की वृद्धि अथवा ह्रास की दर।

2. वह वक्र जो पारिस्थितिक प्रवणता की वृद्धि तथा ह्रास की दर को निरूपित करता है।

ecological interaction — **पारिस्थितिक परस्परक्रिया**

अन्योन्य रूपांतरण की प्रक्रिया जिसमें प्रतियोगी तथा सहयोगी दोनों पक्ष सम्मिलित होते हैं। इसके द्वारा व्यक्ति या समूह एक दूसरे को अप्रत्यक्ष तथा अवैयक्तिक रूप में और कुछ सीमा तक पर्यावरण के संभरण साधनों को प्रभावित करते हैं जिन पर दूसरे लोग निर्भर होते हैं।

ecological mobility — **पारिस्थितिक गतिशीलता**

पारिस्थितिक स्थिति में 1. परिवर्तन की क्षमता 2. परिवर्तन की मात्रा तथा 3. परिवर्तन की गति होना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ecological symbiosis — **पारिस्थितिक सहजीवन**

पारिस्थितिक परस्पर क्रिया का सहअस्तित्व पक्ष अर्थात् ऐसा अवैयक्तिक संबंध जो—1. एक ही क्षेत्र के निवासियों के बीच इसलिए स्थापित होता है कि वे एक ही पर्यावरण के सीमित साधनों पर निर्भर करते हैं।

2. प्रकार्यात्मक शृंखला में विभिन्न निवासियों की स्थिति के परिणामस्वरूप स्थापित होता है।

ecology — **पारिस्थितिकी, परिस्थितिविज्ञान**

मानव और उसके पर्यावरण अथवा जीव तथा उसके आवास के बीच संबंधों के अध्ययन को परिस्थिति विज्ञान कहते हैं।

effigy magic — **पुतला अभिचार, पुतला जादू**

पुतले के द्वारा अभिचार करना। इसमें पुतले को अभिचार की वास्तविक वस्तु की तरह माना जाता है, उदाहरणार्थ, इसमें व्यक्ति के पुतले की आंख को बेधा जाता है ताकि उस व्यक्ति को अंधा बनाया जा सके। इसको अनुकारी जादू भी कहते हैं।

दे० 'homoeopathic imitative & mimetic magic'

egalitarianism — **समतावाद**

यह विश्वास कि एक समाज के सभी सदस्यों के आंतरिक मूल्य समान होते हैं और उन्हें अपने समाज में समान अधिकार तथा विशेषाधिकार प्राप्त हो सकते हैं।

ego — **केंद्र व्यक्ति**

वह व्यक्ति जिसे बंधुत्व प्रणाली में केंद्र मान कर अध्ययन किया जाता है।

ego generation — **केंद्र व्यक्ति पीढ़ी**

केंद्र व्यक्ति जिस पीढ़ी में आता है उसे 'केंद्र व्यक्ति पीढ़ी कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Egyptology — **मिस्रविद्या**

मिस्र के पुरावशेषों का अध्ययन ।

eidolism — **प्रेतवाद**

देहमुक्त आत्माओं अथवा भूत-प्रेतों में विश्वास । मानव धर्म के मूल में यह विश्वास प्रधान है ।

eidos — **आइडोस**

संस्कृति के सुस्पष्ट मूल तत्व अथवा उसका बाह्य रूप जिन्हें संस्कृति-विशेष के ताने-बाने की संज्ञा दी जा सकती है । इन्हीं के समन्वित एवं सामंजस्यपूर्ण रूप को आइडोस कहते हैं ।

eight class system (kinship) — **अष्टवर्ग व्यवस्था (बंधुत्व)**

यह वर्ग-व्यवस्था आस्ट्रेलियाई जनजातियों की बंधुत्व प्रणाली की एक विशेषता है । ये जनजातियां स्थानीय समूह या झुंड में रहती हैं । प्रत्येक समूह मातृवंशीय एवं पितृवंशीय बंधु-वर्ग के सम्मिश्रण से संगठित होता है इसमें बहिर्विवाही मातृ-मोइटी और बहिर्विवाही पितृवंश दोनों ही उपस्थित होते हैं । इस प्रकार की व्यवस्था से प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न बंधुवर्गों से संबंधित हो जाता है । परंतु वह विवाह केवल किसी एक विशिष्ट वर्ग में ही कर सकता है। इस प्रकार इन समाजों में विभिन्न बंधुवर्ग-व्यवस्थाएँ एवं वैवाहिक नियम दो, चार या आठ बंधुवर्ग व्यवस्थाओं को जन्म देते हैं ।

elementary family — **मूल परिवार, मूल कुटुंब**

वह परिवार जिसमें पति, पत्नी तथा उनके अपने अथवा गोद लिए अविवाहित बच्चे शामिल हों ।

elite — **संभ्रांत व्यक्ति**

1. समाज में सबसे अधिक प्रभावशाली तथा प्रतिष्ठासंपन्न स्तर ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

2. योग्यता के क्षेत्र में उच्चतम स्तर । संभ्रांत वर्ग उन व्यक्तियों से मिलकर बनता है जो समाज में श्रेष्ठ तथा किसी एक क्षेत्र में अग्रणी माने जाते हैं। इस प्रकार राजनैतिक, व्यापारिक, कलात्मक, वैज्ञानिक तथा धार्मिक सभी क्षेत्रों में संभ्रांत व्यक्ति होते हैं । संभ्रांत वर्ग के सदस्य अपने उस क्षेत्र में समाज के मूल्यों तथा अभिवृत्तियों के निर्धारण में विशेष भूमिका निभाते हैं ।

elopement (marriage by) — **सहपलायन (विवाह)**

परस्पर विवाह के इच्छुक पुरुष एवं स्त्री का औपचारिक रूप में एक साथ पलायन । कुछ समाजों में यह विवाह मान्यता प्राप्त विधि की तरह मान्य प्रथा के रूप में मिलता है । कभी-कभी साधारण विवाह में विभिन्न रुकावटों—जैसे माता-पिता की अनुमति न मिलना अथवा अन्य सामाजिक प्रतिबंधों से बच निकलने के लिए इसका अनुसरण किया जाता है । इस प्रकार का विवाह प्रणय-विवाह का ही एक रूप है ।

Emireh point — **एमीरेह बेधनी**

आधारयुक्त एक त्रिभुजाकार वेधनी जिसकी दोनों सतहों को अनुशल्कन (अनुशोधन) द्वारा पतला कर दिया जाता है ।

empirical research — **इंद्रियानुभविक अनुसंधान, आनुभविक अनुसंधान**

अनुभव, प्रेक्षण अथवा प्रयोग पर आधारित अनुसंधान ।

enculturation — **1. संस्कृतिकरण**
2. संस्कृतिग्रहण

संस्कृति ग्रहण की एक प्रक्रिया जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी सांस्कृतिक परंपराओं का अंगीकरण करता है और अपनी प्रस्थिति और पात्रत्व के अनुसार कार्यों को पूरा करना सीखता है । यह प्रक्रिया व्यक्ति के जीवन में चेतन या अचेतन रूप में सर्वदा चलती रहती है। इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम हर्सकोवित्स ने किया था ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

endogamous marriage (=endogamy) — **अंतर्विवाह**

विवाह का ऐसा नियम जिसके अनुसार व्यक्ति समाज में निर्धारित समूह के अंतर्गत ही विवाह करता है। यह सीमा वर्ग, धर्म जाति, जनजाति, प्रजाति, भाषा तथा भौगोलिक आधार पर निर्धारित होती है।

environmentalism — **पर्यावरणवाद**

वह सिद्धांत जिसके अनुसार व्यक्ति अथवा समूह के विकास में आनुवंशिकता की अपेक्षा पर्यावरण की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है।

envoutement — **मारण अभिचार**

एक जादुई अनुष्ठान जिसमें व्यक्ति की प्रतिकृति का प्रयोग कर उसके कृत्यों अथवा भाग्य को प्रभावित किया जाता है। प्रायः यह कार्य अपकार के उद्देश्य से किया जाता है।

Eocene epoch — **आदि नूतन युग, इओसीन युग**

तृतीयक महाकल्प का आरंभिक मुख्य उपभाग; प्रायः अल्प नूतन काल से पूर्व का युग, परंतु कभी-कभी यह मध्य नूतन काल से पूर्व पूर्ण नूतन जीव काल का बोध कराता है। इसमें टॉर्सिआइड, लिमूरॉइड तथा स्तनी वर्ग के प्राणियों का विकास हुआ।

eolith — **उषः पाषाण उपकरण, इयोलिथ**

अत्यंत ही अनगढ़ अथवा अनियत रूप में अपखंडित चकमक उपकरण। कुछ पुरातत्वज्ञों का अनुमान है कि ये आद्य मानव द्वारा प्रयोग किए गए थे।

Eolithic period — **उषःपाषाण काल, इयोलिथिक काल**

पाषाण युग का प्रारंभिक काल तथा मानव संस्कृति की अनुमानित सर्वप्रथम अवस्था से संबंधित जिसमें मानव द्वारा निर्मित आद्यतम उपकरण 'इयोलिथ' का प्रयोग किया जाता था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Epipalaeolithic culture — **अनुपुरापाषाण संस्कृति**

वे संस्कृतियां जो प्रौद्योगिकीय दृष्टि से पुराप्रस्तर परंपरा की हैं परंतु जो पूर्व उत्तर हिमावर्ती काल में भी विद्यमान थीं ।

epistemology — **ज्ञानमीमांसा**

ज्ञान की विधि तथा आधार का विशेषकर उसकी सीमाओं तथा मान्यता के संदर्भ में अध्यनय ।

eponymous ancestor — **नामस्रोतीय पूर्वज**

वह मूल पुरुष जिसके नाम से किसी परिवार, जनजाति अथवा सामाजिक समूह का नाम चलता है । यह व्यक्ति मिथक अथवा वास्तविक कोई भी हो सकता है । हिंदुओं के गोत्र नाम इसका एक उदाहरण है ।

equalitarianism — **समतावाद**

दे०—'egalitarianism'

equialence of brothers (or siblings) — **भ्रातृ तुल्यता, सहोदर तुल्यता**

भाइयों या बहिनों की प्रस्थिति में समतुल्यता ।

Ertebolle culture — **एर्तबोले संस्कृति**

बाल्टिक क्षेत्र की पूर्व नवप्रस्तर युगीन अथवा उत्तर मध्य-पाषाण संस्कृति लगभग 5000 से 3000 ई०पू० के बाद की, जिसकी विशेषता बड़े-बड़े (किचिन-मिडन) घूरे, खंडित प्रस्तर उपकरण तथा भोंडे मृद्भांड हैं । ये घूरे अधिकांशतः डेनमार्क के एर्तबोल स्थान पर प्राप्त हुए हैं, इसलिए इस संस्कृति का नाम एर्तबोले संस्कृति पड़ा ।

eskanye — **इस्कान्ये**

इरोक्वायी इंडियन स्त्रियों का नृत्य । यह नृत्य खाद्य के देवताओं को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है ।

esprit-de-corps — **संघभाव, वयंभाव**

समूह के सदस्यों में परस्पर एकता, निकटता तथा अपनत्व की भावना होना । इसकी प्रेरणा से समूह के सदस्यों के उद्देश्य एक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

समान होते हैं और वे एक दूसरे के कल्याण के लिए उत्सुक रहते हैं तथा भावनात्मक रूप में एक दूसरे से जुड़े होते हैं। सामाजिक संसक्ति का यह महत्वपूर्ण अंग है।

ethical dualism — **नैतिक द्वैत**

किसी समाज में जब एक आचार-संहिता उस समाज के सदस्यों के पारस्परिक संबंधों को नियंत्रित करती है, और दूसरी आचार-संहिता बाहरी लोगों के संबंधों को, तो इस प्रकार की व्यवस्था को नैतिक द्वैत कहते हैं।

ethnic — **नृजाति विषयक**

ऐसे समूहों के समुदाय से संबंधित जिनकी सांस्कृतिक विशेषताएँ समान हों।

ethnic group — **नृजाति समूह, नृजातीय समूह**

सामान्य सांस्कृतिक परंपराओं तथा एकता की भावना से प्रेरित समूह जो बड़े समाज के उपसमूह की तरह होता है। नृजाति समूह के सदस्य कुछ सांस्कृतिक विशेषताओं की दृष्टि से समाज के दूसरे सदस्यों से भिन्न होते हैं। ऐसे समूह की अपनी भाषा, धर्म और कुछ विशिष्ट रीति-रिवाज़ हो सकते हैं। ऐसे समूहों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इनमें परस्पर अपनत्व की भावना और एकता है।

ethnocentric — **नृजाति केन्द्रित, सजाति केन्द्रित**

अपनी जाति अथवा सामाजिक समूह को संस्कृति का केंद्र मानने की प्रवृत्ति।

ethnocentrism — **नृजाति केंद्रवाद, संजाति केंद्रवाद**

एक भावात्मक अभिवृत्ति जिसके अनुसार व्यक्ति अपने समूह, प्रजाति अथवा समाज को दूसरे प्रजातीय अथवा सांस्कृतिक तत्वों से श्रेष्ठ समझता है और बाहरी व्यक्तियों तथा उनके रीति-रिवाजों को अपने सांस्कृतिक मानकों से परखता एवं हीन समझता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ethnography — **नृजाति वर्णन, संजाति वृत्त**

नृविज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत संस्कृति-विशेष का वर्णनात्मक अध्ययन किया जाता है। ऐसे अध्ययन विशेषकर आदिम अथवा प्राक्साक्षर समाजों में किए जाते हैं।

ethno history — **नृजाति इतिहास**

पुरातात्विक अवशेषों के आधार पर संस्कृतियों के विकास का अध्ययन।

ethnologist — **नृजाति वैज्ञानिक**

नृजाति विज्ञान का विशेषज्ञ।

ethnology — **नृजाति विज्ञान**

अमरीका, यूरोप महाद्वीप तथा कभी-कभी इंग्लैंड में सामाजिक नृविज्ञान के लिए प्रयुक्त शब्द। इसमें मुख्यतः सामाजिक नृविज्ञान की उन विचारधाराओं का उल्लेख होता है जो संस्कृति प्रसार के ऐतिहासिक विश्लेषण से संबंधित हैं। इसमें शारीरिक नृविज्ञान तथा प्रागैतिहासिक पुरातत्व भी सम्मिलित रहते हैं, क्योंकि वे ऐतिहासिक पुनर्निर्माण में सहायता देते हैं। इस प्रकार नृजाति विज्ञान में संस्कृतियों का वैज्ञानिक एवं तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।

ethnos — **संजाति समूह**

राष्ट्रीयता तथा प्रजाति भावना से आबद्ध लोगों का समूह। ये बंधन समूह के सदस्यों द्वारा अनजाने में स्वीकार कर लिए जाते हैं।

ethology — **जीव पारिस्थितिकी**

जीव व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन।

ethos — **लोकाचार, लोक स्वभाव, ईथॉस**

विशिष्ट संस्कृति लक्षण जैसे, भावना, विश्वास, मानक या आदर्श जो किसी समूह, समुदाय, जन अथवा विचारधारा में अंतर्निहित होते हैं अथवा वह भावना जो समाज-विशेष के विचारों, रीति-रिवाजों तथा क्रियाओं को अभिप्रेरित करती है, ईथॉस कहलाती है। इनके द्वारा एक समूह को दूसरे समूह से पृथक पहचाना जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

etiological tale — **हेतुकथा**

एक लघुकथा जो मुख्यतः कार्यकरण मूलक होती है। इसमें पशु जीवन की किसी विशेषता का वर्णन होता है ।

evil eye — **कुदृष्टि, नज़र लगना**

ऐसा विश्वास कि कुछ लोगों की दृष्टि व्यक्ति को हानि पहुंचा सकती है ।

exogamous marriage — **बहिर्विवाह**

एक सामाजिक नियम जिसके अनुसार व्यक्ति उस समूह में विवाह नहीं कर सकता जिसका वह स्वयं सदस्य है ।

exogamy — **बहिर्विवाह प्रथा**

अपने कुल या समूह से बाहर विवाह करने की प्रथा ।

exorcism — **भूतापसारण, झाड़फूंक**

जादू तथा मंत्रोच्चार द्वारा भूताविष्ट व्यक्तियों के अंतर से दुष्ट प्रेतात्माओं तथा भूतों को दूर करने का उपचार । ये प्रेतात्माएं राग द्वेष और दुष्टतापूर्ण व्यवहार का कारण मानी जाती हैं ।

expiation — **प्रायश्चित, पापशोधन**

दोषमुक्त होने के लिए अपनी इच्छा से ऐसा दुःख भोगना जो उस दोष के दंडस्वरूप भोगना चाहिए था ।

explicit culture — **प्रकट संस्कृति, सुव्यक्त संस्कृति**

संस्कृति के वे पक्ष जिनसे समाज के सब सदस्य पूर्ण रूप से अवगत होते हैं तथा जो प्रत्यक्ष रूप में देखे जा सकते हैं । सुव्यक्त संस्कृति में उचित तथा अनुचित, व्यवहार के विशिष्ट संरूप, प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति के समस्त दूसरे सुपरिचित मानक सम्मिलित होते हैं। इसको प्रकट संस्कृति भी कहा जाता है ।

extended burial — **विस्तीर्ण शवाधान**

शवाधान जिसमें शव को पूरी लंबाई में पीठ के बल लिटाया जाता है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

extended family — **विस्तृत परिवार**

दो या अधिक मूल परिवारों से मिलकर बना परिवार जो पति-पत्नी के संबंध के विस्तार की अपेक्षा माता-पिता और उनके बच्चों के संबंध के विस्तार पर आधारित होता है। अर्थात् ऐसे परिवार में विवाहित व्यक्ति का परिवार अपने माता-पिता के परिवार के साथ संयुक्त होता है।

exuvial magic — **निर्भीक जादू**

संक्रामक जादू का एक प्रकार जिसमें शरीर के छिन्न अंग जैसे कटे हुए नाखून, बाल इत्यादि के द्वारा अभिचार कर जादूगर उस व्यक्ति पर जादू का प्रभाव डालता है।

देखें contagious magic **भी**।

F

fabricator — **विरचक, विरचक उपकरण**

एक चकमक उपकरण जिसका प्रयोग दाब शल्कन में किया जाता है।

facetted butt — **फलकितकूंदा, फलकित समंत**

एक शल्क जिसका प्रहार पट्ट एक कच्छप-क्रोड का अतिप्रवण सिरा होता है तथा प्रारंभिक शल्क क्षतचिह्नों द्वारा रेखित होता है।

familiar spirit — **सिद्ध प्रेत**

अलौकिक अनुचर जो किसी पुरुष अथवा स्त्री को व्यक्तिगत रूप से उत्प्रेरित करता है तथा उसकी रक्षा करता है।

familism — **कुटुंबवाद, परिवारवाद**

एक सामाजिक संरूप जिसमें परिवार तथा पारिवारिक एकता, परंपरा एवं सामाजिक प्रस्थिति को समाज में व्यक्तिगत अधिकारों तथा अभिरुचियों से अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

family — **परिवार**

परिवार एक सामाजिक समूह है जिसकी प्राथमिक विशेषताएँ सामान्य निवास, आर्थिक सहयोग, संतानोत्पत्ति और समाजीकरण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

हैं। परिवार में स्त्री और पुरुष दोनों ही वर्गों के ऐसे वयस्क रहते हैं जिनमें से कम-से-कम दो में समाज द्वारा स्वीकृत यौन संबंध होते हैं और इनके प्रजनित अथवा गोद लिए बच्चे सम्मिलित रहते हैं। परिवार के विभिन्न स्वरूप होते हैं जिनमें मूल अथवा जैविक परिवार, संयुक्त परिवार तथा विस्तृत परिवार प्रमुख हैं।

family of orientation

प्रभव परिवार

वह परिवार जिसमें व्यक्ति जन्म लेता है तथा जिसमें उसका संस्कृतिकरण होता है।

family of procreation

प्रजनन परिवार

वह परिवार जिसकी रचना व्यक्ति के विवाहोपरांत होती है।

fanaticism

धर्मांधता, मतांधता, कट्टरता, दुराग्रह

किसी विषय, भावना या विचारधारा के प्रति अत्यधिक लगाव, उत्साह, या उसके पक्ष में अनियंत्रित एवं असंयत दृष्टिकोण अथवा व्यवहार जो किसी भी प्रकार के तर्क तथा विवेक की सीमा का उल्लंघन कर गया हो।

fatherland

पितृभूमि, स्वदेश

1. व्यक्ति की जन्मभूमि या देश जिसके प्रति वह अपनी निष्ठा रखता है।

2. पिता अथवा पूर्वजों की जन्म भूमि।

father right

पितृ अधिकार

एक प्रकार की सामाजिक व्यवस्था जिसकी विशेषताएं पैतृक निवास, पैतृक सत्ता तथा पैतृक वंशानुगत उत्तराधिकार होती हैं।

father sib

पितृ कुल

पैतृक वंशानुक्रम पर आधारित कुल।

दे० 'Patrilineage'

feast

भोज

सामुदायिक अथवा औपचारिक भोज। ये धार्मिक अनुष्ठानों से संबंधित कृत्यों के भाग होते हैं। इनका आयोजन बहुधा जीवनयात्रा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

के सामाजिक संस्कारों जैसे जन्म, दीक्षा, विवाह, अंत्येष्टि आदि के अवसरों पर किया जाता है ।

feast for the dead — **मृतक भोज**

वह भोज जिसे व्यक्ति के मरणोपरांत उसके संबंधी आयोजित करते हैं । ऐसे भोज मृत्यु के बाद तत्काल अथवा नियतकाल के बाद दिए जाते हैं । इन भोजों का उद्देश्य मृत को भोजन कराना, उसके लिए सुख-शांति की कामना करना, उसके साथ भोजन कर उससे निकट संबंध स्थापित करना तथा उसके प्रेत का उपशमन करना होता है ।

fei — **फाई**

माईक्रोनेशिया के यप द्वीप के मूल निवासियों में प्रचलित पत्थर के चपटे चक्राकार सिक्के । इनका प्रयोग इनके निर्माण स्थल की अपेक्षा सुदूरवासी जनजातियों में साधारण मुद्रा के रूप में किया जाता था । इन चक्रों के आकार के अनुरूप ही इनका मूल्य निर्धारित किया जाता था ।

feral man — **वन्य मानव**

वह व्यक्ति जिनका पालन-पोषण मानव-समाज के एकदम बाहर पशुओं के द्वारा किया गया हो ।

Fertile Crescent — **फरटाइल क्रीसेन्ट**

निम्न मेसोपोटामिया तथा मिस्र में लगभग 1000 ई० पू० सबसे उन्नत धनुषाकार भूखंड ।

fertility cult — **उर्वरताकल्प, उर्वरता पंथ**

ऐसे विधिविधान एवं धर्मानुष्टान जिनके द्वारा वनस्पति, पशुओं तथा मानव की उत्पादन क्षमता को सुनिश्चित करने और बढ़ाने की कामना की जाती है ।

fertility rites — **उर्वरता धर्मकृत्य**

खाद्य पदार्थों एवं मानव की प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों का अनुपालन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

fetish — **फीटिश, देवक, दैवी**

कोई ऐसी वस्तु जिसमें प्रेतात्माओं का निवास माना जाए। ऐसी वस्तुओं को आनुष्ठानिक महत्व दिया जाता है और उनकी पूजा की जाती है।

fetishism — **देवक पूजा**

एक धार्मिक विश्वास जिसके अनुसार जड़ एवं भौतिक पदार्थों में अलौकिक शक्ति की प्रतिष्ठा अथवा जीव आत्माओं का वास होता है। जब इन्हें इस भावना से पूजा जाता है तो इन वस्तुओं को फीटिश और इस विश्वास को फीटिशवाद कहते हैं।

feud — **कुलवैर**

परिवारों अथवा कुलों के बीच चिरकाल तक चलने वाले संघर्ष जिनमें रक्तपात अथवा अन्य प्रकार की क्षति का प्रतिशोध लेने के लिए एक दूसरे पर आक्रमण किया जाता है।

field method — **क्षेत्र पद्धति**

क्षेत्र-कार्य की समस्या तथा व्यापक वैज्ञानिक सिद्धांतों के अध्ययन के लिए नृवैज्ञानिक द्वारा प्रयुक्त सुनियोजित उपागम।

field study — **क्षेत्र अध्ययन**

एक प्रकार का अनुसंधान जिसमें अन्वेषक व्यक्तियों का अध्ययन किसी प्रयोगशाला के कृत्रिम वातावरण में न कर जीवन के सामान्य परिवेश में करता है। नृविज्ञान में इस प्रकार के अध्ययन के लिए विभिन्न प्रविधियों का प्रयोग किया जाता है।

field work — **क्षेत्र कार्य**

विभिन्न प्रविधियों के अनुप्रयोग द्वारा नृवैज्ञानिक आधार सामग्री का संग्रह करने के लिए किया गया क्षेत्र कार्य।

figurine — **लघुमूर्ति, मूर्तिका**

मानव, पशु अथवा पक्षी का उत्कीर्णित अथवा ढला हुआ लघु प्रतिरूप।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

filiation — **वंशानुक्रम, वंशानुक्रमण**

माता-पिता का अपनी संतान से संबंध ।

fillet — **शीर्ष पट्टिका**

एक कम चौड़ी (सकरी) पट्टी जो शीर्ष पर आभूषण की तरह पहनी जाती है । यह पट्टी विशेषकर पंखों को एक साथ सिलकर अथवा कपड़े पर चिपका कर बनाई जाती है ।

fire drill — **अग्नि बरमा**

अग्नि उत्पन्न करने की एक आदिम युक्ति जिसमें लकड़ी की छड़ को दोनों हाथों से अथवा प्रत्यंचा में लपेट कर अथवा रस्सी में मथनी की तरह लपेट कर तीव्रता से घुमाया जाता है । घुमाते समय इस छड़ का निचला सिरा दूसरी लकड़ी के टुकड़े पर बने छेद में दबाकर रखा जाता है । इस प्रकार घर्षण के द्वारा बुरादे में अग्नि प्रज्वलित होती है ।

fired ware — **पके भांड**

ऐसे मृद्भांड जिन्हें कठोर बनाने, रंग चढ़ाने अथवा काचन क्रिया के लिए आवे में उच्च ताप पर पकाया गया हो ।

fire hunting — **अग्नि आखेट**

जंगलों के कुछ भागों को जला कर पशुओं का शिकार करने की विधि । इस प्रकार के आखेट में पशु आग से आकर्षित होकर अग्नि के समीप आ जाते हैं तथा धुएं की घुटन में दम तोड़ देते हैं ।

fire piston — **अग्नि पिस्टन**

सहसा वायु को दबाकर ऊष्मा उत्पन्न करके आग जलाने का एक यंत्र । यह क्रिया खोखले सिलेंडर में पिस्टन के संचलन द्वारा की जाती है ।

fire plough — **अग्नि हल**

अग्नि उत्पन्न करने के काम आने वाला यंत्र । इसमें एक लकड़ी की छड़ को एक पट्ट में आगे तथा पीछे जल्दी-जल्दी खींचा जाता है जिससे घर्षण उत्पन्न होता है तथा बुरादा बनता है । घर्षण की ऊष्मा से बुरादा आग पकड़ लेता है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

fire saw **अग्नि आरी**

मलेशिया में अग्नि उत्पन्न करने का एक यंत्र । इसमें विखंडित बांस के एक खंड को दूसरे खंड पर आरे की तरह रखकर वेग से रगड़ कर चलाया जाता है जिससे बुरादा नीचे गिरता है और घर्षण से उत्पन्न ऊष्मा के कारण आग पकड़ लेता है ।

fire stone **चकमक पत्थर**

आग उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त पाइराइट पत्थर ।

fire worship **अग्नि पूजा**

बहुत से आद्य समाजों में अग्नि को पवित्र एवं पूज्य माना जाता है । बहुदेववादी अग्नि के विभिन्न रूपों में देवत्व की प्रतिष्ठा करके उसकी पूजा करते थे । कुछ समूह अग्नि को सदैव प्रज्वलित रखते हैं । अग्नि का प्रयोग आहुति, प्राक्ख्यापन तथा अग्निपरीक्षा के लिए व्यापक रूप से किया जाता है ।

firing **बर्तन पकाना**

मृद्भांडों को आग में पकाने की प्रक्रिया ।

firstling **प्रथमजात**

मानव या पशु की पहली संतान । बहुधा इस शब्द का प्रयोग मानव अथवा घरेलू पशुओं की प्रथम संतान के लिए किया जाता है जिसकी बलि दी जाती है ।

fish-scale flaking **मत्स्य शल्कन**

दाब शल्कन जो विशेष शल्की रूप देता है । यह प्रायः ईस्टएन्गलिया में पूर्व धातु युग के चकमक उपकरणों में पाया गया है । इसमें बड़े-बड़े प्राथमिक शल्क न निकालकर द्वितीय शल्कन (रिटचिंग) का बारीक कार्य होता था और इसीलिए प्रस्तर हथौड़े के स्थान पर लकड़ी, हड्डी या हाथीदांत आदि के विशेष प्रकार के हथौड़े काम में लाए जाते थे । इस प्रविधि से बने शल्क चूंकि मत्स्य शल्क-जैसे दिखते थे, इसलिए इसे मत्स्य शल्कन कहा गया ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

fish hook — **बंसी कांटा**

मछली पकड़ने का कांटा ।

fish net — **मत्स्य जाल**

तरंडों तथा भारों अथवा अवलंबित अंडाकार ढांचे से लगे जाल जो मछली पकड़ने के काम आते हैं । मत्स्यजाल विभिन्न प्रकार के होते हैं ।

flagellation — **कशा घात**

ऐसे आनुष्ठानिक कशाघात जो व्यक्ति की कृच्छ्र परीक्षा अथवा दुष्ट आत्माओं या प्रेतों को भगाने के लिए किया जाता है । यह स्वपीड़न तथा धार्मिक कर्मकांडों के अनुपालन के लिए भी किया जाता है । यह प्रथा प्यूबलो इंडियन, ईसाइयों तथा शिया मुसलमानों में भी मिलती है ।

flail — **फ्लेल, कंडनी, अनाज पीटने की सांटी**

अनाज को बाली से अलग करने का उपकरण । इसमें एक लकड़ी की मूठ होती है जिसके एक सिरे पर लकड़ी का छोटा तथा मज़बूत टुकड़ा इस प्रकार लटका होता है कि वह स्वतन्त्र रूप से झूलता रहे । इसे घुमाने से अनाज बालियों से अलग हो जाता है ।

flake — **शल्क**

बड़े प्रस्तर (क्रोड) में से आघात अथवा दाब प्रविधि द्वारा तोड़ा गया टुकड़ा । इस प्रकार से निकाले गये शल्क तथा क्रोड दोनों पर विशिष्ट चिह्न रह जाते हैं जिससे इसको सरलता से पहचाना जा सकता है कि यह मानव द्वारा बनाया गया है । शल्कों से विभिन्न उपकरण बनाये जा सकते हैं जिन्हें शल्क उपकरण कहते हैं ।

flake culture — **शल्क संस्कृति**

वह सस्कृति जिसकी विशेषता चकमक के धारयुक्त शल्क उपकरण हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

flake tool

शल्क उपकरण

पाषाण युग का एक उपकरण जो बड़े चकमक प्रस्तर से तोड़ कर बनाया जाता था ।

flanged celt

कोरदार सेल्ट, फ्लैंग्ड सेल्ट

ऐसा सेल्ट जिसकी दोनों सतहों के किनारों पर कोर होती है । यह कोर उपकरण को लंबाई में मज़बूत बनाती है ।

flat celt

चपटी सेल्ट

धातु की बनी सेल्ट जिसकी दोनों सतहें चपटी तथा किनारे लगभग समांतर होते हैं ।

flexed burial

निकुंचित शवाधान

एक प्रकार का शवाधान जिसमें शव की भुजाओं या पैरों अथवा इन दोनों को मोड़कर शव का आकार छोटा कर दिया जाता है । इससे उसे दफनाने में सुविधा होती है ।

flint

चकमक

खड़िया तथा चूने पत्थर में पाया जाने वाला एक कठोर परंतु भंगुर पत्थर । रासायनिक रूप से यह स्फटिक (क्वार्टज) है परंतु सूक्ष्म क्रिस्टलीय होने के कारण यह उससे भिन्न होता है । इसकी सूक्ष्म क्रिस्टलीयता के कारण इसे किसी भी दिशा में सुगमता से शल्कित करके अपेक्षित रूप दिया जा सकता है । यह व्यापक रूप से पाया जाता है और जहां भी यह उपलब्ध था, वहां धातु-उपकरण बनने से पूर्व यह अनेक उपकरण बनाने के काम आता था ।

flint and pyrite method

फ्लिन्ट पाइराईट विधि

अग्नि प्रज्वलित करने की वह विधि जिसमें चिंगारी उत्पन्न करने के लिये लौह पाइराइट को चकमक पत्थर पर मारते हैं। इस प्रकार से उत्पन्न हुई चिंगारियों से ईंधन में आग लग जाती है ।

flint saw

चकमक आरी

एक उपकरण जिसमें चकमक का दो या तीन इंच लंबा टुकड़ा काष्ठ फलक के खांचे में लगा होता है । इस प्रकार के बहुत-से उपकरण स्विट्ज़रलैंड के सरोवर वास के अवशेषों के बीच पाए गए हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

float (=raft) — **तरंड, प्लव**

1. एक प्रकार का यान जो हल्के पदार्थ से बना होने के कारण तैरता रहता है। नील नदी के उत्तरी क्षेत्र में तरंड पपीरस अथवा अमबाश के लठ्ठों को एक साथ बांध कर बनाया जाता है। तरंड का उपयोग प्रवाह के प्रतिकूल अथवा लंबी यात्रा के लिये आसानी से नहीं किया जा सकता। तरंड को बेड़ा भी कहते हैं।

2. मत्स्य आखेट का एक उपकरण जो चारे को एक विशिष्ट गहराई पर रखता है और मछुए को इस बात का संकेत देता है कि उसके चारे में मछली फंस गई है या नहीं।

fluting — **फ्लूटिंग**

उत्तर पुरापाषाण काल की शल्कन विधि, जिसमें लंबे, संकीर्ण, छिछले, समानांतर पक्षीय शल्क उतारे जाते थे।

folk — **लोक, जन**

सजातीय सामाजिक समूह के जनवृंद जिन से उक्त समूह की सांस्कृतिक विशिष्टताएं निश्चित होती हैं और जो अपनी सभ्यता, रीतिरिवाज, कला, शिल्प, दंतकथाओं, परंपराओं तथा अंधविश्वासों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी कायम रखते हैं।

folk-art — **लोक कला**

समूह विशेष की पारंपरिक प्रारूपीय अनामिक कला जो सामुदायिक जीवन की अभिव्यक्ति होती है। लोककला शास्त्रीय, आत्मचेतनात्मक विश्वजनीन अभिव्यक्ति से भिन्न होती है।

folk-culture — **लोक संस्कृति**

छोटे, सुगठित, सजातीय एवं लगभग आत्मनिर्भर मानव समुदाय जिनके अंतर्वैयक्तिक संबंध प्रत्यक्ष होते हैं। इनकी प्रौद्योगिकी तथा अर्थव्यवस्था सरल होती है तथा श्रम विभाजन केवल लिंग और आयु के आधार पर होता है। इनके मानवीय संबंधों में बंधुत्व का स्थान विशेष होता है। इनमें धर्म सामाजिक संस्वीकृति तथा समुदाय की भावनाओं की अभिव्यक्ति का प्रमुख माध्यम होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

folk-dance **लोक नृत्य**

ऐसे नृत्य जिनका प्रारंभ कर्मकांड की तरह होता है और जो आगे चलकर देश की विशिष्टता बन जाते हैं। ये पीढ़ी-दर-पीढ़ी धर्म-निरपेक्ष होते जाते हैं ।

folklore **लोक वार्ता; लोक गाथा, लोक ज्ञान**

लोक वार्ता से तात्पर्य अलिखित साहित्य अथवा पारंपरिक कथाओं से है जो लोक कथाओं, मंत्रोच्चार, लोकोक्तियों, पहेलियों, गीतों, प्रार्थनाओं आदि में व्यक्त होता है । इस शब्द का प्रयोग उस नृवैज्ञानिक शाखा को भी निर्दिष्ट करता है जो इस प्रकार की सामग्री का अध्ययन किसी नृजाति वृत्त सामग्री की तरह करता है ।

folk society **लोक समाज**

छोटा अशिक्षित समाज जिसकी सांस्कृतिक परंपराएं एक-जैसी होती हैं और जो धर्मनिरपेक्ष या लौकिक न होकर धर्मोन्मुख होता है । ऐसे समाज में अपूर्व एकता एवं सामूहिक समेकता पाई जाती है ।

folk song **लोक गीत**

किसी क्षेत्र अथवा देश के जनसाधारण का परंपरागत गीत जो उनकी विशिष्ट संस्कृति का अंग होता है ।

folkways (-mores) **लोक रीति**

सीखा गया ऐसा व्यवहार जो किसी जन में सर्वसामान्य रूप से प्रचलित होता है ।

Folsom culture **फॉलसम संस्कृति**

उत्तरी अमरीका की प्रागैतिहासिक आखेट संस्कृति जिसका क्षेत्र उत्तर में कनाडा से लेकर दक्षिण में न्यूमैक्सिको तक तथा पूर्व में रॉकी पर्वत मालाओं से लेकर पश्चिमी सीमा तक फैला था। इस संस्कृति की प्रमुख विशेषता चकमक की नुकीली पत्राकार वेधनी थीं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

food gatherer — **खाद्य संग्राहक**

वह समूह जो अपना जीवन निर्वाह आखेट, मछली पकड़ कर तथा वन्य खाद्य पदार्थों का संग्रह कर करते हैं।

foot plough (=taclla) — **पैरहल, टाकला**

खेती का एक विकसित रूप जो पेरु के इंडियनों द्वारा प्रयुक्त किया जाता है। इसमें नीचे पैर रख कर चलाने के लिये पटला तथा हाथ साधने के लिये हत्था होता है जिससे इसे ज़मीन में आसानी से गड़ा कर खुदाई की जाती है।

forefather — **पूर्वज, पुरखा**

वंशानुक्रम में अपने से बहुत पुरानी पीढ़ी के लोग।

fossilization — **जीवाश्मीभवन, जीवाश्मन**

जीवाश्मित होने की प्रक्रिया अथवा जीवाश्मित हो जाना।

foster father — **पालक पिता, पोषक पिता**

वह पुरुष जो किसी अन्य व्यक्ति की संतान का पालन-पोषण पिता की तरह करता है।

foundation sacrifice — **नींव बलि, आधार बलि**

प्राचीन युग की एक प्रथा जिसमें किसी व्यक्ति को मार कर उसके शव को बलि के रूप में इमारत की नींव में रखा जाता था। इस तरह वह इमारत का संरक्षी प्रेत बन जाता था। इस कार्य के लिये विशेष रूप से खरीदे हुए बच्चे की बलि दी जाती थी।

fractional burial — **आंशिक शवाधान**

ऐसा शवाधान जिसमें शरीर का केवल एक अंग, जैसे, सिर दफ़नाया जाता है।

fraternal joint family — **भ्रातृक संयुक्त परिवार**

वह संयुक्त परिवार जिसमें केवल भाईयों के परिवार सम्मिलित हों।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

free flaking — **मुक्त शल्कन**

ऐसा शल्कन जिसमें आघात करने वाला उपकरण चकमक पर प्रहार कर शक्ति कम होने से पूर्व ही सीधा हवा में उठ जाता है। इससे परिष्कृत एवं तेज धार वाले शल्क तैयार होते हैं ।

free unions — **स्वच्छंद सहवास**

ऐसा सहवास जिसके लिये विवाह के बंधन में बंधना जरूरी नहीं होता ।

fructivorous — **फलाहारी, फलभक्षी**

अन्न या अन्य कोई आहार न लेकर केवल फल खाने वाले प्राणी ।

fructional imperative — **प्रकार्य अनिवार्यता**

समाज के छोटे-बड़े सभी समूहों की सामाजिक प्रणाली को जीवित रखने के लिये प्रकार्यिक आवश्यकताएँ। इनमें पर्यावरण से अनुकूलन, समाज के सदस्यों के बीच वैयक्तिक संबंधों के संयोजन के संरूप तथा संघर्ष व तनाव को नियंत्रित करने की विधियां सम्मिलित हैं।

functionalism — **प्रकार्यवाद**

1. प्रकार्य की संकल्पना पर आधारित सिद्धांत ।

2. संस्कृति का एक सिद्धांत जो किसी संस्कृति संकुल अथवा सामाजिक प्रणाली की अभिरचना तथा संस्थाओं के अंतर्संबंध तथा अन्योन्यता की व्याख्या करता है और इस बात पर बल देता है कि इन संरूपों की परस्पर अंतराक्रिया द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक एकता या जैव सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है ।

funeral — **अंत्येष्टि**

मृत का अंतिम संस्कार करने के अनुष्ठान।

fusion of culture — **संस्कृति-संलयन**

दो या अधिक संस्कृतियों के एक हो जाने की प्रक्रिया जिसमें संबंधित संस्कृतियों के कुछ विशेषकों का प्रतिरक्षण, कुछ का रूपांतरण तथा कुछ का नये विशेषकों द्वारा प्रतिस्थापन हो जाता है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

G

gable — **तिकोना, त्रिकोणिका**

इमारत की छाजनी या ओलती से छत की मगरी तक का उर्ध्वाधर त्रिभुजाकार भाग ।

gemeinschaft — **गेमाइनशाफ्ट बंधुताबद्ध-समाज, बंधु भावना**

एक समुदाय अथवा पारंपरिक या धर्मरूढ़ समाज की संकल्पना। ट्योनीस के अनुसार गेमाइनशाफ्ट 'प्राकृतिक इच्छाशक्ति' पर आधारित समूह है, अर्थात् ऐसा समूह निर्माण करने में सदस्यों का मुख्य उद्देश्य एक दूसरे के साथ संबंध होना होता है ।

genealogical method — **वंशावली पद्धति, वंशावली प्रणाली**

नृविज्ञान की सामग्री संकलित करने की एक प्रविधि जिसमें वंश-वृक्षों को वंशावली सारणी में संकलित किया जाता है । इस पद्धति के द्वारा विशेषकर बंधुत्व प्रणाली, बंधुत्व शब्दावली, उत्तराधिकार, विरासत तथा विवाह के नियम आदि से संबंधित सामग्री एकत्रित की जाती है ।

generation — **पीढ़ी**

लगभग एक ही समय में जन्म तथा जीवन-यापन करने वाले लोग एक पीढी की संरचना करते हैं ।

genetic group — **आनुवंशिक समूह, जननिक समूह**

ऐसे व्यक्तियों का समूह जो किसी न किसी रूप में सामान्य वंशानुक्रम से संबंधित होते हैं । ऐसे समूह में कोई भी बाहरी व्यक्ति जो विवाह, दत्तक ग्रहण अथवा अन्य किसी प्रकार से लाया गया हो, सम्मिलित नहीं होता ।

genna — **गेन्ना**

नागा तथा भारत के उत्तर-पूर्व की कुछ अन्य जनजातियों में निषेध के लिये प्रयुक्त शब्द ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

genocide — **जाति-संहार, जन-संहार**

प्रजातीय अथवा सांस्कृतिक समूह का उन्मूलन करने के लिये संकल्पित एवं व्यवस्थित कार्यवाही ।

gens — **जैन्स**

1. रोमन समाज के अन्तर्गत पैतृक वंशानुक्रम में एक ही वंशमूल के परिवारों का गोत्र जिसके सभी सदस्यों का एक ही उपनाम होता था और जो अपने सह-पूर्वज की पूजा करने के लिये इकट्ठे होते थे ।

2. पैतृक वंशानुक्रम का बंधु वग जो एकान्वयिक तथा बहिर्विवाही होता है । इसे पितृवंशीय गोत्र कहते हैं ।

genuflection (=genuflexion) — **जानुनमन**

धार्मिक अनुष्ठानों में एक अथवा दोनों घुटने टेककर झुकने की क्रिया ।

geochronology — **भूतैथिकी**

पृथ्वी के समय की माप के लिये प्रयुक्त एक सामान्य शब्द। इसका निर्धारण पृथ्वी के भौतिक परिवर्तनों के आधार पर किया जाता है ।

geomancy — **आरेख प्राक्ख्यापन**

रेखाओं अथवा आकृतियों के अध्ययन द्वारा प्राक्ख्यापन।

gerontocracy — **वृद्धतंत्र**

प्रशासन का एक प्रकार जिसमें राजनीतिक सत्ता समुदाय के वृद्ध जनों में निहित होती है ।

gesellschaft — **संघ, गेज़ेलशाफ्ट**

ऐसा समूह जो विवेकपूर्ण संकल्पना पर आधारित हो तथा जिसके सदस्यों के कुछ विशेष उद्देश्य या लक्ष्य हों—संघ कहलाता हैं, जैसे कोई समाज, संस्थान अथवा धर्मनिरपेक्ष समाज।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ghost candel — **प्रेत ज्योति**

शव के पास जलाई जाने वाली ज्योति जिसे दुष्ट आत्माओं को दूर रखने के लिये जलाते हैं ।

ghost cult — **प्रेतकल्प, प्रेत पूजा**

वे धार्मिक अनुष्ठान तथा कर्मकाण्ड जिन्हें मृत व्यक्तियों के प्रेतों के प्रसादन अथवा उन्हें दूर रखने के लिये किया जाता है ।

gibber-gunyah — **गिबर गुनयाह**

आश्रय के लिये आस्ट्रेलियाई जनजाति का एक शब्द ।

gill net — **गिल जाल**

नदी के मुहाने से विशेषकर कोलम्बिया नदी के मुहाने से सॉलमन मछली पकड़ने का जाल । इसमें एक बड़ी जाली लगी होती है जिसमें मछली सिर घुसाते ही फंस जाती है ।

gimlet — **बरमा, छिद्रक**

लकड़ी पर काम करने का एक छोटा उपकरण जिसकी नोक पेंचदार, दंड खांचेदार तथा मूठ दंड पर आड़ा होता है । यह छिद्र करने के काम आता है ।

glacial age — **हिमनद युग, हिमानी युग**

अत्यंत नूतन युग की अवस्था अथवा हिमनदीय युग ।

glacial boulder — **हिमनद-गोलाश्म**

गोलाश्म जो हिमनद के प्रवाह द्वारा अपने मूल स्थान से दूर चला आया हो ।

glacial epoch — **हिमनद-युग**

उत्तरी तथा दक्षिणी गोलार्ध में प्राक्कैम्ब्रियन से आगे के वैज्ञानिक काल का भाग जिसमें पृथ्वी का इतना बड़ा भाग हिमनदियों द्वारा आच्छादित था जितना अब नहीं है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

glaciation

हिमावर्तन, हिमनदन

पृथ्वी की वह अवस्था जिसमें वह हिम अथवा हिम नदियों से आच्छादित हो जाती है ।

glazing

काचन, चमकाना, ग्लेज़ करना

उच्च ताप में मृद्भांड पर विशेष प्रकार के लवण के घोल, सिलिका, लैड ऑक्साइड अथवा लेप के प्रयोग द्वारा चमक लाने की विधि ।

goatta

गोअट्टा (लेप जाति के खेमे)

यूरोप की उत्तरध्रुवीय जन-जाति द्वारा प्रयुक्त खेमा ।

go-between

बिचवई, बिचोली

दो व्यक्तियों अथवा समूहों के बीच समझौता या लेन-देन तय कराने वाला व्यक्ति ।

Golden stool

गोल्डन स्टूल

अफ्रीका में पश्चिमी घाना की अशांति जनजाति में लकड़ी का स्टूल जो आंशिक रूप से स्वर्ण-मंडित होता है । अशांति जनजाति में इसे सत्ता का प्रतीक माना जाता है ।

gorget

मनका अलंकरण, ग्रीवा त्राण

1. अस्थि, शुक्ति अथवा प्रस्तर की वस्तु जिसमें छेद होता है और उसमें धागा या डोरी डाल कर गले में आभूषण की तरह पहना जाता है ।

2. ग्रीवा कवच का टुकड़ा ।

Goura (Gora)

गूरा

एक तंत्री-वायु वाद्य जो हॉटटेनटाट तथा बुशमैन जनों में पाया जाता है । इसमें एक नम्य बांस के दंड पर एक चपटी वंशी तथा खूंटी लगी होती है । तार वंशी से लेकर दंड के दूसरे सिरे तक जाता है जहां पर यह बंधा होता है । वंशी को दोनों होठों के बीच में रख कर फूंक मार कर बजाया जाता है । इसको उग्वाला भी कहते हैं ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

grave furniture **शवाधि उपस्कर**
(=grave goods)

सजावट की वस्तुएँ, शस्त्र, खाद्य तथा अन्य सभी वस्तुएँ जो शव के साथ दफनाई जाती हैं । ये वस्तुएँ पुरातत्वज्ञों के लिये विशेष महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये संस्कृति की पुनर्रचना करने में सहायक होती हैं । कब्र का सामान बहुधा उस व्यक्ति की प्रस्थिति का द्योतक होता है जिसका शव वहां दफनाया गया हो ।

graver **उत्कीर्णक, टांकी**

एक प्रागैतिहासिक चकमक उपकरण जो छीलने अथवा काटने के काम आता था । संभवतः यह छैनी का प्रथम प्ररूप है । इसमें एक आड़ी कर्तन धार होती है जो दंड अथवा मूठ पर खांच बनाती है । इसमें कम-से-कम एक उत्कीर्णक क्षतचिह्न होता है । कार्यांग की दृष्टि से ग्रेवर के कई प्रकार होते हैं । इन्हें ब्यूरिन भी कहते हैं।

graver facet **उत्कीर्णक क्षतचिह्न**

शल्क क्षतचिह्न जो शल्क अथवा फलक को खड़ी अवस्था में पकड़कर इस स्थान पर उर्ध्वाधर आघात के कारण बनता है ।

grave stone **समाधि प्रस्तर**
(=tomb stone)

समाधि पर लगा हुआ अथवा उसके समीप खड़ा किया गया प्रस्तर । इस पर बहुधा मृत को पहचानने तथा उसकी स्मृति बनाए रखने के लिये उसके बारे में कोई विवरण उत्कीर्णित किया जाता है ।

Gravettian culture **ग्रेवेती संस्कृति**

यूरोप की औरिग्नेशी संस्कृति के बाद पुरापाषाणकालीन विस्तृत संस्कृति जिसका नाम फ्रांस के ला ग्रेवेत स्थल के नाम पर पड़ा। इसका विशिष्ट उपकरण सीधे कुंठित पृष्ठ वाला संकुचित नुकीला फलक है ।

ground moraine **तलस्थ हिमोढ, तलस्थ मोरेन**

हिमनद के प्रत्यावर्तन के कारण तलभूमि प्रकट हो जाने से निर्मित हिमोढ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

group dynamics

समूह गतिकी, समह-गतिशीलता, समूह गति

1. समूह गतिकी से तात्पर्य समूहों की संरचना एवं कार्य-शीलता का अध्ययन है । इसके अन्तर्गत समूह में अन्तराक्रिया, समूह एवं पर्यावरण में अन्य समूहों के अन्तः संबंधों के अध्ययन के संरूप के आधार पर छोटे समूहों का अध्ययन किया जाता है ।

2. छोटे समूहों में व्यवहार के मनोवैज्ञानिक पक्षों का अध्ययन।

group solidarity

समूह समेकता

सामूहिक व्यवहार का समाकलन जो सामाजिक बंधनों, आकर्षणों अथवा शक्तियों के फलस्वरूप समय-विशेष पर समूह के सदस्यों में अन्तराक्रिया की अभिव्यक्ति होता है ।

growth ring

संवृद्धि वलय

समय बीतने के साथ वृक्षों के तने में वलय के रूप में विशेष प्रकार की परतें जिनके अध्ययन द्वारा वृक्ष की आयु आंकी जाती है।

guardian spirit

अधिष्ठातृ देवता

किसी व्यक्ति, समूह या ग्राम की संरक्षी देवी।

H

habitat

आवास

1. एक भौगोलिक क्षेत्र जहां कोई जीव निवास करता है या कोई पौधा विकसित होता है ।

2. किसी स्थान का प्राकृतिक परिवेश जहां मानव समूह निवास करता है ।

hache

हाशे

वर्गाकार शीर्ष वाला चकमक उपकरण जिसका निर्माण ट्रांशे के बाद हुआ । हाशे जर्मनी तथा स्केन्डिनेविया के भागों में प्राप्त हुआ था ।

halak

हलाक

सेमांग के शमन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

halberd — **परशु फ़रसा**

पूर्व कांस्य युग का एक त्रिभुजीय खंजर जो दंड के एक सिरे पर समकोण की स्थिति में लगा होता है । इसका फलक सदैव समरूप नहीं होता । इस प्रकार के उपकरण का उद्भव संभवतः पुर्तगाल अथवा स्पेन में हुआ था ।

half brother — **सौतेला भाई**

ऐसे भाई जिनकी एक ही माता पर पिता भिन्न हों, अथवा एक ही पिता हो पर माता भिन्न हो ।

halomancy (=alomancy) — **लवण (शकुन विचार) प्राक्ख्यापन**

आग में नमक फेंक कर तथा ज्वाला के अध्ययन द्वारा प्राख्यापन करने की प्रविधि ।

hand adze — **हस्त बसूला**

सेल्ट के आकार का एक प्रागैतिहासिक प्रस्तर उपकरण जिसकी एक सतह चपटी तथा दूसरी वक्र होती है । इसकी कर्त्तनधार बसूले की तरह होती है ।

hand axe — **मुष्टिकुठार, हस्तकुठार**

एक प्रागैतिहासिक प्रस्तर उपकरण जो द्विमुखीय क्रोड का होता है । इसका एक सिरा तेज़ काटने के लिये तथा दूसरा गोल हाथ से पकड़ने के लिये होता है ।

harpoon — **हारपून**

कंटीला प्रक्षेपण अस्त्र जो मछली तथा समुद्री पशुओं के शिकार के लिये प्रयुक्त होता है । इसका शीर्ष चपटा, त्रिभुजाकार तथा वियोज्य होता है ।

harpoon thrower — **हारपून प्रक्षेपणी**

हारपून फेंकने का शस्त्र ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

head hunting

मुंड आखेट

आदिम जनजातियों में प्रचलित शीर्ष उच्छेदन की प्रथा जिसका आधार धार्मिक और सामाजिक होता है। इसमें देवताओं को प्रसन्न करने के लिये धार्मिक अनुष्ठानों में तथा समाज में वयस्कता, पुरुषत्व एवं प्रतिष्ठा की स्थापना के लिये प्रतिपक्षी जनों के शीर्ष काट कर विजयोपहार के रूप में मुंडों का संग्रहण किया जाता है । यह प्रथा नरबलि, नरभक्षण एवं उर्वरता कल्प से संबद्ध है । मेलेनेशिया, दक्षिणी तथा पश्चिमी अफ़्रीका तथा भारत के उत्तरी पूर्वी अंचल की नागा जनजातियों में यह प्रथा प्रचलित थी ।

heir-loom

कुलागत संपत्ति

संपत्ति का वह भाग जो किसी कानून, विशेष प्रथा, वसीयत अथवा समझौते के अनुसार उत्तराधिकार का अभिन्न अंग समझा जाता है; अतः इसे उत्तराधिकार के साथ प्राप्त किया जाता है।

heliocentric theory

सौरकेंद्रित सिद्धांत

1. ब्रिटिश विसरणवादियों की संस्कृति प्रसार (परिवर्तन) की परिकल्पना जो मिस्र के मूलभूत सिद्धांत का प्रतिपादन करती है । इसके अनुसार विश्व की बहुत-सी विकसित संस्कृतियों का आधार सौर पाषाण विशेषक हैं । इस सिद्धांत का प्रतिपादन जी० इलियट स्मिथ तथा डब्ल्यू० जे० पैरी ने किया था । अब यह सिद्धांत सर्वमान्य नहीं है । इसके अनुसार संस्कृति आदान संस्कृति परिवर्तन की एकमात्र प्रणाली थी ।

2. किसी समाज या उपसमाज में सामाजिक संबंधों के नियमों का स्वरूप जो वंशानुक्रम, उत्तराधिकार, वंशगति, विवाहेतर यौन संबंध तथा आवास आदि का नियंत्रण कर समाज में व्यक्तियों तथा समूहों की समव्यक्तता तथा विवाह के बंधनों से संबद्ध प्रस्थिति को निर्धारित करता है ।

hepatoscopy

यकृत शकुन विचार

वध किये गये पशुओं के यकृत के अध्ययन द्वारा भविष्य कथन करना ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

herding **पशुपालन**

पशुओं को पालने का कार्य।

hexagonal basketry **षटकोणीय करंड**

एक प्रकार का गुंफित करंड जिसमें बुनते समय बाने को अनुप्रस्थ या खड़ा न रख कर तीन दिशाओं में बुना जाता है। इससे बुना हुआ नमूना षटकोणीय होता है।

hieroglyphic characters **चित्रलिपि, चित्राक्षर**

मिस्र की प्राचीन चित्र लेखन शैली जो पहले सामान्य रूप से प्रचलित थी तथा बाद में केवल धार्मिक लेखन के लिये प्रयुक्त होने लगी।

high god (primeval) **अधिदेवता**

एक सर्वोच्च दैवी शक्ति जो विशेषकर आदिम लोगों के धर्म से संबंधित है।

hinge fracture **कोर विभंजन**

क्रोड से शल्क उतारने की विधि जिसमें शल्क के कोर का भाग गोल अथवा लहरदार होता है जोकि सामान्य शल्क की तेज कर्तन धार के विपरीत है।

hoe **कुदाल, हो**

खेत जोतने का एक उपकरण जिसका फलक हत्थे के साथ समकोण की स्थिति में लगा होता है। आदिम कृषि का यह सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है। इस उपकरण का उद्भव नवपाषाण युग से हुआ।

Holocene epoch **होलीसीन युग, नूतनतम युग**

लगभग 25000 वर्ष पूर्व, सबसे बाद का प्राणी काल जिसकी विशेषता होमोसेपिएन्स का विकास है।

horde **ओर्दु, झुंड**

समाज व्यवस्था का एक प्राथमिक रूप। यायावरों का वह यूथ जो विशिष्ट निर्धारित क्षेत्रों में आखेट करने अथवा पशुओं को चराने का विशेषाधिकार रखते हैं। बहुधा ये क्षेत्र उनके घूमने की सीमा होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

hunting economy

आखेट अर्थव्यवस्था

आखेट द्वारा जीवन-निर्वाह की अर्थव्यवस्था।

hypergamy

अनुलोम विवाह

ऐसा विवाह जो उच्च वर्ण (जाति) के पुरुष तथा निम्न वर्ण (जाति) की स्त्री में हो।

hypogamy

प्रतिलोम विवाह

वह विवाह जिसमें पुरुष निम्न वर्ण का और स्त्री उच्च वर्ण की हो।

I

ice age

हिम युग

दे० 'Pleistocene epoch.'

ichthyomancy

मत्स्यांत्र प्राक्ख्यापन

मछली की अंतड़ियों के संकेतों से प्राक्ख्यापन करने की विधि।

idolatry

प्रतिमापूजा

किसी भी भौतिक वस्तु को ईश्वर का रूप मानकर उपासना करना—विशेषकर ईश्वर को मूर्ति का आकार देकर उसकी पूजा करना।

igloo

इग्लू (एस्किमो हिमकोटर)

उत्तरी अमेरिका (एलास्का, ग्रीनलैंड) तथा कनाडा के एस्किमो के हिमकुटीर जो बहुधा गोल गुंबदाकार होते हैं। एस्किमो भाषा में 'इगलू' का अर्थ किसी भी पशु अथवा मानव का आश्रय है।

iglulik

इगललिक

कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली स्लेज।

illegitimacy

अधर्मजता

समाज अथवा कानून की दृष्टि में अवैध होने की अवस्था। जारज अथवा अवैध होना।

imitative magic

अनुकारी जादू

एक प्रकार का जादू जो इस विश्वास पर आधारित होता है कि किसी वस्तु अथवा व्यक्ति पर उसके प्रतीकों के माध्यम से भी जादू

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

किया जा सकता है, अर्थात् यदि उस प्रतीक पर कोई जादू किया जाता है तो उसका प्रभाव लक्षित वस्तु या व्यक्ति पर पड़ता है।

incantation — **मंत्र**

कोई विशेष प्रभावकारी शक्ति प्राप्त करने तथा उसको प्रभावकारी रूप देने के लिए किन्हीं विशेष वाक्यांशों का उच्चारण या गान। ऐसा विश्वास है कि मंत्र के शब्दों में जादुई शक्ति होती है जिससे वांछित अभिचार पूर्ण होता है। बहुधा सम्मोहन अथवा भूत अपसारण के लिए मंत्रों का प्रयोग किया जाता है।

incarnation — **अवतार, अवतरण**

यह विश्वास कि ईश्वर या अन्य कोई देवता मनुष्य अथवा पशु का शरीर धारण कर कुछ समय के लिए प्रकट होता है या उस रूप में पूरा जीवन बिताता है।

incest — **अगम्यगमन, अजाचार**

ऐसे स्त्री-पुरुष के बीच यौन अथवा वैवाहिक संबंध जिनमें परस्पर वास्तविक, काल्पनिक अथवा कृत्रिम बंधुत्व के संबंध हों।

indirect descent — **अप्रत्यक्ष वंशानुक्रम**

वंशानुक्रम की पद्धति जिसके अनुसार बच्चे अपने मां या पिता के टोटमी कुल से संबंधित न होकर पितामह (दादा) के टोटमी कुल से संबंधित रहते हैं।

informant — **सूचक, सूचना दाता**

वह व्यक्ति जो सूचना देता है।

infra human — **अवमानवीय**

मानव उद्विकास की श्रृंखला में मानव से पूर्व के मानवसम प्राणी जो बनावट, गुणों और विशेषताओं में मानव के समान न हों।

inheritance — **विरासत, वंशागति**

मृत व्यक्ति की स्थावर अथवा वैयक्तिक संपत्ति का उसके उत्तराधिकारियों द्वारा अधिग्रहण। वंशागति में समाज के संपत्ति पारेषण के नियम अन्तर्निहित होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

inhumation

मृतक को दफनाना। **शवाधान**

initiation

श्रीगणेश, दीक्षा, दीक्षण, प्रारंभ

1. आरंभ, स्थापना अथवा उद्भव होने की क्रिया अथवा प्रक्रिया।

2. वह अनुष्ठान तथा कठिन परीक्षा जिसके द्वारा आदिम समुदाय में युवक को औपचारिक रूप से प्रौढ़ के रूप में प्रतिष्ठापित किया जाता है।

initiation rites

दीक्षा संस्कार

एक प्रस्थिति से दूसरी प्रस्थिति में प्रवेश से संबंधित आनुष्ठानिक समारोह या संस्कार, जैसे किसी धर्मसंप्रदाय, शिक्षाक्षेत्र अथवा गुप्त समाज का सदस्य बनते समय विशेष व्रत नियमों तथा कर्मकाण्डों का अनुपालन।

institutionalisation

संस्थापन

1. संस्थागत होने का गुण अथवा अवस्था।
2. संस्थागत होने की क्रिया अथवा परिणाम।

integration

समाकलन, एकीकरण

दे० 'cultural integration.'

interaction

अंतराक्रिया, परस्पर क्रिया, अन्योन्यक्रिया

वह प्रक्रिया जिसके अन्तर्गत एक सत्व की क्रिया दूसरे सत्व में कोई क्रिया अथवा परिवर्तन उत्पन्न करती है।

interglacial

अंतर्हिमावर्ती, अंतराहिमनदीय

हिमावर्तन कालों के बीच का अपेक्षाकृत गर्म अथवा शुष्क जल-वायु का काल।

inter pluvial period

अंतरा-आर्द्र काल

सुदीर्घ वृष्टिपात काल के बीच का अपेक्षाकृत शुष्क काल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

Ipiutak culture **इपूटॉक संस्कृति**

उत्तरी पश्चिमी एस्किमो की प्राचीन संस्कृति जिसके बहुत से नवपाषाण युगीन प्रस्तर तथा उत्कीर्णित अस्थि उपकरण पॉइंटहोप तथा अलास्का के समीप प्राप्त हुए है। यह संस्कृति संभवतः एस्किमो की प्राचीनतम संस्कृति है जिसका विकास प्रथम सहस्त्राब्दि के प्रारम्भ में हुआ था।

isolation **निःसंगता, विलगन**

एक समूह का अपने-जैसे दूसरे समूहों में पृथक् रहना अथवा किसी व्यक्ति का उस समूह से अलग-थलग रहना जिसका वह सदस्य है, और उसके किसी भी सुव्यवस्थित क्रियाकलाप में भाग न लेना।

J

jettatore **कुदृष्ट**

किसी व्यक्ति की ऐसी दृष्टि जिसमें दूसरों का अनिष्ट करने की शक्ति हो।

jettatura
(=evil eye) **कुदृष्टि**

किसी का अनिष्ट करने के उद्देश्य से जादू या मंत्र का प्रयोग।

joint family **संयुक्त कुटुंब**

दे० 'extended family.'

joking relationship **परिहास संबंध**

दो संबंधियों के बीच सामाजिक रूप में सम्मत परिहास की रीति। कुछ संबंधियों के बीच ये संबंध पारस्परिक होते हैं तथा कुछ के बीच एकतरफा होते हैं । ये संबंधी आपस में मिलने पर एक दूसरे को खिजाते और हंसीमज़ाक करते हैं । कभी-कभी ये मज़ाक अश्लील अथवा अपमानजनक होते हैं पर इनका बुरा नहीं माना जाता। बहुधा यह संबंध वैवाहिक संबंधियों में ही अधिक प्रचलित और अपरिहार्य होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

junior levirate

देवर (विवाह) अधिकार

एक सामाजिक नियम जिसमें छोटा भाई अपने बड़े भाई की विधवा से विवाह करने के लिए बाध्य होता है।

junket

1. भोज, वन विहार
2. करंडपाश, टोकरी जाल

1. एक उत्सव संबंधी सामाजिक भोज।

2. करंड या बेंत-तंतुओं से निर्मित मछली पकड़ने का जाल।

usprimal noctis

प्रथम रात्रि अधिकार

नववधू के साथ प्रथम रात्रि को संभोग करने का अधिकार।

K

Katcina

कचीना

अरिज़ोना होपी तथा अन्य प्यूब्लो इंडियनों द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों में प्रयोग किया जाने वाला मुखौटा, लघुमूर्ति अथवा अन्य वस्तु। कचीना धारण करने वाले पुरुष अलौकिक व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उन्हें बहुधा मृतात्मा समझा जाता है। ये व्यक्ति मानव के मिथक पूर्वज हैं और ऐसा विश्वास है कि ये शीतकाल में पृथ्वी पर अवतरित होते हैं तथा शेष समय ये प्रेत लोक में व्यतीत करते हैं, उनका आगमन तथा प्रस्थान विशेष समारोहों का अवसर होता है।

Katta

काटा

आस्ट्रेलिया का एक आदिम खनन उपकरण।

keeled round scraper

निधरणाकार गोल क्षुरक

मध्य औरिगनेशी युग में छाते के आकार का एक छोटा गोल क्षुरक जिसके मध्य शिखर को अपखंडित किया जाता था। इसकी बाहरी धारें तीक्ष्ण होतीं थीं और इससे संभवतः सामान्य क्षुरण का कार्य किया जाता था।

kettle drum

नगाड़ा, नक्कारा

पीतल तथा तांबे के ढांचे पर चर्मपत्र मढ़कर बनाया गया नगाड़ा। इसमें नीचे की ओर खूटियां होती हैं जिन्हें कस कर स्वर मिलाया जाता है। इसका वादन चोब की जोड़ी से किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

kiln fired — **आपाक पक्व**

आवे में पकाए गए मृद्भांड ।

kin — **ज्ञाति, बंधु, स्वजन**

ऐसे संबंधी जिनके पूर्वज एक ही हों।.

kin community — **ज्ञाति समुदाय, स्वजन समुदाय**

जब कोई स्थानीय समुदाय जाति समूह के रूप में संगठित हो, तो उसे ज्ञाति समुदाय कहा जा सकता है।

kindred — **ज्ञाति बंधु, बिरादरी, संबंधी**

उभयपक्षीय वंशानुक्रम पर आधारित निकट स्वजनों का समूह जिसे किसी केन्द्र व्यक्ति (Ego) के संदर्भ में ही निर्दिष्ट किया जाता है।

kin group — **स्वजन समूह**

बंधुत्व से आबद्ध सामाजिक समूह। उदाहरणार्थ, मूल परिवार एक स्वजन समूह होता है।

kinsfolk — **स्वजन, ज्ञातिबंधु**

एक ही स्वजन समूह के लोग।

kinship — **बंधुता, बंधुत्व, सगोत्रता**

1. बंधुता जैविक संबंधों की सामाजिक मान्यता है।

2. बंधुता जैविक प्रसंग में सामाजिक संबंधों की अभिव्यक्ति है।

3. समरक्तीय और वैवाहिक संबंधों की सामाजिक मान्यता और अभिव्यक्ति को बंधुता कहते हैं। इसमें काल्पनिक और वास्तविक दोनों ही प्रकार के वंशावलिक रिश्तों पर आधारित तथा समाज द्वारा स्वीकृत संबंध सम्मिलित होते हैं।

kinship system — **बंधुता प्रणाली**

संबंधों की वह संरचित प्रणाली जिसमें व्यक्ति एक दूसरे के साथ विवाह तथा बंधुता के अनेकों जटिल तथा अन्तर्ग्रथित बंधनों द्वारा आबद्ध होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

kinship terminology

बंधुत्व शब्दावली

वह शब्दावली जो वैवाहिक या जनकीय संबंधों पर आधारित सामाजिक संबंधों का बोध कराती है।

kitchen-midden

किचिन-मिडन, घूरा

मध्यपाषाण युग तथा उसके बाद के अवशिष्ट कूड़े के ढेर अथवा टीले, जो आदिम मानव के वास स्थल के परिचायक हैं। इन घूरों में विशेषकर सीपियां तथा हस्तकृतियां मिलती हैं।

kinship group

स्वजन समूह

दे० 'kin group'

kiva

किवा

दक्षिणी पश्चिमी अमरीका की होपी जाति में केवल पुरुषों द्वारा किए जाने वाले धार्मिक कृत्यों, सम्मेलनों तथा विश्राम के लिए बनाया गया भूमिगत समारोह कक्ष।

knife blade

छुरी फलक, चाकू फलक

चाकू के आकार का प्रस्तर उपकरण जिसका एक सिरा या एक से अधिक सिरे धार वाले हों। पूर्व औरिगनेशी युग के औदी तथा शैतलपिरोन इसी वर्ग के उपकरण हैं।

kraal

क्राल

दक्षिणी अफ्रीका में काफिर (बांतू) तथा हॉट्टैनटॉट आदि जनजातियों के ग्राम अथवा पशुओं के बाड़े जिसमें भेड़ आदि मवेशी रखे जाते हैं।

kula ring

कुला चक्र

ट्रोब्रियेंड द्वीपसमूह के मेलिनेशियाई लोगों की आर्थिक प्रणाली में अनुष्ठानिक वस्तु विनिमय। इसके अंतर्गत वस्तुओं का विनिमय निश्चित भागीदारों के बीच एक वृत्त में होता है।

kulturkreis

कुलटुरक्राइस

नृविज्ञान की एक विचारधारा जो जर्मन-ऑस्ट्रियाई संस्कृति इतिहास संप्रदाय से संबंधित है। यह संप्रदाय अनेक सांस्कृतिक विशेषक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

समूहों अथवा कुलटुरक्राइस को विश्व संस्कृतियों के वर्गीकरण का आधार मानता है। ऐसा मानते हैं कि प्रत्येक कुलटुरक्राइस का उद्भव संसार के विभिन्न क्षेत्रों में कालिक क्रम में हुआ है।

kwakiutul — **1. क्वाकीउट्ल**
2. क्वाकीउट्ल भाषा

उत्तर वॉनकूवर द्वीप में रहने वाली एक उत्तरी अमरीकी जनजाति।

L

laa net — **निलंबित जाल**

सोलोमन द्वीप का एक मत्स्य-जाल।

labret — **अधरिका, ओष्ठ-आभरण**

निचले ओष्ठ में पहना जाने वाला एक काष्ठ का लंबा आभरण।

lake dwelling — **सरोवरवास, सरोवर वासस्थान, झीलघर**

जल की सतह पर स्तंभों को गाड़कर बनाया गया आवास।

lampadomancy — **दीपशिखाप्राक्ख्यापन**

दीपक की लौ को देखकर भविष्यकथन करने की विधि।

lance — **भाला, कुंत**

लंबे हत्थे तथा तेज नोकदार शीर्ष वाला एक शस्त्र।

lar — **लार, गृहदेवता**

प्राचीन रोम का एक अधिष्ठाता देवता अथवा आत्मा जो विशिष्ट स्थान से संबद्ध था। यह परिकल्पना की जाती थी कि लार उपकारी पूर्वज आत्मा अथवा प्रतिभाशाली व्यक्तियों की मृतआत्माओं का समकक्षी है।

lasso — **लासो**

एक फंदा जो भागते हुए शिकार को फंसाने के लिए फेंका जाता है। इसे स्तम्भ से भी बांधा जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

La Tene epoch Susantra **लातेन युग**

यूरोप में सन् 500 ईसवी पूर्व से प्रथम ईसवी तक का लौह युग अथवा उससे संबंधित।

latent function **अव्यक्त क्रिया, अव्यक्त प्रकार्य**

एक प्रकार्यिक संबंध जो न तो अभीष्ट है और न अभिज्ञात।

law **विधि, कानून**

समाज में व्यक्ति के व्यवहार निर्देशन के हेतु बनाए गए नियम अथवा अधिनियम जिनका पालन करना उस समाज के सदस्यों के लिए आवश्यक माना जाता है। उक्त समाज प्राकृतिक भी हो सकता है, राजनीतिक-प्रशासनिक भी। पहले प्रकार के समाजों में विधि सामान्यतः धर्म पर आधारित होती है और उसे दैवी अनुज्ञा प्राप्त होती है। दूसरे प्रकार के समाजों में कोई निर्धारित संगठन, परिषद् अथवा संसद् विधि का निर्माण करती है। इस कार्य में समाज की प्रचलित रीतियों को ही विधि का रूप दे दिया जाता है अथवा समाज सुधार के उद्देश्य से भी नए प्रकार की विधि का विधान किया जा सकता है। दोनों ही प्रकार के समाजों में कुछ सामान्य विशेषक होते हैं, जैसे विधि के पालन पर जोर देना, नियमों को मनवाने के लिए व्यवस्था एवं दंडविधान तथा वैधानिक नियमों का अर्थ और आशय बताने और उसको व्यवहार में लाने के लिए निर्धारित न्यायिक पद्धति।

law of primogeniture **ज्येष्ठाधिकार नियम**

वह नियम जिसके अनुसार ज्येष्ठ पुत्र या संतान या उत्तराधिकारी को दायप्राप्ति में एकमात्र अथवा अधिमान्य अधिकार होता है।

lean to **लीनटू**

ऑस्ट्रेलिया के कुछ आदिम समूहों तथा अन्य लोगों का आश्रय स्थल। यह किसी स्थान को शाखाओं तथा पत्तियों से ढक कर बनाया जाता है।

lecanomancy **जलपात्र प्राक्ख्यापन**

जल से भरे पात्र में कोई वस्तु फेंककर उससे बने बिंब अथवा उससे उत्पन्न ध्वनि का अर्थ समझ कर प्राक्ख्यापन करने की विधि।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

legend — **पुरावृत्त, दंतकथा, संकेतिका**

ऐसी कहानी जो अतीत से चली आ रही हो, विशेषकर वह कथा जो प्राचीन परंपरा से प्राप्त हुई हो तथा सामान्यतया ऐतिहासिक मानी जाती हो, यद्यपि उसे पूर्णरूप से प्रमाणित किया जा सकता हो।

leister — **नेजा, मत्स्य शूल**

1. वह मत्स्य भाला जो पहले कांसे का बनाया जाता था, बाद में लोहे का बनने लगा था। इसमें तीन या अधिक कांटे होते थे।

2. चार बाहुओं तथा कम-से-कम चार कांटों वाला मत्स्य शूल।

Levalloisian culture — **लवाल्वाई संस्कृति**

एक संस्कृति परम्परा जिसमें उत्तर ऐश्यूली तथा पूर्व मोस्तारी संस्कृति मिली होती है तथा जिसकी विशेषता चपटे चकमक अश्मपिंड से शल्कों को उतार कर प्रस्तर उपकरण निर्माण करने की प्रविधि है।

levirate — **लेविरेट**

लेविरेट में साधारणतया छोटा भाई बड़े भाई की मृत्यु के उपरांत उसकी विधवा से विवाह करता है।

दे० **'Junior levirate'** भी।

liana bridge — **वल्लरी सेतु**

वल्लरी लता से करंड की तरह का अंतर्ग्रथित सेतु। इसे सहारा देने के लिए किनारे पर अथवा जल के अन्दर स्तंभ तथा जंगला लगा होता है।

libation — **तर्पण**

देवी देवताओं पर चढ़ाई जाने वाली बलि पर तरल पदार्थ अर्पित करना। जैसे, जल, या मदिरा चढ़ाना।

limande — **लिमांडे, अंडाकार हस्त कुठार**

अंडाकार हस्त कुठार जो बहुधा चपटा होता है, जिसके सिरे नुकीले होते हैं तथा मध्यभाग सबसे मोटा होता है। लिमांडे पूर्व ऐश्यूली काल का उपकरण है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

lineage

वंश

1. ज्ञात अथवा सहपूर्वज के वंशजों का विस्तृत एवं एकपक्षीय रक्त संबंधियों का समूह। वंश का अधिष्ठाता कोई काल्पनिक अथवा पौराणिक पात्र नहीं होता अपितु वास्तविक व्यक्ति होता है।

2. वंश एक सामाजिक समूह है जिसके सदस्य अपना अन्वय ज्ञात सहपूर्वज से एक ही अन्वय रेखा (मातृवंशीय अथवा पितृवंशीय) में निर्दिष्ट करते हैं।

lineal

स्वशाखीय

इस शब्द का प्रयोग माता-पिता से संतान की प्रत्यक्ष अन्वय रेखा, उत्तराधिकार, अथवा वंशागति को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है। यह भिन्नशाखीय संबंधियों, जैसे मातृक तथा पैतृक पूर्वजों के सहोदरों के वंशज से रेखांकन करने के विपरीत है।

linear evolution

रेखीय विकास

संस्कृति विकास का एक सिद्धांत जिसके अनुसार प्रत्येक समाज का सांस्कृतिक विकास दूसरे समाजों के समांतर होगा।

litter

पालकी

व्यक्ति को ले जाने की सवारी जिसे दो या अधिक वाहक ले जाते हैं। पालकी दो स्तंभों से जुड़ा झूला अथवा कुर्सी भी हो सकती है। यह बहंगी के लट्ठे से विकसित हुई है।

loam

दुमट

मृद्भांड की मिश्रित मृत्तिका जिसमें लौह, गैरिक अथवा अभ्रक मिला होता है।

lobola

लोबोला

दक्षिणी अफ्रीका की जनजातियों में प्रचलित एक प्रथा जिसमें वर वधू के पिता या स्वजनों को वधू प्राप्त करने के लिए मवेशी अथवा बकरियां आदि शुल्क रूप में देता है।

local exogamy

स्थानीय बहिर्विवाह
स्थानिक बहिर्विवाह

किसी स्थानीय क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति से विवाह करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

lower Palaeolithic age — **पूर्व पुराप्रस्तर युग**

पुराप्रस्तर युग के आरंभ का काल। इस काल के अवशेषों में मानव के आद्य रूप-ऑस्ट्रेलोपिथिकस तथा होमोइरेक्टस प्राप्त हुए हैं तथा क्रोड उपकरण, हस्तकुठार तथा खंडक प्ररूप बहुतायत से मिले हैं।

दे० 'Palaeolithic age' भी।

loy — **खंती**

स्तंभ गाड़ने के लिए गड्ढा खोदने की छैनी जैसा चौड़े फलक का उपकरण।

Ludlovian epoch — **लडलोवी युग (इंगलैंड)**

यूरोपी सिल्यूरी प्रविभाग का अथवा उससे संबंधित काल खंड।

linate (tool) — **अर्ध चंद्राकार (उपकरण), लूनेट**

प्रस्तर का अर्धचंद्राकार उपकरण।

M

macana — **मैकना**

दक्षिणी अमरीका के इंडियनों द्वारा प्रयुक्त लकड़ी का शस्त्र अथवा कृषि उपकरण। यह प्रायः चपटी गदा अथवा तलवार के आकार का होता है।

Magdalenian (culture) — **मग्दाली (संस्कृति)**

उत्तर पुरापाषाण काल में अधिकांशतः पश्चिमी यूरोप की संस्कृति। इसकी विशेषता चकमक तथा अस्थि उपकरण तथा हाथीदांत की नक्काशी के अलावा वह बहुरंगी चित्रकारी है जो दक्षिणी फ्रांस तथा उत्तरी स्पेन की गुफाओं में प्राप्त हुई है। उत्तर मग्दाली काल की विशेषता कंटीले हारपून हैं।

magic — **जादू**

जादू उस विश्वास तथा कृत्य के संकुल को निर्दिष्ट करता है जिसके आधार पर और जिसके द्वारा व्यक्ति तथा समूह पर्यावरण को इस तरह से नियंत्रित करने का प्रयत्न करते हैं जिससे उन्हें लक्ष्य की प्राप्ति हो। इस प्रकार के नियंत्रणों की क्षमता आजमाई हुई नहीं होती। कुछ मामलों में आनुभविक विज्ञान की विधि द्वारा उसका परीक्षण संभव नहीं होता। जादुई कृत्य का सार यह है कि वह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

आनुभविक रूप से अपरीक्षित विश्वास पर आश्रित है तथा यह नियंत्रण करने का एक प्रयास है। इसका पहला पक्ष इसको विज्ञान से अलग करता है तथा दूसरा धर्म से।

Maglemosian (culture)

मैग्लेमोसियन (संस्कृति)

उत्तरी यूरोप की प्रथम मध्यपाषाण संस्कृति जिसकी विशेषताएँ अस्थि तथा प्रस्तर उपकरण हैं। इनमें सूक्ष्मपाषाण उपकरण तथा अस्थि शूलाग्र सम्मिलित हैं।

mallet

मुंगरी, मुद्गर

एक घन जिसका शीर्ष बेलनाकार या विशिष्ट ढोलकाकार लकड़ी अथवा अन्य किसी नरम पदार्थ का बना होता है।

maloca

मलोक

एक बहुत बड़ा छप्पर वाला आवास जिसमें बहुत से परिवार एक साथ रहते हैं। यह उष्णकटिबंधी दक्षिणी अमरीका के आदिवासियों के आवास का एक सामान्य नमूना है।

mana

माना

एक अवैयक्तिक अलौकिक शक्ति जो वस्तुओं अथवा व्यक्तियों में निहित होती है। पोलिनेशिया तथा मेलिनेशिया के आदिवासियों का इस अलौकिक शक्ति में विश्वास है। अतः जिस वस्तु अथवा व्यक्ति में विलक्षणता पाई जाती है उस वस्तु अथवा पुरुष को 'मानायुक्त' मान लिया जाता है। यह एक ओशेनियाई शब्द है। मेलिनेशिया भाषा में 'माना' शब्द का अर्थ विचित्र, आश्चर्यजनक तथा अद्वितीय है।

Manes

पितर

मृत व्यक्तियों की आत्माएं अथवा अधोलोक के देवता।

manifest function

प्रकट प्रकार्य

मान्यता प्राप्त मूल्य वाला प्रकार्यात्मक संबंध। यह विशिष्ट इकाई (व्यक्ति, उपसमूह, सामाजिक अथवा सांस्कृतिक प्रणाली) के उन उद्देश्यात्मक परिणामों को निर्दिष्ट करता है जो उसके समायोजन अथवा अनुकूलन में सहायक हों और इसलिए अभीष्ट हों।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

manism — **पितर पूजा**

मृत मानवों की आत्माओं की पूजा।

manitou — **मेनिटू**

एक अलौकिक शक्ति अथवा आध्यात्मिक शक्ति जो आत्माओं, देवताओं तथा प्राकृतिक शक्तियों को बल प्रदान करती है। यह विश्वास अलगानकियाई जनजातियों में प्रचलित है।

mantis — **मेंटिस**

दक्षिणी अफ्रीका के बुशमैनों का कीट-देवता जो हितकारी शक्तियों का प्रतीक है।

manyatta — **मनयाटा**

कीनिया में क्राल को मनयाटा कहते हैं।

margaritomancy — **मुक्ता शुकुन विचार**

सपाट सतह पर फेंके गए मोतियों की स्थिति के द्वारा भविष्य की घटनाओं के बारे में पूर्वानुमान करने की कला।

marginal area (cultural) (=lateral area) — **सीमांत क्षेत्र, पार्श्विक क्षेत्र (सांस्कृतिक)**

दो संस्कृति क्षेत्रों के सन्निकट का क्षेत्र जिसमें दोनों संस्कृतियों का मिश्रित रूप मिलता है।

marginal acculturation — **उपांत परसंस्कृति ग्रहण, सीमांत परसंस्कृति ग्रहण**

परसंस्कृतिग्रहण प्रक्रिया की वह स्थिति जिसमें सांस्कृतिक तत्वों का आदान-प्रदान दो संस्कृतियों की सीमाओं तक ही सीमित रहता है।

maro (malo) — **मारो, मालो**

पोलिनेशियाई पुरुषों द्वारा पहने जाने वाला तापा (छाल वस्त्र) से बना कटिवस्त्र।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

marriage

विवाह

पुरुष तथा स्त्री का ऐसा मान्यता प्राप्त संबंध जिसमें वे दोनों एक दूसरे को पति पत्नी के रूप में स्वीकार करते हैं और विवाह के बाद जन्मी उनकी संतान दोनों की वैध संतान मानी जाती है।

विवाह समाज में स्वीकृत समागम व्यवस्था विशेषकर पति पत्नी के संस्थागत संबंध तथा संतान की सामाजिक वैधता को निर्दिष्ट करता है। यह उन अनुष्ठानों को भी निर्दिष्ट करता है जो इस प्रकार के संबंधों को स्थापित करते हैं।

marriage by service

सेवा विवाह

भावी श्वसुर के घर में सेवा कर वधू प्राप्त करना।

marriage ritual

विवाह संस्कार

औपचारिक अनुष्ठान या संस्कार जिन्हें संपन्न कर पुरुष तथा स्त्री विवाह-सूत्र में बंध जाते हैं।

material culture

भौतिक संस्कृति

मनुष्य द्वारा निर्मित समस्त हस्तकृतियाँ जो प्रौद्योगिकी की देन हैं तथा जिनका वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्माण करता है।

matriarchal family

मातृतंत्रात्मक परिवार,
मातृतंत्रीय परिवार

परिवार संगठन का एक प्रकार जिसमें मां परिवार की औपचारिक प्रधान होती है और परिवार में उसी की सत्ता को प्रमुखता दी जाती है। ऐसे परिवार मातृवंशानुक्रम के आधार पर संगठित होते हैं।

matriarchate

स्त्री प्रधान व्यवस्था

आद्य सामाजिक संगठन की पूर्णतया प्रकल्पित प्रणाली जिसके अनुसार समाज में राजनैतिक एवं पारिवारिक सत्ता पर स्त्रियों का नियंत्रण रहता था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

मातृ-कुल, मातृगोत्र

matri-clan
(=matrilineal clan)

वह स्वजन समूह जिसके सदस्य अपना अन्वय स्त्री पूर्वज के द्वारा ही रेखांकित करते हैं।

मातृवंश

matrilineage

वह स्वजन समूह जिसके सदस्य ज्ञात स्त्री पूर्वज के द्वारा ही अपना अन्वय रेखांकित करते हैं।

मातृक वंशानुक्रम, मातृवंशी

matrilineal
(=uterine descent)

जहां सत्ता, दाय अथवा वंशानुक्रम का प्रेषण केवल मातृ रेखा में ही होता है।

मातृवंशीय बंधुत्व

matrilineal kinship
(=uterine kinship)

बंधुत्व जिसमें केवल मातृपक्ष के द्वारा ही संबंध स्थापित किए जाते हैं।

मातृसत्ता

matripotestal

गृह अथवा परिवार जिसमें माता सत्ता का नियंत्रण करती हो।

मातृनामी

matronymic

मां अथवा दूसरे मातृ संबंधियों से व्यक्तिगत अथवा वंश का नाम प्राप्त करना।

गैंती

mattock

एक प्रकार की गैंती या कृषि उपकरण जिसका फलक चौड़ा होता है। यह निराई तथा खोदने के काम आता है।

माउई

Maui

एक महान पौराणिक पोलिनेशियाई नायक जिसको समुद्र के तल से द्वीप बनाने, सूर्य की गति को मंद करने तथा पृथ्वी पर अग्नि लाने का श्रेय प्राप्त है।

माउपोक आखेट

maupok hunting

सील मछली का आखेट करने के लिए ऐस्किमों जन॰ में प्रचलित विधि जिसमें बर्फ की सतह पर छिद्र कर दिए जाते हैं और आखेटक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

मछली की टोह में वहां प्रतीक्षा करता है। मछली इन छिद्रों के पास श्वास लेने के लिए आती है और उस समय आखेटक इसका शिकार करता है।

maximal lineage

महत्तम वंश

ऐसे संबंधियों का वृहत्तम समूह जो अपनी उत्पत्ति ज्ञात सहपूर्वज से अंकित करते हैं।

medicine man

ओझा

परंपरागत समाज के विशिष्ट वर्ग के व्यक्ति जो जादुई अनुष्ठानों अथवा प्रेतात्माओं की सहायता से उपचार करते हैं तथा समुदाय के सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हैं।

कृ० दे० 'Shaman' भी

megalith

महापाषाण, महाश्म

वृहद् आकार के अपरिष्कृत प्रस्तर खंड जिनका प्रयोग विभिन्न प्रकार के प्रागैतिहासिक स्मारकों के रूप में किया जाता था।

menhir

मैनहिर

प्रागैतिहासिक मूल के एकाश्म स्मारक जो वृहद्, अपरिष्कृत स्तंभाकार प्रस्तर खंड होते हैं।

men's house (club house)

पुरुष गृह

कुछ आदिम समाजों में प्राप्त एक पृथक् आवास जिसमें केवल पुरुष रहते हैं।

merbok

मेरबोक

उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में आनुष्ठानिक विनिमय की एक विधि। इस विधि के द्वारा विनिमय की गई कुछ वस्तुएं दूर-दूर तक पहुंच जाती हैं। विनिमय विशिष्ट वंधु साथियों के बीच होता है। मेरबोक साथी का होना मित्रता का द्योतक है।

mere

मेरे

चपटे फलक वाली माओरी गदा जिसके तेज किनारे प्रस्तर, ह्वलास्थि अथवा लकड़ी के बने होते हैं। यह युद्ध में भोंकने के शस्त्र की तरह प्रयोग की जाती थी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

मेसकालिरो

mescalero

अपाश जनजाति का एक नृत्य जो अपाश कन्याओं के यौवनारम्भ संस्कारों के लिए प्रमुखों तथा नेताओं द्वारा किया जाता है। इस नृत्य की मुद्राएँ प्रभावशाली तथा नाटकीय होती हैं।

मध्यपाषाण संस्कृति

mesolithic culture

पुराप्रस्तर युग तथा नव प्रस्तर युग के मध्य का संक्रमण काल जिसकी विशिष्टता कुत्ते का सर्वप्रथम पालतू पशु के रूप में आना, धनुष बाण तथा मृद्भांड का निर्माण थी। इस युग के चकमक उद्योगों में सूक्ष्मपाषाण उपकरण की बहुलता मिलती है।

मिआमिआ

mia-mia

आस्ट्रेलिया की आदिमजातियों के अस्थायी कुटीर।

मिकॉकी उद्योग

Micoquian industry

इंगलैंड तथा दक्षिणी फ्रांस की उत्तर ऐश्यूली संस्कृति के उद्योग जिनमें विशेष विकसित शल्क उपकरण पाए जाते हैं। इस युग का विशेष उपकरण संकीर्ण नोक तथा पतली अनुप्रस्थ काट वाला द्विमुखी हस्त कुठार था।

सूक्ष्म पाषाण उपकरण,
सूक्ष्माश्म उपकरण

microlith

'ओल्डवर्ल्ड' अर्थात् 'पुरानी दुनियां' के मध्य पाषाण युग का फलक अथवा छोटा उपकरण। यह सामान्यतः शल्क पर बना त्रिकोण अथवा किसी दूसरे ज्यामितिक आकार का होता है।

मिल्पा

milpa

मैक्सिको एवं मध्य अमरीका में पेड़ों को काट कर एवं जला कर कृषि करने की विधि। मिल्पा माया शब्द है जो झूम कृषि के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

Mon

1. **मोन**
2. **मोनजन**
3. **मोन वर्ग की भाषा**

1. उत्तर सालोमन की एक पट्टी कनु।
2. बम में पेगू के प्रभावी मूल निवासी
3. मोन जन की भाषा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

monandry — **एक पतित्व, एक पतित्व प्रथा**

विवाह की एक ऐसी प्रथा जिसमें एक स्त्री का एक समय में केवल एक ही पति होता है।

monaulos — **मोनोलोस**

एक प्राचीन रोमन वाद्य यंत्र। इसमें एक रीड (कंपिका) होती है जो एक बड़े व्यास वाली नलिका के एक सिरे से जुड़ी होती है। इस नलिका पर अंगुली रखने के लिए चार छिद्र होते हैं।

monolatry — **एकदेव पूजा**

दूसरे देवताओं के अस्तित्व को स्वीकार करने पर भी केवल एक देवता की पूजा करना।

monoxylon (=dugout) — **खात नौका**

वसूले तथा अग्नि की सहायता से वृक्ष के तने से बनाई गई नौका। प्राचीन नौकाओं में खात नौका का प्रयोग व्यापक रूप से होता था। संभवतः इसका विकास तैरते हुए वृक्षों के तनों को देख कर किया गया।

moraine — **हिमोढ, मोरेन**

हिमनद प्रवाह द्वारा लाए गए मिट्टी, पत्थर, गोलाश्म अथवा अन्य अपरद के निक्षेप या संचित ढेर।

mortuary magic — **शवाधि जादू**

कोई भी जादुई कर्मकांड जिनका उद्देश्य परलोक में मृत व्यक्ति के सौभाग्य को बनाए रखना है। इस प्रकार का जादू प्राचीन मिस्र में कला तथा विज्ञान के रूप में विकसित हुआ।

mortuary vessel — **भस्म कलश**

शव की भस्म रखने के लिए प्रयुक्त पात्र।

mummification — **ममीकरण**

मृतक के शरीर को सुरक्षित रखने के लिए प्राचीन मिस्र में प्रचलित प्रविधि।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

muniment — **1. प्रलेख 2. पुष्टिपत्र**

ऐसे दस्तावेज़ अथवा प्रमाण-पत्र जिनके द्वारा व्यक्ति जागीर के स्वामित्व की रक्षा कर सकता है अथवा विभिन्न अधिकारों अथवा विशेषाधिकार के दावे को बनाए रख सकता है। पुष्टि पत्र में दस्तावेज़ तथा स्वामित्व पत्र सम्मिलित हैं।

musical bow — **वाद्य धनु, संगीत धनु**

एक प्रकार का धनु जिसका प्रयोग वाद्य संगीत में वाद्य को छेड़ने या बजाने के लिए किया जाता है। यह वाद्य छड़ी को मोड़ कर तथा दोनों सिरों को बालों अथवा तंतुओं से बांध कर बनाया जाता है।

mutilation — **विखंडन, अंगभंग, अंगच्छदन**

सुन्दरता के लिए अथवा प्रायश्चित, पद, परिवार, कौशल आदि के प्रतीक स्वरूप शरीर के किसी अंग को शल्य क्रिया द्वारा अथवा भौतिक रूप से परिवर्तित करने की प्रथा।

myomancy — **मूषक प्राक्ख्यापन**

चूहों की गतिविधि देखकर प्राक्ख्यापन करने की एक विधि।

mystery cult (=secret cult) — **रहस्य पंथ**

कोई भी गुप्त पंथ जिसमें उपासकों को तब तक प्रवेश नहीं मिलता जब तक वे संबंधित गुप्त संस्कार संपन्न नहीं कर लेते। इन संस्कारों को गोपनीय रखना उपासकों के लिए अनिवार्य होता है।

myth — **मिथक**

किसी संस्कृति अथवा उपसंस्कृति के अंतर्गत अलौकिक अथवा असाधारण घटना का अत्यंत ही प्रतीकात्मक वर्णन अथवा उससे संबंधित कथा। मिथक में निहित प्रज्ञा, तत्व-ज्ञान, अंत:प्रेरणा अथवा व्यावहारिकता का समाज में बारंबार उल्लेख होता है तथा उन पर विचार किया जाता है।

mythology — **मिथक विद्या**

ज्ञान की वह शाखा जिसमें मिथक अर्थात् पौराणिक कथाओं का वर्णन होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

'N'

nanga — **नांगा**

1. फिजी द्वीप में एक गुप्त समाज जिसमें स्त्रियों को प्रवेश दिया जाता है।

2. प्रस्तर अहाता जिसके अंदर गुप्त समाज के अनुष्ठान किए जाते हैं।

naos — **नाओस मंदिर**

मिस्र का एक प्राचीन मंदिर जिसमें देवता की आत्मा सदैव उपस्थित रहती है।

nativism — **देशीयता, देशीयतावाद**

परसंस्कृतिग्रहण के तनाव की स्थिति में प्रतिक्रियास्वरूप मूल जनजातीय संस्कृति के पुनः स्वीकरण की ओर समाजों के उन्मुख होने की प्रवृत्ति। इस शब्द का प्रतिपादन लिंटन ने किया था।

necromancy — **प्रेत प्राक्ख्यापन, प्रेत विद्या**

जादुई रूप से भविष्य बताने, प्राकृतिक घटनाओं के क्रम को प्रभावित करने अथवा अन्य उद्देश्यों को विशेषकर मृत के साथ संपर्क तथा मध्यस्थता स्थापित कर पूरा करने की विधि या कला।

neolithic age — **नवप्रस्तर युग, नवपाषाण युग**

मध्यपाषाण तथा ताम्रप्रस्तर युग के पूर्व प्रस्तर युग का अंतिम काल। इस युग में प्रस्तर, शृंग, अस्थि तथा हाथी दांत के उपकरणों पर बलुआ पत्थर से घिसाई कर उन्हें पालिशदार बनाया जाता था। मृदभांड का निर्माण धनुष-बाण का प्रयोग, पशुपालन, कृषि, पहिए की खोज, कपड़ा बुनना तथा स्थायी ग्राम-जीवन इस युग में आरंभ हुआ।

neolocal residence — **नवस्थानिक आवास**

जब नवविवाहित दंपत्ति अपने-अपने माता-पिता के आवासों से अलग स्वतंत्र रूप से नया आवास स्थापित करते हैं तो ऐसा आवास नवस्थानिक कहलाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

nephew right **भांजा अधिकार**

मामा तथा भांजे के मध्य एक विशेष संबंध का होना विशेषकर उत्तराधिकार का वह नियम जिसके अनुसार किसी व्यक्ति की संपत्ति तथा पद का उत्तराधिकारी उसका भांजा होता है।

noa **नोआ**

पोलिनेशियाई धर्म में निषेधमुक्त स्थिति। नोआ ऐसी वस्तु को कहते हैं जिसमें अलौकिकता नहीं होती है।

nomadic population **यायावर जन समूह**

ऐसा जन समूह जिसका कोई निश्चित आवास नहीं होता और जो खाद्य पदार्थ तथा जीविका के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते फिरते हैं।

norm **मानक आदर्श, प्रतिमान**

वे मानदंड जिनका अनुसरण सामाजिक समूह के सदस्यों द्वारा किया जाता है तथा जिनका पालन करने की आशा उनसे की जाती है। इनके अनुपालन के लिए सकारात्मक तथा नकारात्मक अनुशास्तियों का सहारा लिया जाता है।

nose scraper **नासाकार खुरचनी**

शल्क, फलक या क्रोड की बनी खुरचनी जिसकी खुरचन धार पर नासाकार उभार होता है। इसके प्रत्येक पार्श्व पर विशेष रूप से बनाई गई कटी खांच होती है।

notched blade **खांचेदार फलक**

ऐसा फलक जिसमें खांच होती है। इसका प्रयोग संभवतः दंड तैयार करने अथवा बाण को नोकीला करने के लिए किया जाता था। इसे कटि आकृति फलक भी कहते हैं।

notched scraper **खांचेदार खुरचनी, खाचेदारी क्षुरणी**

एक खुरचनी जिसकी धार पर बहुत कुछ अर्धवृत्ताकार खांच होती है। इसके चारों ओर द्वितीय शल्कन किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

nuclear family
(=elementary family) — **मूल परिवार, मूल कुटुंब**

ऐसा परिवार जिसमें पति-पत्नी तथा उनकी संतान सम्मिलित हों मूल परिवार कहलाता है।

nurture — **पोषण**

1. भोजन, पोषाहार तथा संरक्षण प्रदान करना।

2. सामाजिक पर्यावरण के वे समस्त तत्व जिनका प्रभाव व्यक्ति पर गर्भावस्था से ही पड़ने लगता है। ये तत्व संपूर्ण प्रकृति अथवा आनुवंशिकता के विरुद्ध व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक तथा व्यक्तित्व के विकास को प्रभावित करते हैं।

nymph — **1. अप्सरा, सुंदरी**
2. अर्भक

प्रकृति की छोटी देवियां जो सुंदर कुमारियों के रूप में पहाड़ों, जंगलों, चरागाहों तथा जल में आवास करती हैं।

O

oblation — **नैवेद्य, तर्पण**

धार्मिक अथवा आनुष्ठानिक अर्पण। इसमें प्रायः बलि के विपरीत निर्जीव वस्तुएँ ही अर्पित की जाती हैं।

obsequy — **अंत्येष्टि**

व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके लिए किए गए अंतिम संस्कार जैसे अंत्येष्टि बलि, तर्पण अथवा धार्मिक कृत्य।

observance — **रीति, कर्मकांड**

कोई धार्मिक अथवा आनुष्ठानिक कार्य जो समाज द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए।

obsidian — **ऑबसीडियन**

लावे के शीघ्र ठंडा हो जाने से बना प्राकृतिक कांच। यह काला, पट्टित अथवा गोलाकार होता है तथा इसमें शंखाभ विभंजन होते हैं। आदि मानव ने उपकरण बनाने के लिए इसे चकमक से अधिक उपयुक्त माना था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ochingufu **ऑकिनगुफू**

खुले डिब्बे का बना एक भौंडा अफ्रीकी ढोल। इसे दो डंडियों से पीट कर बजाया जाता है।

oghan script **ऑगम लिपि**

केल्ट जन द्वारा प्रयुक्त लिपि जो स्कॉटलैंड, आयरलैंड तथा वेल्स के स्मारकों पर मिलती है। यह 20 अक्षरी वर्णमाला एक प्रकार से लेटिन वर्णमाला के स्थान पर कूट संकेत का काम देती थी।

olag **ओलाग**

बानटोक इगॉरॉट जनजाति में लड़कियों के लिए आवासशाला जहां लड़कियां दो वर्ष की आयु से लेकर विवाह तक रहती हैं। ओलाग मिट्टी तथा पत्थर का बना छोटा घर होता है जिसकी छत घास की बनी होती है।

oldowan culture **ओल्डवी संस्कृति**

पूर्वी अफ्रीका की पूर्व तथा मध्य अत्यंत नूतन काल की संस्कृति। अनगढ़ बटिकाश्म खंडक, क्षुरक तथा हस्तकुठार इस संस्कृति की विशेषताएँ हैं।

old stone age **पुरापाषाण युग,**
(=palaeolithic age) **पुराप्रस्तर युग**

पुरापाषाण युग लगभग पूरे अत्यंतनूतन युग के दौरान हिम पर्तों के अपसरण तक (लगभग 8300 ई०पू० तक) रहा। इसका प्रारंभ मानव के उद्भव तथा अत्यंत प्राचीन उपकरणों के निर्माण के साथ 175,0000 वर्ष पूर्व हुआ।

omen **शकुन**

कोई ऐसी घटना जिससे भविष्य में होने वाली घटना के बारे में संकेत मिले।

omnivore **सर्वाहारी, सर्वभक्षी**

ऐसे जीव जो मांस एवं शाकसब्जी दोनों चीजें खाते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

onager

ऑनेजर

भारी पत्थर फेंकने के लिए एक प्राचीन तथा मध्ययुग का बड़ा गोफन अवक्षेपक।

Opsimiolithic (culture)

मध्योत्तर पाषाण-युगीन, ऑप्सिमियोलिथिक (संस्कृति)

वह संस्कृति जिसमें नवपाषाण युग की मध्यपाषाण अर्थव्यवस्था, जैसे आखेट, मछली पकड़ना तथा खाद्य संग्रहण की अर्थव्यवस्था मिलती है। इसमें नव-पाषाण संस्कृति से संबद्ध कुछ विशेषक जैसे पालिशदार कुठार तथा मृद्भांड भी मिलते हैं।

ordeal

कृच्छपरीक्षा, अग्निपरीक्षा

परीक्षण की एक विधि जिसमें दोषी को भयंकर या कठिन कार्य करने पड़ते हैं, जैसे अंगारसम पत्थरों को हाथ से पकड़ना आदि। ऐसा मानते हैं कि यदि व्यक्ति निर्दोष है तो उसे उससे कोई हानि नहीं होगी। ऐसा भी विश्वास है कि अलौकिक शक्तियां विवाद को निपटाने और अभियोग के परीक्षण में निर्दोष व्यक्ति की सहायक होती हैं।

orenda

ओरेन्डा

इरोक्यू जनजाति की एक संकल्पना जिसके अनुसार कुछ वस्तुओं में अलौकिक तथा निर्वैयक्तिक शक्ति निहित होती है। यह संभवतः अलगनकियाई संकल्पना 'मैनिटू' से संबंधित है।

orgy

मदनोत्सव, विलासोत्सव

भोग विलास का एक औपचारिक उत्सव जिसमें संयम का परित्याग कर लोग काम क्षुधा की तृप्ति में लीन हो जाते हैं।

ossuary (ossuarium)

1. अस्थिपात्र 2. अस्थिशाला, अस्थिगृह

1. मृतक की अस्थियां रखने का पात्र।

2. वह स्थल जहां बहुत से मृतकों की अस्थियों को एक साथ दफनाया जाता है। यह शब्द बहुधा उस स्थान के लिए प्रयुक्त किया जाता है जहां बहुत से व्यक्तियों के अस्थि-पंजर एक साथ दफनाए जाते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

outbreeding — **विजाति-प्रजनन, बहिःप्रजनन**

किसी एक जाति अथवा जनजाति के व्यक्ति का किसी दूसरी जाति अथवा जनजाति के व्यक्ति के साथ विवाह कर संतान उत्पन्न करना।

outrigger — **समतोलक, आउटरिगर**

समुद्र में आवागमन करने वाली कनु में बाहर की ओर निकला हुआ एक हल्का दंड जो उसको डूबने से बचाता है।

outwash — **हिमनदीय मलबा**

ग्लेशियर के पिघलने से प्रवाहित जल द्वारा लाई गई बजरी तथा बालू का अपरद जो स्तरित निक्षेप में एकत्रित हो जाता है।

ovate hand-axe — **अंडाकार हस्तकुठार**

अंडे के आकार की बनी ऐश्यूली हस्त कुठार।

overt culture — **प्रकट संस्कृति**

संस्कृति के वे पक्ष जिनके बारे में समाज के सदस्य पूर्णरूप से अवगत होते हैं और जिन्हें प्रत्यक्ष रूप में देखा जा सकता है। प्रकट संस्कृति के अंतर्गत समाज में उचित और अनुचित व्यवहार के मानक तथा विशिष्ट संरूप, औद्योगिकी तथा संस्कृति के अन्य ऐसे पक्ष भी सम्मिलित होते हैं जो सहज ही पहचाने जा सकते हैं।

P

paddle and anvil method — **क्षेपणी-निहाई विधि**

मृद्भांड बनाने की एक आदिम विधि।

palaeoanthropic man — **पुरा-मानव**

होमो सेपियन स्पीशीज से अधिक प्राचीन मानव रूप जो होमोनिड वर्ग का था और जिसे लुप्त कड़ी अर्थात् मानव तथा प्राइमेट के बीच का प्राणी माना जाता है।

palaver court — **पालवेर पंचायत**

अफ्रीका महाद्वीप में दो भिन्न स्तरों वाली संस्कृति के व्यक्तियों के बीच होने वाली संधि वार्ता, जैसी 19वीं शताब्दी में यूरोपीय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

व्यापारियों तथा अफ्रीकी पश्चिम तट के मूल निवासियों के बीच होती थी। अफ्रीका में ज्येष्ठ जन परिषद् के लिए भी बहुधा इस शब्द का प्रयोग किया जाता है ।

paleoanthropology — **पुरानृविज्ञान**

नृविज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवाश्म मानव एवं उसकी संस्कृति का अध्ययन किया जाता है ।

paleocene — **पुरानूतन, पेलियोसीन**

तृतीयक युग का आरंभ जिसमें लीमर प्रकट हुए थे।

paleoclimatology — **पुरा-जलवायु विज्ञान**

विज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत पिछले युगों की जलवायु का अध्ययन किया जाता है ।

paleoecology — **पुरा-परिस्थिति विज्ञान**

परिस्थितिविज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत प्राचीन पेड़-पौधों, पशुओं तथा तत्कालीन पर्यावरण के अंतःसंबंध की पहचान और व्याख्या की जाती है ।

paleolothic age (old stonge age) — **पुरापाषाण युग**

वह काल जो वर्तमान से 5 लाख वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ और (वर्तमान से) 15 हजार वर्ष पूर्व तक रहा। इसमें मानव की हस्त कृतियां, प्रस्तर उपकरण एवं जानवरों की अस्थियां प्राप्त हुई। इस काल में प्राचीन कला के उत्कृष्ट नमूने गुफाओं में मिले हैं ।

paleolithic man — **पुरापाषाण कालीन मानव**

पुरापाषाण काल का मानव जैसे हाइडलवर्ग, नियंडरथल अथवा क्रोमैनियान मानव ।

paleozoic age — **पुराजीवी युग, पैलियोज़ोइक युग**

भूवैज्ञानिक इतिहास का एक बड़ा विभाजन जो कैंब्रियन काल से लेकर पर्मियन के अंत में समाप्त होता है। इस युग में कीट आदि के अतिरिक्त अकशेरूकी प्राणियों के लगभग सभी वर्गों का विकास चरम बिंदु पर पहुंच चुका था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

paleozoology — **पुरा-प्राणि विज्ञान, प्राणि-अश्मविज्ञान**

जीवाश्म-विज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत प्राचीन तथा जीवाश्म पशुओं का अध्ययन किया जाता है ।

pannikin — **पैनिकिन, टीन का पात्र (आस्ट्रेलिया)**

पीने के लिए प्रयुक्त टीन का प्याला । इस शब्द का प्रयोग आस्ट्रेलिया में किया जाता है ।

paopao — **पाऊपाऊ**

फिजी द्वीप की एक खात नौका ।

parallel evolution — **समांतर विकास**

सांस्कृतिक अर्धव्यास का एक रूप जिसमें दो या अधिक समूहों में एक जैसे लक्षण स्वतंत्र रूप से विकसित होते हैं ।

parang — **परांग (तलवार)**

मलय देश का एक लंबा चाकू ।

parka — **पारका, प्रावरण**

एक टोपदार कोट जो जांघों अथवा घुटनों तक लंबा होता है। यह प्रायः फर का बना होता है और इसे एस्किमों जन तथा उत्तर ध्रुव प्रदेश में रहने वाले दूसरे लोग पहनते हैं ।

parricide — **1. पितृहंता 2. पितृहत्या**

1. अपने पिता की हत्या करने वाला व्यक्ति ।
2. पिता की हत्या करना ।

parson — **ग्राम-पादरी, पार्सन (इंगलिश)**

वह व्यक्ति जो चर्च संबंधी तथा संघ संबंधी सामूहिक मामलों में 'पेरिश' का प्रतिनिधित्व करता है ।

participant observation — **सहभागी प्रेक्षण**

प्रेक्षण की विशेष प्रविधि जिसमें अनुसंधान करने वाला प्रेक्ष्य समूहों में प्रवेश करने की सामाजिक स्वीकृति प्राप्त करता है ताकि वह उनके मध्य रहकर उनके समाज की आभ्यंतरिक संरचना के संबंध में व्यापक ज्ञान प्राप्त कर सके ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

इस प्रविधि की प्रमुख विशेषता यह है कि उक्त समाज के लोग जैसा करते हैं, अनुसंधानकर्ता भी उनके साथ मिलकर वैसा करता है। इस प्रविधि का प्रयोग विशेषकर नृविज्ञान तथा समाज-विज्ञान में किया जाता है ।

participant observer

सहभागी प्रेक्षक

सहभागी प्रेक्षण की विधि के अनुसार अध्ययन-अनुसंधान करने वाला ।

participation

सहभागिता, भागग्रहण, अंशभागिता

किसी निश्चित सामाजिक क्रियाकलाप अथवा स्थिति को समझने तथा उसका अध्ययन करने के लिए उसमें भाग लेना।

passage grave

सुरंग-कब्र

खड़ी सिलों तथा प्रस्तरों से ढका लंबा अंत्येष्टि गलियारा।

pastoralist

पशुचारक

वह समुदाय जो जीवनयापन के लिए कृषि की अपेक्षा पशुपालन पर निर्भर होता है ।

Patjitanian culture

पाटिजितान संस्कृति

द्वितीय अंतर्हिमावर्ती काल में जावा की खंडक संस्कृति। यह संभवतः होमो सोलोमानव से पूर्व तथा पिथिकेंथ्रोपस इरेक्टस के बाद की संस्कृति है।

patriarchy

पितृतंत्र

सामाजिक संगठन जिसमें कुल अथवा परिवार के घरेलू तथा धार्मिक समारोहों में पिता की प्रधानता हो । ऐसे संगठन में पत्नी अथवा पत्नियों और बच्चों की विधिक आश्रितता तथा वंशक्रम एवं उत्तराधिकार पुरूषों के द्वारा अनुक्रमित होते हैं।

patrilocal residence

पतिस्थानिक आवास व्यवस्था

वह व्यवस्था जिसमें विवाह के बाद स्त्री अपने पति के पितृ परिवार में जाकर रहती है तथा उसी परिवार में उसके बच्चों का जन्म तथा पालनपोषण होता है ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

पितृनाम, पैतृक नाम (व्यवस्था)

patronymic

वह व्यवस्था जिसके अंतर्गत संतान अपना उपनाम अपने पिता अथवा पैतृक पूर्वज से ग्रहण करती है ।

पाटू (माग्रोरी)

patu

गदा से मिलता जुलता पत्थर, लकड़ी अथवा हड्डी का बना छोटा दुधारी माग्रोरी अस्त्र। यह मोटाई में शुंडाकार परंतु हत्थे की तरफ चौड़ा होता है। इसकी बनावट इस प्रकार होती है कि इससे काटने की बजाय कुचल कर आघात किया जा सकता है ।

बटिकाश्म उपकरण

pebble tool

बटिकाश्म से निर्मित उपकरण ।

पेबल या बटिकाश्म उन पत्थरों को कहते हैं जो जल-घर्षित होते हैं। इन चिकने पेबल कोरों से बनाए गए उपकरणों को बटिकाश्म उपकरण कहा जाता है। डा० लीकी ने पूर्वी अफ्रीका के प्राक्-शेलीय ओल्डवान एवं काफुआन उपकरणों को पेबल उपकरण कहा है । यूरोप, अफ्रीका तथा एशिया महाद्वीपों में इस परिवार के उपकरण मिले हैं।

गुलेल धनुष

pellet bow

एक प्रकार का धनुष जिसमें बाण के स्थान पर गोली या गिट्टी रख कर मारी जाती है ।

पिमिकन (अमेरिंडियन)

pemmican

उत्तर अमरीकी इंडियनों का एक सांद्रित खाद्य पदार्थ । यह अरना भैंसे का मांस अथवा मृग मांस होता है। इनके तिक्कों को धूप में सुखा कर, महीन पीस कर तथा पिघली चर्बी में मिलाकर चमड़े की थैलियों में बंद कर रख दिया जाता है ।

penates

1. कुल देवता (रोमन)

2. कुल संपत्ति (रोमन)

(1) रोमन गृह देवता जो भंडार का देवता है और इसकी पूजा घर की देवी तथा गृह देवता के रूप में की जाती है ।

(2) गृहस्थी की संपत्ति का भंडार ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

percussion

आघात, आहनन

हथौड़े की चोट द्वारा प्रस्तर क्रोड से टुकड़े अलग करना।

percussion flaking

आघात शल्कन

प्रस्तर उपकरण बनाने की एक प्रविधि जिसमें हथौड़े जैसे पत्थर के आघात से शल्क उतार कर अश्मपिंड को एक उपकरण का आकार दिया जाता है।

periapt

रक्षाकवच

बीमारी अथवा अनिष्ट से रक्षा करने के लिए पहना जाने वाला एक तावीज़।

peristalith

प्रस्तर-वृत्त, पाषाण-वृत्त

टीले अथवा महापाषाण तुंब (डॉलमेन) के चारों ओर पत्थरों का एक वृत्त।

petaloid celt

दलाभ-सैल्ट, दलाभ कुल्हाड़ी

चिकने पत्थर से बनी एक प्रकार की अति सुंदर पालिशदार सेल्ट। यह ग्रेटर एंटाइल्स के टाइनों इंडियनों में प्रचलित रही है।

petrograph

1. शैलचित्र, 2. शिलालेख

1. शिला पर बनाया गया चित्र।
2. शिला पर की गई नक्काशी अथवा उत्कीर्णित लेख।

phallicism

लिंगोपासना

प्रकृति में जनन-सिद्धांत की उपासना जिसमें शिश्न को प्रतीक मान कर पूजा की जाती है। विश्व के अनेक धर्मों में इसके चिह्न मिलते हैं। हिंदू धर्म में शिव की पूजा इसी उपासना का सुसंस्कृत स्वरूप है।

philosophical anthropology **दार्शनिक नृविज्ञान**

नृविज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत मानव के सत्व तथा उसके विशिष्ट गुण और ब्रह्मांड में उसके स्थान के बारे में अध्ययन किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

बहुअंशक समूह, फ्रेटरी

phratry

एक सामाजिक इकाई जिसमें दो या अधिक गुण होते हैं। इनके बीच विशेष एकता का सूत्र विद्यमान रहता है जो बहुधा समाज में दूसरी फ्रेटरियों के विरुद्ध होता है। फ्रेटरी व्यवस्था में गण अपना अस्तित्व पृथक रखते हुए भी फ्रेटरी के अंग होते हैं। फ्रेटरी बहिर्विवाही और अंतर्विवाही दोनों तरह की हो सकती हैं। कुछ सामाजिक परिस्थितियों में इनका संगठन एवं विघटन भी संभव है। यह एक रेखीय संगठन होता है। फ्रेटरी मातृवंशीय अथवा पितृवंशीय कोई भी हो सकती है।

पिकोटा (दक्षिण भारत)

picotah

वह डेकली जो कुंए से पानी खींचने के काम आती है।

चित्राक्षर

pictogram

किसी वस्तु का चित्रात्मक प्रतिरूप जो चित्रलेखन में उस वस्तु का प्रतीक होता है। चित्रलिपि हमारी वर्णमाला का मूल रूप थी।

पिक्ट घर

picts house

स्कॉटलैंड का प्रागैतिहासिक आवास जिसमें भूमिगत प्रकोष्ठ और पत्थर की झुकी हुई दीवालें होती हैं।

स्थूणावास, बल्ली-घर, स्थूण-स्थान

pile house

पानी में लट्ठों पर बने आवास। भारत में इस प्रकार के आवास उत्तर-पूर्वी जनजातियों में मिलते हैं।

पिराउरा (आस्ट्रेलियाई आदिवासी)

pirraura

कुछ आस्ट्रेलियाई समूहों में विपरीत लिंग का संबंधी। यह उस समूह के व्यक्ति के साथ बिना विवाह के यौन संबंध रख सकता है जिसमें से वह अपना संगी चुनता है।

गर्तवास, गर्त-घर, गर्तवास-स्थान

pit dwelling

आदिम आवास का एक रूप जो गड्ढा खोदकर बनाया जाता है। इसकी छत संभवतः टहनियों, झाड़ियों, मिट्टी, आदि से बनाई जाती थी। इनमें प्रागैतिहासिक मानव या करंडकर्मी रहा करते थे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

plaited baskertry — **गुंफित करंड**

दो या अधिक तारों वाले ताने बाने को एक दूसरे के ऊपर ले जाकर गूंथते हुए प्रारूप तैयार करने की विधि। इसमें ताने तथा बाने के तारों की संख्या समान होती है।

गुंफित करंड शिल्प की कुछ विशेष विधियां : 1. एकांतर या शतरंजी, 2. द्वयंतर या चटाईदार, 3. वेष्टित, 4. वलित तथा 5. षट्कोणीय बुनन की होती हैं।

planitational acculturation — **विस्तृत क्षेत्रीय परसंस्कृतिग्रहण**

विस्तृत क्षेत्र में दो संस्कृतियों के परस्पर संपर्क में आने पर आदान प्रदान होना। इसमें दोनों संस्कृतियों के एक दूसरे में पूर्ण विलय हो जाने की संभावना रहती है।

pleistocene epoch — **अत्यंत नूतन युग, प्लाइस्टोसीन युग**

भूवैज्ञानिक इतिहास के अंतिम दस लाख वर्ष। इसको हिम युग के नाम से भी जाना जाता है। यह वर्तमान से लगभग 12 हजार वर्ष पूर्व समाप्त हुआ।

pliocence epoch — **अतिनूतन युग**

तृतीयक युग का अंतिम चरण। यह युग एक करोड़ 20 लाख वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ और इसकी अवधि लगभग एक करोड़ 10 लाख वर्ष की थी। इस युग में आधुनिक प्रकार के कपि, एप और पुरामानव का उद्विकास हुआ।

plough agriculture — **हल कृषि**

कृषि की आधुनिक विधि जिसमें पालतू पशुओं तथा सिंचाई के साधनों का उपयोग किया जाता है। अनुमान है कि इस प्रकार की कृषि पुरानी दुनियां (ओल्डवर्ल्ड) में लगभग 8000 वर्ष से प्रचलित है।

plough (sulky) (=lister) — **सल्कीहल,**

लोहे की दो वक्र प्लेटों वाला हल जो मिट्टी की मेड़ को दोनों ओर से खोदता है जिससे भूमि बीज बोने के योग्य हो जाती है। इसका प्रयोग उत्तरी अमरीका के दक्षिणी और मध्यवर्ती मैदानों में होता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

pluvial **आर्द्रकल्प**
(=pluvial period)

अधिक वर्षा का लंबा काल जिसमें प्रभावित क्षेत्र की आर्द्रता काफ़ी बदल गई थी जैसे झीलें या हिमनदियां बन गई या वर्षा जल सरिताओं के रूप में प्रवाहित होने लगा। अफ्रीका और एशिया के उष्ण कटिबंधीय प्रदेश में जब यह युग आया तब उत्तरी यूरोप में हिमयुग चल रहा था।

point **वेधनी**

1. एक आदिम प्रस्तर उपकरण जो तिकोने पत्थर का बना होता था। प्रागैतिहासिक मानव इसका प्रयोग अस्त्र के रूप में करते थे।

2. एक नोकीला उपकरण जो भाले, शर अथवा आखेट के अन्य प्रक्षेपास्त्रों में मुखाग्र की तरह प्रयुक्त होता था।

point of impact **संघात बिंदु**

चकमक, प्रस्तर आदि की सतह पर वह स्थान जहां पर घन अथवा अश्मपिंड का प्रथम आघात होता है।

polishing stone **मार्जन प्रस्तर**

सामान्यतः आयताकार बहुफलक के आकार का प्रस्तर जो उपकरणों पर पालिश करने के काम आता था। इसकी एक सतह पर सामान्यतः खांच होती है जो किसी छोटे उपकरण-जैसे छैनी आदि के घिसे जाने का संकेत देती है।

polyandry **बहुपति प्रथा, बहुपतित्व**

विवाह का एक प्रकार जिसमें कोई स्त्री एक समय में एक से अधिक पुरुषों के साथ विवाह करती है। यह प्रथा कुछ ही समूहों में प्रचलित है।

भारत में नीलगिरी के टोडा, कोटा, कुरुम्बा और इरूला, जौनसार बावर के खस, कश्मीर के दरद तथा समीप के तिब्बत और भूटान देशों में बहुपति प्रथा के उदाहरण मिलते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

polydemonism — 1. बहुभूतवाद 2. बहुप्रेत पूजा ; बहुदैत्य पूजा

असुर अथवा पैशाचिक शक्तियों के बाहुल्य में विश्वास तथा उनकी पूजा।

polygamy — बहुविवाह प्रथा

विवाह की एक प्रथा जिसमें कोई स्त्री या पुरुष एक समय में एक से अधिक विवाह कर सकता है। यह प्रथा तीन प्रकार की होती है : बहुपत्नी प्रथा, बहुपति प्रथा और समूह विवाह।

polygamous family — बहुविवाही परिवार

जब कोई स्त्री एक से अधिक पुरुषों से या कोई पुरुष एक से अधिक स्त्रियों से विवाह करता है तो बहुविवाही परिवार का निर्माण होता है। ऐसे परिवार में दो या अधिक मूल परिवार सम्मिलित होते हैं। उदाहरणार्थ बहुपत्नी विवाह के अंतर्गत एक पुरुष अनेक मूल परिवारों में पिता और पति की भूमिका अदा करता है और इससे बृहत् परिवार का रूप निर्मित होता है।

भारत में खासा, टोडा, बैगा तथा मध्य प्रदेश की कुछ अन्य जनजातियों में ऐसे परिवार अभी भी मिलते हैं।

polygynous family — बहुपत्नी परिवार

परिवार का एक रूप जिसमें एक ही समय एक पुरुष की दो या अधिक पत्नियां होती है। ऐसे परिवार की रचना बहुपत्नी प्रथा पर आधारित होती है।

polyhedral core — बहुशीर्षी क्रोड

एक निर्मित क्रोड जिसकी आकृति लगभग शंक्वाकार होती है।

polytheism — बहुदेववाद

अनेक देवताओं में विश्वास अथवा उनकी पूजा करना।

poncho — पोंचों (स्पेनी अमरीकी)

कंबल से मिलता-जुलता लबादा जिसमें सिर के लिए बीच में छेद होता है। इसे स्पेनी अमरीकी पहनते थे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

portable art — **सुवाह्य कलावस्तु**

उत्तर-पुरापाषाण युग के आवास स्थलों में प्राप्त अलंकृत एवं तक्षित वस्तुएं। यह कार्य हाथीदांत तथा अस्थि से किया जाता था। पश्चिमी यूरोप से पूर्वी मध्य साइबेरिया तथा छोटी तथा गोल नारी-मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। इस काल के बहुत-से अस्त्र तथा सज्जित उपकरण घाटी निक्षेपों, भूमि संग्रहों में मिले हैं।

potlach — **पोटलाश (उत्तरी अमरीकी इंडियन)**

अमरीका के उत्तरी-पश्चिमी तट के इंडियनों-विशेषकर क्वाकिउट्ल द्वारा दिया जाने वाला एक विशेष भोज। इस भोज में वंश प्रमुख आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों को बहुत सारा सामान इस आशा में देता है कि वे अतिथि इस प्रकार के भोज में उसको इससे अधिक देंगे। यह भोज समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए दिए जाते हैं।

prayer stick — **प्रार्थना-यष्टि**

पंखों से अलंकृत यष्टि जिसका प्रयोग दक्षिणी पश्चिमी अमरीका के इंडियन औपचारिक अर्पण तथा विनयपूर्ण प्रार्थना के प्रतीकस्वरूप करते हैं।

prayer wheel — **प्रार्थना-चक्र**

लकड़ी अथवा धातु से बना गोल चक्र जो धुरी पर घूमता है और जिस पर प्रार्थनाएं लिखी होती हैं। इन प्रार्थनाओं को तिब्बती बौद्धजन फलदायी मानते हैं। इस चक्र को भक्तजन हाथ से घुमाते हैं।

preadaptation — **पूर्वानुकूल**

1. किसी विशिष्ट परिवर्तन अथवा परिस्थिति के साथ समय से पूर्व अनुकूलन।

2. जीव अथवा समूह में उन लक्षणों का होना जो पूर्वज-पर्यावरण से अनुकूलित नहीं हैं परंतु किसी दूसरे पर्यावरण में बने रहने में सहायक होते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

pre-chellean tool — **प्राक्शेले उपकरण**

पूर्व अत्यन्त नूतन काल के प्रस्तर उपकरण जो पश्चिमी यूरोप में प्राप्त हुए हैं।

preferential marriage — **अधिमान्य विवाह**

विवाह का एक प्ररूप जिसमें पूर्व संबंधित व्यक्तियों के बीच विवाह को समाज द्वारा अधिमान्यता दी जाती है। जैसे दक्षिण भारत में मामा भांजी विवाह तथा ममेरे फुफेरे भाई बहिनों के बीच विवाह।

pressure flaking — **दाब शल्कन**

प्रस्तर अथवा अस्थि उपकरण से प्रस्तर क्रोड के किनारे पर दबाव डालकर छोटे शल्क उतारना। उत्तर पुरापाषाण काल में इस विधि का प्रयोग व्यापक रूप से हुआ।

pressure technique — **दाब प्रविधि**

दे० 'pressure flaking'

primary flaking — **प्राथमिक शल्कन**

प्रस्तर उपकरण की ऊपर की सतह को तराशना तथा अनावश्यक उभार को दूर करना। उपकरण को बनाने तथा आकृति देने के लिए प्राथमिक शल्कन आवश्यक होता है।

primary group — **प्राथमिक समूह**

एक अंतरंग सामाजिक समूह जिसके सदस्यों में परस्पर नित्य प्रति वैयक्तिक तथा सीधा संपर्क रहता है तथा उनके जीवन और व्यवहार के मूल्य और मानक सामान्य होते हैं। परिवार, पुराने ढंग के पड़ोस अथवा ग्रामीण समुदाय प्राथमिक समूह के उदाहरण हैं।

primitial offering — **अग्राशन भेंट, नवान्न भेंट, प्रथम फल भेंट**

भोजन के पहले कौर को अथवा दिन के प्रथम आखेट को देवता के प्रति भेंट करने की प्रथा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

primitive — **आदिम**

एक विशेषण जिसका प्रयोग बहुधा नृविज्ञान में साधारण प्रौद्योगिकी अथवा बाधाग्रस्त सामाजिक आर्थिक स्थिति के कारण हीन खाद्य उत्पादों अथवा हस्तकृतियों के लिए किया जाता है ।

primitive law — **आदिम विधि**

विधि का वह रूप जो जनजातीय, सरल तथा प्राक्लिपिक समुदायों में पाया जाता है। इसके अंतर्गत नियम समाज विनिर्मित नहीं होते अपितु दैवी माने जाते हैं और प्रशासन का यह कर्तव्य होता है कि उन्हें मान्यता दे और दिलवाये। इस पद्धति में न्यायिक व्यवस्था या तो नहीं होती अथवा केवल अपने प्राथमिक तदर्थ रूप में होती है। अति सरल समाजों में व्यक्ति नियम का पालन दैवी भय से करते हैं और उसे भंग करने पर स्वयं को दंडित करने के उत्तरदायी माने जाते हैं।

दे० 'taboo' भी

primitive man — **आदिम मानव**

प्रागैतिहासिक मानव अथवा उषापाषाण, पुरापाषाण, नवपाषाण तथा कांस्य युग का मानव ।

primitivism — **आदिमवाद**

सादा, अकृत्रिम, प्रकृति के निकट जीवन तथा वर्तमान समाज की अपेक्षा अनौद्योगिक समाज की श्रेष्ठता में विश्वास ।

primogeniture — **ज्येष्ठाधिकार**

संपत्ति अधिकार की वह विधि जिसमें उत्तराधिकार सबसे बड़ी संतान पुत्र या पुत्री को प्राप्त होता है ।

private law — **वैयक्तिक विधि**

वैयक्तिक मामलों को शासित करने वाली विधि व्यवस्था जो व्यक्तिगत संपत्ति, संबन्धों तथा लोगों पर लागू होती है। लोक विधि के मामले इसके अंतर्गत नहीं आते ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

productive magic

उर्वरक जादू, उत्पादक जादू

जादू का एक रूप जो कृषि, पशुओं, अथवा मानवों में उर्वरता लाने के लिए किया जाता है, जैसे उर्वरता संस्कार।

profane

1. अपावन 2. लौकिक

1. सामान्यतः यह शब्द अंग्रेजी के 'sacred' शब्द का विलोम है और इसका सामान्य अर्थ है अपवित्र, अश्रद्धा सूचक अथवा अपावन, अथवा वह सब जो धर्म के विरुद्ध हो। परन्तु इससे लौकिक, धर्म-विहीन धर्मनिरपेक्ष अथवा धर्म बाह्य का भी बोध होता है।

2. नृविज्ञान तथा समाज विज्ञान में इस शब्द से मुख्यतः सामान्य, लौकिक और धर्मेतर का बोध होता है। इस अर्थ में जो कुछ धर्म से संबद्ध नहीं है, वह सभी इस अवधारणा के अंतर्गत आ जाता है।

progenitor

प्रजनक

वंशक्रम में पूर्वज। जैविक पूर्वज।

progeny

संतति

एक ही पूर्वज के वंशज या संतान।

prophecy

भविष्यवाणी, भविष्य कथन

किसी होने वाली घटना की पूर्व घोषणा।

prophet

पैगंबर, मसीहा

वह व्यक्ति जिसे अंतःप्रेरणा प्राप्त होती है और जो देवी इच्छाओं को व्यक्त करता है।

proselytization (=proselytism)

धर्मपरिवर्तन

किसी अन्य धर्मावलंबी को ईसाई धर्म में दीक्षित करने की प्रक्रिया।

proto-culture

आद्य-संस्कृति, संस्कृति-उन्मुख

आद्य मानव-सम प्राणियों की प्रत्याशित अथवा आंशिक संस्कृति।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

pseudo-science — **मिथ्या विज्ञान**

सिद्धांतों, पूर्वधारणाओं तथा पद्धतियों की एक प्रणाली जिसको भूल से वैज्ञानिक मान लिया गया हो।

pseudo-statement — **मिथ्या कथन**

कथन जिसे आनुभविक रूप से सत्यापित नहीं किया जा सकता।

puberty dance — **यौवनारंभ नृत्य**

नृत्य उत्सव जो तरुण-तरुणियों के यौवनारंभ पर मनाया जाता है। इसमें भाग लेने वाले सदस्य वयस्क होते हैं। इस प्रकार के नृत्य अधिकतर आदिवासियों में प्रचलित हैं।

pump drill — **पंप-बरमा**

एक प्रकार का अग्नि-बरमा जो अग्नि प्रज्वलित करने के काम आता है। इसमें दंड को एक रस्सी लगे धनुष अथवा शलाका द्वारा नीचे ऊपर घर्षित किया जाता है।

punalua — **समूह-विवाह, पुनालुआ**

समूह विवाह जिसमें पति एक ही बंधुत्व समूह के तथा पत्नियां दूसरे बंधुत्व समूह की होती है। बहुधा ये समूह भाइयों और बहिनों के होते हैं। मॉर्गन के अनुसार यह विवाह के उद्विकास में एक प्रारंभिक स्वरूप है जो पहले हवाई द्वीप समूह में प्रचलित था।

punch technique — **छैनी प्रविधि**

इस प्रविधि में उपकरण बनाने वाले प्रस्तर पर आघात सीधे नहीं किया जाता बल्कि लकड़ी अथवा अस्थि की वेधनी की कर्तन धार को अश्मपिंड के उस स्थान पर रखा जाता है जहां से शल्क उतारने होते हैं और वेधनी की लंबी धुरी को ठीक दिशा में रखते हुए उसके दूसरे सिरे पर हथौड़े से आघात किया जाता है।

punctate — **बिंदुकित (मृद्भांड)**

1. बिना पके मृद्भांडों को नाखून अथवा किसी छोटे तेज उपकरण से दबा कर अलंकृत करना।

2. इस प्रकार से अलंकृत मृद्भांड।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

pygmy flint — **लघु चकमक (उपकरण)**

उत्तर पुरापाषाण काल का एक छोटा फलक उपकरण। यह प्रायः त्रिभुजाकार अथवा किसी दूसरी ज्यामितिक आकृति का होता है और बहुधा अस्थि अथवा लकड़ी के मूठ पर लगा होता है।

Q

qualitative trait — **गुणात्मक विशेषक**

संस्कृति के प्रारूपिक विशेषक जिनमें संस्कृतिकरण द्वारा परिवर्तन धीमी गति से होता है।

quantitative trait — **मात्रात्मक विशेषक**

विशेषक जिनमें निरंतर परिवर्तन होते रहते हैं और परिवर्तित रूप का अग्रिम पारेषण होता है।

quasi-caste based society — **जातिकल्प समाज**

ऐसे समाज जिनका वर्गीकरण स्पष्टतः जातिमूलक नहीं होता परंतु उनमें वर्ण व्यवस्था का प्रभाव लक्षित होता है। भारत के ईसाई तथा मुसलमान समाज इस प्रकार के उदाहरण हैं।

quaternary period — **चतुर्थ काल**

भूवैज्ञानिक काल जिसका प्रारंभ वर्तमान से लगभग दस लाख वर्ष पूर्व हुआ। इस युग में अनेक जलवायु परिवर्तन हुए। मानव तथा अन्य स्तनधारी पशुओं के उद्विकास को इस युग में स्पष्ट दिशा मिली।

quetta ware — **क्वेटा भांड**

उत्तरी बलूचिस्तान की चौथी सहस्राब्दि ई० पू० की संस्कृति से संबंधित चाक चढ़े मृद्भांड जिनकी विशेषता पांडु अथवा धूसरवर्ण के भांडों पर गहरे भूरे तथा काले रंग के ज्यामितिक रूपांकन होते हैं।

quipu — **क्विपू (प्राचीन पेरूवासी)**

किसी विषय का लेखा तैयार करने अथवा संगणना के लिए प्रयुक्त एक युक्ति जिसमें विभिन्न रंगों की छोटी-छोटी रस्सियों के साथ एक मुख्य रस्सी लगाई जाती थी। इन रस्सियों में मुख्य तथ्यों तथा घटनाओं का रिकार्ड रखने के लिए गांठें लगाई जाती थीं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

R

race — **प्रजाति**

ऐसी भौगोलिक जनसंख्या जिसके आनुवंशिक लक्षण दूसरी भौगोलिक जनसंख्या से भिन्न होते हैं। ये शारीरिक अभिलक्षण बहुधा सिर, आंख, कान, नाक तथा होठों के आकार, शरीर के रंग अथवा केश के प्रकार से संबंध रखते हैं जिन्हें बदला नहीं जा सकता। विश्व की तीन प्रमुख प्रजातियां मानी गई हैं--श्वेत, पीत और श्याम। विश्व की अधिकांश जनसंख्याएं, मिश्रित प्रजाति की हैं और यह सर्वमान्य है कि प्रजाति का मानसिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों के साथ कोई संबंध नहीं होता।

race consciousness — **प्रजाति चेतना**

भिन्न समूहों के मध्य अपनी शारीरिक विशेषताओं अथवा भिन्नताओं के कारण जन्मी चेतना जो इस तथ्य या भावना से संबद्ध है कि ये भिन्नताएं सामाजिक प्रस्थिति ही की द्योतक हैं।

race contact — **प्रजाति संपर्क**

विभिन्न प्रजाति समूहों के अंतःसंबंध।

race differences — **प्रजातीय अंतर**

ऐसे वैयक्तिक अंतर जो प्रजाति की विशेषताओं के द्योतक होते हैं तथा जो उनके पूर्वजों से पैतृक देन के रूप में प्राप्त होते हैं।

race mixture — **प्रजाति-मिश्रण**

भिन्न प्रजाति समूह के बीच संकरण।

race prejudice — **प्रजाति-पूर्वाग्रह**

दूसरी प्रजाति के लोगों के प्रति पहले से ही द्वेष भाव होना। इसका ज्वलंत उदाहरण दक्षिण अफ्रीका की रंग-भेद नीति है।

race relations — **प्रजाति-संबंध**

विभिन्न प्रजातियों के लोगों के बीच सांस्कृतिक संपर्क एवं संबंध।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

race riot

प्रजातीय उपद्रव

प्राजातीय भेदभाव से अनुप्रेरित घृणाभाव जिससे भिन्न-भिन्न प्रजातियों में परस्पर संघर्ष एवं विद्वेष उत्पन्न होता है। ऐसे संघर्ष बहुधा श्वेत तथा नीग्रो प्रजाति के बीच पाए गए हैं।

racial anthropology

प्रजाति-नृविज्ञान

नृविज्ञान की एक शाखा जिसमें मानव जाति में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकारों, उनके उद्भव तथा अंतः संबंधों का अध्ययन किया जाता है।

racial conflict

प्रजाति-द्वंद्व

दो भिन्न प्रजाति समूहों के बीच द्वंद्व या संघर्ष की भावना जो वस्तुतः प्रजाति चेतना से अभिप्रेरित होती है

racialism

प्रजातिवाद

प्रजातीय पूर्वाग्रह अर्थात् दूसरी प्रजाति, वर्ण या अन्यदेशीय संस्कृति के प्रति द्वेष एवं घृणा तथा अपनी प्रजाति के प्रति अपरिमित लगाव और अपनेपन की भावना।

raciation

प्रजातीकरण, प्रजातीयन

किसी विशिष्ट स्थानीय समूह में जब निरंतर वरण के परिणाम-स्वरूप विभिन्नीकरण उत्पन्न होता है तब उसे प्रजातीकरण कहते हैं। यह प्रक्रिया एक विशिष्ट पारिस्थितक पर्यावरण में निवास करने और कम-से-कम आंशिक पृथक्करण का परिणाम होती है।

raciology

-प्रजाति-विज्ञान

मानव प्रजाति का जैविक अध्ययन जिसमें आनुवांशिकता प्रजनन, अथवा जीन प्रभेद के संबंध में विशेष विवेचना की जाती है।

racism

प्रजातीयता

एक अवधारणा जिसके अनुसार मनोसांस्कृतिक अभिलक्षणों का निर्धारण जैविक आधार पर होता है और सभी प्रजातियां एक दूसरे से निश्चित रूप में भिन्न होती हैं। प्रजातियों में बहुधा स्वजाति केंद्रिकता की भावना होती है और प्रत्येक प्रजाति अपने को दूसरों से श्रेष्ठ समझती है। अपवाद रूप में कभी-कभी कोई प्रजाति दूसरों के समकक्ष श्रेष्ठ समझ ली जाती है और वह दूसरों पर अपना प्रभुत्व जमा लेती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

rain maker — **वर्षाकारक ओझा**

आदिम तथा परंपरागत समाजों में जादुई धर्म का ज्ञाता या अभिचारक जो मंत्र तथा अन्य जादुई कर्मकांडों द्वारा वर्षा का आवाहन करता है।

rake — **पांचा**

एक हस्त चालित कृषि उपकरण जो लकड़ी से बना होता है और जिसके एक सिरे पर लंबे मूठ से समकोण बनाते हुए फाल लगा होता है। इसका प्रयोग धास, पत्तियां अथवा दूसरे पदार्थ एकत्रित करने के लिए अथवा सतह को भुरभुरा और सपाट बनाने के लिए किया जाता है।

ramage — **वंशक्रम, वंशवृक्ष (रैमेज, माओरी)**

जिन समाजों में एकरेखीय सामाजिक संगठन नहीं पाया जाता उनमें कभी-कभी द्विपक्षीय सामाजिक संगठन तथा रैमेज मिलते हैं। इस प्रकार के समूहों में वे सभी व्यक्ति आते हैं जो एक ही पूर्वज से किसी पक्ष द्वारा संबद्ध हों (मातृ पक्ष अथवा पितृ पक्ष द्वारा)।

rapier — **किरिच, कृपाण**

एक सीधी दुधारी संकीर्ण तेज तलवार जो विशेषकर 16वीं तथा 17वीं शताब्दियों में प्रचलित थी। इसका फलक पतला तथा नोकीला होता था और यह मुख्यतः भोंकने के काम आती थी। यह 18वीं शताब्दी की छोटी तलवार से भारी होती थी।

rappel — **रेपल (प्राचीन मिस्री एवं हिब्रू)**

एक वाद्य-यंत्र जो साधारण ढोल जैसा लगता है।

rattle — **झुनझुना**

एक नृत्य वाद्य जो विभिन्न नृत्यों में लय के साथ हिला-हिला कर बजाया जाता है।

reciprocity — **अन्योन्यता, परस्परता**

सामाजिक संबंधों के अंतर्गत व्यक्तियों अथवा समूहों के बीच परस्पर क्रिया एवं प्रतिक्रिया जिसमें एक व्यक्ति अथवा समूह का व्यवहार दूसरे व्यक्ति अथवा समूह के व्यवहार अथवा प्रतिक्रिया को जागृत करता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

प्रसिद्ध नृवैज्ञानिक मैलिनॉस्की का विचार था कि सामाजिक संबंधों का विकास संबंधियों के मध्य अन्योन्याश्रित कर्त्तव्यों, दायित्वों अथवा विशेषाधिकारों के कारण होता है।

reincarnation — **पुनर्जन्म**

एक धारणा जिसके अनुसार आत्माएँ पृथ्वी पर नए-नए रूप में जन्म लेती रहती हैं, अर्थात् आत्मा अमर है और शरीर नश्वर। एक शरीर का अंत हो जाने पर आत्मा पुनः जन्म लेती हैं। यह हिन्दू धर्म की आधारभूत धारणा है।

relative chronology — **सापेक्ष कालानुक्रम**

पुरातत्वीय अवशेषों का एक दूसरे के सापेक्ष काल-निर्धारण। इसके द्वारा किसी अवशेष की आयु निश्चित वर्षों में ज्ञात नहीं होती।

religion — **धर्म**

1. धर्म का सामान्य अर्थ ऐसी भावना और विश्वास है जो मनुष्य और अलौकिक शक्ति को परस्पर बांधते हैं।

2. किसी अज्ञात, अलौकिक और अतींद्रिय शक्ति के प्रति मानव के भय की प्रतिक्रिया धर्म है। धर्म के अंतर्गत मानव व्यवहार के वे सब रूप सम्मिलित हैं जिनके द्वारा मनुष्य अपने नित्य प्रति के जीवन की अनिश्चितताओं को कम करने एवं उन चरम संकटों के प्रतिकार का प्रयास करता है जो अप्रत्याशित एवं अननुमेय होते हैं। सर्वप्रथम धर्म का संबंध मानव की आशाओं, आकांक्षाओं एवं भय की भावना से था।

residence (rules of) — **आवास, निवास (के नियम)**

वे सामाजिक नियम जिनके अनुसार नवदंपति अपना आवास स्थापित करते हैं, जैसे पति स्थानिक, पत्नी स्थानिक, मातुल स्थानिक तथा नव स्थानिक।

retouch (=secondary flaking) — **अनुशल्कन, अनुशोधन**

प्रस्तर उपकरण की छंटाई कर आकृति को एकसार और कर्तन धार को परिष्कृत करना। इसे द्वितीयक शल्कन भी कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

retouching — **अनुशोध, परिष्कार, परिष्करण**

अनुशोधन अथवा अनुशल्कन की प्रक्रिया ।

दे० 'retouch' भी

retribution — **प्रतिफल, प्रतिकर**

क्षतिग्रस्त व्यक्ति तथा उसके समाज को संतुष्टि प्रदान करने वाला दंड। यह सिद्धान्त इस प्राक्कल्पना पर आधारित है कि अपराध सामाजिक जीवन (संसार) के संतुलन को भंग करता है। अतः इस संतुलन को बनाए रखने के लिए अपराधी को उपयुक्त दंड देना आवश्यक है।

ripsaw — **आड़ी आरी**

मोटे दांते की आरी जो लकड़ी काटने के काम आती है।

Riss — **रिस**

यूरोप में तृतीय हिमावर्ती काल का नाम जो वर्तमान से संभवतः 250,000 से 125,000 वर्ष पूर्व तक रहा।

rite — **संस्कार, धार्मिक कृत्य, अनुष्ठान**

धार्मिक अथवा जादुई अनुष्ठानों से संबंधित औपचारिक कृत्य या कर्मकांड जो परंपराजन्य होते हैं। अनुष्ठान अनेक प्रकार के होते हैं, जैसे व्यक्ति के जीवन से संबंधित (जन्म, विवाह, अंत्येष्टि), वार्षिक मौसम से संबंधित अथवा कुछ विशिष्ट घटनाओं से संबंधित।

rites-passage (=life cycle rituals) — **जीवन चक्र संस्कार**

वे अनुष्ठान जो किसी व्यक्ति के जीवन के उस मोड़ को व्यक्त करते हैं जब वह एक अवस्था से दूसरी अवस्था में प्रवेश करता है। ये अनुष्ठान धार्मिक प्रकृति के होते हैं तथा एक सामाजिक प्रस्थिति की समाप्ति और दूसरी के आरंभ को संस्थागत रूप प्रदान करते हैं। यह संस्कार विशेषकर व्यक्ति के जन्म, यौवनारंभ विवाह तथा मृत्यु पर किए जाते हैं। वैदिक काल के हिन्दु धर्म में जीवन के ऐसे सोलह संस्कारों का उल्लेख है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ritual

(संज्ञा) अनुष्ठान, कर्मकांड, कृत्य, उपचार

(विशेषण) अनुष्ठान अथवा कर्मकांड से संबंधित

उपासना पद्धति के विभिन्न रूप और प्रकार जिनका स्वरूप धार्मिक अनुष्ठानों के संदर्भ में परम्परा अथवा पुरोहितों द्वारा निर्धारित किया जाता है।

दे० 'rite' भी।

ritual continence

आनुष्ठानिक निग्रह

जादुई, आनुष्ठानिक अथवा जाति से संबंधित कारणों से दंपति द्वारा काम निग्रह अर्थात् संयम का अनुपालन। आदिम समाजों में पूजा अनुष्ठान, युद्ध, सामूहिक आखेट, मृत्यु आदि के अवसरों पर निग्रह विहित है।

ritual murder

आनुष्ठानिक हत्या

देवी देवताओं के प्रसादन अर्थात् उन्हें प्रसन्न करने के लिए मानव हत्या की प्रथा।

river terrace

नदी उत्तल

नदी की धारा के कटाव और जमाव के परिणाम स्वरूप उसके तट पर सोपान बन जाते हैं। समुद्र तल में उतार-चढ़ाव अथवा हिम-नदियों के जमने अथवा पिघलने के कारण नदी की धारा में इस प्रकार का परिवर्तन होता है। प्रागैतिहासिक काल में इस प्रकार के अनेक नदी सोपान बने जिनके आधार पर इन सोपानों से प्राप्त उपकरणों की तिथि निर्धारित की जाती है।

rock shelter

शैलाश्रय

आदिम आवासों का एक रूप जिसमें मानव खड़ी शैल मालाओं के मध्य अथवा नीचे आश्रय लेता हो। यूरोप में अनेक प्रागैतिहासिक स्थलों से शैलाश्रयों के नीचे उस काल के संस्कृति-अवशेष मिले हैं। आज की अनेक आदिम जनजातियां भी इस प्रकार के आवासों का उपयोग करती हैं, जैसे श्रीलंका के वेद्दा तथा तस्मानिया द्वीप के आदिवासी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

भूमिका

role

सामाजिक नृविज्ञान में यह स्थापित अवधारणा है कि समाज के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए व्यक्तियों का नहीं बल्कि उनकी भूमिकाओं का अध्ययन आवश्यक है। समाज अनेक भूमिकाओं से मिलकर बना है यद्यपि व्यक्ति बदलते रहते हैं। भूमिकाएं श्रृंखलाओं से बद्ध होती हैं जैसे पारिवारिक श्रृंखला में, माता-पिता, संतान, पति-पत्नी आदि; व्यापारिक श्रृंखला में उत्पादक-मिलमालिक, मजदूर, व्यवसायिक और क्रेता आदि। प्रत्येक समाज अपनी मान्यताओं के आधार पर प्रत्येक भूमिका से कुछ विशेष आशा करता है और उनको कुछ विशिष्ट रूप देता है और उस समाज के सदस्य निरंतरता बनाए रखने के लिए उस भूमिका के स्वरूप के अनुकूल ही अपना व्यवहार और आचार बनाए रखने का प्रयत्न करते हैं। सामाजिक परिवर्तन की अवस्था में भूमिकाओं के स्वरूप परिवर्तन का अत्यंत महत्व है। सामाजिक भूमिकाओं के अध्ययन में लिंटन और नाडेल का विशेष योगदान है।

चंचु आकार

rostrocarinate

(विशे०) खंडित चकमक उपकरण जिसका आकार चील की चोंच से मिलता-जुलता है तथा जो पूर्वी इंगलैण्ड में पाया गया है।

(संज्ञा) अश्मपिंड जिसकी ऊपरी तथा निचली सतह चपटी होती है तथा कर्तन धार नोकीली अथवा चंचु आकार की होती है। इस प्रकार के उपकरण तृतीयक निक्षेप में प्राप्त हुए हैं। परंतु यदा-कदा यह पूर्व पुराप्रस्तर युग की कूदप्वां के साथ भी प्राप्त हुए हैं।

round scraper **वर्तुल क्षुरक, वर्तुल खुरचनी, वर्तुल क्षुरणी**

एक छोटा गोल शल्क जो परिधि के चारों ओर से तेज किया हुआ होता है। इसे अंगुष्ठ क्षुरक भी कहते हैं।

rubble **हिमनदीय मलबा**

जल अथवा हिम क्रिया से बने निक्षेप।

rusticated pottery **रूक्षित मृद्भांड**

मृद्भांड जिसकी सतह को खुरदरा बनाकर अलंकृत किया गया हो। इसमें सामान्यतः भांड पर चिकनी मिट्टी का लेप लगाकर कुरेदा या ब्रश से रगड़ा जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

ruuruu

रूरू (पोलिनेशियाई)

सोसाइटी द्वीपों में लकड़ी से बना रक्षा-कवच जो शरीर के ऊपरी भाग को ढकता है। इस पर कपड़े की मोटी गद्दीदार तहें रस्सी द्वारा बांधी होती हैं।

S

sacrament

संस्कार

धार्मिक कृत्य, समारोह अथवा प्रथा जिन्हें सामाजिक यथार्थ का प्रतीक समझ कर विशेष रूप से पवित्र तथा पुनीत माना जाता है।

दे० 'ritual' और 'rites' भी।

sacramental meal

आनुष्ठानिक भोज

विशेषकर ईसाई धर्म में प्रचलित भोज जो ईश्वर के साथ तादात्म्य का प्रतीक होता है। ऐसा मानते हैं कि इसमें सम्मिलित होने वाले व्यक्ति के शरीर में ईश्वर का प्रभावकारी अंतर्लयन हो जाता है।

'sacra publica'
(=public sacrament)

सार्वजनिक संस्कार

प्राचीन रोम में प्रचलित लिबेरालियां अर्थात् 16 मार्च को आयोजित समारोह। यह समारोह रोम के युवाओं द्वारा वयस्कता प्राप्त करने पर मनाए जाते थे। पारिवारिक वेदी तथा सार्वजनिक स्थान पर अनुष्ठान करने के पश्चात् लड़के को रोम के राष्ट्रीय देवता के मंदिर कैपिटाल में ले जाया जाता था।

sacred

1. पवित्र, पुनीत 2. पारलौकिक

अपने विशद अर्थ में इस शब्द से उन सभी वस्तुओं इत्यादि का बोध होता है जो किसी भी प्रकार से संरक्षित हों। ये सामान्यतः धार्मिक होती हैं परंतु सदैव नहीं। इस प्रकार ऐसी वस्तुएं धार्मिक, पवित्र अथवा पुनीत होने के साथ साथ संरक्षित भी होनी चाहिए। इस अर्थ में यह शब्द आस्था एवं श्रद्धा का बोधक है। अतः धर्म से असंबद्ध वस्तुएं, व्यवहार, स्थान, प्रथाएं एवं विश्वास भी इस अवधारणा के अंतर्गत आ जाते हैं। जैसे—राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रपति की मर्यादा इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

धर्म के संदर्भ में इस शब्द का अर्थ कुछ संकीर्ण किंतु सुनिश्चित है। यहां इससे तात्पर्य उन वस्तुओं, विचारों, स्थानों इत्यादि की प्रवृत्ति से है जो धर्म से संबद्ध होने के कारण संरक्षित तथा निर्विकार माने जाते हैं। साथ ही इससे पारलौकिकता का भी बोध होता है।

sacred object — **पवित्र पदार्थ**

धार्मिक एवं अनुष्ठानों में प्रयुक्त वस्तुएं, देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ तथा कल्प एवं विभिन्न संस्कारों में प्रयुक्त सभी वस्तुएँ पवित्र मानी जाती हैं।

sacred society — **धर्मरूढ़ समाज, रूढ़िगत समाज**

ऐसा समाज जिसमें परंपरा के कारण स्थायित्व आ जाता है और जहां रीतियाँ एवं मान्यताएं रूढ़ और स्थिर हो जाती हैं। धर्म-निरपेक्ष समाज की अपेक्षा रूढ़िगत समाज में मान्यताएँ तथा सामाजिक संबंध अधिक व्यापक, प्राकृतिक तथा निर्विरोध माने जाते हैं। प्रायः सभी आदिम तथा परंपरागत समाज धर्मरूढ़ समाज होते हैं।

sacred thread — **यज्ञोपवीत, जनेऊ**

भारत में तीनों उच्च वर्णों के हिंदुओं—द्विजों—द्वारा दीक्षा-संस्कार के समय से पहना जाने वाला पवित्र धागा। यह सदैव बाएँ कंधे के ऊपर से शरीर की दाहिनी ओर पहना जाता है। यह संस्कार उनके सामाजिक जीवन में नए जन्म का द्योतक होता है जिसमें व्यक्ति धार्मिक कृत्य संपन्न करने की पात्रता प्राप्त करता है। उसे गुरु के पास बैठकर यज्ञ करने का अधिकार मिलता है। वैदिक काल में यह संस्कार आठ वर्ष की आयु में शिक्षा प्राप्त करने के पूर्व दीक्षा संस्कार के रूप में संपन्न किया जाता था। ऐसे दीक्षा प्राप्त लोगों को द्विज कहा जाता था।

sacred tree — **पवित्र वृक्ष**

धार्मिक पेय से संबद्ध वृक्ष। आदिम काल से वृक्षों के पूजन की प्रथा चली आ रही है। हिन्दू समाज में पीपल, बरगद, बिल्व, नीम आदि वृक्षों को पवित्र माना जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

sacred vessel

पवित्र पात्र

वह पात्र जिसका प्रयोग धार्मिक कृत्यों में किया जाता है।

saddle quern

अवतल चक्की,
अवतल अम्मी (मलयालम)

चक्की का एक प्राचीन रूप जिसके निचले लंबे पत्थर की ऊपरी सतह अवतल होती है तथा ऊपर का पत्थर मसनद के आकार का होता है जिसे निचले पत्थर पर आगे-पीछे चलाया जाता है। प्राचीन समय में अनाज पीसने की केवल यही एक विधि थी।

sambaqui

समबाकी (दक्षिण अमरीका)

ब्राजील तट पर प्राप्त प्रागैतिहासिक किचिन मिडन घूरा।

sand bar

बालुका रोध

समुद्र अथवा नदी तट पर जल प्रवाह को रोकने के लिए बनाई गई बालू की भित्ति अथवा अवरोध। प्राचीन जनजातियों के ये ही आदि बांध थे।

sandia

संदिया (उत्तरी अमरीकी इंडियन)

न्यू मैक्सिको की पूर्व-फ़ॉलसम (आखेट) संस्कृति से संबद्ध। इसकी विशेषता पत्राकार शूल वेधनियाँ हैं जो फॉलसम वेधनियों की अपेक्षा लंबी, मोटी तथा भारी होती हैं तथा इनके निचले भाग पर पार्श्व स्कंध होता है। यह मूठ लगाने में सहायक होता है।

1. टानो जन, जो न्यूमैक्सिको में सामुदायिक आवास में रहते हैं।

2. संदिया जन का एक सदस्य।

sarcophagus

शव-पेटिका, ताबत

प्रस्तर मिट्टी या अन्य पदार्थ की बनी शव-पेटिका जो बहुधा अलंकृत होती है और प्रायः गिरजाघर या तुंब में रखी जाती है। प्राचीन मिस्र की ममी इस प्रकार की अलंकृत पेटिकाओं में रख कर पिरामिडों में रख दी जाती थी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

जंगली, वन्य

savage

वह व्यक्ति जो आदिम अवस्था में रह रहा हो अथवा आदिम समाज का हो। विशेषण के रूप में यह शब्द आदिम समाज में प्राथमिक अवस्था का बोधक होता है।

असभ्यावस्था, प्राकृतावस्था

savagery

बहुधा आदिम अर्थव्यवस्था वाले लोगों के लिए प्रयुक्त शब्द। मॉर्गन के अनुसार मानव के सांस्कृतिक उद्विकास का प्रथम चरण जिसमें मानव मत्स्य-आखेट, पशु आखेट तथा खाद्य संग्रहण से जीवन यापन करता था और उसके उद्योग-धंधे अत्यंत आदिम और सरल थे।

दे० 'primitive' भी।

कपाल नृत्य (उत्तरी अमेरिंडियन)

scalp dance

नृत्य जो कपाल एकत्रित करने के पश्चात् कुछ अमरीकी इंडियनों द्वारा किया जाता था। कपालों को स्तंभ में लगा कर नर्तक इनके चारों ओर घेरा बनाकर नाचते थे। यह नृत्य बहुधा युद्ध के क्रिया-कलापों का प्रतीकीकरण होता था।

स्कंधास्थि प्राक्ख्यापन

scapulomancy

पशुओं की अस्थियों के अध्ययन द्वारा भविष्य का अनुमान लगाना। यह बहुधा स्कंधास्थि को आग में गर्म करने के कारण पड़ी दरारों की व्याख्या द्वारा किया जाता है।

क्षत-चिह्न

scarification

शरीर सज्जा की एक विधि।

क्षत गोदन, रंगहीन गोदन

scar tattoo

बिना रंग के त्वचा पर रूपांकन करना। तस्मानी संस्कृति में इस प्रकार के रंगहीन गोदन की प्रथा प्रचलित थी।

अनुसूचित क्षेत्र

scheduled area

भारतीय संविधान के अध्यादेश 244 के पांचवें अनुच्छेद द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्र जिन्हें विशेष प्रशासकीय व्यवस्था एवं सुविधाएँ प्रदान करने के लिए अनुसूचित किया गया था।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

scheduled caste **अनुसूचित जाति**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 330 के अंतर्गत निर्दिष्ट जातियां।

scheduled tribe **अनुसूचित जनजाति**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत निर्दिष्ट जनजातियां।

scraper **खुरचनी, क्षुरक, रांपी**

प्रागैतिहासिक प्रस्तर उपकरण जिसका प्रयोग संभवतः चमड़े या खाल को खुरचने तथा उसके निचले भाग में लगी चर्बी को हटाने तथा लकड़ी को चिकना बनाने के लिए किया जाता था। इसका मुख पृष्ठ बहुधा अनुशल्कित होता है।

scree **शैलमलबा**

पत्थरों का ढेर अथवा शैलीय मलबा।

scythe **दरांती**

घास अथवा फसल को हाथ से काटने के लिए प्रयुक्त उपकरण। इसमें एक अर्ध-चंद्राकार फलक होता है जो एक लंबे मूठ से एक निश्चित कोण पर बंधा होता है।

seance **प्रेतावाहन बैठक (अनुष्ठान)**

प्रेतात्मा के साथ संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया अनुष्ठान। आदिम एवं परंपरागत समाजों में इस प्रकार के अनुष्ठान बहुत प्रचलित हैं जिनमें प्रेत का आह्वान कर ओझा उसके माध्यम से कोई जानकारी प्राप्त करता है अथवा वांछित कार्य संपन्न करता है।

sebilian **सेबिली (मिस्र)**

उत्तरी मिस्र की मध्यपाषाण संस्कृति से संबंधित। सूक्ष्म पाषाण चकमक उपकरण तथा सम्मिश्र शस्त्र इसकी विशेषताएँ हैं।

secondary flaking **द्वितीयक शल्कन**

शल्क को आड़े रूप में पकड़ कर छोटे धन प्रस्तर द्वारा उसके एक पार्श्व से छोटे-छोटे बहुत से शल्क उतारने की क्रिया। इसके द्वारा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

बने क्षत चिह्न मुख्य शल्क सतह को प्रतिच्छेदित करते हैं। द्वितीय शल्कन सामान्यतः उपकरण को अनुशोधित करने के लिए किया जाता है।

दे० 'retouching' भी

द्वितीयक संबंधी

secondary relatives

किसी व्यक्ति के प्राथमिक संबंधी के प्राथमिक संबंधी उसके द्वितीयक संबंधी कहलाते हैं, जैसे दादा, दादी, चाचा, ताऊ, नाना, नानी, साला, मामा, इत्यादि। मरडक के अनुसार एक व्यक्ति के 33 अलग प्रकार के द्विवतीयक संबंधी हो सकते हैं।

गुह्य समाज

secret society

ऐसा संवृत्त संघ जिसकी सदस्यता प्रायः पुरुषों तक सीमित होती है, और इसे समुदाय के अन्य सदस्यों से गुप्त तथा अज्ञात रखा जाता है। इसके कुछ क्रिया-कलाप सबके सामने किए जा सकते हैं परन्तु उस समय इनमें भाग लेने वालों सदस्यों के चेहरे मुखौटों द्वारा ढके होते हैं। परंतु गुह्य के अधिकतर क्रिया-कलाप कर्मकांडी होते हैं जो केवल सदस्यों की उपस्थिति में किए जाते हैं। गुह्य समाज जन-जातियों तथा सभ्य समाजों दोनों में ही पाए जाते हैं।

पंथ, संप्रदाय

sect

किसी संगठित धार्मिक मत के अंतर्गत एक समूह जिसके अनुयायी धार्मिक सिद्धांत तथा प्रथाओं में एक विशेष रूप को मान्यता देते हैं जैसे—लिंगायत, राधास्वामी, गोरखपंथी।

आत्मबलि, आत्माहुति

self-immolation

किसी विशेष उद्देश्य से स्वेच्छापूर्वक सबके सामने आत्महत्या करना।

आत्म-परिरक्षण

self-preservation

1. अपने आपको विनाश अथवा क्षति से बचाने की प्रचेष्टा।

2. व्यवहार की ऐसी प्राकृतिक अथवा नैसर्गिक प्रवृत्ति जिसमें अपने अस्तित्व को बनाए रखा जाए।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

sept **सेप्ट**

प्राचीन आइरिश गण या कबीला जिसका अधिष्ठाता पितृ-सत्ताधारी होता था। प्राचीन अंग्रेजी में इस शब्द का उपयोग इसी प्रकार के अन्य समूहों के लिए किया गया है, विशेषकर ऐसे समूहों के लिए जो स्थानबद्ध हों और जिनमें वंशानुक्रम पुरुष और स्त्री दोनों शाखाओं से माना जाता हो। यह दूसरा अर्थ इसको 'सिब' से अलग करता है। आजकल यह शब्द प्रायः अप्रचलित है।

दे० 'sib' भी

sequence dating **अनुक्रम काल-निर्धारण**

फिलन्डर्स पीट्री के द्वारा निकाली गई एक विधि जिसके द्वारा पुरातत्वीय अवशेष में वस्तुओं का सापेक्ष कालानुक्रम ज्ञात किया जाता है। पीट्री ने लहरिया हत्थे वाले मृद्भांड खोजे जिनके हत्थे बाद में प्राप्त उसी आकृति के मृद्भांडों से कम लहरदार हो गए। उन्होंने इन मृद्भांडों के साथ प्राप्त वस्तुओं को कालानुक्रमानुसार रखा। मृद्भांडों की निरपेक्ष तिथि न जानते हुए, पीट्री ने उनके प्रयोग के काल को 70 भागों में बाँटा। मृद्भांड के प्रत्येक रूप की तिथि (अनुक्रम तिथि) S.D. 30 से 100 तक निर्धारित की। बाद में ज्ञात हुआ कि (S. D.) अनु० तिथि 79 वंशगत काल के लगभग आरंभ 3200 ई०पू० का है तथा पीट्री ने अनुमान लगाया कि (S.D.) अनुक्रम काल 30 अथवा जहां से श्रेणी आरंभ होती है लगभग 4800 ई० पू० की है। अभी के कार्बन-14 के परीक्षणों ने इन कालों की तिथि में कुछ कम कर दी है।

serf **कृषिदास**

सामंतशाही में एक व्यक्ति जिसके पास कुछ ऐसी जमीन होती है जिसका स्वामी वह नहीं होता परंतु उस भूमि के स्वामी के प्रति उस व्यक्ति को कुछ कर्त्तव्यों तथा सेवाओं का निर्वाह करना पड़ता है परंतु वह क्रीत दास की तरह अपने स्वामी की निजी संपत्ति नहीं होता।

serpent worship **नागपूजा**

धर्म का एक स्वरूप जिसमें सांप की उपासना अथवा पूजा की जाती है। प्राचीन समय में इसकी पूजा व्यापक रूप से प्रचलित थी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

तथा कुछ जनजातियों में तथा भारत के कुछ भागों में आज भी नाग पूजा की जाती है । अफ्रीका की जुलू जनजाति में इन्हें पूर्वजों का अवतार मानते हैं और इन्हें घर में पालते हैं।

sgraffio — **अभिरेखण, ज्ग्राफितो**

1. कुछ प्राचीन कलाओं में व्यवहृत तकनीक जिसमें पहले शैली सतह को काला किया जाता है और तब बनाई गई वस्तु का उद्भृत-प्रभाव देने के लिए उसकी रूप-रेखा के चारों ओर खुरचा जाता है।

2. मृद्मांड अलंकरण की एक तकनीक जिसमें काचित सतह को खुरचकर पृष्ठभूमि में भिन्न रंग लगाए जाते हैं।

shaman — **शमन**

आदिम समाजों में जादुई धार्मिक विशेषज्ञ । ऐसा विश्वास किया जाता है कि शमन में अलौकिक शक्ति का अथवा प्रेतात्मा का निवास होता है जिसमें वह रोग का उपचार तथा जनहित के अन्य कार्य करता है । इस कारण से शमन को समाज-विरोधी मान्यताओं और व्यवहारों की अनुमति होती है ।

shamanism — **शमन कल्य**

1. उत्तरी एशिया तथा यूरोप के यूराल-अल्ताइक लोगों का धर्म जिसमें ऐसा विश्वास किया जाता है कि देवताओं, पिशाचों तथा पितर आत्माओं का अदृष्ट संसार केवल शमन के प्रति अनुक्रियाशील होता है।

2. धर्म का एक रूप जो इस विश्वास पर आधारित है कि पारलौकिक शक्तियाँ एवं प्रेतात्माएँ व्यक्ति विशेष पार आ जाती है और उस कारण उसकी जादुई क्षमता बढ़ जाती है और वह भविष्य-वाणी, रोगनिदान और उपचार कर सकता है और इसी प्रकार की अन्य दुर्घटनाओं से अपने समुदाय की रक्षा करने में सक्षम होता है।

shrine — **1. देव मंदिर, पूजागृह, पूजास्थल**
2. चैत्य

ऐसे धार्मिक स्थल जो किसी दैवी शक्ति अथवा आत्मा को अर्पित होते हैं और जहां उस शक्ति अथवा आत्मा के नाम पर पूजा, बलि—

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

जैसे अनुष्ठान किए जाते हैं। इसी कारण इन स्थलों को पवित्र माना जाता है।

sib — **सिब, सगोत्र**

एकपक्षीय बंधुत्व (बंधु) समूह को सिब कहते हैं।

दे० 'Clan' भी

sibling — **सहोदर (भाई या बहिन)**

एक ही माता-पिता की संतान।

sibonga — **सिबोंगा (दक्षिणी अफ्रीका)**

दक्षिणी अफ्रीका में स्वाजी जन के पैतृक कुल का नाम।

sibship — **सगोत्रता, कुलीयता**

एक ही कुल अथवा वंश का सदस्य होना। सगोत्रता एकपक्षीय होती है।

sickle — **हंसिया, दरांती**

फसल काटने का कृषि उपकरण जिसमें एक वक्र फलक हत्थे से जुड़ा होता है। इसके हत्थे को पकड़कर उपकरण को अपनी ओर खींचते हुए फसल को कटाई की जाती है।

side-scraper — **पार्श्व, क्षुरक, पार्श्व क्षुरणी, पार्श्व खुरचनी**

एक शल्क-उपकरण जो विशेषकर मोस्तारी काल में प्रचलित था, परंतु पूर्व पुरापाषाण काल के उद्योगों में भी प्राप्त हुआ है। इसकी मुख्य विशेषता तीव्रकर्तन अथवा खुरचन धार है। यह धार बनाने के लिए उपयुक्त शल्क के पार्श्व पर द्वितीयक शल्कन करते हैं और बहुत-से छोटे-छोटे शल्क क्षत चिह्नों द्वारा मुख्य प्राथमिक शल्क सतह पर कटान की जाती है। बहुत पतले क्षुरकों की अपेक्षा इसकी कार्य धार कुछ-कुछ उत्तल होती है। इसे कर्तन उपकरण भी कहते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

simulacrum — **तुंब चित्र (प्राचीन मिस्र)**

प्राचीन मिस्र के तुंबों में प्राप्त चित्र तथा लघु मूर्तियाँ। ये दासों, विषय-वस्तुओं, पशुओं तथा दूसरे जीवों का प्रतिनिधित्व करती थीं। ऐसा विश्वास था कि ये अपने स्वामियों के साथ परलोक में उनके सहायतार्थ जाया करती थीं।

sin eater — **पाप-भक्षक**

वह व्यक्ति जिसे मृत व्यक्ति के पापों को अपनाने के लिए औपचारिक रूप से धन दिया जाता है। प्रतीक रूप में यह व्यक्ति शव के समीप रखा भोजन खाता है।

sin offering — **पापमोचन बलि**

पाप दूर करने के लिए बलि देना। विशेषकर प्राचीन यहूदी धार्मिक अनुष्ठान में प्रचलित पशु बलि जिसमें वेदिका पर उसके रक्त का लेप किया जाता है। पशु के चुने हुए तथा चर्बी वाले अंगों को वहीं पर जलाया जाता है और शेष भाग को गर्भगृह के बाहर जलाते हैं।

site analysis — **स्थल-परीक्षण**

पुरावशेष स्थान पर रहने वाले व्यक्तियों के रहन-सहन, रीति-रिवाजों आदि के अध्ययन के लिए उस स्थल के रासायनिक एवं भौतिक लक्षणों का विश्लेषण करना।

skew chisel — **शलाकीय छैनी**

दंड से कोण बनाते हुए एक सीधी कर्तन धार वाली छैनी।

slash and burn (=shifting cultivation) — **कर्तन दहन प्रणाली, झूम कृषि, स्थानांतरित कृषि**

कृषि की एक विधि जिसमें वृक्षों को काट कर जलाया जाता है और उनकी राख से भूमि को उर्वर बनाकर कृषि की जाती है। इस प्रकार की कृषि द्वारा एक स्थल पर केवल कुछ ही फसलें पैदा की जा सकती हैं। सामान्यतः इस प्रकार की कृषि में हल-बैल तथा खाद आदि का उपयोग नहीं किया जाता। इस कृषि को स्थानांतरित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

कृषि भी कहते हैं क्योंकि कृषक दो तीन फसलों के बाद स्थान बदलते रहते हैं। इस प्रकार की कृषि भारत की कुछ जन-जातियों में तथा न्यूगिनी, अफ्रीका तथा दक्षिणी अमरीका के कुछ भागों में अभी भी प्रचलित है। सांस्कृतिक नृविज्ञानियों का अनुमान है कि इस प्रकार की कृषि का प्रारंभ नवपाषाण युग में हुआ था।

sledge — **स्लेज**

उत्तरी ध्रुव प्रदेश के एस्किमों द्वारा प्रयुक्त वाहन। इसमें पहिए नहीं होते परंतु तल पर पटरियां लगी होती हैं जो इसे जमी बर्फ पर फिसलने में सहायता देती हैं। इस वाहन में कुत्ते अथवा बारहसिंहे जोते जाते हैं और इसका उपयोग सवारी और माल ढोने के लिए किया जाता है।

sling — **गोफन, स्लिंग**

प्रस्तर खंड अथवा गोलियाँ फेंकने का एक प्राचीन शस्त्र। इसमें एक चौड़ा पट्टा होता है जिसके दोनों सिरों पर डोरी बंधी होती है या एक सिरे पर डोरी तथा दूसरे पर हल्की छड़ी बंधी होती है। पट्टे के बीच में पत्थर रख कर डोरी के दोनों सिरों को पकड़ कर इसे जोर से घुमाया जाता है और फिर उसका एक सिरा ढीला करके इसमें रखे पत्थर को अपकेंद्री बल के द्वारा निशाने पर फेंक दिया जाता है

snare-trap — **फंदा-पाश**

ऐसा पाश जिससे भागते हुए पशु को फंसाया जाता है। इसमें पाश को इस प्रकार लगाया जाता है कि शिकार का सिर फंदे में आजाए और उसके आगे बढ़ने से फंदा उसके गले में कसता जाए।

soan (sohan) — **1. सोन नदी (सोहन)**
2. सोन संस्कृति

पश्चिमी पाकिस्तान की पुरापाषाण काल की खंडक संस्कृति।

social anthropology — **सामाजिक नृविज्ञान**

भिन्न प्रकार के मानव समाजों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए मानव समाज की प्रकृति की खोज सामाजिक नृविज्ञान कहलाता है। इसमें आदिम समाजों, वन्य कबीलों अथवा असाक्षर समाजों के अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

क्रोबर के शब्दों में सामाजिक नृविज्ञान मानव समूहों तथा उनके व्यवहारों का विज्ञान है । इस सिद्धांत के अनुसार आधुनिक एवं शिक्षित समाजों का व्यवस्थित अध्ययन भी सामाजिक नृविज्ञान की सीमा के अंतर्गत आता है ।

सामाजिक अभिवृत्ति

social attitude

समाज विशेष के मूल्यों एवं मान्यताओं पर आधारित अभिवृत्ति ।

सामाजिक प्राधिकार

social authority

सामान्य समूह-आदर्शों के लिए स्थापित एक मूल्य-प्रणाली की श्रेष्ठता स्वीकार करना जो संस्थागत रूप धारण कर चुकी हो तथा जिसे सामाजिक नियंत्रण की मान्यता प्राप्त हो ।

सामाजिक व्यवहार

social behaviour

समूह अथवा समुदाय के सदस्यों का व्यवहार जो ऐच्छिक हो और जो उस समाज अथवा समुदाय के नियमों और मान्यताओं के अनुकूल हो।

सामाजिक परिवर्तन

social change

सामाजिक संरचना, संस्थाओं, आदतों अथवा समाज के अन्य उपस्करों में पहले की अपेक्षा अंतर आ जाना ।

सामाजिक संपर्क

social contact

व्यक्तियों अथवा समूहों में पारस्परिक संबंध ।

सामाजिक नियंत्रण

social control

समाज के नियम तथा मानक जो उस समाज के सदस्यों के क्रियाकलाप एवं व्यवहार को रूढ़िगत अनुशास्तियों तथा औपचारिक सामाजिक विन्यास के अधिरोपण द्वारा सीमित करते हैं।

सामाजिक संतुलन

social equilibrium

सामाजिक जीवन में अनेक प्रकार के सामाजिक तत्व उपस्थित रहते हैं । इन तत्वों की बहुलता के बीच पारस्परिक संबंधों में किसी प्रकार का संतुलन समाज में स्थायित्व और सततता बनाए रखने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

के लिए आवश्यक है। सामाजिक संतुलन की यह अवधारणा गणित की संतुलन अवधारणा पर आधारित है जिसमें दो विभिन्न प्रकार के वक्र एक दूसरे पर प्रभाव डालते हुए किसी एक बिंदु पर मिलते हैं, भले ही उनका यह मिलन छोटी अवधि के लिए अथवा दीर्घकालिक हो। इस संकल्पना का प्रयोग मुख्यतः रैड-क्लिफ ब्राउन ने सामाजिक संरचना के सैद्धांतिक अध्ययन में किया है।

social institution — **सामाजिक संस्था**

समाज की वह संरचना जो मुख्य रूप से सुव्यवस्थित विधियों द्वारा मनुष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संगठित की जाती है। इसकी स्थापना संपूर्ण समाज की इच्छा और स्वीकृति से होती है। किसी भी संस्था में वहां की परम्पराएँ, रूढ़ियाँ, लोकाचार, लोकविधि, प्रकार्य आदि सम्मिलित रहते हैं।

जिन्सबर्ग के मतानुसार सामाजिक प्राणियों के एक दूसरे के प्रति या बाह्य विषयों के प्रति पारस्परिक संबंधों के सुनिश्चित रूप व प्रकार को संस्था कहते हैं।

social integration — **सामाजिक एकीकरण, सामाजिक समाकलन**

सामाजिक एकीकरण अथवा समाकलन से तात्पर्य उस सामाजिक स्थिति से है जिसमें समाज की विभिन्न घटक इकाइयाँ एक दूसरे पर आश्रित हों और उनके बीच अन्योन्याश्रितता का यह संबंध किसी सीमा तक स्थायी हो। इससे प्रक्रिया और परिणाम दोनों का ही बोध होता है।

socialization — **समाजीकरण**

जन्म से ही प्रारंभ होकर जीवन-पर्यन्त चलने वाली एक सतत सामाजिक प्रक्रिया जो व्यक्ति को समाज का सदस्य बनाती है। बाल्यकाल में इसका प्रभाव सबसे गहरा होता है। समाज विशेष के विश्वासों, धारणाओं, प्रथाओं और मान्यताओं को व्यक्ति द्वारा ग्रहण करवाना इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य है। यह कार्य दो प्रकार स होता है—(1) बच्चा या व्यक्ति अपने से बड़े अथवा श्रेष्ठ व्यक्ति का अनुकरण करता है, और (2) बड़े अथवा श्रेष्ठ व्यक्ति दूसरों को समझा-बुझाकर सामाजिक मान्यताओं से अवगत कराते हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

सामाजिक संगठन

social organization

समाज में संबंधों के ताने बाने, सामाजिक भूमिकाओं और भूमिका शृंखलाओं के अंतःसंबंधों, एवं ऐसे समूहों के संगठन को--जिन्हें आयु, लिंग, बंधुत्व, आवास, संपत्ति, अधिकार तथा प्रस्थिति के आधार पर संगठित किया जाता है सामाजिक संगठन की संज्ञा दी जाती है।

रेमंड फर्थ ने सामाजिक संगठन और सामाजिक संरचना के बीच भेद स्थापित किया है जो उनके पूर्व की नृवैज्ञानिक कृतियों में नहीं मिलता। फर्थ के अनुसार संस्थागत संबंधों के ताने बाने को सामाजिक संरचना कहा जाना चाहिए। परंतु सामाजिक संगठन से तात्पर्य गतिशील और वास्तविक सामाजिक संबंधों से है। इस प्रकार सामाजिक संगठन सामाजिक प्रक्रिया का बोधक है।

सामाजिक संस्कार

social rite

दे० 'rite', 'ritual', 'sacrament'.

सामाजिक अनुशास्ति

social sanction

समाज द्वारा व्यक्ति अथवा समूह के आचार-व्यवहार के निर्धारण के हेतु स्थापित मानदंड; एवं व्यक्तियों द्वारा उनका अनुपालन न करने पर समाज स्वीकृत दंड व्यवस्था। सामाजिक संस्वीकृतियाँ समाज की अलिखित विधि या कानून होती हैं।

सकोटर सेल्ट

socketed celt

ऐसी सेल्ट (आदिम कुल्हाड़ी) जिसमें दंड लगाने के लिए गर्त होता है। इस प्रकार की सेल्ट में दंड लगाने के लिए दंड के सिरे को चीरना नहीं पड़ता। यह उत्तर कांस्य युग का प्रमुख उपकरण था।

सोल्यूत्री काल (यूरोप में)

Solutrean epoch

औरिग्नेशी के बाद तथा मग्दालीनी से पूर्व का उत्तर पुरापाषाण काल। विशिष्ट रूप से पत्राकार और दोनों ओर से शल्कित प्रस्तर उपकरण इस युग की विशेषताएं हैं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

sorcery

अभिचार

एक प्रकार का जादुई अभिचार जिसका प्रयोग दैवी प्रकोप से रक्षा तथा रोगों से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। कभी-कभी इसके द्वारा प्राक्ख्यापन भी करते हैं। आदिम तथा परंपरागत समाजों में ऐसे अभिचार प्रचलित हैं। मध्यकालीन यूरोप में भी इसके प्रमाण मिलते हैं।

sororal polygyny

स्वसृक बहु पत्नी-प्रथा

बहुपत्नी प्रथा का वह रूप जिसमें किसी पुरुष की पत्नियाँ परस्पर बहिनें होती हैं।

sororate

सॉरोरेट, साली विवाह अधिकार, स्वसृकता

द्वितीयक अथवा अप्रधान विवाह की एक प्रथा जिसमें पुरुष पत्नी की मृत्यु के बाद ससुर के परिवार की अन्य कुमारी अथवा पत्नी की छोटी बहिन के साथ विवाह करता है। किंतु यह नियम अनुग्रह रूप में ही लागू होता है, अधिकार रूप में नहीं।

sortilege

रमल विद्या

भाग्य पत्रकों द्वारा प्राक्ख्यापन करने की विधि। प्राक्ख्यापन की यह संभवतः सबसे पुरानी विधि मानी जाती है।

soul

आत्मा, जीवात्मा

एक विश्वास जिसके आधार पर शरीर का अभौतिक अंश या तत्व शरीर में प्राण का संचार कर प्राणी को जीवन प्रदान करता है।

soul loss

गतात्मावाद; जीवात्मा हानि

रोग का आदिम सिद्धांत जिसके अनुसार कोई बीमारी शरीर में से आत्मा के चले जाने के कारण होती है। आत्मा का प्रस्थान अथवा हानि जादुई अथवा आलौकिक कारणों से होती है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

spear — बल्लम, नेजा, शूल

लंबे दंड तथा नुकीले धारदार सिरे अथवा फलक को घोंपने अथवा फेंके जाने या वार करने वाला अस्त्र। इसका प्रयोग युद्ध अथवा आखेट में किया जाता है।

spear head — शूलाग्र

शूल के अग्रभाग को जो दंड का ही एक भाग हो अथवा अलग से जुड़ा हो, शूलाग्र कहते हैं।

spear thrower — शूल प्रक्षेपक, भल्ल प्रक्षेपक

शूल, शर अथवा भल्ल फेंकने के लिए प्रयुक्त एक यंत्र।

spell — मंत्र, जादू टोना; मंत्र प्रभाव

कुछ शब्दों का समुच्चय जिनका उच्चारण कर अथवा जिन्हें गाकर जादुई प्रभाव डाला जाता है। मंत्र जादुई सूक्ति होते हैं।

spondylus — शंख-आभूषण

नवपाषाण यूरोप में आभूषणों के लिए प्रयुक्त शंख।

status (social) — (सामाजिक) प्रस्थिति

सामाजिक प्रस्थिति का अर्थ है समाज में व्यक्ति का संस्थागत स्थान जिसके आधार पर उसके सामाजिक कर्त्तव्यों और अधिकारों का निर्धारण होता है।

नृवैज्ञानिकों ने सामाजिक प्रस्थिति को समाज तथा सामाजिक संरचना की इकाई माना है और उनके अनुसार समाज का वैज्ञानिक अध्ययन सामाजिक प्रस्थितियों के अंतःसंबंधों के अध्ययन द्वारा ही संभव है।

दे० 'role' भी।

stele — शिलापट्ट, उत्कीर्ण शिलापट्ट

पत्थर का पट्ट अथवा स्तंभ जो प्रायः नक्काशी वाला अथवा उत्कीर्णित होता है और स्मारक के लिए प्रयोग किया जाता है।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri

step flaking — **सोपान-शल्कन**

ऐसा शल्कन जिसमें आघात की शक्ति प्रस्तर के दूसरी ओर पहुंचने से पहले समाप्त हो जाती है। फलतः क्षतचिह्न सोपान के आकार के बनते हैं। मध्य पुरापाषाण काल में द्वितीयक शल्कन के लिए इस प्रकार का शल्कन व्यापक रूप से किया जाता था।

Stillbay culture — **स्टिलबे संस्कृति (पूर्वी अफ्रीका)**

पूर्वी अफ्रीका तथा केप प्रोविन्स की मध्य अत्यंत नूतन संस्कृति। शल्क उपकरण तथा मोस्तारी तथा सोल्यूत्री प्रकार के शस्त्र इसकी विशेषताएं हैं।

stratigraphy — **1. स्तरिकी, स्तरक्रम विज्ञान**
2. स्तर-विन्यास

1. भूविज्ञान की एक शाखा जिसके अंतर्गत भूमि के स्तरों की उत्पत्ति, रचना, वितरण तथा अनुक्रम का अध्ययन किया जाता है।

2. पुरातत्वीय उत्खनन में प्राप्त पदार्थों के आपेक्षित स्थानों के स्तरीय अध्ययन द्वारा संस्कृति तथा लोगों के कायिक रूपों में कालानुक्रम का निर्धारण।

striking platform — **प्रहार पट्ट**

अश्मपिंड पर बनाई गई छोटी चपटी सतह जिस पर उपकरण बनाने के लिए आवश्यक आघात करना संभव हो।

stringed instrument — **तंत्री वाद्य**

